सूर्योदय : 6:53
सूर्यास्त : 5:21
अधिकतम तापमान : 23.0
न्यूनतम : 14.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-186 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 28 दिसम्बर 2024
25 जमादिउस्सानी 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com



# मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार आज

- कांग्रेस मुख्यालय से शुरू होगी अंतिम यात्रा
- राष्ट्रपति, पीएम मोदी, अमित शाह और राहुल गांधी सहित कई नेताओं ने श्रद्धांजलि दी





**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह गुरुवार को 92 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह गए। उनके निधन की खबर से पूरे देश में शोक की लहर है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा समेत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के आवास पर पहुंचे।

वहीं, पूर्व पीएम के निधन पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से लेकर देश के कई बड़े नेताओं और हस्तियों ने श्रद्धांजलि देने उनके आवास पर पहुंचे। इस दौरान मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर मौजूद रहीं। सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा समेत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के आवास पर श्रद्धाजंलि अर्पित की। केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से जानकारी साझा की गई है, कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह 11:45 बजे निगमबोध घाट श्मशान घाट पर राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने एक संदेश में कहा, सरकार ने निर्णय लिया है कि डॉ. मनमोहन सिंह का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। अंतिम संस्कार 28 दिसंबर, 2024 को सुबह 11:45 बजे निगमबोध घाट, नई दिल्ली में होगा। इसमें कहा गया है कि रक्षा मंत्रालय से पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के पूरे सैन्य सम्मान के साथ राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार की व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया है। केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के 26 दिसंबर, 2024 को नई दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन के बाद 26 दिसंबर, 2024 से एक जनवरी, 2025 तक पूरे देश में सात दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की है। इस दौरान, उन सभी स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा, जहां इसे पारंपरिक रूप से फहराया जाता है और सभी आधिकारिक कार्यक्रम स्थगित रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी। इससे पहले उन्होंने शोक संदेश में कहा, पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का जीवन देशवासियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहा। एक अर्थशास्त्री के रूप में उन्होंने अलग-अलग स्तर पर भारत सरकार में सेवाएं दीं। उन्होंने रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में सेवाएं दीं। पूर्व पीएम पीवी नरसिम्हा राव की सरकार में वित्त मंत्री रहे और देश में आर्थिक उदारीकरण की नींव रखी। जनता के प्रति, देश के विकास के प्रति उनका जो समर्पण था, उसे हमेशा बहुत सम्मान से देखा जाएगा। डॉ. मनमोहन सिंह का जीवन ईमानदारी, सादगी का प्रतीक था।

# पंजाब में भीषण सड़क हादसा, आठ की मौत

- प्राइवेट कंपनी की बस नाले में गिरी
- कई लोग घायल, मची चीख-पुकार
- पीएम मोदी ने जताया दुख, मुआवजे का एलान



**बठिंडा।** पंजाब के बठिंडा में शुक्रवार को बड़ा हादसा हुआ है। बठिंडा तलवंडी साबो रोड पर गांव जीवन सिंह वाला के पास निजी बस हादसे का शिकार हो गई। बस अनयंत्रित होकर नाले में गिर गई। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है। वहीं, करीब 35 लोग घायल हुए हैं। हादसे के बाद यहां चीख पुकार मच गई। घायलों को तलवंडी साबो के अस्पताल में पहुंचाया गया है। बठिंडा में हुए बस हादसे को लेकर प्रधानमंत्री ने दुख जताया है। वहीं, पीएमओ की तरफ से हादसे में मारे गए प्रत्येक लोगों के परिजनों को दो लाख रुपये मुआवजे का एलान किया गया है। वहीं घायल को जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना के साथ 50 हजार रुपये राहत राशि देने की घोषणा की गई है। वहीं कुछ घायलों का इलाज सिविल अस्पताल बठिंडा में चल रहा है। शुक्रवार दोपहर सरदूलगढ़ से लोकल सवारियों को लेकर 52 सीटर निजी बस सरदूलगढ़ से बठिंडा के लिए रवाना हुई थी। बस तलवंडी साबो से सवारी लेकर जैसे ही गांव जीवन सिंह वाला से कुछ दूरी पर भांगीबांदर के पास से गुजरने वाले गंदे नाले के पास पहुंची तो यहां सुबह से हो रही बारिश के कारण सड़क पर भरी गाद की वजह से फिसलन होने से नाले में जा गिरी। सड़क पर फिसलन होने के कारण चालक बस को कंट्रोल नहीं कर सका व बस नाले में गिर गई।

## न्यूज डायरी

### जम्मू-कश्मीर में भूकंप के झटके



**कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार रात को भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर यह तीव्रता 4.1 आंकी गई है। भूकंप से किसी भी तरह के जान-माल की हानि की कोई खबर नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, शुक्रवार रात 9 बजकर 6 मिनट पर जम्मू-कश्मीर के बारामूला में आया। इससे पहले 18 दिसंबर को केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में भी भूकंप महसूस किया गया था। 18 दिसंबर को दोपहर 4 बजकर 23 मिनट पर लद्दाख और लेह की धरती डोलती नजर आई। उस समय रिक्टर स्केल पर यह तीव्रता 3.2 मापी गई थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को चिकित्सा सहायता देने के आदेश का पालन नहीं करने के लिए मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना याचिका को लेकर पंजाब सरकार को नोटिस जारी किया। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को चिकित्सा सहायता उच्चतम न्यायालय ने पंजाब सरकार को शनिवार तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। किसान नेता डल्लेवाल के जीवन और सुरक्षा को लेकर चिंतित, पंजाब सरकार उन्हें चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाए।

### आरएएफ के जवान तैनात होंगे

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल में जामा मस्जिद के पास खाली पड़े मैदान में पुलिस चौकी बनाएगी। प्रस्तावित पुलिस चौकी का निर्माण शुरू होते ही आरएएफ के जवान तैनात होंगे। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद्र ने यह जानकारी दी। हालांकि चौकी का नाम क्या होगा इसे लेकर उन्होंने अभी कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। संभल में सुरक्षा की दृष्टि से नयी पुलिस चौकी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जहां 24 घंटे पुलिस तैनात रहेगी। उल्लेखनीय है कि 24 नवंबर को शाही मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे।

# मुंबई हमले के मास्टरमाइंड मक्की की पाकिस्तान में मौत

- लाल किले पर हमले में भी शामिल था
- 2023 में ग्लोबल आतंकी घोषित हुआ था



**नई दिल्ली।** दहशतगर्द हाफिज सईद के साथ आतंकी संगठन लश्कर-ए-तयैबा और जमात-उद-दावा के सरगना की भूमिका निभाने वाले अब्दुल रहमान मक्की की मौत हो गयी है। बताया गया है कि 26/11 हमले की साजिश रचने वाले मक्की (70) की हार्ट अटैक के चलते मौत हुई। जमात-उद-दावा ने खुद उसकी मौत की जानकारी देते हुए कहा कि मक्की पिछले कुछ दिनों से बीमार था और लाहौर के एक निजी अस्पताल में हाई-डायबिटीज की समस्या का इलाज चल रहा था। उसे सुबह ही हार्ट अटैक आया और अस्पताल में उसकी मौत हो गई। अब्दुल रहमान मक्की 2008 मे मुंबई पर हुए 26/11 हमलों के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक था। इस आतंकी हमले में 175 लोगों की जान चली गई थी, जबकि 300 से अधिक घायल हुए थे। इन आतंकी घटनाओं के चलते संयुक्त राष्ट्र ने उसे 2023 में वैश्विक आतंकी घोषित किया था। इसके बाद उसकी संपत्तियों को जब्त करने के साथ उसकी यात्रा पर रोक लग गई। हालांकि, पाकिस्तान में मक्की आजादी से घूमने वाले आतंकियों में शामिल रहा। भारत में भी आतंक-रोधी कानून यूएपीए के तहत उसे मोस्ट वॉन्टेड आतंकी घोषित किया गया था। बताया जाता है कि अब्दुल रहमान मक्की लश्कर और जमात दोनों का उप-प्रमुख था।

# अमेरिका ने भारतीयों को दी सौगात

## 10 लाख से अधिक गैर-आप्रवासी वीजा किए जारी

- छात्रों को सबसे ज्यादा होगा फायदा
- भारत से अमेरिका की यात्रा करने वालों की संख्या पांच गुना बढ़ी

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने लगातार दूसरे वर्ष भारतीयों के लिए 10 लाख से अधिक गैर-आप्रवासी वीजा जारी किए, जिनमें रिकॉर्ड संख्या में विजिटर वीजा भी शामिल हैं। भारत में अमेरिकी दूतावास की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि 2008/2009 शैक्षणिक वर्ष के बाद भारत 2024 में अंतरराष्ट्रीय छात्रों को भेजने वाला शीर्ष देश बन गया है।

कुल मिलाकर 331,000 से अधिक छात्र अमेरिका में पढ़ रहे हैं। गैर-आप्रवासी वीजा उन विदेशी नागरिकों के लिए जारी किया जाता है जो अस्थायी आधार पर अमेरिका में प्रवेश चाहते हैं। इसके अतिरिक्त भारत ने लगातार दो वर्षों तक अंतरराष्ट्रीय स्नातक छात्रों के सबसे बड़े योगदानकर्ता के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखी है, जिनकी संख्या 19 प्रतिशत बढ़कर लगभग 200,000 हो गई है। भारत 2024 में अंतरराष्ट्रीय छात्रों को भेजने वाला शीर्ष देश बना है। अमेरिका में कुल मिलाकर 331,000 से अधिक छात्र पढ़ रहे हैं। अमेरिकी राज्यों में एच-1बी वीजा नवीनीकृत प्रोजेक्ट सफल रहा।

### 11 महीने में 26 फीसदी की हुई वृद्धि



पिछले चार वर्षों में भारत से विजिटर्स की संख्या पांच गुना बढ़ गई है और 20 लाख से अधिक भारतीयों ने अमेरिका की यात्रा की है। 2024 के पहले 11 महीनों में अमेरिका में 2023 की इसी अवधि की तुलना में 26 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस साल अमेरिकी राज्यों में एच-1बी वीजा को नवीनीकृत करने के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट पर काम किया गया। यह सफल रहा। बिना अमेरिका छोड़े वीजा नवीनीकृत करने की अनुमति मिल गई। राज्य विभाग 2025 में औपचारिक रूप से यूएस-आधारित नवीनीकरण कार्यक्रम स्थापित करने के लिए काम कर रहा है, जिससे बड़ी संख्या में भारतीयों को लाभ होने की उम्मीद है।

### 50 लाख भारतीयों के पास गैर-आप्रवासी वीजा

अमेरिका दूतावास ने बताया कि 50 लाख से अधिक भारतीयों के पास पहले से ही अमेरिका जाने के लिए गैर-आप्रवासी वीजा है और हर दिन मिशन हजारों और वीजा जारी करता है। दूतावास ने कहा कि अमेरिकी मिशन ने भारत में रहने वाले और यात्रा करने वाले अमेरिकी नागरिकों को 24,000 से अधिक पासपोर्ट और अन्य कांसुलर सेवाएं भी प्रदान की हैं।

# क्वालिटी पर खरी नहीं उतरीं 111 दवाएं

## 70 के सैंपल फेल, गाजियाबाद व बिहार में दो दवाएं मिली नकली

- कई राज्यों में की गई जांच
- अक्टूबर माह में 56 दवाओं के सैंपल मानक के विपरीत मिले थे
- नकली दवाओं के मामले में 10 साल या अधिकतम उम्रकैद की सजा का प्रावधान



> वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इन दवाओं के सैंपल खास बैच के हैं, जिन्हें दुकानों, वितरकों से लेकर जांच की गई है। इसका मतलब यह नहीं है कि बाजार में मौजूद इन दवाओं की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं हो।

**नई दिल्ली।** देश भर में मानक से कम गुणवत्ता वाली दवाओं के खिलाफ जारी अभियान के तहत नवंबर में 111 दवाओं की गुणवत्ता कम पाई गई। इसके अलावा जांच में दो दवाएं नकली पाई गई। नकली दवाओं के सैंपल में एक गाजियाबाद और दूसरा बिहार से मिला है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कम गुणवत्ता वाली और नकली दवाओं के मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार नवंबर में सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल आर्गेनाइजेशन (सीडीएससीओ) के लेबोटरी में जांच के दौरान 41 दवाओं के दवाओं के सैंपल मानक से कम गुणवत्ता के मिले। वहीं राज्यों में की गई जांच में 70 दवाओं के सैंपल मानक पर खरे नहीं उतरे।

### असली कंपनी की तलाश जारी

गाजियाबाद और बिहार से जिन दो दवाओं के सैंपल नकली पाए गए हैं, उन्हीं किसी अनजान कंपनी ने बड़ी कंपनी के नाम पर बनाया है। इन्हें बनाने वाली असली कंपनी का पता लगाया जा रहा है। नकली दवाओं के मामले में आरोपी को कम से कम 10 साल या अधिकतम उम्रकैद की सजा का प्रविधान है। ध्यान देने की बात है कि अक्टूबर महीने में केंद्रीय लेबोटरी में 56 दवाओं के सैंपल और राज्यों की लेबोरेटरी में 24 दवाओं के सैंपल की गुणवत्ता मानक से कम पाई गई थी। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नवंबर में राज्यों में दवाओं के सैंपल की जांच का दायरा बढ़ा है और अधिक राज्य सैंपल की जांच कर अपनी रिपोर्ट भेज रहे हैं। इसी वजह से नवंबर में राज्यों की जांच में कम गुणवत्ता की दवाओं के सैंपल की संख्या लगभग तीन गुना बढ़ गई है।

### यह भी जानें....

अनजान कंपनी ने फर्जी कंपनी के नाम पर बनाई नकली दवा। कई राज्यों की जांच में 70 दवाएं मानक पर नहीं उतरीं खरी। अक्टूबर महीने में 56 दवाओं के सैंपल मानक के विपरीत मिले। नवंबर में कम गुणवत्ता वाली दवाओं की संख्या तीन गुना बढ़ी। इस मामले में स्वास्थ्य मंत्रालय ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। नकली दवा मामले में 10 साल से उम्रकैद तक का प्राविधान।

# यूपीआई के जरिए पेमेंट कर सकेंगे प्रीपेड कार्डधारक

- आरबीआई ने दी हरी झंडी
- पूर्ण केवाईसी होना अनिवार्य




**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को प्रीपेड भुगतान उपकरण धारकों को थर्ड पार्टी मोबाइल एप्लीकेशन जरिए यूपीआई भुगतान करने और प्राप्त करने की अनुमति दे दी। केंद्रीय बैंक ने परिपत्र में कहा कि तीसरे पक्ष के यूपीआई एप्लिकेशन पर पूर्ण-केवाईसी रहने पर प्रीपेड भुगतान उपकरणों (पीपीआई) से/तक यूपीआई से भुगतान को सक्षम करने का निर्णय लिया गया है।

परिपत्र में कहा गया है, ÷पीपीआई जारीकर्ता अपने ग्राहक पीपीआई को अपने यूपीआई हैंडल से जोड़कर केवल अपने पूर्ण-केवाईसी पीपीआई धारकों को यूपीआई भुगतान करने में सक्षम बनाएगा। जारीकर्ता के आवेदन पर पीपीआई से यूपीआई लेनदेन ग्राहक के मौजूदा पीपीआई क्रेडेंशियल का उपयोग करके प्रमाणित किया जाएगा। इस प्रकार, ऐसा लेनदेन यूपीआई प्रणाली तक पहुंचने से पहले ही पूर्व-अनुमोदित हो जाएगा। आरबीआई ने कहा कि भुगतान प्रणाली प्रदाता के रूप में पीपीआई जारीकर्ता को किसी भी बैंक या किसी अन्य पीपीआई जारीकर्ता के ग्राहकों को अपने साथ नहीं जोड़ा जाना जोड़ना चाहिए। आरबीआई के इस निर्णय का उद्देश्य गिफ्ट कार्ड, मेट्रो रेल कार्ड और डिजिटल वॉलेट जैसे पीपीआई धारकों को अधिक लचीलापन प्रदान करना है।

# दिल्ली में बारिश ने धो डाला प्रदूषण

## ग्रेप-3 की हटी पाबंदियां, एक्यूआई 350 से ऊपर जाता है तो फिर से ग्रैप-3 लागू होगा



**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत एनसीआर के लोगों के लिए अच्छी खबर है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने शुक्रवार को पूरे एनसीआर से ग्रेप-3 की पाबंदियों को हटा दिया है। इससे पहले दिल्ली में ग्रेप-4 की पाबंदियां को हटाया गया है। ग्रेप-2 की पाबंदियां जारी रहेंगी। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रैप-तीन की पाबंदियों को हटा दिया है। इससे दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल वाहन चल सकेंगे। साथ ही, निर्माण संबंधी कार्यों में ढील मिलेगी। शुक्रवार शाम मौसम में सुधार के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से जारी निर्देश के तहत दिल्ली में ग्रैप-दो की पाबंदियां लागू रहेंगी। यदि एक्यूआई 350 से ऊपर जाता है तो फिर से ग्रैप-3 लागू होगा। ग्रैप-2 में व्यवस्था डीजल जेनरेटर बंद रहेंगे, पार्किंग फीस को बढ़ाकर निजी वाहनों का इस्तेमाल घटाया जाएगा, सीएनसी, ई-बसें, मेट्रो सर्विस में इजाफा होगा, अपार्टमेंट्स में सिक्योरिटी गार्ड को हीटर दिए जाएंगे।

- ग्रैप-2 में व्यवस्था डीजल जेनरेटर बंद रहेंगे

**ग्रैप-4 में थीं ये पाबंदियां**

-दिल्ली के बाहर से आने वाले सभी ट्रकों के प्रवेश पर पाबंदी। हालांकि, जरूरी सामान लाने वाले व सीएनजी और इलेक्ट्रिक ट्रकों पर पाबंदी से छूट दी गई थी। दिल्ली में पंजीकृत मध्यम व भारी डीजल संचालित माल वाहनों पर प्रतिबंध। जरूरी सामान वाले वाहनों को थी छूट।

### ग्रेप-3 के तहत इन कार्य पर थी पाबंदी

पूरे एनसीआर में धूल पैदा करने वाली व वायु प्रदूषण फैलाने वाली सीएंडडी गतिविधियों पर सख्त प्रतिबंध रहता है। बोरिंग और ड्रिलिंग कार्यों सहित खुदाई और भराई के लिए मिट्टी का काम। पाइलिंग कार्य, सभी विध्वंस कार्य। ओपन ट्रेंच सिस्टम द्वारा सीवर लाइन, पानी की लाइन, ड्रेनेज और इलेक्ट्रिक केबलिंग आदि बिछाना। ईंट/चिनाई कार्य।
-प्रमुख वेल्डिंग और गैस-कटिंग कार्य, हालांकि, एमईपी (मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और प्लंबिंग) कार्यों के लिए छोटी वेल्डिंग गतिविधियों की अनुमति दी जाएगी। सड़क निर्माण गतिविधियां और प्रमुख मरम्मत।
-परियोजना स्थलों के भीतर व बाहर कहीं भी सीमेंट, फ्लाई-ऐश, ईंट, रेत, पत्थर आदि जैसी धूल पैदा करने वाली सामग्रियों का स्थानांतरण, लोडिंग/अनलोडिंग। कच्ची सड़कों पर निर्माण सामग्री ले जाने वाले वाहनों की आवाजाही। विध्वंस अपशिष्ट का कोई भी परिवहन।

# पीएम मोदी ने ओसामु सुजुकी के निधन पर जताया दुख

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने 94 वर्षीय जापानी वाहन निर्माता कंपनी सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के पूर्व चेयरमैन ओसामु सुजुकी के निधन पर शोक जताया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर शोक जताते हुए अपने पोस्ट में लिखा- वैश्विक ऑटोमोटिव उद्योग में एक दिग्गज व्यक्ति ओसामु सुजुकी के निधन से बहुत दुख हुआ। उनके दूरदर्शी काम ने गतिशीलता की वैश्विक धारणा को नया आकार दिया। पीएम मोदी ने अपने पोस्ट में आगे लिखा- उनके नेतृत्व में, सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन एक वैश्विक पावरहाउस बन गई, जिसने चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया, नवाचार और विस्तार को आगे बढ़ाया। उनका भारत के प्रति गहरा लगाव था और मारुति के साथ उनके सहयोग ने भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार में क्रांति ला दी। पीएम मोदी ने दूसरे पोस्ट में लिखा- मैं सुजुकी के साथ अपनी कई मुलाकातों की यादें संजोकर रखता हूं और उनके व्यावहारिक और विनम्र दृष्टिकोण की दिल से प्रशंसा करता हूं। उन्होंने कड़ी मेहनत, बारीकियों पर सावधानीपूर्वक ध्यान और गुणवत्ता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का उदाहरण पेश करते हुए उदाहरण पेश किया।



# उत्तराखंड में भारी बर्फबारी से जन जीवन अस्त-व्यस्त, 30 गांव बर्फ से ढंके

**बदरीनाथ हाइवे बंद**



**गोपेश्वर।** उत्तराखंड में शुक्रवार को मौसम बदला और यहां की ऊंची चोटियां बर्फ की सफेद चादर से एक बार फिर ढंक गई। चारधाम सहित हेमकुंड साहिब और औली भी हिमपात हुआ। वहीं उत्तरकाशी में बर्फबारी के कारण कई मार्ग बंद हो गए हैं। जिन्हें खोलने का प्रयास किया जा रहा है।

चमोली जिले में सुबह से ही मौसम के बदले मिजाज से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, हनुमान चट्टी, विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल औली, गौरसों सहित नीति घाटी में बर्फबारी हुई है। बर्फबारी से बदरीनाथ हाइवे हनुमान चट्टी से आगे एक बार फिर बंद हो गया है। शुक्रवार सुबह से ही चमोली जिले में मौसम का मिजाज बदला था। बदरीनाथ धाम, हेमकुंड सहित ऊंची चोटियों में बर्फबारी व दोपहर बाद पर्यटन स्थल औली, गौरसों सहित जिले के रामणी, ईराणी डुमक, कलगोट गांव सहित निचले स्थानों में वर्षा जो रात्रि तक जारी रही। बर्फबारी व वर्षा के चलते कड़ाके की ठंड है। लोग घरों में ही दुबके हैं। बताया गया कि बर्फबारी से 30 से अधिक गांव हिमाच्छादित हो गए हैं। बर्फबारी से नीति, बदरीनाथ के साथ चोपता हाइवे भी धौतीधार से आगे बाधित हो गया है। मौसम बदलने से शुक्रवार को पूरे दिन बारिश व बर्फबारी का सिलसिला बना रहा। केदारनाथ धाम में तीन फीट से अधिक बर्फ जम चुकी है, वहीं निचले इलाकों में भी बारिश होने से मौसम काफी ठंड हो गया है। शुक्रवार को सुबह से ही घने बादल छाए हुए थे। सुबह दस बजे से ही केदारनाथ धाम में बर्फबारी शुरू हो गई, जो पूरे दिन चलती रही। केदारनाथ धाम के साथ ही तुंगनाथ, मद्महेश्वर, चोपता, देवरियाताल, गौंडार समेत ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी हुई, जो पूरे दिन चलती रही।


# डीएम ने शून्य से 05 वर्ष की कैटेगरी में नामांकन बढ़ाने पर दिया जोर



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक हुई, जिसमें आधार संबंधित विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने पाया कि 05 वर्ष से 18 वर्ष एवं 18 प्लस कैटेगरी में अनुमानित जनसंख्या के हिसाब से खीरी जिले की प्रगति राज्य स्तर के आधार संतृप्तिकरण के समान या उससे बेहतर है डीएम ने निर्देश दिए कि इसे आगे भी बनाए रखे। साथ ही निर्देशित किया कि 0-5 वर्ष के बच्चों के आधार नामांकन किया जाये और उसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि न की जाये। बैठक में बेसिक शिक्षा, बाल विकास एवं पुष्टाहार व स्वास्थ्य, इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक के अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन भी बच्चों का आधार नही बना है उनका आधार कार्ड बनवाया जाये। बीएसए और डीआईओएस को निर्देशित किया कि पांच से सात वर्ष तथा 15 से 17 वर्ष में होने वाले फ्री अनिवार्य बायो मैट्रिक अपडेट के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देते हुए सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में डीएम ने आधार पंजीकरण, अद्यतन, एवं आधार से जुड़ी सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने आधार कार्ड से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निदान करने और नये आधार कार्ड बनाने की गति तेज करने के निर्देश दिये। सरकार की विभिन्न योजनाओं में आधार कार्ड की अनिवार्यता है ऐसे में व्यापक जनहित को देखते हुये आधार से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान जरूरी है।बैठक में डीएम ने जनसामान्य से अनुरोध किया है कि आधार एक अति महत्वपूर्ण दस्तावेज है इसके माध्यम से केन्द्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिलता है इसलिये इसका अपडेटेड होना जरूरी और लाभदायक है, अगर आपका आधार अपडेटेड होता है तो आपको केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में बहुत आसानी होती है। आधार अपडेट के लिये अपने पते एवं पहचान का वैध प्रमाण लेकर अपने नजदीकी आधार केन्द्र आये और अपना आधार अपडेट करायें।सीडीओ अभिषेक कुमार ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि आधार पंजीकरण और सुधार कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। यह भी सुनिश्चित किया गया कि किसी भी व्यक्ति को आधार पंजीकरण या सुधार के लिए अनावश्यक कठिनाई न हो। जनता को समय पर और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करने पर जोर दिया।बैठक की शुरुआत में यूआईडीआई के नामित प्रतिनिधि परियोजना प्रबंधक अंशुल श्रीवास्तव ने बैठक की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। बैठक के अंत में उन्होंने कहा कि आज जो भी दिशा निर्देश मिले, उनका पूरी तरह से अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी, डीएसटीओ अरविंद कुमार वर्मा, बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी सहित आधार पंजीकरण से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खीरी पहुंचे राज्य सूचना आयुक्त, आरटीआई के तहत की प्रदूषण, समाज कल्याण महकमे की समीक्षा



**लखीमपुर खीरी।** अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत समाज कल्याण विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विभाग की समीक्षा की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम ने कहा कि जिलों में सूचना का अधिकारअधिनियम-2005 के तहत प्रथम अपीलीय अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को पूरी जिम्मेदारी से निभाएं। राज्य सूचना आयोग के समक्ष द्वितीय अपीलों की तादात बढ़ती जा रही है। अगर प्रथम अपीलीय अधिकारी यह सुनिश्चित करना शुरू कर दें कि जन सूचनाधिकारी के स्तर से आवेदक को अगर सूचना नहीं मिली तो क्यों नहीं मिली तो आयोग के समक्ष आने वाली द्वितीय अपीलों की संख्या कम हो जाएगी लेकिन अभी यह हो रहा है कि प्रथम अपीलीय अधिकारी जनसूचनाधिकारी के खिलाफ जाना ही नहीं चाहते।

### लम्बित वादों के शीघ्र निस्तारण की आयोग की प्राथमिकता : राज्य सूचना आयुक्त

राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि आयोग की प्राथमिकता लम्बित वादों के शीघ्र निस्तारण की है। आयोग यह भी सुनिश्चित कर रहा है कि जो सूचना देने योग्य नहीं है या लोक प्राधिकारी के यहां नियंत्रणाधीन नहीं है, जनसूचनाधिकारी स्पष्ट तौर पर आवेदक को बताए, 6(1)आवेदन पत्र लम्बित रखने से लोक प्राधिकारी के विरूद्ध ही शिकायत बनती है और धारणा को बल मिलता है कि सूचना छुपाई जा रही है।

### आवेदकों को नियत समयावधि में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए वांछित सूचनाएं

राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि आयोग यह सुनिश्चित कर रहा है कि सभी लोक प्राधिकारी अपने नियत्रंणाधीन सूचनाएं सार्वजनिक करें, ताकि आमजन को सूचना मांगने की जरूरत ही ना पड़े। राज्य सूचना आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि अधिनियम के तहत आवेदकों को निर्धारित समयावधि के अदंर वांछित सूचनाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएं, अन्यथा की स्थिति में दोषी जन सूचनाधिकारियों के विरूद्ध अधिनियम की धारा-20 (1) व 20 (2) के तहत कार्यवाही की जायेगी। अधिनियम की धारा-19 ( 7 ) में स्पष्ट किया गया है कि राज्य सूचना आयोग के आदेश सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 की धारा-5 (1) के तहत नियुक्त / नामित जनसूचनाधिकारियों के लिए बाध्यकारी है।

### इनकी रही मौजूदगी

एसडीएम सदर अश्वनी कुमार सिंह, तहसीलदार सदर सुशील प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी राम जनम,सहायक जनसूचनाधिकारी समाज कल्याण विभाग एस0एन0 भारती व सहायक वैज्ञानिक अधिकारी हिमांशू सोनकर, वैज्ञानिक सहायक, उ0प्र0 प्रदूषण नियत्रंण बोर्ड लखनऊ जितेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

# लखनऊ पब्लिक स्कूल लखीमपुर में आर्ट-क्राफ्ट, विज्ञान प्रदर्शनी का किया गया भव्य आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर-खीरी।** लखनऊ पब्लिक स्कूल लखीमपुर में आर्ट-क्राफ्ट, विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। प्रीप्राइमरी के नन्हे-मुन्नो ने अपनी कोमल कल्पनाओं से फार्म एनिमल और ऑन द रोड, प्राइमरी के बच्चों ने इन्वेंशन, पपेट्स, जूनियर के बच्चों ने कल्चरल हेरिटेज, जूट डिकोर डिलाइट्स विथ नेचर्स टच जैसे विषयों पर उत्कृष्ट मॉडलो द्वारा अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उकेरा। प्रदर्शनी में सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान, गणित एवं सोशल-साइंस विषय पर आधारित रोचक, ज्ञानवर्धक चार्टस व मॉडल्स बनाये, जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। वाणिज्य वर्ग के छात्रों ने एलपीएस कैफे बनाकर लोगों का मन जीत लिया। विद्यालय के हाउस डिग्निटी, नोबल, रीगल एवं लिबर्टी ने क्रमशः फोटो फ्रेम में न्यू ईयर कार्ड, ज्वेलरी एंड एसेसरी होल्डर, शगुन कार्ड, वेयर, एनवेलप व क्राफ्ट वर्क एवं न्यूज़पेपर एंड क्लोथ्स, हैंडमेड जूलरी और फ्लावर पाट आदि विषयों पर विद्यार्थियों द्वारा बनाई गयी आकर्षक सामग्री भी प्रदर्शित की गयी। बाल मेले का भी आयोजन किया गया जिसमें चाइनीस फूड, साउथ इंडियन, चाट कॉर्नर एवं बेकरी जैसे अनेक स्टाल लगाए गये। लकी ड्रॉ भी निकाला गया। विजयी छात्र-छात्राएं पुरस्कार पाकर अत्यंत प्रफुल्लित हुए।प्रधानाचार्य विजय सचदेवा ने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदर्शित सभी मॉडल्स, चार्टस एवं बाल मेले की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने उपस्थित सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों, शिक्षक- शिक्षिकाओं सहित सभी इंचार्जस को धन्यवाद दिया।

# कांग्रेसियों ने डॉ.मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया नमन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका निधन अत्यंत दुखद हैं और यह कांग्रेस पार्टी ही नहीं, बल्कि संपूर्ण देश के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। महानगर कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल, महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा, पूर्व प्रदेश सचिव प्रवीण चौधरी, जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, पीएससी नरेंद्र शर्मा धर्मपाल जोशी, धर्मवीर जैन, जिला कोषाध्यक्ष हरिओम मिश्रा, महानगर महासचिव (संगठन प्रभारी) सौरव भारद्वाज आदि कांग्रेसजनों ने दिवंगत नेता सरदार मनमोहन सिंह के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजली दी। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल ने कहा है कि आज हमने एक महान और विश्व स्तरीय अर्थशास्त्री को खोया है, जिसकी कमी कभी भी पूरी नहीं हो




सकेगी। उन्होंने कहा कि हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं महान अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह का निधन अत्यंत दुखद हैं और यह कांग्रेस पार्टी ही नहीं बल्कि संपूर्ण देश के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा ने कहा कि ऐसे महान अर्थशास्त्री का हमारे बीच से चले जाना और कांग्रेस के लिए परिवार के मुखिया के चले जाने जैसा है। उन्होंने कहा कि देश के वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में डॉ.मनमोहन सिंह के कार्यकाल को देश हमेशा स्वर्णिम काल के रूप में याद करेगा। पूर्व प्रदेश सचिव प्रवीण चौधरी, जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा ने डॉ.मनमोहन सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि उनके द्वारा शुरू किए गए कार्य जैसे मनरेगा, सूचना का अधिकार, भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार आदि को देश का जनमानस लंबे समय तक याद रखेगा। जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा ने उन्हें 'अर्थशास्त्र के विश्वगुरु' की संज्ञा से संबोधित करते हुए कहा कि मनरेगा, भोजन का अधिकार आदि कार्यक्रमों के माध्यम से डॉक्टर मनमोहन सिंह ने देश के सबसे गरीब नागरिकों तक सरकारी लाभ को पहुंचाने का सफ्ल प्रयास किया, जिसकी संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी प्रशंसा की। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव वर्मा व वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री मधु सहगल ने डॉ.मनमोहन सिंह के कार्यकाल में हुए परमाणु करार और आधार कार्ड योजना आदि कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश सचिव प्रवीण चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष हरिओम मिश्रा, जिला पीसीसी नरेंद्र शर्मा, धर्मपाल जोशी, धर्मवीर जैन, इमरान कुरेशी, अमरदीप जैन, सौरभ भारद्वाज, सोमपाल कश्यप, गौरव वर्मा, उपमा सिंह, नसीब खान, मधु सहगल, निशी शर्मा, विपिनकांत शर्मा, मयंक शर्मा, मुर्सलीन मद्दा, श्याम बिहारी शर्मा, प्रभजीत सिंह, राजन बिरला, पंडित सुमन शर्मा, राकेश वर्मा, रवि कुमार, विक्की कुमार, अवनीश कुमार, रफ्त अब्बास जैदी, रिंकू जाटव आदि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 03 नफर वारण्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना पढुआ पुलिस द्वारा 03 नफर वारण्टी अभियुक्तगण हिस्ट्रीशीटर अपराधी अबरार खाँ पुत्र अब्बास खां निवासी ग्राम पठाननपुरवा थाना पढुआ सम्बन्धित मु0सं0 4397-13 धारा 33 द्ब डुष्ह्ल 2.तौहर खाँ पुत्र अहमद खां निवासी ग्राम पठाननपुरवा थाना पढुआ खीरी सम्बन्धित मु0सं0 1794-13 धारा 4/10/41/42 स्न.ष्ह्ल 3.मो0 उमर पुत्र चुन्ना निवासी ग्राम पठाननपुरवा थाना पढुआ खीरी सम्बन्धित मु0नं0 329-19 धारा 147/323/504/506 /307 भादवि जनपद खीरी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु न्याया0 भेजा गया।

## नीम के पेड़ से 14 वर्षीय किशोर का लटका मिला शव

**लखीमपुर खीरी।** फरधान थाना क्षेत्र के गांव गौरिया में शुक्रवार की सुबह गांव के बाहर नीम के पेड़ से 14 वर्षीय किशोर का शव लटका मिला। मृतक के शरीर पर चोट के निशान और खून के धब्बे मिले हैं। परिजनों ने कुछ लोगों पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है गांव गौरिया निवासी छोटेलाल का पुत्र लवकुश बेहजम में लोहे की दुकान करता है। लवकुश का छोटा भाई 14 वर्षीय मोहित भी उसी दुकान पर बैठता था। छोटेलाल ने बताया गुरुवार को 11 बजे मोहित घर से बेहजम दुकान पर जाने के लिए निकला था। इसके बाद देर शाम तक वह घर नहीं आया। दोस्तों के घर, रिश्तेदारी, रोडवेज बस अड्डा, रेलवे स्टेशन आदि जगहों पर उसकी तलाश की गई, लेकिन कहीं सुराग नहीं लगा शुक्रवार की सुबह ग्रामीण खेतों की ओर गए। उन्होंने मोहित कुमार का शव गांव के उत्तर नीम के पेड़ से लटका देखा। ग्रामीणों की सूचना के बाद परिजन मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक के बड़े भाई लवकुश ने बताया कि वह दुकान बंद करके ओयल सामान लेने गया था। उसी समय मोहित बेहजम पहुंचा और दुकान बंद देखी थी। मोहित ने उसे फोन कर बताया वह बेहजम आ गया है। इस पर लवकुश ने कुछ देर में पहुंचने की बात कही। उसने बताया कि वह दो घंटे बाद दुकान पर आ गया था, लेकिन मोहित नहीं मिला था। जब वह दुकान बंद कर घर आया तो पता चला मोहित घर नहीं पहुंचा। खोजबीन की गई, लेकिन कहीं भी मोहित का पता नहीं चला पिता छोटेलाल ने बताया मोहित अभी 14 वर्ष का था। वह भाई के साथ दुकान पर बैठता था। पेड़ पर चढ़ना जानता ही नहीं था। जिस नीम के पेड़ से शव लटकता मिला, वह काफी ऊंचा है। उस पर मोहित बिल्कुल नहीं चढ़ पाया होगा। उसकी हत्या करके शव लटकाया गया है।

## हाईटेंशन लाइन के खम्भे पर चढ़ा युवक

**लखीमपुर-खीरी।** मैलानी थाना क्षेत्र की बंगाली कॉलोनी में एक युवक हाईटेंशन लाइन के खम्भे पर चढ़ गया। जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पुलिस को देने के बाद पुलिस ने बड़ी मुश्किल से उसको नीचे उतारा। गनीमत रही कि जिस समय वह खम्भे पर चढ़ा लाइट नहीं थी, नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो जाती। पुलिस का कहना है जो युवक खम्भे पर चढ़ा है, उसका नाम तुषार है और यह अब मोहम्मदी क्षेत्र में रहता है बंगाली कालोनी निवासी गौतम नाम के युवक की बाइक चोरी कर ले गया था। जब गौतम को पता चला कि बाइक तुषार के पास है तो उसको फोन किया। फोन करने के बाद उसने बताया कि वह बाइक कबाड़ में बेचने जा रहा है। यदि बाइक चाहिए तो उसके मोबाइल में 10 हजार रूपये भेजिए। बताते हैं कि उसके बाद गौतम ने उसके मोबाइल पर 10 हजार रुपये भेज दिये। जब तुषार बाइक लेकर गोला आया तो बाइक के मालिक ने उसे पकड़ लिया और बंगाली कालोनी ले आया। जहां पर उसने 10 हजार रुपये वापस मांगे तो तुषार ने मना कर दिया। जिसके बदले बाइक के मालिक ने उसका फोन छीन लिया तो वह 11 हजार विद्युत के खम्भे पर चढ़ गया। जिससे अफरा-तफरी मच गयी। युवक को नीचे उतारने के लिए तरह-तरह के जतन करने लगे। वही बाइक मालिक के हाथ-पैर फूल गये। वह भी उससे नीचे उतरने की मिन्नते करने लगा लेकिन उसने अपनी डिमांड में 50 हजार रुपये की मांग कर दी। काफी जतन के बाद भी जब वह नीचे नहीं आया तो ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।

# पुलिस द्वारा तीन वांछितों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस द्वारा तीन वांछितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में क्राइम पर अंकुश की दृष्टि से चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जरीफनगर पुलिस द्वारा गौकशी के मामले में वांछित चल रहे व्यक्ति को मुखबिर की सूचना के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार थाना जरीफनगर पर पंजीकृत मु0अ0स0 331/2024 धारा 3/5/8 सीएस एक्ट मे प्रकाश में आये वाँछित अभियुक्त कर्रू उर्फ कल्यान पुत्र यादराम सिंह निवासी ग्राम रसूलपुर कलां थाना जरीफनगर को महावा नदी पर अभियुक्त के खेत के निकट से गिरफ्तार किया गया है। वहीं थाना बिसौली तथा थाना उघैती पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।थाना बिसौली पुलिस* द्वारा मु0अ0सं0 389/24 धारा- 125(ड्ढ)/318(4)/105 बीएनएस व 34(2) राष्ट्रीय चिकित्सा अधिनियम में वांछित नफर अभियुक्त किशनपाल उर्फ कृष्णपाल पुत्र खूबकरन नि0 ग्राम छछेरा थाना हजरतनगरगढ़ी जनपद सम्भल को गिरफ्तार किया गया है तथा थाना उघैती पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 284/24 धारा 137(2)/87/64 बीएनएस व ड पाक्सो एक्ट मे प्रकाश मे आये वांछित नफर अभियुक्त विजय सिंह पुत्र राजाराम नि0 ग्राम पटपरागंज थाना उघैती को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विधिक कर्यवाही करते हुए इन्हें जेल भेजा गया है।

## पुलिस ने दबोचा शातिर चोर

**सहारनपुर।** कोतवाली मण्डी पुलिस ने चोरी के मुकदमें में वांछित एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के 9000 रुपये एंव 130 ग्राम अवैध चरस बरामद की है। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया है। कोतवाली मण्डी प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 25 दिसम्बर को वादिया ऊषा पत्नी स्व. सुरेन्द्र निवासी मौहल्ला मातागढ़, थाना मण्डी की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके पर्स से 10000 रुपये चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली मण्डी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री कुमार ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक जगपाल सिंह, नरेन्द्र सोलंकी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान बाबालाल दास के बाड़े के गेट के पास से एक शातिर चोर तैय्यब पुत्र अब्दुल सलाम निवासी मुजफ्फ्र हसन कालोनी पीर वाली गली कोतवाली मण्डी व हाल निवासी भंगी कालोनी खाताखेडी थाना मण्डी सहारनपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गए आरोपी तैय्यब के कब्जे से 9000 रूपये नगद व 130 ग्राम अवैध चरस बरामद कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी तैय्यब ने बताया कि विगत् 18 दिसम्बर को एक महिला के पर्स से उसने 10000 रुपये चोरी कर लिये थे। जिनमें से 1000 रुपये उसने खर्च कर दिये। बाकि 9000 रुपये उसी चोरी की घटना के हैं। उसने बताया कि बरामद चरस को वह हरियाणा राज्य से सस्ते दाम में खरीदकर आस पास के क्षेत्रों में अधिक कीमत में बेचकर अच्छा मुनाफा कमाता है।

# ब्रेक फेल होने से आगरा में बेकाबू रोडवेज की बस दुकान में जा घुसी



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा में आज बड़ा हादसा होने से टल गया। ईदगाह डिपो की एक बस के पुल से उतरे ही ब्रेक फेल हो गए। ब्रेक फेल होने से बस के ड्राइवर के हाथ–पांव फूल गए उसने बस को एचपी पेट्रोल पंप के सामने वीआईपी रोड के फुटपाथ पर ले गया जहां दुकान से टकराने के बाद बस बंद हो गई। गनीमत रही कि ड्राइवर की सतर्कता से इस हादसे में किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई।

हादसा सुबह करीब 11 बजे का बताया जा रहा हैं। आगरा से जयपुर के बीच चलने वाली ईदगाह डिपो की बस डिपो से चलकर रेलवे पुल से उतर ही रही थी कि अचानक उसके ब्रेक फेल हो गए। घबराए चालक ने बस को सराय ख्वाजा एचपी पेट्रोल पंप के सामने वीआईपी रोड पर फुटपाथ पर घुसेड़ दिया। हालांकि इससे यहां खड़े वाहनों को नुकसान पहुंचा है लेकिन हादसा टल गया। सूचना पर थाना शाहगंज पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

# आगरा पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी: फाइनेंस कर्मी से लूट के आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़, तीन बदमाशों के पैर में लगी गोली



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** अपराधियों के प्रति पुलिस की सख्ती देखने को मिली। दरअसल एक हफ्ते पहले फाइनेंस कर्मी से लूटपाट करने वाले तीन बदमाशों को गुरुवार देर रात एक एनकाउंटर के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ में तीनों के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से तमंचे कारतूसों के अलावा लूटे गए 15 हजार रुपए भी बरामद हुए हैं।

बता दें कि विगत 20 दिसंबर को फाइनेंस कर्मी के साथ तीन बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने बदमाशों की तलाश में जुटी थी। गुरुवार रात को खंदौली पुलिस को सूचना मिली कि एक बाइक पर तीन संदिग्ध लोग जा रहे है। पुलिस ने उन्हें मलूपुरा रोड पर रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी।

पुलिस ने जबावी फायरिंग की। इसमें तीनों बदमाशों के पैर में गोली लगी। वो घायल होकर गिर पड़े। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। वही शुक्रवार को एसीपी एत्मादपुर पियूष कांत ने बताया कि आरोपियों के पास से तीन तमंचे, एक बाइक और जिंदा कारतूस व एक स्पलेंडर बाइक मिले हैं। इसके अलावा लूटे गए 15 हजार रुपए, एक बैग और रजिस्टर भी आरोपियों से बरामद हुए हैं। घायल बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## आईसीआईसीआई प्रू विश- आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने महिलाओं के लिए लॉन्च किया जीवन बीमा उद्योग का पहला हेल्थ प्रोडक्ट

**बरेली।** आईसीआईसीआई प्रू लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रू विश नामक नया हेल्थ प्रोडक्ट लॉन्च किया है, जो विशेष रूप से महिलाओं के लिए बनाया गया है। यह जीवन बीमा उद्योग का पहला ऐसा प्रोडक्ट है। आईसीआईसीआई प्रू विश गंभीर बीमारियों, जैसे- स्तन, गर्भाशय, गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर और हृदय रोगों के निदान पर तुरंत 100 प्रतिशत तक का कवरेज प्रदान करता है। आईसीआईसीआई प्रू लाइफ इंश्योरेंस के चीफ प्रोडक्ट एंड डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, अमित पाल्टा ने कहा आईसीआईसीआई प्रू विश जीवन बीमा उद्योग का पहला हेल्थ प्रोडक्ट है, जिसे खासतौर पर महिलाओं की स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। गंभीर बीमारी के निदान पर एकमुश्त भुगतान उन्हें ऐसी कठिन परिस्थितियों का सामना करने के लिए वित्तीय शक्ति प्रदान करता है। उन्होंने आगे कहा यह प्रोडक्ट 30 साल की प्रीमियम गारंटी देता है। इसके अलावा, इस प्रोडक्ट को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि कुछ चिकित्सा स्थितियों के लिए ग्राहक कई बार क्लेम कर सकते हैं। अतिरिक्त भुगतान ग्राहकों को पुनर्वास की लागत को वहन करने में मददगार साबित हो सकता है।इस पॉलिसी की एक खासियत यह है कि इसका प्रीमियम 30 साल तक एक समान रहता है, जिससे ग्राहकों को अपने खर्चों की बेहतर योजना बनाने में मदद मिलती है। इसके अलावा, ग्राहक को प्रीमियम हॉलिडे का विकल्प भी मिलता है, यानी वे किसी भी समय 12 महीने के लिए प्रीमियम भुगतान से छूट ले सकते हैं।इस प्रोडक्ट में ग्राहकों को मातृत्व से जुड़ी जटिलताओं और नवजात शिशुओं की जन्मजात बीमारियों से संबंधित कवर लेने का विकल्प भी मिलता है।

# विरासत संरक्षण की बड़ी जीत: इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शाही हमाम के विध्वंस पर लगाई रोक

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** शहरवासियों के प्रयास रंग लाए हैं। छीपीटोला स्थित 16वीं शताब्दी का मुगल हमाम अब नहीं टूटेगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरूवार को आगरा के ऐतिहासिक शाही हमाम को अंतरिम संरक्षण देते हुए उसके विध्वंस पर रोक लगा दी। यह फैसला 400 साल पुराने इस स्मारक के लिए एक बड़ी राहत है, जो 1620 ई. में अली वर्दी खान द्वारा निर्मित किया गया था और हाल ही में निजी व्यक्तियों द्वारा ध्वस्त किए जाने का खतरा मंडरा रहा था। 26.12.2024 को यह मामला अवकाशकालीन खंडपीठ के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें माननीय न्यायमूर्ति सलील राय और माननीय न्यायमूर्ति समीत गोपाल शामिल थे। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विक्रांत डबास, अधिवक्ता शाद खान और अधिवक्ता चंद्र प्रकाश सिंह ने अपनी दलीलें प्रस्तुत कीं। उन्होंने शाही हमाम की राष्ट्रीय महत्व की विरासत के




रूप में रक्षा करने की आवश्यकता पर जोर दिया और इसके विध्वंस को रोकने की अपील की। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) ने एक साल पहले इस स्मारक का सर्वेक्षण किया था और इसे ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया था, लेकिन इसे अभी तक प्राचीन स्मारक और पुरातत्व स्थल एवं अवशेष अधिनियम, 1958 के तहत आधिकारिक रूप से संरक्षित स्मारक घोषित नहीं किया गया है। याचिकाकर्ता के वकीलों ने तर्क दिया कि स्मारक को बचाना ASI और राज्य का कर्तव्य है। अदालत ने मामले की गंभीरता को समझते हुए आगरा पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया है कि वे स्मारक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात करें और किसी भी प्रकार के आगे के नुकसान को रोकें। यह जीत विभिन्न विरासत संगठनों और व्यक्तियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है, जिनमें सिद्धार्थ और शांतनु (हेरिटेज हिंदुस्तान), अत्मिये एरम (संस्थापक, जर्नी टू रूट्स), ताहिर अहमद (आगरा हेरिटेज वॉक्स), अरसलान (हेरिटेज विद अरसलान), भानु (आगरा और हम), और अनिल शर्मा (सिविल सोसाइटी) शामिल हैं।

# विकास के नए आयाम गढ़े जा रहे हैं मोदी-योगी युग में : डॉ. अनुरागी



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** दिरावटी क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य मीनाक्षी पटेल के प्रयास से गांव पनयारा में नवनिर्मित सड़क और सिमिरिया मोड़ पर स्थापित हाईमास्ट लाइट का लोकार्पण करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ घनश्याम अनुरागी ने कहा, मोदी योगी युग में विकास के नए आयाम गढ़े जा रहे हैं।

खासतौर पर पिछड़े इलाकों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा कर उन क्षेत्रों को विकास की मुख्य धारा में लाने के सतत प्रयास किए जा रहे हैं। जिला पंचायत क्षेत्र दिरावटी के ग्राम पनयारा से ग्राम सिमरिया तक जिला पंचायत द्वारा बनवाई गई सड़क एवं पनयारा बस स्टैंड सिमरिया मोड़ पर जिला पंचायत द्वारा लगाई गई हाईमास्ट लाइट का लोकार्पण जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी द्वारा फीता काटकर किया गया। जिला पंचायत सदस्य मीनाक्षी पटेल के प्रतिनिधि आनंद बाबूजी बोहरा ने जिपं अध्यक्ष का आभार जताते हुए कहा, उनके नेतृत्व में समूचे जनपद में जरूरत के अनुसार बिना किसी भेदभाव के जिस तरह से विकास और निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं उसके लिए वह निश्चित रूप से धन्यवाद के पात्र हैं। इस दौरान प्रलुव्य निरंजन, श्रीकांत पटेल, विजय सिंह निरंजन बॉबी, डॉ. प्रदीप निरंजन, अखिलेश कुंवरपुरा, डॉ. सरताज, महेंद्र निरंजन सिमरिया, नरेंद्र मास्टर ताहरपुरा, जितेंद्र पटेल प्रधान तारपुरा, केके पनयारा, सुशील सविता आदि मौजूद रहे। इसके साथ ही कोंच में पड़री नाका स्थित हुल्का माता मंदिर परिसर में जिला पंचायत द्वारा लगाई गई टिन शेड व नवनिर्मित बैठक स्थान का भी उन्होंने लोकार्पण किया। ब्लॉक प्रमुख पति विनोद वर्मा, सुदेश पड़री, सुरेंद्र पटेल, गुड्डू पटेल, रज्जन पटेल, मंदिर के सेवायत अनिल मौजूद रहे।

## डीएम ने की पसका मेला तैयारियों के संबंध बैठक



अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा की अध्यक्षता में आगामी वाले पसका मेला की तैयारियों के संबंध में पसका कमेटी एवं संबंधित अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर सभी तैयारियों को समय से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि पसका मेला शुरू होने से पहले सारी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाये। उन्होंने संबंधी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि पसका मेला में विद्युत व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, रास्ते की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, मेडिकल कैंप, पार्किंग व्यवस्था, जल पुलिस व्यवस्था, बैरिकेडिंग व्यवस्था, एंबुलेंस व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट व्यवस्था, अग्निशमन की व्यवस्था, रोडवेज की व्यवस्था सहित अन्य सारी व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिलाधिकारी ने एसडीएम करनैलगंज भारत भार्गव एवं अन्य अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि स्नान घाट को समय से अच्छे से तैयार करा लिया जाय, और सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाय। ताकि वहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या ना होने पाये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रश्मि वर्मा, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय, उप जिलाधिकारी करनैलगंज भारत भार्गव, पुलिस क्षेत्राधिकारी करनैलगंज, डीपीआरओ, एक्सईएएन सीडी 2, फायर ब्रिगेड विभाग नितेश शुक्ला, बीडीओ परसपुर, थानाध्यक्ष परसपुर, सहित पसका कमेटी के समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## विद्वान थे प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह : डॉ. मालिक



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** देश की अर्थव्यवस्था पर बुरे वक्त में भी कड़ी नजर रख रखते हुए स्थिरता को बनाए रखना यह अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह का ही काम था जिसका इतिहास गवाह है और पक्ष विपक्ष के राजनेताओं उनका लोहा माना है। वह कम बोलकर भी देश के लिए अधिक काम करते थे। उनके जैसा निष्पक्ष प्रधानमंत्री देश को दोबारा मिलना आसान काम नहीं है। कांग्रेस की इस देन को हमेशा याद रखा जाएगा। ऑल इंडिया मीडिया क्लब के चेयरमैन डॉ. एम.क्यू. मालिक ने उनके देहांत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए देश के लिए अपूर्ण क्षति बताया मीडिया कलब की ओर से उनके परिवार के लिए संवेदना व्यक्त की। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ज़ी के शोक संतप्त परिवार से ऑल इंडिया मीडिया क्लब के पदाधिकारी डा. एम. क्यू. मलिक चेयर मैन, समीउल्लाह खान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, मनोज टंडन राष्ट्रीय महा सचिव, ठाकुर ओमपाल सिंह राष्ट्रीय सचिव, सुषमा रानी अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश, सिराज खान अध्यक्ष उत्तर प्रदेश आदि शोकाकुल परिवार से मिलने जाएंगे।

## आबकारी विभाग ने दुकानों का औचक निरीक्षण किया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद आबकारी आयुक्त, उप्र के आदेश एवं जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद के पर्यवेक्षण में विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 27/12/2024 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 राजेश कुमार चौबे मय स्टाफ एवं कोतवाली-कायमगंज पुलिस द्वारा ग्राम- रूटौल एवं नरसिंहपुर मे दबिश देकर लगभग 150 किलोग्राम लहन नष्ट की गई।15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर अभियोग पंजीकृत किए गए। आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, Online Payment, CCTV कैमरा POS मशीन से बिक्री का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

# सपाइयों द्वारा कायमगंज विधानसभा क्षेत्र में पीडीए जागरूकता चौपाल



अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद की सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र कायमगंज के थाना कम्पिल के ग्राम शाहीपुर में भारत के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर जी पर की गई अपमान जनक टिप्पणी के खिलाफ सपा प्रमुख़ अखिलेश यादव जी के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पीडीए जागरूकता चौपाल का आयोजन आज 27 दिसंबर 2024 को सेक्टर न0 1 बहबल पुर के ग्राम शाहीपुर में नरेंद्र यादव व प्रशांत यादव के द्वारा आयोजन किया गया एवं सेक्टर न0 - 2 सिवारा के ग्राम- गौर खेड़ा में आयोजक सुनील माथुर के द्वारा रहा। दोनो चौपाल सभाओं को संबोधित करते हुए कायमगंज विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी एवम प्रभारी सर्वेश अम्बेडकर ने कहा कि भारत के गृहमंत्री का बेहूदा बयान उनकी पीडीए समाज के प्रति घ्रणित मानसिकता का परिचायक है। उनकी ओछी हरकत से सारा देश आंदोलित और आक्रोशित है। बाबा साहेब के सम्मान के साथ किसी को खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। भारत की 90 फीसदी आबादी उन्हें अपने मुक्तिदाता के रुप में भगवान से बड़ा दर्जा देती है। आज प्रदेश में अखिलेश यादव पीडीए के महानायक बनकर उभरे हैं। उनके नेतृत्व में हमें भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकना है। सभाओं में दुर्गेश जाटव, प्रताप सिंह राणा, सर्वेश जाटव, राजपाल यादव, संजय यादव, अशोक अम्बेडकर, दिलीप यादव, अजय यादव, जबर सिंह शाक्य शैलेन्द्र यादव आदि प्रमुख रूप से रहे।

# समाज में बदलाव लाने के लिए बच्चों को जागरूक करना सबसे प्रभावी तरीका: अनुपमा लोधी



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** अनुरागिनी संस्था के तत्वावधान में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, चुर्खी के प्रांगण में बाल विवाह प्रतिषेध जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाल विवाह जैसी कुप्रथा के दुष्परिणामों को उजागर करना और समाज को इसके खिलाफ जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग लखनऊ की सदस्य, अनुपमा लोधी एवं उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने दीप प्रज्वलित कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया।मुख्य अतिथि अनुपमा लोधी ने बाल विवाह के खिलाफ कड़े कानूनों और बच्चों के अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए कहा, ÷बाल विवाह बच्चों के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। यह न केवल उनके बचपन को छीनता है, बल्कि उनके भविष्य को भी अंधकारमय बना देता है। इस तरह के कार्यक्रम समाज में जागरूकता लाने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं रिया मानसी नेहा अंशु नंदनी पायल रुचि नव्या प्रांशी अनुष्का नंदनी नाजों नैंशी मुस्कान कुमकुम ने बाल विवाह के दुष्प्रभावों पर आधारित एक नाट्य प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। इस नाटक के माध्यम से बाल विवाह से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। साथ ही, बाल विवाह रोकने के लिए हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी भी साझा की गई। समाजसेविका विनीता पांडेय ने कहा, समाज में बदलाव लाने के लिए बच्चों और युवाओं को जागरूक करना सबसे प्रभावी तरीका है। महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाकर ही हम इस कुप्रथा को समाप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर अनुरागिनी संस्था के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने अपने संबोधन में कहा, बाल विवाह एक सामाजिक अपराध है जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास को रोकता है।

## कार की टक्कर ने ली मासूम की जान

**नहटौर अवधनामा संवाददाता।** नहटौर में कार व स्कूटी की टक्कर से स्कूटी सवार 5 वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई व एक वर्षीय बच्चे सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को राहगीरों ने सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने दो की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार जनपद बिजनौर के नहटौर क्षेत्र के गांव तुराब नगर नंगला निवासी रेशमा पत्नी मुजाहिद उम्र 30 वर्ष अपने 5 वर्षीय बेटे अरहम व एक वर्षीय बेटे अरशियान के साथ अपने मायके नहटौर के मौहल्ला सराय तले वाली में बुधवार को आई थी। बताया जाता है कि गुरुवार की सायं रेशमा का 27 वर्षीय भाई शादाब पुत्र रफीक अपनी बहन रेशमा व दोनों भांजों को स्कूटी से छोड़ने तुराब नगर नंगला जा रहा था, जब उनकी स्कूटी नहटौर नूरपुर मार्ग गांव खंडसाल के पास पहुंची तो सामने आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी, जिसमें स्कूटी सवार चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व राहगीरों ने एम्बुलेंस की सहायता से चारों को सीएचसी अस्पताल भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने 5 वर्षीय मासूम अरहम को मृत घोषित कर दिया।

## आईसीआईसीआई प्रू विश- आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने महिलाओं के लिए लॉन्च किया जीवन बीमा उद्योग का पहला हेल्थ प्रोडक्ट

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** आईसीआईसीआई प्रू लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रू विश नामक नया हेल्थ प्रोडक्ट लॉन्च किया है, जो विशेष रूप से महिलाओं के लिए बनाया गया है। यह जीवन बीमा उद्योग का पहला ऐसा प्रोडक्ट है। आईसीआईसीआई प्रू विश गंभीर बीमारियों, जैसे- स्तन, गर्भाशय, गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर और हृदय रोगों के निदान पर तुरंत 100 प्रतिशत तक का कवरेज प्रदान करता है। आईसीआईसीआई प्रू लाइफ इंश्योरेंस के चीफ प्रोडक्ट एंड डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, अमित पाल्टा ने कहा आईसीआईसीआई प्रू विश जीवन बीमा उद्योग का पहला हेल्थ प्रोडक्ट है, जिसे खासतौर पर महिलाओं की स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। गंभीर बीमारी के निदान पर एकमुश्त भुगतान उन्हें ऐसी कठिन परिस्थितियों का सामना करने के लिए वित्तीय शक्ति प्रदान करता है। उन्होंने आगे कहा यह प्रोडक्ट 30 साल की प्रीमियम गारंटी देता है। इसके अलावा, इस प्रोडक्ट को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि कुछ चिकित्सा स्थितियों के लिए ग्राहक कई बार क्लेम कर सकते हैं। अतिरिक्त भुगतान ग्राहकों को पुनर्वास की लागत को वहन करने में मददगार साबित हो सकता है। इस पॉलिसी की एक खासियत यह है कि इसका प्रीमियम 30 साल तक एक समान रहता है, जिससे ग्राहकों को अपने खर्चों की बेहतर योजना बनाने में मदद मिलती है। इसके अलावा, ग्राहक को प्रीमियम हॉलिडे का विकल्प भी मिलता है, यानी वे किसी भी समय 12 महीने के लिए प्रीमियम भुगतान से छूट ले सकते हैं। इस प्रोडक्ट में ग्राहकों को मातृत्व से जुड़ी जटिलताओं और नवजात शिशुओं की जन्मजात बीमारियों से संबंधित कवर लेने का विकल्प भी मिलता है।

## जिला कारागार फतेहगढ़ में टीवी एवं आईवी से ग्रसित बंदियों का स्क्रीनिंग एवं एक्स-रे करवाए गए



अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित जिला कारागार फतेहगढ़ मे जिलाधिकारी डॉ वी के सिंह के आदेशानुसार राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान के अंतर्गत आज 60 वर्ष से अधिक आयु, मधुमेह रोगी, धूम्रपान एवं नशा करने वाले, इलाज प्राप्त कर रहे टीबी रोगियों के साथ रह रहे व्यक्ति, इलाज पूरा कर चुके टीबी रोगी एवं एच आई वी ग्रसित बंदियों की स्क्रीनिंग एवं एक्स रे करवाया गया। आधुनिक मशीन द्वारा एक्स-रे बहुत ही आधुनिक तरीके से किए गए। स्क्रीनिंग टीम सदस्यों में धर्मेन्द्र कुमार एक्स-रे तकनीशियन, सौरभ कुमार, प्रदीप सिंह, योगेशपाल, विमल कुमार शामिल रहे। कारागार में अभी तक 261 बंदियों के बलगम की जांच एवं 50 बंदियों एवं 07 अधिकारियों कर्मचारियों के एक्स-रे करवाए गए है। कार्यक्रम में जेल चिकित्सक विकास कुमार पटेल एवं जेल फार्मासिस्ट यादवेंद्र मोहन विशेष सहयोग रहा। जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद ने बताया कि भारत सरकार और राज्य सरकार के आदेश पर जेल बंदियों एम अधिकारियों कर्मचारियों की उक्त अभियान अंतर्गत स्क्रीनिंग जांच की गई।

# एसएसपी अलीगढ़ ने परेड व रिजर्व पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अलीगढ़ संजीव सुमन द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में शुक्रवार परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक किया गया। सभी अधिकारी/ कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। परेड में समस्त थाना प्रभारी मय 4- 4 हमराही कर्मचारी, प्रशिक्षु उ0नि0 एवं रिजर्व पुलिस लाइन्स में कार्यरत उपनिरीक्षकों / मुख्य आरक्षियों / आरक्षी व यातायात पुलिस द्वारा प्रतिभाग किया गया । इस दौरान पुलिस टीम को दंगा निरोधक / बल्वा निरोधक उपकरणों का प्रशिक्षण एवं फायरिंग अभ्यास कराया गया । पुलिस बल के कर्मियों को विभिन्न प्रकार के शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों, एनटी राइट गन के संचालन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया व पुलिस बल को दंगाईयों से निपटने के लिए विभिन्न तरीके / गुर सिखाये गये। परेड के उपरांत एसएसपी द्वारा परिवहन शाखा, जीपी स्टोर, आदर्श बैरक, पुलिस केंटीन, श्वान दल, मैस, पुलिस अस्पताल, क्वार्टर गार्द, आदेश कक्ष, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, कैन्टीन, पुलिस जिम, जिम्नेजियम हॉल आदि का निरीक्षण किया गया तथा जो भी कमियाँ पाई गई उन्हें तत्काल दूर करने हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया । साथ ही पुलिस लाइन, आवासीय परिसर में साफ सफाई का निरीक्षण किया गया और बेहतर साफ-सफाई रखने हेतु प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एवं बच्चा पार्क में लगे पुराने सामान को बदलवाकर खेलने के नये उपकरण लगाने हेतु निर्देशित किया गया।

परिवहन शाखा का निरीक्षण कर पीआरवी वाहनों को डायल-112 के माध्यम से प्राप्त होने वाली सूचनाओं के शीघ्र प्रसारित करने एवं पीआरवी वाहनों का क्विक रिस्पांस टाइम कम कर शीघ्र घटनास्थल पर पहुँचकर तत्काल सहायता उपलब्ध कराने सम्बन्धी निर्देश दिये यू0पी0-112 पर सूचना प्राप्त होने पर तत्काल घटनास्थल पर पहुँचकर स्थिति को नियंत्रित कर थाना प्रभारी/उच्चाधिकारियों को सूचित करें पीआरवी कर्मचारी ड्यूटी प्वाइंट पर गाडी के अन्दर न बैठकर, संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि रखे। ड्यूटी के दौरान पीआरवी वाहन को ऐसे दृश्यमान स्थल पर खड़ा करेगें जिससे आमजन को पुलिस का उपस्थिति का ऐहसास हो पुलिस मैस का निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों को उच्च गुणवत्ता का भोजन देने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात एसएसपी द्वारा पुलिस लाइन के आदेश कक्ष मे सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। विभिन्न पत्रावलियों, गार्द रजिस्टरों का अवलोकन किया गया तथा पत्रावलियों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

## एएमयू कुलपति ने निधन पर शोक व्यक्त किया

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रोफेसर नईमा खातून ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। कुलपति ने कहा डॉ. सिंह का निधन राष्ट्र के लिए एक बड़ी क्षति है। वह देश में आर्थिक सुधारों के वास्तुकार थे। डॉ. सिंह, भारतीय राजनीति के एक बहुत सम्मानित और विशिष्ट नेता थे। वह गरिमा और सादगी के प्रतीक थे। उनकी सेवाओं को सदैव याद रखा जायेगा। मैं उनके परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं। उल्लेखनीय है कि डॉ. मनमोहन सिंह ने 27 मार्च, 2003 को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया था। उन्होंने छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए देश और दुनिया के आर्थिक और शैक्षिक मामलों पर चर्चा की तथा छात्रों को उत्कृष्टता के लिए प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया।

# सफारी सवार बदमाशो ने फायरिंग करते हुए पोल्ट्री फर्म के मालिक से 2.67 लाख रुपया लूटा

- सीमा विवाद को लेकर दो जिले के बीच उलझी पुलिस
- दोनो जिले के थाने पर कारवाई के लिए दौड़ते रहे पीड़ित

अवधनामा संवाददाता




**गोरखपुर।** पोल्ट्री फर्म के मालिक पर फायरिंग कर 2.67 लाख रूपये लुट की घटना को लेकर शुक्रवार को सहजनवा और संतकबीरनगर जिले के कोतवाली खलीलाबाद की पुलिस सीमा विवाद को लेकर उलझी रही। पीड़ित दोनों जिले के थाने पर कारवाई करने के लिए दौड़ता रहा। पुलिस मामले को उलझाते हुए दौडाती रही। अंत में सहजनवां पुलिस ने सीडीआर आने के बाद कारवाई करने का आश्वासन दिया है।

मिली जानकारी आदित्य पोल्ट्री फर्म बस्ती से पिकप चालक सूरज मुर्गा को लेकर हाटा जिला कुशीनगर गया था। इसके साथ एक मजदूर शम्भु तथा पोल्ट्री फर्म के मालिक आदित्य उर्फ वैभव शुक्ल पुत्र विजय प्रकाश शुक्ल निवासी चैनपुरवा जिला बस्ती भी थे। तीनो रुपया कलेक्शन कर घर के लिए निकले थे। आरोप है रात्रि में 10.30 बजे सहजनवां थाना क्षेत्र के सीहापार ओवरब्रिज के नीचे पहुंचा था कि सफारी सवार बदमाश पिकप देखकर फायरिंग करते हुए गाड़ी रोक लिए। और मालिक के पास रखा 2.67 लाख रुपया लूट कर फरार हो गए। पिकप गाड़ी पर फायरिंग की दो गोलियों के निशान भी दिखाई दे रहा था। सूचना पर एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, सीओ गीडा रत्नेश्वर सिंह थाना प्रभारी पंकज सिंह पहुंचे थे। लेकिन सीमा विवाद को लेकर देर शाम तक सहजनवां पुलिस ने तहरीर लेने से इनकार कर दिया। और सीडीआर आने के बाद कारवाई करने का आश्वासन दिया है। इस संदर्भ में सीओ रत्नेश्वर सिंह ने कहा की जांच में घटना कोतवाली खलीलाबाद जिला संतकबीरनगर का लग रहा है। यदि क्षेत्र में होगा तो यहां मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

## राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना बदहाल छह माह से लटकी लाभार्थियों की फ़ाइल

- योजना की सार्थकता पर खड़े हो रहे गंभीर सवाल

अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले मुखिया की मृत्यु पर परिवार को आर्थिक मदद प्रदान करने की नियत से केंद्र द्वारा संचलित राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना की हालात स्वयं बदहाल हो रहीं है,जिले के लाभार्थियों की फाइलें पिछले छह माह से अटकी हैं। लेकिन विभाग बजट न होने का रोना रोकर लाभार्थियों को चक्कर लगवा रहा है।

विदित हो की गरीब परिवार के मुख्य आय के स्रोत अर्थात मुखिया के निधन के उपरांत परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना शुरू की गई लेकिन पिछले छह माह से लाभार्थी इस योजना का लाभ नहीं उठा पा रहे, जिसका कारण बजट का ना होना है। पिछले छह माह से हज़ारों लाभार्थियों की फाइल विभाग में डम्प हो चुकी है,लाभार्थी विभाग के चक्कर पर चक्कर लगा रहे हैं उन्हें हर बार बजट न होने की बात बता उल्टे पैर वापस किया जा रहा है। विभागीय सूत्रों की मानें तो बजट छह माह से नहीं आया। लेकिन ज़ब इस विषय पर समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी से वार्ता की गई तो उन्होंने चार माह से बजट न होने की बात स्वीकार करते हुए बताया की शासन में फाइल स्वीकृत हो गई है मार्च से पूर्व सभी लाभार्थियों को भुगतान कर दिया जायेगा। लेकिन सवाल तो ये उठता है की जिस मंशा के साथ इस योजना की शुरुआत की गई क्या वह पूरी हो रहीं है? ज़ब आय के स्रोत बंद होने के तुरंत बाद उपजी स्थिति से गरीब परिवार उबर नहीं सकता तो योजना की सार्थकता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा होना स्वाभाविक है। जो राशि उसे तुरंत मिलनी चाहिए वो यदि एक वर्ष बाद मिलती है जो योजना अपने मुख्य ध्येय से भटकी ही मानी जाएगी।

## प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया

**उरई (जालौन)।** इफको ने नकद बिक्री केंद्र प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया इस मौके पर अपर जिला कृषि अधिकारी ने नैनो प्लस यूरिया तथा नैनो डीएपी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। होटल तड़का में आईएफएफडीसी एवं एग्री जंक्शन एवं एग्री क्लीनिक के प्रशन का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया प्रशिक्षण शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अपर जिला कृषि अधिकारी पुष्कर दीक्षित ने नैनो प्लस यूरिया एवं नैनो डीएपी के बारे में बताते हुए कहा यह दोनों उर्वरक पूरी तरह जैविक एवं रसायन मुक्त हैं साथ ही कृषि भूमि पर रासायनिक उर्वरकों की तुलना में बहुत ही सकारात्मक परिणाम देती है। अपर जिला कृषि अधिकारी ने कहा रासायनिक उर्वरक की लगातार प्रयोग से खेतों की मिट्टी खराब हो रही है साथ ही उत्पादन क्षमता भी घट रही है। इसके अलावा पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है। किंतु नैनो यूरिया एवं नैनों डीएपी से ना तो कृषि भूमि पर पर विपरीत असर पड़ेगा और ना ही पर्यावरण दूषित होता बल्कि सशक्ति किसान एवं आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा होगा।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मोहम्मद शादाब पुत्र मोहम्मद सईद सिद्दीकी निवासी म. न. 24 सीतापुर रोड शिव नगर रूपपुर खदरा लखनऊ का हूं। मैंने अपना नाम मोहम्मद शादाब से बदलकर मोहम्मद शादाब सिद्दीकी रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मोहम्मद शादाब सिद्दीकी के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम त्रुटिवश WAHAB (वहाब) हो गया है जबकि मेरा सही सभी दस्तावेजों में RAJJAN KHAN S/O ABDUL MAJID KHAN (रज्जन खान) पुत्र अब्दुल माजिद खान है। भविष्य मे मुझे RAJJAN KHAN S/O ABDUL MAJID KHAN (रज्जन खान) पुत्र अब्दुल माजिद खान के नाम से जाना, पहचाना और पुकारा जाए।

**निवासी- 171, रायबरेली रोड, पालपुर, अमेठी, उत्तर प्रदेश 227809**

### सूचना

मेरे पासपोर्ट न0- L0014567 में त्रुटिवश मेरा नाम मोहम्मद मन्नान सिद्दीकी (MOHAMMAD MANNAN SIDDIQUI) दर्ज हो गया है। जबकि आधार कार्ड सहित अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम मो अशफ़ाक खान (MOHD ASHFAQUE KHAN) दर्ज है। मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**मो अशफाक खान (MOHD ASHFAQUE KHAN) पुत्र मोहम्मद ईश खान (MOHAMMAD ISH KHAN)निवासी-ग्राम करनगांव जनपद-अमेठी (उप्र)**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र मोहम्मद शादाब सिद्दीकी के पासपोर्ट संख्या N0160085 में मेरे नाम की स्पेलिंग त्रुटिवश MOHAMMAD SAYYED दर्ज हो गया है जबकि मेरे नाम की सही स्पेलिंग (MUHAMMAD SAEED SIDDIQUI) मुहम्मद सईद सिद्दीकी जो मेरे व पुत्र के सभी अन्य अभिलेखों में दर्ज है भविष्य में मुझे मुहम्मद सईद सिद्दीकी के नाम से ही जाना पहचाना व पुकारा जाए।

**मुहम्मद सईद सिद्दीकी पुत्र मोहम्मद अली निवासी म. न. 24 सीतापुर रोड शिव नगर रूपपुर खदरा लखनऊ।**

# कन्यापूजन कार्यक्रम में बनाया गया विश्व रिकॉर्ड



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या महोत्सव में कन्यापूजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन शुक्रवार को किया गया, जिसमें अयोध्या महोत्सव न्यास द्वारा दुरदुरिया पूजन के बाद दूसरा विश्व रिकॉर्ड बनाया गया। यह आयोजन अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक महत्व को प्रदर्शित करने का एक अद्वितीय अवसर था।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रांत प्रचारक कौशल किशोर जी द्वारा किया गया, जिन्होंने बड़े पैमाने पर आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम को अयोध्या की भव्यता से जोड़ा और कार्यक्रम आयोजन समिति की सराहना की।अयोध्या महोत्सव न्यास के अध्यक्ष हरीश श्रीवास्तव ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नारी सशक्तिकरण और समाज में सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। इस आयोजन में दो विश्व रिकॉर्ड बनाया गया है, जिसमें पहला रिकॉर्ड दुरदुरिया पूजन व दूसरा विश्व रिकार्ड कन्या पूजन का है। अयोध्या महोत्सव न्यास द्वारा 15551 कन्याओं का पूजन किया गया, जो सनातन धर्म में आदिशक्ति का स्वरुप मानी जाती हैं। यह आयोजन वेदमंत्रों के बीच सम्पन्न हुआ, जिससे पूरे परिवेश में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।कार्यक्रम संयोजिका ऋचा उपाध्याय ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल कन्याओं का सम्मान और पूजन करना था, बल्कि यह भी था कि समाज में कन्याओं के प्रति सम्मान और आदर की भावना को बढ़ावा देना। यह आयोजन एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक आयोजन था, जिसने सभी उपस्थित लोगों को एक नई ऊर्जा और उत्साह से भर दिया।इस आयोजन में कन्याओं का पूजन किया गया और प्रांत प्रचारक जी द्वारा कन्याओं पर पुष्प वर्षा करते हुए उनका विधि-विधान से पूजन किया गया। यह आयोजन एक अद्वितीय और अविस्मरणीय अनुभव था, जिसने सभी उपस्थित लोगों को एक नई दिशा और एक नई ऊर्जा से भर दिया।इस आयोजन के लिए सभी आयोजकों और उपस्थित लोगों को वर्ल्ड रिकार्ड यूनियन की टीम हेड शरीफा बानो ने बधाई दी। यह आयोजन एक सच्ची आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अनुभव था, जिसने सभी को एक नई दिशा और एक नई ऊर्जा से भर दिया।अयोध्या महोत्सव न्यास के अध्यक्ष हरीश श्रीवास्तव ने नारी सशक्तिकरण के महत्व पर बल देते हुए कहा कि स्त्री को सृजन की शक्ति माना जाता है और इस सृजन की शक्ति को विकसित करके उनमें समाजिक, आर्थिक, राजनैतिक व वैचारिक स्वतंत्रता के साथ समानता का अवसर प्रदान करना नारी सशक्तिकरण का आशय है।

# गोसाईगंज धान क्रय केंद्र पर लक्ष्य के सापेक्ष हुई 42%धान खरीद

*अवधनामा संवाददाता*

**गोसाईगंज-अयोध्या।** गोसाईगंज सब्जी मंडी में खुले नवीन मंडी के दोनों धान क्रय केंद्र पर धान तौल कराने के लिए किसानों की भीड़ लगी हुई है। हाल यह है कि ठंड होने के बावजूद भी अपनी उपज तौल कराने के लिए यहां किसानों का रेला लगा हुआ है। केंद्र प्रभारी हरि सेवक चौरसिया ने दोनों क्रय केदो पर 17 किसानों से 5 सौ कुंटल से अधिक धान तौल कराने का दावा किया है।किसानों को अपनी उपज तौल कराने में कोई समस्या तो नहीं आ रही है इसकी परख करने के लिए दोपहर बाद कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव शिव गोपाल ने दोनों क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर वहां मौजूद किसानों से हो रही तौल एवं उपज का सही मूल्य मिल रहा है कि नहीं इसको लेकर पूछताछ भी किया। केंद्र प्रभारी हर सेवक चौरसिया ने बताया कि विभाग द्वारा इस बार गोसाईगंज के क्रय केंद्र नंबर 1 पर 25 हजार कुंटल तथा क्रय केंद्र नंबर 2 पर 15 हजार कुंटल (कुल 40 हजार कुंटल) धान क्रय करने का लक्ष्य दिया गया है। केंद्र प्रभारी श्री चौरसिया ने बताया कि अब तक केंद्र नंबर एक पर 160 किसानों से 9769.60 तथा केंद्र नंबर दो पर 156 किसानों से 9360.40 कुंटल धान की खरीद हो चुकी हैं। गुरुवार दोपहर केंद्र नंबर 1 पर 9 किसानों से ढाई सौ कुंतल तथा केंद्र नंबर दो पर 8 किसानों से सवा 2 सौ कुंतल धान खरीदा गया है। उन्होंने बताया कि दोनों केंद्रों पर लगभग पौने 3 सौ किसानों ने धान तौल कराने के लिए अपना नंबर लगाया है जो जैसे-जैसे आता रहा है सभी का धान तौल कराया जा रहा है! मालूम हो कि इस बार जिले को 68 हजार मेट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य जहाँ मिला हैं वही किसान अपना धान विपणन शाखा के सदर तहसील अन्तर्गत नवीन मंडी सदर,गोशाइगंज नवीन मंडी, पूरा बाजार (राजेपुर), सोहावल, मिल्कीपुर,



हैरिंग्टीन गंज, अमानीगंज बीकापुर, तारुन, रुदौली(प्रथम व द्वितीय) अमराई गांव, पटरंगा तथा पीसीएफ के वीरशाहपुर, तेलियागढ, दर्शन नगर, इब्राहिमपुर दिवली, कोटसराय, मिल्कीपुर, बिलौरी, कुचेरा, रौतांवा, सेमरा, अछोरा, बीकापुर, पहुपी सराय, चौरेबाजार, रजौरा, यादवपुर, चरावा, गणेशपुर, बरौली(19केंद्र), पी0सी0यू0 के हाजीपुर बरसेंडी, सा0स0स0 लि0 अलीपुर खजुरी, जगदीशपुर, देवगांव, परसांवा महोली,नेतवारी चतुर पुर,गरौली, हैदरगंज,अमराई गांव (10केंद्र),यू0पी0एस0एस0 के मठिया सरैया,रामपुर बैहरी, जगदीश पुर(मया), अमसिन, देवापुर,मसौधा,पलिया मलावन,ढेमा (8 केंद्र)सहित भारतीय खाद्य निगम के सदर तहसील अन्तर्गत नवीन मंडी व पूरा बाजार के केंद्र पर तौल करा सकते हैं!28 फरवरी 2025 तक सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक होने वाली धान तौल का समर्थन मूल्य इस बार शासन ने 2300 व ए ग्रेड की धान 2320 रु0 प्रति कुंतल की दर से निर्धारित किया है!

## अपने खरीद का पक्का बिल लें, यह आपका अधिकार है

**अयोध्या।** राज्य कर विभाग द्वारा अपने खरीद का पक्का बिल लें, यह आपका अधिकार है÷ अभियान के तहत एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अपर आयुक्त ग्रेड-1 संतोष कुमार की अध्यक्षता में व्यापार मण्डल अयोध्या के प्रतिनिधियों से जुड़ी चर्चा हुई। बैठक का उद्देश्य उपभोक्ताओं को जागरुक करना था कि वे अपनी खरीद पर पक्का बिल प्राप्त करें, क्योंकि इससे कीमतों पर कोई असर नहीं पड़ता। अभियान के तहत स्टीकर और पैम्प्लेट्स वितरित किए गए, और व्यापारियों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की गई। अभियान राज्य सरकार के निर्देशों के तहत दिसम्बर महीने में शुरू हुआ था, और राज्य कर विभाग की टीमें व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर जाकर स्टीकर लगाती हैं और पैम्प्लेट्स वितरित कर उपभोक्ताओं को पक्का बिल प्राप्त करने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

## गर्रा नदी अजीजगंज में बनेगा एक नया सेतु, मुख्यमंत्री ने स्वीकृति दी



**शाहजहाँपुर।** केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने अपने लोक निर्माण मंत्री के कार्यकाल में महानगर के गर्रा नदी पर टू-लेन हेतु एक नये सेतु के निर्माण हेतु अधिकारियों को आगणन तैयार कर स्वीकृति हेतु शासन में भेजने के निर्देश तत्समय विभागीय अधिकारियों को दिए थे। जिसके क्रम में तत्समय ही उपरोक्त पुल के स्वीकृति हेतु अधिकारीयों ने उनके निर्देश पर आगणन शासन को प्रेषित कर दिया था। जिस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महानगर के गर्रा फाटक से बरेली मार्ग पर गर्रा नदी पर टू लेने अतिरिक्त पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य हेतु 2809.85 लाख रुपए की की स्वीकृति प्रदान कर दी।इस संबंध में गत 24 दिसम्बर, 2024 को शासनादेश भी जारी हो गया है। केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने नए सेतु की स्वीकृति प्रदान करने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह डबल इंजन सरकार का महानगर वासियों के लिए नए वर्ष का यह उपहार है। इस पुल के निर्माण हो जाने से आवागमन में जन सामान्य को जहाँ सुगमता होगी वही जाम से भी जन सामान्य को निजात मिलेगी। जितिन प्रसाद ने कहा कि शाहजहांपुर उनका घर है यहाँ जब भी उन्हें कुछ करने का अवसर मिलेगा वह निरन्तर निश्चित रूप से अपना योगदान अपनों के लिए देते रहेंगे।

# पेट्रोल व डीजल भरवाकर बिना पैसे दिए धोखे से भाग जाने वाले 4 शातिर गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** पेट्रोल पम्प पर पैट्रोल भरवाकर बिना भुगतान कर भाग जाने वाले गिरोह को स्वाट/सर्विलांस व थाना देवा की संयुक्त पुलिस टीम ने चार अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे/निशांदेही पर एक अदद ड्रम,एक अदद गैलेन, एक अदद स्कार्पियो वाहन तीन अदद अवैध तमंचा व नकदी बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक ये गिरोह पूर्व में 7 दिसंबर 2024 को थाना सतरिख क्षेत्रान्तर्गत भिटौली स्थित कपसेटिया पेट्रोल पम्प से 28270 रुपये का डीजल भरवाया और दिनांक 10 को थाना देवा के बापू किसान सेवा पेट्रोल पम्प, मैनाहार से 35,000 रुपये का पेट्रोल, दिनांक 23 को रामनगर क्षेत्र के सुढियामऊ स्थित आरडी पेट्रोल पम्प से 30,000/-रु0 का डीजल,



भरवाकर धोखा देकर बिना पैसे दिये भाग जाते थे। जिसके बाद पुलिस को लगातार शिकायत मिलने पर एसपी ने स्वाट/सर्विलांस व थाना देवा की संयुक्त पुलिस टीम को लगाया। मुखबिर द्वारा सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने उमरी जंगल से गिरफ्तार किया शातिर गिरोह के 4 सदस्य अनुराग वर्मा पुत्र अवनीश वर्मा निवासी शिवपुरम कालोनी डिप्टीगंज थाना सुशांत गोल्फ सिटी जनपद लखनऊ, शिवा पाण्डे पुत्र राकेश पाण्डे निवासी पाम रेजिडेन्सी थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ, अनुज पाल पुत्र बेनीराम पाल निवासी हरिहरपुर रामसेवक पुरम थाना सुशांत गोल्फ सिटी जनपद लखनऊ और शिवम गौतम पुत्र राजेंद्र प्रसाद निवासी विरूरा थाना पीजीआई जनपद लखनऊ को धर दबौचा। पुलिस ने इन लोगो के कब्जे से एक अदद ड्रम, एक अदद गैलेन, तीन अदद अवैध तमंचा व तीन अदद कारतूस .315 बोर, एक अदद स्कार्पियो यूपी 32 जीयू 9532 व 10 हजार रुपए बरामद किया। पुलिस की पूछताछ पर इन लोगो ने बताया कि जनपद लखनऊ के साथ मिलकर जनपद बाराबंकी व आस-पास के जनपदों के पेट्रोल पम्प से चार पहिया वाहन में पीछे रखे ड्रम/गैलने में डीजल/पेट्रोल भरवाने के पश्चात भुगतान करने हेतु क्यूआर कोड स्कैन करते हैं तथा इसी बीच पेट्रोल कर्मियों को बातों में फंसाकर धोखा देकर मौके से बिना भुगतान किए भाग जाते हैं। चोरी के पेट्रोल व डीजल को चलते-फिरते वाहन चालकों को सस्ते दामों पर बेंच देते हैं। पुलिस ने ये भी बताया कि पकड़े गए अभियुक्तगण के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है और अमन सिंह उर्फ कार्तिक ठाकुर, करन सिंह कल दिनांक 26.12.2024 को थाना गोमती नगर जपनद लखनऊ से लूट के अभियोग में जिला कारागार लखनऊ में निरुद्ध हैं। एक अन्य अभियुक्त राहुल कश्यप की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया है।

# बिजली बकाया माफी के बावजूद उपभोक्ता नही के रहे दिलचस्पी



*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** बिजली विभाग द्वारा अपने उपभोक्ताओं के लिए बकाया बिल में ब्याज माफ करने के लिए चलाए गए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) का फायदा लेने में उपभोक्ताओं की दिलचस्पी कम नजर आ रही है। विभाग द्वारा चलाई गई इस योजना के तहत बकाया बिलों पर ब्याज माफी का अवसर दिया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद कई उपभोक्ता इसमें हिस्सा लेने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं, जिससे विभाग को कनेक्शन काटने और मीटर उतारने की कार्रवाई करनी पड़ रही है। कई उपभोक्ता ऐसे जिनका दो लाख तक बकाया है। पिछले दो दिनों में बिजली विभाग ने 60 से अधिक बकायादारों के कनेक्शन काटकर 40 मीटर भी उतार लिए हैं। विद्युत उपकेन्द्र जैटपर क्षेत्र में लगभग दो हजार ऐसे दो लाख रुपये तक का बकाया है। इनमें से 70 उपभोक्ताओं पर एक लाख रुपये से ज्यादा का बकाया बिल है।

## अब तक जमा हुआ 70 लाख का राजस्व

उपकेन्द्र के जेई मिर्जा परवेज हुसैन और उनके कर्मचारी नियमित रूप से गांव-गांव जाकर ओटीएस योजना के तहत कैंप लगा रहे हैं। बावजूद इसके बकायादारों द्वारा कम राशि जमा की जा रही है, जिससे विभाग को अपेक्षित राजस्व की प्राप्ति नहीं हो पा रही है। अब तक लगभग 70 लाख रुपये का राजस्व जमा किया जा सका है।

## सीए परीक्षा उत्तीर्ण कर अंकुर अग्रवाल ने बढ़ाया सिसवा का मान



**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** सिसवा कस्बे के विवेकानंद नगर निकट पुराना पावर हाउस निवासी दिलीप अग्रवाल के पुत्र अंकुर अग्रवाल ने पहले प्रयास में चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण कर सिसवा नगर क्षेत्र सहित जनपद का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर नगर व क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी है। विवेकानंद नगर वार्ड निकट पुराना पावर हाउस स्थित मध्यम वर्गीय परिवार के निवासी दिलीप अग्रवाल व रेनू अग्रवाल की दो संतानों में छोटे बेटे अंकुर अग्रवाल ने कड़ी मेहनत से चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। अंकुर ने बताया कि उसकी प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा सिसवा कस्बे के सेंट जोसेफ्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल से कक्षा नर्सरी से 10 तक शिक्षा ग्रहण किया। उसके बाद वह कक्षा 12 की शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय महराजगंज से उत्तीर्ण कर पोस्ट ग्रेजुएशन के लिए दिल्ली में शहीद भगत सिंह कॉलेज में एडमिशन लिया। बीकॉम परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात अंकुर ने सीए की तैयारी करने लगे और बीते नवंबर माह में परीक्षा में सम्मिलित हुए। गुरुवार को इस परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद इन्होंने अपने चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने के सपने को हकीकत में बदल दिया। इनके इस उपलब्धि पर बड़े भाई अंकित अग्रवाल, अनुपम अग्रवाल, उदित सरावगी, बजरंगी अग्रवाल, राजेश सरावगी, रोहित अग्रवाल, सहित अन्य लोगों ने उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई और शुभकामनायें दी है।

## जनपद न्यायाधीश किरण स्पेशल स्कूल पहुँचे दिव्यांग बच्चों से की मुलाकात



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर दिव्यांग बच्चों को समाज से जोड़ने एवं उन्हें शिक्षित करने का प्रयास सराहनीय है। उक्त विचार जनपद न्यायाधीश मा0 पंकज कुमार सिंह ने शुक्रवार को देवा रोड स्थित उम्मीद किरण स्पेशल स्कूल एव रीहेब्लिटेशन सेंटर पहुंचकर दिव्यांग बच्चों के साथ महत्वपूर्ण पल बिताए। जनपद न्यायाधीश ने स्पेशल एजुकेशन, पोशचरल थेरेपी, फिजियोथैरेपी, स्पीच थेरेपी, वोकेशनल थेरेपी के बच्चों से मिलकर उनके बारे में संस्था की अध्यक्षा श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव से विस्तार पूर्वक बच्चो के मे जानकारी प्राप्त की। श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव ने जनपद न्यायाधीश को दिव्यांग बच्चों की समस्याओं एवं उनके निदान के बारे में अवगत कराया। जनपद न्यायाधीश पंकज कुमार सिंह ने करीब 1 घंटे दिव्यांग बच्चों के साथ बिताने के उपरांत उन्हें फल एवं मिष्ठान वितरित किया। फल एवं मिष्ठान पाकर दिव्यांग बच्चों ने बड़े उत्साह और उल्लास के साथ जनपद न्यायाधीश को थैंक्स कह कर उनका अभिनंदन किया।

## कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर दी गई श्रद्धांजलि

*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहांपुर।** कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन टाउन हॉल पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दोपहर बाद बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकता अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि देने के लिए पार्टी कार्यालय पर जमा हुए। शोक सभा में जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि मनमोहन सिंह जैसा सादगी पसंद नेता इस देश में होना मुश्किल है,आज उनके निधन से पार्टी और देश को अपूर्णीय नुकसान हुआ है। जिसकी भरपाई होना संभव नहीं है।उनके प्रधानमंत्रित्व काल में तमाम जनहित की योजनाओं को यूपीए सरकार ने लागू किया।मनमोहन सिंह देश के आर्थिक सुधारों के जनक थे। महानगर अध्यक्ष पवन सिंह ने बताया कि मनमोहन सिंह के निधन से पूरे देश के कार्यकर्ता मायूस है।पार्टी के तरफ से



अगले एक सप्ताह तक किसी भी प्रकार के कार्यक्रम नहीं किए जाएंगे और राजीव भवन पार्टी कार्यालय पर शोक में पार्टी का झंडा भी झुका रहेगा।मनमोहन सिंह के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जा सकता है।इसके अतिरिक्त कोई भी कार्यक्रम नहीं होंगे। शोक सभा में अल्प संख्यक कांग्रेस राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशफ़ाक उल्ला खां,प्रदेश सचिव अनूप वर्मा,पीसीसी सदस्य रामनाथ बघेला,कृष्ण विनोद मिश्रा,गायत्री प्रकाश अवस्थी,युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामजी अवस्थी, अल्प संख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सईद अंसारी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि, एनएसयूआई अध्यक्ष रफी उल हसन,महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव पूनम पांडे,कांग्रेस नेता अनस इकबाल,फुरकान अहमद कुरैशी, गौरव त्रिपाठी, संजय सक्सेना, अरुणोद मिश्रा, कय्यूम खान, नीरज अवस्थी, इकरार अहमद, शरद गुप्ता, सुधांशु मिश्रा, शोभित मिश्रा, मोहसिन खान, फरमान खान, अनुभव कटारिया, वकार आलम, परवेज अहमद, लक्ष्मीकांत मिश्रा, पार्षद रामखेलावन मिश्रा, परवेज खान सहित तमाम कांग्रेस जन ने अंत में दो मिनिट को मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोकसभा का संचालन उपाध्यक्ष फुरकान अहमद कुरैशी ने किया।

## मुकदमे को लेकर दबंगो ने अधिवक्ता से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी।** एडवोकेट ने मारपीट व गाली गलौज देने जान से मारने का आरोप लगाते हुये जैदपुर थाने में की शिकायत। पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। बताते चलें कि टेरा थाना जैदपुर निवासी एडवोकेट तेज सिंह वर्मा पुत्र स्व। सूरज लाल ने थाना जैदपुर में शिकायत करते हुये बताया कि दिनाँक 26/12/2024 को समय 10.30 बजे सुबह अपने में निकले और गाँव के रमेशचन्द्र यादव ने अपने मुकदमें को लेकर घर के बारे मे आँगन में बैठा लिया और उनकी भयहो भी घर थी उसी वक्त दिनांक 25/12/2024 की रास्ते की शिकायत की बात को लेकर विपक्षी सूरज, दुवेश व दुर्गेश पुत्रगण वीरेन्द्र कुमार वर्मा रमेशचन्द्र के घर में घुसे और गन्दी गन्दी देते हुए सभी मिलकर मारा भयहो भी छुडाते वक्त गिर पड़ी।

## सीसीटीवी कैमरे के निगरानी में रहेगा पगडंडी मार्ग

### पुलिस अधीक्षक ने सीमावर्ती क्षेत्रों का निरीक्षण कर दिया निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**निचलौल ( महराजगंज)।** एसपी सोमेन्द्र मीना ने प्रयागराज कुंभ मेले को लेकर इंडो नेपाल सीमा के पगडंडी रास्ते का दौरा किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के लिए पगडंडी रास्तों पर सीसी कैमरा लगाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही छोटे बड़े सभी पगडंडी रास्तों पर कड़ी चौकसी बढ़ाने के लिए मातहतों को सख्त हिदायत दी। इस दौरान एसएसबी के कमांडेंट शंकर सिंह सहित अन्य तमाम स्टाफ मौजूद रहे। एसपी सोमेन्द्र मीना ने सीमा क्षेत्र के बुडन्तवापुर, लक्ष्मीपुर खुर्द, खैरा, 20 कड़िया, 40 कड़िया सहित शीतलापुर के सभी पगडंडी रास्ते का दौरा कर मौके पर तैनात पुलिस व एसएसबी के चेकपोस्ट अधिकारियों से कुंभ मेले को लेकर एलर्ट रहने का निर्देश दिया। उन्होंने एसएसबी के अधिकारियो से बाहरी घुसपैठ को लेकर सघन तलाशी व चौकस निगरानी रखने का आदेश दिया। एसपी के अचानक दौरे से सीमावर्ती क्षेत्र पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। दौरे से लौटने के दौरान इटहिया पंचमुखी शिव मंदिर में दर्शन कर वापस लौट गए। इस दौरान प्रभारी कोतवाल योगेंद्र कुमार, लक्ष्मीपुर चौकी इंचार्ज महेंद्र यादव, एसआई दिनेश कुमार, विक्की कुमार, अनुराग पांडेय सहित एसएसबी के अधिकारी व तमाम जवान मौजूद रहे।

## बागापार की कच्ची सड़कें होंगी पिच, विभाग ने कराया सर्वे

### ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्र देकर कच्ची सड़क को पिच कराने की मांग की थी

**महराजगंज।** जिले की सबसे बड़ी ग्राम सभा बागापार के आधा दर्जन टोले अब पिच सड़क से सीधे जुड़ जाएंगे। लोगों को अब कच्ची सड़क से होकर गुजरना नहीं पड़ेगा। ग्रामीणों की मांग पर शुक्रवार को ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अवर अभियंता विकास मिश्रा बागापार गांव पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण की मांग का भौतिक निरीक्षण किया और जांच रिपोर्ट तैयार की। सदर ब्लाक के ग्राम पंचायत बागापार के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देखकर बागापार - महराजगंज मुख्य मार्ग से निकला लिंक मार्ग जो कई गांव को जोड़ता है। ग्रामीणों ने डीएम से गुहार लगाई थी कि बागापार के टोला बरगदवा, विशुनपुरवा, बेलहिया, दलित बस्ती आदि टोले को जोड़ने वाली सड़क जर्जर एवं कच्ची है। बरसात के दिनों में इस सड़क से आने जाने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से सड़क को पिच कराने की मांग किया था। शुक्रवार को आरईएस विभाग के अवर अभियंता विकास मिश्रा मौके पर पहुंचे। उन्होंने सड़क की स्थिति को देखा और सर्वे किया। सहायक अभियंता अमरेश सिंह ने बताया कि शासन की मंशा है कि कोई भी गांव पिच सड़क से वंचित न रहे। बागापार के कई टोले पिच सड़क से जुड़े नहीं हैं। इनको जोड़ने के लिए सर्वे कराया गया है। शासन से स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया। इस मौके पर रवींद्र जैन, धर्मेंद्र यादव, शंभू शरण वर्मा, जितेंद्र यादव, रामसमुझ, जितेंद्र पटेल, राजेंद्र प्रसाद, कन्हैया लाल आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# आबादी क्षेत्र से नई लाइन पर ग्रामीणों ने से नहीं बनी सहमति

*अवधनामा संवाददाता*

**निचलौल (महराजगंज)।** ठूठीबारी कस्बे के शांतिनगर मुहल्ले के आबादी क्षेत्र से नई लाइन शिफ्टिंग विवाद पर पहुंचे अधीक्षण अभियंता यशपाल सिंह व एक्सीएन सहित विद्युत विभाग की टीम को ग्रामीणों का भारी विरोध का सामना करना पड़ा। जिससे मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। विरोध को देखते हुए शिफ्टिंग कार्य पर सहमति नहीं बन पाई।जिसके बाद अधिकारियों ने नए शिरे से कार्य करने की बात कही। तब कही जाकर ग्रामीण शांत हुए। बाद में विद्युत विभाग के लोगों ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाए गए एक मुश्त समाधान योजना का लाभ उठाने के लिए अपील की। ग्रामीण शकीला, हुस्ना खान, संपाती साहनी, संदीप कसेरा, जय निगम,



सुरेंद्र द्विवेदी, गुड्डू मिर्जा, कन्हैया प्रसाद, निजामुद्दीन, रतन कसेरा, रहीम, महेश कुमार, गोपी चंद, विवेक कुमार, प्रकाश, वीरेंद्र आदि लोगो ने मौजूद अधिकारियों को बताया करीब 30, 35 वर्षों से संचालित 11 हजार वोल्ट के हाइटेंशन तार को हटाया जा रहा है। जबकि इस रास्ते से प्रति दिन सैकड़ों माल वाहक वाहन सहित हजारों लोगों का आवागमन होता है। ग्रामीणों मांग किया है कि हाइटेंशन तार को पहले की तरह रखा जाय। किसी भी सूरत में नई लाइन का कार्य नहीं होने दिया जाएगा।

इस बाबत अधीक्षण अभियंता यशपाल सिंह ने बताया कि नई लाइन लगाने पर ग्रामीणों में काफी विरोध है। समाधान होने के बाद कार्य होगा।

# पूर्व पीएम के निधन पर नेता प्रतिपक्ष ने जताया शोक

## माता प्रसाद पाण्डेय बोले, ये कभी पूरा न होने वाला घाटा



निहाल चौधरी

**इटवा सिद्धार्थनगर।** नेता प्रतिपक्ष सपा विधायक इटवा माता प्रसाद पाण्डेय ने समाजवादी पार्टी कार्यालय इटवा पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतक आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रख कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि ये कभी पूरा न होने वाला घाटा है। मनमोहन सिंह जैसे अर्थशास्त्री का हमारे देश का प्रधानमंत्री रहना एक गौरव की बात है और मनमोहन सिंह देश के आर्थिक सुधारों की नींव रखने वाले शख्सियत थे।

अपोजीशन लीडर ने कहा कि जब आर्थिक संकट के बीच देश को सोना गिरवी रखना पड़ा था, तब मनमोहन सिंह वित्त मंत्री बनकर आए और उन्होंने आर्थिक सुधार करते हुए वर्ष 1991 में युगांतरकारी बजट पेश किया, जिससे पूरी दुनिया भारत की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ते हुए देख हैरान रह गई थी। उन्होंने कहा कि देश में ग्लोबलाइजेशन की शुरुआत वर्ष 1991 में सरदार मनमोहन सिंह ने ही की थी, उन्होंने भारत को दुनिया के बाजार के लिए तो खोला ही, बल्कि निर्यात और आयात के नियमों को भी सरल बनाया। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह ने भारतीय अर्थव्यवस्था में बड़े पैमाने पर आर्थिक सुधारों की कवायद की और उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था के जीर्णोद्धार में महत्वपूर्ण योगदान दिया जिससे कोई इनकार नहीं कर सकता। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष बबलू खान, झुल्लूर मिश्रा, महेंद्रपाल यादव, परशुराम यादव, रशीद राइनी, राजकुमार मिश्रा, रियाज अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

### दस जनवरी से महाकुम्भ मेला के लिये प्रयागराज के लिये बस होगी रवाना

**अंबेडकरनगर।** महाकुंभ में श्रद्धालुओं को ले जाने व लाने के लिए जिले की 64 बसें 10 जनवरी को प्रयागराज के लिए रवाना होंगी। इन बसों के प्रयागराज चले जाने से आम यात्रियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू रहे महाकुंभ स्नान को लेकर जिले के परिवहन निगम ने भी तैयारी तेज कर दी है। अकबरपुर बस स्टेशन के बेड़े में शामिल 71 बसों में से 64 बसों की आमद 10 जनवरी को प्रयागराज में करानी है। दरअसल यह बसें वहां से आने जाने वाले श्रद्धालुओं को लेकर उनके जनपद जाएंगी। परिवहन निगम कार्यालय के कर्मचारियों के अनुसार प्रयागराज में बने जिले के अस्थायी डिपो से 30 बसों का संचालन अकबरपुर और 34 बसों का संचालन कम्हरिया के लिए किया जाएगा। साथ ही शाही स्नान 13, 14, 29 जनवरी, तीन फरवरी, 12 व 26 फरवरी को होने के चलते उस दिन श्रद्धालुओं की भीड़ रहेगी। इसके लिए अगर जरूरत पड़ी तो अन्य जनपदों से बसों को मंगवाया जाएगा।

# न्यायाधीश डॉ अफरोज अहमद ने किया जिला पर्यावरण योजना से सम्बन्धित बिन्दुओं की समीक्षा



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिला पर्यावरण योजना के निरूपण एवं समीक्षा हेतु न्यायाधीश / सदस्य, राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली डा अफरोज अहमद द्वारा शुक्रवार को जिला पर्यावरण योजना से सम्बन्धित बिन्दुओं पर समग्र रूप से समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें जिलाधिकारी / अध्यक्ष, जिला पर्यावरण/गंगा समिति, प्रभागीय निदेशक / सदस्य संयोजक, पुलिस अधीक्षक एवं जिला पर्यावरण/गंगा समिति के समस्त सदस्यगण द्वारा प्रतिभाग किया गया।

न्यायाधीश / सदस्य, राष्ट्रीय हरित अधिकारण, नई दिल्ली डा0 अफरोज अहमद द्वारा जनपद के ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन, तरल अपशिष्ट प्रबन्धन व अन्य विषयों पर समीक्षा की गयी। डा0 अफरोज अहमद द्वारा जनपद के गंगा ग्रामो में गंगा जैविक कृषि, पराली प्रबन्धन, जमुआर नदी के पुर्नउत्थान एवं जनपद में मात्स्यकी के क्षेत्र में किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुये जिलाधिकारी को बधाई दी एवं जनपद में वृक्षारोपण कार्यों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग की प्रसंशा की एवं राष्ट्रोत्थान के लिए जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को समेकित प्रयास हेतु आह्वान किया गया। सदस्य एन.जी.टी. द्वारा जनपद के कृषि क्षेत्रों में कीटनाशक एवं रासायनिक खादों के उपयोग की जगह जैविक उपायों जैसे नीम, गौमुत्र, इत्यादि के प्रयोग को प्रोत्साहित करने हेतु सम्बन्धित विभागों को निर्देशित करते हुये किसानों के आय को बढ़ाने हेतु विभिन्न सुझाव दिये गये। परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति एवं जिला कृषि अधिकारी को कृषि क्षेत्र में नवीन योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन हेतु समन्वय स्थापित कर जिला प्रशासन के नेतृत्व में लागू करने के निर्देश दिये गये। मृदा के महत्व को उद्धृत करते हुये मृदा संरक्षण एवं फलाई एस ईट के निर्माण को प्रोत्साहित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किये गये। अन्त में सदस्य एन.जी.टी द्वारा पर्यावरण को अपना धरोहर एवं पर्यावरण संरक्षण को अपना धर्म बताते हुये समीक्षा बैठक समाप्त की गयी। बैठक उपरान्त जिलाधिकारी ने न्यायाधीश / सदस्य राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली को स्मृति चिन्ह एवं जनपद के विश्व प्रख्यात उत्पाद कालानमक चावल भेंट स्वरूप प्रदान कर साल ओढाकर सम्मानित किया।

## पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर बच्चों के साथ शिक्षकों ने दी श्रद्धांजलि



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मंगराव में शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह के निधन पर बच्चों के साथ शिक्षकों ने श्रद्धांजलि दी। प्रधानाध्यापक दुर्गेश कुमार मिश्र ने सुबह प्रार्थना सभा में बच्चों को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह के निधन की जानकारी दी। बच्चों ने दो मिनट का मौन धारण कर मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान प्रदीप कुमार राम विलास, नीरज यादव, रमेश वरूण आदि मौजूद रहे।

### चांदपुर में दबंगों द्वारा कोलहू स्वामी के साथ मारपीट

**चांदपुर।** थाना चांदपुर के ग्राम स्याऊ निवासी मोहम्मद यूनुस पुत्र उमर मंडी समिति के पीछे गुड का कोल्हू चलता है जिसके साथ दबंगों द्वारा गाली गलौज व मारपीट की गई। पूरा मामला थाना चांदपुर क्षेत्र के ग्राम स्याऊ का है जहां उस समय हड़कंप मच गया जब दबंगो ने कोल्हू संचालक के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की पीड़ित मोहम्मद यूनुस ने बताया कि वह अपने कोल्हू पर था 14 दिसम्बर को देर शाम दो व्यक्ति ट्रैक्टर लेकर कोल्हू में घुस आए और ट्रैक्टर खड़ा करके दारू पीने लगे गंदी गंदी - गंदी गालियां देने लगे कोल्हू पर महिला के होने पर कोल्हू संचालक ने मना किया तो गली गलोच करते हुए मोहम्मद यूनुस के साथ मारपीट की जिससे उन का हाथ फैक्चर हो गया, जोकि पूरी घटना कोल्हू पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई पीड़ित ने इस घटना का प्रार्थना पत्र थाना चांदपुर पर देते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

# रेकिट एवं जागरण पहल द्वारा संचालित डायरिया नेट जीरो कार्यक्रम का आयोजन



पंकज श्रीवास्तव

**मिठवल सिद्धार्थनगर।** मिठवल ब्लॉक में रेकिट एवं जागरण पहल द्वारा संचालित डायरिया नेट जीरो कार्यक्रम के अंतर्गत सी एच सी तिलौली ओआरएस जिंक कॉर्नर का उद्घाटन अधीक्षक डॉक्टर राजीव रंजन के द्वारा फीता काटकर किया गया डॉ राजीव रंजन ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि जीरो से 5 साल के बच्चों में दस्त बीमारी के इलाज में ओआरएस का घोल तथा जिंक की गोली देने से बच्चों में निर्जलीकरण नहीं होगा तथा उनके जीवन की रक्षा हो सकती है और बिना एंटीबायोटिक का प्रयोग के हम दस्त जैसी गंभीर बीमारी से बच सकते हैं इसी क्रम में पीएचसी मिठवल बाजार में डॉक्टर रविशंकर त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों में दस्त होने पर जिंक और ओआरएस का प्रयोग जरूर करें त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों में दस्त होने पर जिंक और ओआरएस का प्रयोग जरूर करना चाहिए डब्ल्यू एच ओ साथ सूत्र जो दस्त से बचाव में महत्वपूर्ण है उसका प्रयोग हमें करना चाहिए जैसे साबुन से हाथ धोना साफ पेयजल का प्रयोग स्तनपान टीकाकरण सुरक्षित शौचालय ओआरएस का घोल 14 दिनों तक जिंक की गोली दस्त की बीमारी में जरूर देना चाहिए जागरण पहल के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर दिलीप त्रिपाठी ने बताया कि मिठवल ब्लॉक के 50 गांव में जागरण पहल के द्वारा डायरिया नेट जीरो कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है जिसमें संस्था के कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर दस्त प्रबंधन पर समुदाय को जागरुक कर रहे हैं कार्यक्रम में रीता मिश्रा, कविता, श्रद्धा दुबे, राजेंद्र मणि त्रिपाठी, अभिनव, अभिषेक, पवन रितेश, राधेश्याम, क्षेत्रीय लोग और विशेष रूप से बीपीएम कुशल टंडन जी, बीसीपीएम राधेश्याम चक्रवर्ती, ओमकार चौधरी, सत्य प्रकाश आदि लोग मौजूद रहे।

## आशा बहूओ के कार्यों का भौतिक सत्यापन जरूरी : डॉ शैलेन्द्र मणि



अवधनामा संवाददाता

**भनवापुर के सीएचसी सिरसिया में आयोजित क्लस्टर बैठक में अधीक्षक ने दिया निर्देश**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर क्षेत्र अंतर्गत सीएचसी सिरसिया अधीक्षक डॉ. शैलेन्द्र मणि ओझा की अगवाई में शुक्रवार को आशा, संगिनी व एएनएम के क्लस्टर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अधीक्षक के द्वारा आशा बहू को योग्य दंपत्ति,नवजात शिशु व बच्चो के देखभाल कार्यक्रम, उच्च जोखिम युक्त गर्भवती महिला के गृह भ्रमण पर विशेष ध्यान देने की बात की गई। डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने आशा बहू के योगदान से ही ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाया जा सकता है,क्योकि आशा बहुएं स्वास्थ्य विभाग के रीड की हड्डी हैं।अधीक्षक ने संगिनी तथा एएनएम आशा बहू के कार्य का सत्यापन करने का निर्देश दिया। बीसीपीएम मेराज अहमद तथा एचईओ राजीव त्रिपाठी ने आशा बहू को टीकाकरण के विषय में जानकारी दी तथा कहा कि आशा बहूएं टीकाकरण के एक-दो दिन पूर्व लाभार्थी सूची जरूर तैयार करें। इस दौरान कुंजन देवी, माया मिश्रा सविता शुक्ला, रीता, बिंदु, ममता, रीना आदि उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय विराट कुश्ती व दंगल महोत्सव का गोविन्द साहब मेले में हुआ आयोजन



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** बाबा गोविंद साहब मेले में दो दिवसीय विराट कुश्ती दंगल महोत्सव का आयोजन। हनुमानगढ़ी अयोध्या महन्त बलराम दास, दो दिवसीय दंगल का उद्घाटन किया। इस मौके पर ,श्रवण बाबा ,समाजसेवी धर्मवीर सिंह बग्गा, पूर्वी अपर पुलिस अधीक्षक श्याम देव, मेला व्यवस्थापक आशु सिंह, ब्लॉक प्रमुख गौरव सिंह , ब्लॉक प्रमुख कुंवर संजय सिंह, मेला अध्यक्ष भौमेन्द्र सिंह, कटका थाना प्रभारी विवेक वर्मा, मेला प्रभारी राजेंद्र शर्मा मौजूद रहें। लक्की थापा और टाइगर पहलवान के बीच मुकाबला बहुत जबरदस्त हुआ। जनता ने थापा के तरफ से समर्थन करते हुए तालियों से स्वागत किया। तीन राउंड की कुश्ती में थापा ने टाइगर को पटकनी दी।

## स्वामित्व कार्ड के वितरण को लेकर हुई बैठक



**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में दिनांक 27 दिसंबर 2024 को स्वामित्व कार्ड (घरौनी) के वितरण कार्यक्रम को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने बताया कि दिनांक 27 दिसंबर 2024 को अपराह्न 12:30 बजे प्रधानमंत्री जी द्वारा स्वामित्व कार्ड (घरौनी) के वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। जिसका सजीव प्रसारण एवं स्वामित्व कार्ड (घरौनी) का वितरण कार्यक्रम जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट सभागार में किए जाने के साथ ही जनपद के 866 ग्राम पंचायतों सहित जनपद के समस्त विकास खंडों एवं तहसीलों में किया जाएगा।

# डॉ मनमोहन सिंह अद्वितीय अर्थशास्त्री के साथ ईमानदारी के प्रतिमूर्ति थे : सुनील

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** डॉ मनमोहन सिंह एक महान नेता, अद्वितीय अर्थशास्त्री और सादगी व ईमानदारी की मूर्ति थे।1991 में उन्होंने भारत को आर्थिक संकट से उबार ने हेतू उदारीकरण की आधारशिला रखी उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील मिश्र ने कही।

उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के रूप में मनरेगा और शिक्षा का अधिकार अधिनियम जैसे ऐतिहासिक कदम उठाए।भारत-अमेरिका नागरिक परमाणु समझौते के माध्यम से उन्होंने देश को ऊर्जा और वैश्विक संबंधों में नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार पाल ने कहा डॉ मनमोहन सिंह की सादगी, ईमानदारी और दूरदृष्टि हमेशा प्रेरणा देती रहेगी। देश और देशवासी उनका सदैव ऋणी रहेगा। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। कांग्रेस मीडिया इंचार्ज अवधेश कुमार मिश्र बब्लू ने बताया सादगी और इमानदारी की प्रतिमूर्ति डॉ मनमोहन सिंह के निधन के उपरांत आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर शोकसभा की गई और मौन रखकर भगवान से उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करने के प्रार्थना की गई। शोकसभा में, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील मिश्र, पूर्व जिला अध्यक्ष राम कुमार पाल, कांग्रेस मीडिया इंचार्ज अवधेश कुमार मिश्र बब्लू, जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल छोटू, सुखीलाल वर्मा, श्रीकांत वर्मा, रवीश शुक्ल, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विशाल वर्मा, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य दुर्गा प्रसाद पाण्डेय, बद्रीनारायण शुक्ल, सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष उदयभान मिश्र राजबहादुर, ज्ञानेंद्र पाठक नन्हे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामजन्म दूबे एडवोकेट, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व सभासद द्विजेन्द्र नारायण शुक्ल, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मो जियाउद्दीन अंसारी, लोकसभा पूर्व प्रत्याशी जैसराज गौतम, नायाब कुमार, मो तुफैल, मस्तराम शर्मा समेत अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### मनमोहन सिंह का निधन एक युग का अंतः ज्ञानेन्द्र

**बस्ती।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर पूरा देश शोक में डूबा है। बस्ती में कांग्रेस पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय एक शोकसभा आयोजित कर कांग्रेसियों ने उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा मनमोहन सिंह का निधन एक युग का अंत है। उनके निधन से न सिर्फ कांग्रेस बल्कि पूरा देश शोक मना रहा है। राजनीतिक जीवन में उन्होने भेदभाव नही किया। डा. मनमोहन सिंह की सज्जनता, सौम्यता और निर्णय पर कायम रहने की प्रतिबद्धता भारतीय राजनीति के लिये प्रेरणा स्रोत रहेगी। उनके जाने से कांग्रेस पार्टी की अपूर्णनीय क्षति हुई है। मनमोहन सिंह भारत रत्न सम्मान के हकदार हैं। पूर्व विधायक अंबिका सिंह ने कहा आर्थिक उदारीकरण, रोजगार गारण्टी, आईटी उद्योग, टेलीकॉम सेक्टर, भारत अमेरिका परमाणु समझौता, गरीबी उन्मूलन तथा शिक्षा में सुधार हेतु उनके योगदान को सदियों तक याद किया जायेगा। पूर्व विधायक रामजियावन ने कहा डॉ. सिंह को उनकी ईमानदारी, सादगी, और नीतिगत दृढ़ता के लिए जाना जाता है।

## नगर पंचायत बढ़नी में लगा प्रदर्शनी दुबई सिटी महोत्सव मेले का शुभारंभ




अवधनामा संवाददाता

**24 दिसंबर से आने वाले नववर्ष के 20 जनवरी तक चलेगा कार्यक्रम**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** आदर्श नगर पंचायत बढ़नी रेलवे स्टेशन के पास बढ़नी-दुबई सिटी महोत्सव मेले का शुभारंभ बीते बुधवार को नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील कुमार अग्रहरि ने करते हुए कहा कि मेले का आयोजन नगर वासियों के लिए किया गया है। अभी तक जो लोग बाहर जाकर मेला देखते थे और आनंद लेते थे वह आनंद अब यहां भी उठा सकेंगे। मेला आयोजक समी हुसैन ने बताया की यह मेला 24 दिसंबर से शुरू होकर आने वाले 20 जनवरी 2025 तक चलेगा। जो दिन में दोपहर एक बजे से रात्रि 9 बजे तक चलेगा। जिसमें बुर्ज खलीफा, ट्वीन टावर, स्टेचू आफ लिबर्टी दुबई थीम, मौत का कुआ आदि चीजें देखने के लिए एवं सेल्फी पाइंट की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरे व किसी तरह के विवाद से बचाव हेतु लोगों को सुरक्षित रखने के लिए जगह जगह बाउंसर आदि लोगों को लगाया गया है। मेले में आने वाले लोगों को खाने पीने की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। जिसमें कई तरह की दुकानें लगी हुई है। गर्म कपड़ों की सेल लगी हुई है। तमाम तरह के घरेलू सामान दस रुपए में मिल रही है। इसके अलावा भी कई तरह के सामान महिलाओं के लिए कास्मेटिक व बच्चों के खिलौने आदि उचित मूल्य में उपलब्ध है।

## अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री ने कैदीयों को बाँटे कंबल



**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री टांडा के तत्वाधान मे फैक्ट्री प्रमुख नागेश उपाध्याय की मौजूदगी मे कारागार मे दो सौ कैदीयों को भीषण ठंड को देखते हुए जेल अधीक्षक शशिकांत मिश्र के हाथों से कंबल का वितरण किया गया कंबल वितरण के दौरान सीमेंट फैक्ट्री प्रमुख नागेश उपाध्याय ने कहा कि हमारी फैक्ट्री के तत्वाधान मे प्रतिवर्ष इस प्रकार के पुण्य के कार्य किये जाते है इस दौरान फैक्ट्री के एचआर करुणाकर तिवारी अवधेश राय आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

## गैंगस्टर अभियुक्त के घर पुलिस ने कराई डूग्गी मुनादी

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** हरपुर बुदहट थाने से वांछित चल रहे गैंगस्टर के अभियुक्त आमिर पुत्र हसनैन निवासी नथूपुर कसाई मोहल्ला थाना जीयनपुर जिला आजमगढ़ की जांच प्रभारी निरीक्षक गीडा द्वारा किया जा रहा था। न्यायालय द्वारा बार बार नोटिस जारी करने के बाद आरोपी न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा था। न्यायालय ने 82 की कारवाई करने के लिए गीडा पुलिस को निर्देशित किया था। शुक्रवार को उपनिरीक्षक बाल गंगाधर शुक्ल ने अभियुक्त के घर पहुंच कर डूग्गी मुनादी कराने के बाद नोटिस चस्पा किया। और निर्देश दिया कि 30 दिन के अंदर न्यायालय में हाजिर हो नहीं तो कुर्की की कारवाई की जायेगी।

## सामाजिक कार्यकर्ता अशोक श्रीवास्तव ने पीएम श्री विद्यालय में बांटा स्वेटर



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** सामाजिक कार्यकर्ता अशोक श्रीवास्तव ने खुद के द्वारा गोद लिये पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय के 25 से ज्यादा बच्चों को स्वेटर बांटा। इससे पहले अशोक श्रीवास्तव ने कक्षा में जाकर उनसे पाठ्यक्रम और इससे हटकर अनेक सवाल पूछे। बच्चों ने सभी का सटीक जवाब दिया। प्रेरक प्रंसंग सुनाकर बच्चों को उत्साहित किया। सामाजिक कार्यकर्ता ने अपने सम्बोधिन में कहा कि आर्थिक, राजनीतिक व सामाजिक सुधारों के लिये सिर्फ शासन सत्ता ही जिम्मेदार नही है। देश का हर नागरिक विभिन्न क्षेत्रों में सुधारों की दिशा में बेहतर प्रयास कर सकता है। शिक्षा और संस्कारों से सम्पन्न व्यक्तियों को चाहिये कि वे अच्छाइयों को विस्तार दें। इसके लिये जनसामान्य के बीच जायें और अपनी अच्छाइयों का प्रभाव छोड़ें। विद्यालय में पहुचने पर अशोक श्रीवास्तव ने प्रधानाध्यापक रामसजन यादव, छात्र छात्राओं व अध्यापकों के साथ मां सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना की। प्रधानाध्यापक ने पुष्पगुच्छ देकर अशोक श्रीवास्तव का स्वागत किया। कहा मानवीय मूल्यों का क्षरण काल चल रहा है। ऐसे में सामाजिक सरोकारों को सुदृढ़ करने के लिये सभी को आगे आना चाहिये। दशरथनाथ पाण्डेय, जगदीश कुमार, शंकराचार्य, कुमकुम लता श्रीवास्तव, विमला, देवी, कुन्नू देवी, विजय श्रीवास्तव, फूलचंद यादव, भानू आदि उपस्थित थे।

## वरिष्ठता का निर्धारण किए बिना पदोन्नति पत्रावली जेडी को ना भेंजे : डीआईओएस

### जिला विद्यालय निरीक्षक से मिला मा. शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल



**संतकबीरनगर अवधनामा संवाददाता।** माध्यमिक शिक्षकों की समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ से मिला। प्रदेश महामंत्री अनिरुद्ध त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि जिला विद्यालय निरीक्षक वरिष्ठता का निर्धारण किए बिना पदोन्नति पत्रावली संयुक्त शिक्षा निदेशक को भेज रहे हैं। जिससे शिक्षकों का हक प्रभावित हो रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक की विधि विरुद्ध कार्य को किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सिरसी, बेलहर, सीहटीकर के शिक्षकों के साथ अन्याय किया जा रहा है। शिक्षकों के प्रत्यावेदन पर सुनवाई किए बिना अनाप-शनाप ने ले लिया जा रहा है जिसको उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने गंभीरता से लिया। शिक्षकों का एरियर,बोनस भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष महेश राम ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में प्राइवेट कर्मचारी रखकर वसूली कराई जा रही है। कर्मचारियों के वेतन भुगतान के नाम पर भी धन उगाही की जा रही है। विद्यालयों में विवाद से बचने के लिए सभी 34 विद्यालयों की वरिष्ठता सूची जारी की जाए। वार्ता के दौरान प्रांतीय उपाध्यक्ष मारकंडेय सिंह, नसीम अहमद, जिला मंत्री गिरजानंद यादव, शिवाजीत कुशवाहा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## चौपाल के माध्यम से ग्रामीणो की सुनी गई समस्या



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड लोटन बाजार के ग्राम पंचायत लोटन में शुक्रवार को गांव की समस्या गांव में समाधान को लेकर चौपाल का आयोजन सचिव के नेतृत्व में किया गया। मौजूद ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया उनके निस्तारण आदि के बारे में जानकारी दी। मौजूद लोगों को सरकार की तरफ से संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान सचिव रविन्द्र कुमार जाटव ने कहा की आप के घर मे कोई बच्चा जन्म लेता है या घर में किसी की मृत्यु हो तो 21 दिन मे सचिव से मिल कर नाम दर्ज कराये आवास के लिए सर्वे होने वाला है पात्र व्यक्तियों के नाम दर्ज करा सकते है। जिन घरो मे शौचालय न हो वह लोग सामुदायिक शौचालय जाये खुले में शौच न करे। पेंशन के लिए पति-पत्नी में कोई एक ही व्यक्ति पेंशन पा सकता है आदि के बारे मे जानकारी दी गई।इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि पवन मोदनवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## महान अर्थशास्त्री का जाना

देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का निधन हो गया है, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सहित पूरे देश सहित पूरी दुनिया के उनके शुभचिंतकों ने शोक व्यक्त किया है। डॉ मनमोहन सिंह का जाना भारतीय राजनीति में एक बड़ा नुकसान है। डॉ साहब जब आप पीएम थे तब मुल्क आपके साथ न्याय नहीं कर सका, आपको वो इज्ज़त नहीं दे सका जिसके आप हकदार थे। 2014 में एक इंटरव्यू में आपने कहा था, मेरा पूरा विश्वास है कि मौजूदा मीडिया और संसद में मौजूद विपक्षी पार्टियों की तुलना में इतिहास मेरे प्रति ज्यादा दयालु होगा मुझे लगता है इतिहास आपके साथ न्याय करेगा। अलविदा डॉ साहब ये मुल्क आपको डिजर्व नहीं करता था। डॉ मनमोहन सिंह दो बार प्रधानमंत्री ज़रूर बने लेकिन वे कभी भी खुद को राजनेता नहीं मानते थे, पार्टी के आदेश पर जीवन में सिर्फ़ एक बार लोकसभा का चुनाव लड़े, लेकिन हार गए द्य मनमोहन सिंह को बहुत अच्छी तरह से पता था कि उनका राजनीतिक जनाधार नहीं है। उन्होंने कहा था, राजनेता बनना अच्छी बात है, लेकिन लोकतंत्र में राजनेता बनने के लिए आपको पहले चुनाव जीतना पड़ता है, और मैं चुनाव नहीं जीत सकता इसलिए मैं खुद को नेता नहीं मानता। फ़िर उन्होंने चुनाव से तौबा कर ली।

डॉ मनमोहन सिंह ने एक दशक अधिक समय तक अभूतपूर्व बढ़ोतरी और विकास का नेतृत्व किया। डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में, भारत ने अपने इतिहास में सबसे अधिक बढ़ोतरी दर देखी, जो औसतन 7.7 फीसदी रही और लगभग दो ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनी, 1971 में डॉ. मनमोहन सिंह वाणिज्य मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार के रूप में शामिल हुए। 1972 में उनकी नियुक्ति वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार के रूप में हुई। उन्होंने वित्त मंत्रालय के सचिव; योजना आयोग के उपाध्यक्ष; भारतीय रिजर्व बैंक के अध्यक्ष; प्रधानमंत्री के सलाहकार; विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह 1982 से 1985 तक भारतीय रिजर्व बैंक के गर्वनर थे। उनके कार्यकाल के दौरान बैंकिंग क्षेत्र से संबंधित व्यापक कानूनी सुधार किए गए और भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम में एक नया अध्याय जोड़ा गया और शहरी बैंक विभाग की स्थापना की गई। आरबीआई में अपने कार्यकाल के बाद, उन्होंने वित्त मंत्री नियुक्त होने से पहले कई पदों पर काम किया। वित्त मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल इस तथ्य के लिए उल्लेखनीय था कि उन्होंने भारत में उदारीकरण और व्यापक सुधारों की शुरुआत की।

डॉ. मनमोहन सिंह ने 1991 से 1996 तक भारत के वित्त मंत्री के रूप में कार्य किया जो स्वतंत्र भारत के आर्थिक इतिहास में एक निर्णायक समय था। आर्थिक सुधारों के लिए व्यापक नीति के निर्धारण में उनकी भूमिका को सभी ने सराहा है। भारत में इन वर्षों को उनके व्यक्तित्व के अभिन्न अंग के रूप में जाना जाता है। अर्थशास्त्र के जानकार कहते हैं कि डॉ मनमोहन सिंह अगर 1991 में वित्तमंत्री नहीं बने होते तो शायद भारत कभी भी आर्थिक आपातकाल से बाहर नहीं आता द्य बतौर वित्तमंत्री मनमोहन सिंह ने आर्थिक दर को जो आयाम दिया जिसके कारण आज भी भारत को फायदा होता है। वित्तमंत्री, प्रधानमंत्री आएंगे, जाएंगे लेकिन मनमोहन सिंह जी जैसा अर्थशास्त्र का जानकार उनके जैसा विद्वान शायद ही इस मुल्क को मिले इसलिए ही डॉक्टर मनमोहन सिंह को अर्थशास्त्र का आर्किटेक्ट कहा जाता है। डॉ मनमोहन सिंह जी को अब तक के भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में सबसे बेहतर वित्तमंत्री के रूप में याद रखा जाएगा। वहीं प्रधानमंत्री के रूप में उनके पहले कार्यकाल को स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। आरटीआई, मनरेगा, फूड सिक्योरिटी बिल, परमाणु समझौता जैसे महान सुधारों के लिए याद किया जाएगा। दुनिया के सबसे बड़े मुल्क अमेरिका के प्रभावशाली राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा था कि डॉक्टर मनमोहन सिंह जी जब बोलते हैं तो पूरी दुनिया सुनती है। हालांकि बहुत कम बोलते हैं लेकिन जितना भी बोलते हैं, कमाल बोलते हैं। पूरी दुनिया उनकी अर्थशास्त्र की जानकारी और उनके ज्ञान से प्रभावित रही है कैंब्रिज, ऑक्सफोर्ड, जैसे बड़े-बड़े विश्वविद्यालय में डॉक्टर मनमोहन सिंह के व्याख्यान भविष्य में विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन का काम करेंगे।

## अमेरिका और नाटो की हरकतों से विश्व युद्ध की आशंका के बादल


संजीव ठाकुर

अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति जो बायडेन जाते-जाते भी यूक्रेन को सामरिक तथा आर्थिक मदद का पैकेज देकर रूस के खिलाफ विश्व युद्ध की चिंगारी को भड़काकर जा रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद भी रूस यूक्रेन और इसराइल हमास युद्ध रुकने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। रूस यूक्रेन युद्ध को 2 वर्ष से अधिक समय हो चुका है वहीं इसराइल हमास और फिलिस्तीन युद्ध को भी एक वर्ष से अधिक हो चुका है। अमेरिका यूरोपीय देश यूक्रेन की आर्थिक तथा सामरिक मदद करके विश्व युद्ध की आशंका को बने हुए हैं। इसके अलावा भी यह देश यूक्रेन को रूस के खिलाफ लगातार भड़काते आ रहे हैं और यही वजह है की विश्व युद्ध की भीषण विभीषिका से इनकार नहीं किया जा सकता है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंथोनी ब्लिंकन ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में स्पष्ट रूप से कहा है कि इस सभा में सबको विदित है कि तो कुख्यात आतंकवादी संगठन हमास, हिजबुल्ला और फलस्तीन इस्लामिक जिहाद को कई वर्षों से ईरान प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से आर्थिक सामरिक सहायता कर इजराइल का विरोध करवाता आ रहा है। ब्लिंकन ने कहा हमास के इसराइल पर हमले में अमेरिका पूरी तरह से इसराइल के साथ खड़ा है और वह किसी अन्य देश के हमले से इजरायल की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है हमास का आक्रमण इजरायल की प्रभु सत्ता को चुनौती देने वाला है इसलिए इसराइल को हमास पर आक्रमण करने का पूरा-पूरा वैधानिक हक है इजरायल को अपनी जनता तथा अपनी भूमि की रक्षा करने का पूरा अधिकार है इसराइल अपना कर्तव्य निभा रहा हैद्य लिंकन ने स्पष्ट कहा है यदि ईरान, जॉर्डन, सीरिया या लेबनान अमेरिकी सैनिकों पर हमला करेगा तो उसका तुरंत माकूल जवाब दिया जाएगा। इधर ईरान के प्रमुख आयतुल्लाह खुमैनी ने कहा कि गाजा पट्टी में निर्दोष नागरिकों तथा बच्चों महिलाओं की हत्या का सारा दोष अमेरिका प्रशासन को जाता है जिसने इसराइल को गाजा पट्टी पर निर्दोष नागरिकों पर आक्रमण करने की खुली छूट देकर रखी है और यदि अमेरिका इस युद्ध में शामिल होता है तो खाड़ी के अनेक राष्ट्र शामिल होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी अमेरिका पर होगी।

यह बात पूरी दुनिया को मालूम है कि हमास के पीछे ईरान और मिडिल ईस्ट के कई देश शामिल हैं और ईरान के पीछे ड्रैगन तथा रूस का खुला समर्थन है। चीन और रूस ने फिलिस्तीन तथा हमास को अपने समर्थन का ऐलान किया है। रूस चाहता है कि अमेरिका का ध्यान रूस यूक्रेन युद्ध से हट जाए और वह यूक्रेन को पूरी तरह नष्ट कर अपने देश की सीमा में शामिल कर ले। इसी तरह की चाहत चीन ने भी पाल कर रखी है वह ताइवान के मामले में अमेरिकी हस्तक्षेप से परेशान है और वह चाहता है कि अमेरिका का ध्यान इसराइल हमास युद्ध में लगा रहे और वह इसी दौरान आक्रमण करके ताइवान को अपनी प्रभु सत्ता में शामिल कर ले। चीन और रूस में खुले तौर पर ईरान को भड़काकर हमास हिज्बुल्लाह और फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद को सहायता करने तथा आक्रमण करने की इजाजत दे दी थी तब जाकर ईरान ने हमास को सीधे-सीधे इसराइल पर आक्रमण करने का निर्देश भी दिया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**डॉ. मनमोहन सिंह ने पांच दशक तक सक्रिय राजनीति की, अनेक पदों पर रहे, केंद्रीय वित्त मंत्री व प्रधानमंत्री- पर वे सदा दूसरों से भिन्न रहे, अनूठे रहे। घाल-मेल से दूर। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। वे भारत के इतिहास में उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने सिर्फ अपने नाम, व्यक्तित्व और करिश्मे के बूते पर न केवल सरकार चलाई बल्कि एक नयी सोच की राजनीति को पनपाया, पारदर्शी एवं सुशासन को सुदृढ़ किया।**

# उदारीकरण एवं आर्थिक सुधार के महासूर्य का अस्त होना!


ललित गर्ग

भारत के धुरंधर अर्थशास्त्री, प्रशासक, कद्दावर नेता, दो बार प्रधानमंत्री रह चुके डॉ. मनमोहन सिंह का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से आर्थिक सुधार का महासूर्य अस्त हो गया, भारतीय राजनीति में एक संभावनाओं भरा राजनीति सफर ठहर गया, जो राष्ट्र के लिये एक गहरा आघात है, अपूरणीय क्षति है। वे निश्चित ही आर्थिक सुधारों एवं उदारीकरण के नींव के पत्थर थे, मील के पत्थर थे। वे आर्थिक सुधार की बुलंद आवाज थे। उन्हें आर्थिक सुधार, भारत में वैश्विक बाजार व्यवस्था एवं उदारीकरण का जनक कहा जा सकता है। जिन्होंने न केवल देश-विदेश के लोगों का दिल जीता है, बल्कि विरोधियों के दिल में भी जगह बनाकर, अमिट यादों को जन-जन के हृदय में स्थापित कर हमसे जुदा हो गये हैं। डॉ. सिंह यह नाम भारतीय इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है, जिससे एक सशक्त राष्ट्रनायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, भारत में नये अर्थ के निर्माता, कुशल प्रशासक, दार्शनिक के साथ-साथ भारत को आर्थिक महाशक्ति का एक खास रंग देने की महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग है, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, दार्शनिक और चिंतक हैं, प्रबुद्ध और प्रधान है, शासक एवं लोकतंत्र उन्नायक हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. सिंह के निधन पर कहा है कि जीवन के हर क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करना आसान बात नहीं है। एक नेक इंसान के रूप में, एक विद्वान अर्थशास्त्री के रूप में उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।'



दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे डॉ. मनमोहन सिंह ने पांच दशक तक सक्रिय राजनीति की, अनेक पदों पर रहे, केंद्रीय वित्त मंत्री व प्रधानमंत्री- पर वे सदा दूसरों से भिन्न रहे, अनूठे रहे। घाल-मेल से दूर। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। वे भारत के इतिहास में उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने सिर्फ अपने नाम, व्यक्तित्व और करिश्मे के बूते पर न केवल सरकार चलाई बल्कि एक नयी सोच की राजनीति को पनपाया, पारदर्शी एवं सुशासन को सुदृढ़ किया। विलक्षण प्रतिभा, राजनीतिक कौशल, कुशल नेतृत्व क्षमता, बेवाक सोच, निर्णय क्षमता, दूरदर्शिता और बुद्धिमत्ता के कारण कांग्रेस के सभी नेता उनका लोहा मानते रहे, उनके लिये वे मार्गदर्शक ही नहीं, प्रेरणास्त्रोत भी है। वे बेहद नम्र इंसान थे और वह अहंकार से कोसों दूर थे। उनके प्रभावी एवं बेवाक व्यक्तित्व से भारतीय राजनीति एवं लोकतांत्रिक संस्थान चमकते रहे हैं। डॉ. सिंह ने भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक बाजारों के लिए खोलने के लिए उदारीकरण सुधार लागू किए। साथ ही, उन्होंने लाइसेंस राज समाप्त कर, निजीकरण और राज्य नियंत्रण में कमी की। डॉ. सिंह द्वारा विदेशी निवेश को आकर्षित करने के साथ निर्यात को प्रोत्साहित किया गया।

डॉ. सिंह का जन्म ब्रिटिश भारत के पंजाब में 26 सितम्बर 1932 को हुआ था। उनकी जन्मतिथि भी 26 एवं निधन तिथि भी 26 एक संयोग ही कहा जायेगा। उनकी माता का नाम अमृत कौर और पिता का नाम गुरुमुख सिंह था। देश के विभाजन के बाद सिंह का परिवार भारत चला आया। डॉ. सिंह की पत्नी का नाम गुरशरण कौर है, जो कि एक गृहिणी और गायिका भी हैं। उनके तीन बेटियां हैं। पंजाब विश्वविद्यालय से उन्होंने स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई पूरी की। बाद में वे कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय गये। जहाँ से उन्होंने पीएच. डी. की। तत्पश्चात् उन्होंने आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से डी. फिल. भी किया। डॉ सिंह ने अर्थशास्त्र के अध्यापक के तौर पर काफी ख्याति अर्जित की। वे पंजाब विश्वविद्यालय और बाद में प्रतिष्ठित दिल्ली स्कूल ऑफ इकनामिक्स में प्राध्यापक रहे। इसी बीच वे संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन सचिवालय में सलाहकार भी रहे और 1987 तथा 1990 में जेनेवा में साउथ कमीशन में सचिव भी रहे। 1971 में डॉ? सिंह भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मन्त्रालय में आर्थिक सलाहकार के तौर पर नियुक्त किये गये। इसके तुरन्त बाद 1972 में उन्हें वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार बनाया गया। इसके बाद के वर्षों में वे योजना आयोग के उपाध्यक्ष, रिजर्व बैंक के गवर्नर, प्रधानमन्त्री के आर्थिक सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष भी रहे हैं। भारत के आर्थिक इतिहास में हाल के वर्षों में सबसे महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब डॉ सिंह 1991 से 1996 तक भारत के वित्त मन्त्री रहे। डॉ. सिंह ने भारत के 13वें प्रधानमंत्री के रूप में लगातार दो कार्यकाल पूरे किए हैं।

पहले कार्यकाल के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम लागू किया। वहीं सूचना का अधिकार अधिनियम भी उनके कार्यकाल में आया। इसके अतिरिक्त उन्हें ऐतिहासिक भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौता पर हस्ताक्षर के लिए भी जाना जाता है। दूसरे कार्यकाल में उन्होंने बुनियादी ढांचे के विकास और सामाजिक कल्याण योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया। हालांकि, इस दौरान उन्हें 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला और राष्ट्रमंडल खेल घोटाले जैसे विवादों का भी सामना करना पड़ा। यह बात हम सभी जानते हैं कि उन्हें मौन पीएम भी कहा जाता था, हालांकि उन्होंने इस पर चुप्पी तोड़ते हुए सार्वजनिक रूप से इसका सटीक जवाब भी दिया था। विकास के प्रति डॉ. सिंह की प्रतिबद्धता और उनकी अनेक उपलब्धियों को उन अनेक सम्मानों के माध्यम से मान्यता मिली है जो उन्हें प्रदान किए गए हैं। इनमें 1987 में पद्म विभूषण, 1993 में वित्त मंत्री के लिए यूरो मनी पुरस्कार, 1993 और 1994 में वित्त मंत्री के लिए एशिया मनी पुरस्कार और 1995 में भारतीय विज्ञान कांग्रेस का जवाहरलाल नेहरू जन्म शताब्दी पुरस्कार शामिल हैं। जवाहर लाल नेहरू के बाद मनमोहन दूसरे ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री के तौर पर दो कार्यकाल पूरा किया। उन्हें अपने फैसलों के लिए काफी अडिग माना जाता है।

2004 से 2014 तक, भारत दसवें स्थान से उठकर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया, जिससे लाखों लोगों का जीवन स्तर सुधरा और गरीबी में कमी आई। डॉ. सिंह के दृष्टिकोण में केवल उच्च विकास नहीं, बल्कि समावेशी विकास और उस विश्वास की भी अहमियत थी जो सभी को ऊपर उठाने वाली लहरें उत्पन्न कर सके। यह विश्वास उनके द्वारा पारित किए गए विधेयकों में दिखाई देता है, जिनसे नागरिकों को भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, काम का अधिकार और सूचना का अधिकार सुनिश्चित हुआ। डॉ. सिंह की अधिकार-आधारित क्रांति ने भारतीय राजनीति में एक नए युग की शुरुआत की, जो समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर प्रदान करने का संकल्प था। प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल में समृद्धि और विकास की कहानी लिखी गयी। जुलाई 1991 में, डॉ. सिंह ने अपने बजट भाषण के अंत में कहा था, 'भारत का दुनिया की प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में उदय एक ऐसा विचार है, जिसका समय अब आ चुका है।'

# एक शालीन एवं सभ्य प्रधानमन्त्री की प्रतिमूर्ति थे डॉ. मनमोहन

आचार्य पं. पृथ्वीनाथ पाण्डेय

**राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपनी कृति ए प्रामिस्ड लैण्ड मे डॉ मनमोहन सिंह की आर्थिक नीतियों की सराहना करते हुए लिखा था : वर्ष 1990 के बाद वे लगातार भारत को एक सुदृढ़ अर्थव्यवस्था बनाने मे तत्पर और सन्नद्ध रहे। वे भारत की अर्थव्यवस्था को ऊँचाई पर ले जानेवाले प्रमुख शिल्पी बने। डॉ मनमोहन वर्ष 2004 से 2014 तक भारत के प्रधानमन्त्री बने रहे। उन्होंने अपने उन दसवर्षीय काल मे कभी अवकाश नहीं लिया था, सिवाय वर्ष 2009 मे जब उन्हें हृदय की बाईपास सर्जरी करानी पड़ी थी।**

**हज़ारों जवाबों से अच्छी है मेरी ख़ामोशी,**
**न जाने कितने सवालों की आबरू रखी।**

अपनी इसी ख़ामोशी के साथ 26 दिसम्बर, 2024 ई0 को फेफड़े मे गम्भीर संक्रमण हो जाने के कारण 92 वर्ष की आयु मे रात्रि मे 9 बजकर 51 मिनट मे हम सबके प्यारे पूर्व-प्रधानमन्त्री डॉ0 मनमोहन सिँह इस असार संसार का त्याग कर चुके थे। उनके शरीरान्त के पश्चात् उनकी वही ख़ामोशी इन दिनो मुखर होकर सबको बेचैन कर रखी है। सत्ता के गलियारे मे चहलक़दमी करनेवाले वे लोग, जो कल तक उनके लिए न जाने कितने असंसदीय शब्द प्रयोग करते रहे; नाना आरोप-तीर से घायल करते रहे, अब नतमस्तक हैँ, मानो उन्हेँ अपने भर्त्सनापूर्ण आचरण का अनुभव हो रहा हो। डॉ0 सिँह ने अपने दसवर्षीय प्रधानमन्त्रित्वकाल मे देशहित को सर्वोपरि रखा था। आज हम राजनीति मे भेंड़िया-जैसा चरित्र भी देख रहे हैँ; पद-प्रतिष्ठा पाने और अपनी कुर्सी बचाने के लिए छल-छद्म करने की रीति-नीति का बीभत्स रूप प्रतिक्षण देखते आ रहे हैँ, उससे नितान्त परे उनका जीवन था। उन्होंने कभी प्रधानमन्त्री-पद पाने की अपनी चाह तक व्यक्त नहीं की थी; भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की शीर्षस्थ नेत्री सोनिया गांधी उनतक चलकर पहुँची थीं और प्रधानमन्त्री-पद स्वीकार करने के लिए आग्रह किया था।

वे वाचाल नहीं थे, आत्मप्रशंसक भी नहीं थे, सत्तालोलुप नहीं थे; विपक्षी दल के लिए कभी अपशब्द का प्रयोग नहीं करते थे। सच तो यह है कि उन्होँने किसी नेता-नेत्री को आरोपित तक नहीं किया। वे न तो भाषणो मे जोश दिखाते थे और न ही किसी विवाद को जन्म देते थे। वास्तव मे, उनका काम ही उनकी पहचान थी। उनके चरित्र की सबसे बड़ी विशेषता थी कि वे देशवासियोँ को कभी झूठा आश्वासन नहीँ देते थे; जो भी करते थे, शालीनता के साथ। आज के बड़बोले नेता-नेत्रियोँ को उनसे सीख ग्रहण करनी चाहिए।




उन-जैसा व्यावहारिक भारतीय अर्थशास्त्री न कल था और न ही आज है; भविष्य मे भी कोई नज़र नहीँ आ रहा है। डॉ0 मनमोहन सिँह-जैसा सुशिक्षित एवं अनुभव-सम्पन्न प्रधानमन्त्री आज़ादी के बाद से आज तक कोई नहीँ हुआ है और न ही दूर-दूर तक कोई सम्भावना नहीँ दिख रही है। उनका अर्थबोध अद्वितीय रहा है। हम यदि उसके क्रम को समझे तो वे अर्थशास्त्र मे वरिष्ठ व्याख्याता, उपाचार्य (रीडर), प्राध्यापक थे। वे संयुक्त राष्ट्र-व्यापार एवं विकास-सम्मेलन (अंकटाड यूएनसीटीएडी) मे भी सक्रिय थे। भारतीय रिज़र्व बैंक के निदेशक तथा गवर्नर, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के निदेशक, योजना आयोग के उपाध्यक्ष, दक्षिण आयोग के महासचिव, विदेश व्यापार मन्त्रालय के सलाहकार, दिल्ली स्कूल ऑव् इकॉनमिक्स अन्तरराष्ट्रीय व्यापार के प्राध्यापक, वित्तमन्त्रालय के मुख्य आर्थिक सलाहकार रहे। यही कारण था कि वे विषम आर्थिक परिस्थितियोँ को भी अपनी कुशाग्र बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए, अपने अनुकूल कर लेते थे।

हमे वर्ष 1991 का वह समय स्मरण करना होगा, जब विश्व गम्भीर आर्थिक संकट के दौर गुज़र रहा था। वैसी विषम परिस्थिति मे पी0 वी0 नरसिम्हा राव के प्रधानमन्त्रित्वकाल मे उन्हेँ वित्तमन्त्री बनाया गया था। उस समय भारत का विदेशी मुद्रा-भाण्डार रिक्त हो चुका था; देश पर अत्यधिक ऋण का दबाव था। ऐसे मे, उनकी तीन आर्थिक नीतियाँ : (1) उदारीकरण (2) निजीकरण (3) वैश्वीकरण भारत की अर्थव्यवस्था को एक नयी सकारात्मक ऊर्जा देती रहीँ। उन्होँने अपनी सुशिक्षा और अनुभव के बल पर भारतीय अर्थ-व्यवस्था मे एक अभिनव युग का प्रारम्भ किया था। उनकी आर्थिक उदारीकरण की नीति मील का पत्थर साबित हुई थी, जिसके अन्तर्गत उन्होँने व्यापार, उद्योग तथा निवेश के क्षेत्रोँ मे लोकोपयोगी सुधार किये थे, जिससे भारत को वैश्विक अर्थतन्त्र के साथ जोड़ने मे सहायता मिली थी। उन्होँने ही शासकीय उद्यमो को निजी क्षेत्र के लिए खोलने की शुरूआत की थी। निजीकरण के साथ ही विदेशी निवेश को भी प्रोत्साह करने का श्रेय उन्हेँ ही जाता था। उन्होँने ही विदेशी कम्पनियोँ को भारत मे निवेश करने के लिए आकर्षित किया था। उनकी नीतियोँ का ही परिणाम था कि सूझ-बूझ एवं दूरदर्शिता के साथ उन्होँने कई दशक से भारतीय अर्थव्यवस्था मे सुस्त वृद्धि और भ्रष्टाचार के स्रोत लाइसेंस-परमिटराज को समाप्त कर दिया था; कर (टैक्स) कम कर दिये थे। यही कारण था कि उनके वित्तमन्त्रित्व-काल मे भारत की आर्थिक दशा-दिशा पूर्णतः स्वस्थ एवं समृद्धि रही। उन्होँने यह भी मौन घोषणा कर दी थी कि बिना ढिँढोरा पीटे भी बड़े बदलाव किये जा सकते हैँ।

तत्कालीन संयुक्त राज्य अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपनी कृति ए प्रामिस्ड लैण्ड मे डॉ0 मनमोहन सिँह की आर्थिक नीतियोँ की सराहना करते हुए लिखा था : वर्ष 1990 के बाद वे लगातार भारत को एक सुदृढ़ अर्थव्यवस्था बनाने मे तत्पर और सन्नद्ध रहे। वे भारत की अर्थव्यवस्था को ऊँचाई पर ले जानेवाले प्रमुख शिल्पी बने। डॉ0 मनमोहन सिँह वर्ष 2004 से 2014 तक भारत के प्रधानमन्त्री बने रहे। उन्होँने अपने उन दसवर्षीय काल मे कभी अवकाश नहीँ लिया था, सिवाय वर्ष 2009 मे जब उन्हेँ हृदय की बाईपास सर्जरी करानी पड़ी थी। वे प्रतिदिन 18 घण्टे क्रियाशील थे। बताया जाता है कि वे प्रतिदिन 300 फ़ाइलोँ का परीक्षण करते थे। डॉ0 सिँह भारत के ऐसे चौदहवेँ प्रधानमन्त्री थे, जो पं0 जवाहरलाल नेहरू के बाद पूरे पाँच वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने के अनन्तर पुनः निर्वाचित प्रथम प्रधानमन्त्री बने थे। उनके कार्यकाल मे शिक्षाक्षेत्र मे कई क्रान्तिकारी सुधार किये गये थे। उन्होँने शिक्षा का अधिकार-अधिनियम लागू किया था, जिसके अन्तर्गत छः से चौदह वर्ष की बालक-बालिकाओँ के लिए निश्शुल्क और अनिवार्य शिक्षा की प्रत्याभूति (गॉरण्टी) दी गयी थी। हमे भूलना नहीँ होगा कि डॉ0 मनमोहन सिँह के नेतृत्व मे संचालित यू0 पी0 ए0-सरकार ने वर्ष 2006 मे मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारण्टी-अधिनियम) लागू किया था, जिसमे ग्रामीण भारत के निर्धन परिवार को 100 दिनो का प्रत्याभूतियुक्त रोज़गार देने की व्यवस्था रही। उनके कार्यकाल मे भारत ने सूचना-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र मे वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनायी। बीपीओ और आइटी-उद्योग ने लाखोँ युवाओँ के लिए रोज़गार के अवसर उत्पन्न किये थे। टेलीकॉम-क्षेत्र मे कराये गये सुधार ने देश के कोने-कोने मे मोबाइल और इण्टरनेट-संयोजकता का विस्तार किया था। उनकी दूरदर्शिता तब और मुखर रूप मे सामने आ गयी थी जब वर्ष 2008 मे भारत-संयुक्त राज्य अमेरिका का परमाणु-समझौता था, जो भारत को असैनिक परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र मे आत्मनिर्भर बनने की दिशा मे एक महत्त्वपूर्ण क़दम था। इसके द्वारा देश मे ऊर्जा-संकट को कम करने और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की नीवँ रखी गयी थी, हालाँकि उस समझौते को लेकर तत्कालीन प्रतिपक्षी नेताओँ ने विरोध भी किये थे फिर भी डॉ0 मनमोहन सिँह अपने निर्णय पर अटल बने रहे।

# वित्तमंत्री से प्रधानमंत्री तक निर्विवाद रहे डा. मनमोहन सिंह

**आर्थिक सुधारों के प्रणेता पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का बृहस्पतिवार रात यहां निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे। एम्स दिल्ली ने सिंह के निधन की घोषणा की, उन्हें गंभीर हालत में रात करीब साढ़े आठ बजे आपातकालीन वार्ड में भर्ती कराया गया था।पूर्व पीएम के निधन की जानकारी देते हुए एम्स अस्पताल ने बयान जारी किया है। अस्पताल ने कहा कि उन्हें 26 दिसंबर की शाम को ही उस वक्त लाया गया, जब वह घर में बेहोश होकर गिर गए थे। उन्हें घर पर ही प्राथमिक इलाज दिया गया और फिर एम्स कीइमरजेंसी में लाया गया।**


किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर 26 दिसंबर 2024 को रात्रि करीब 10 बजे दुनियाँ का सबसे अलग अभूतपूर्व छवि के धनी, बेदांग व पारदर्शी व्यक्तित्व के रूप में प्रतिष्ठित व्यक्तियों में से एक भारतीय पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन की खबर सुनकर पूरी दुनियाँ आवक रह गई। एम्स से जारी बुलेटिन के अनुसार रात्रि 9.51 बजे उनका निधन हुआ जो रात्रि 8.02 को एम्स में भर्ती हुए थे परंतु डॉक्टरों के भूतपूर्व प्रयास के बावजूद उन्हें नहीं बचाया जा सका जो कि 92 वर्ष की उम्रदराज अस्वस्थता की बीमारी से ग्रस्त थे। निधन की सूचना प्राप्त होते ही राष्ट्रपति से लेकर उपराष्ट्रपति व प्रधानमंत्री से लेकर पूरे केंद्रीय मंत्रियों व विपक्षी पार्टियों से लेकर आम आदमीयों तक का श्रद्धाजंलियों का सैलाब उमड़ पड़ा सरकार ने भी तत्परता दिखाते हुए सभी सरकारी कार्यक्रम रद्द करते हुए। दोनों का राष्ट्रीय शोक की घोषणा करने में देर नहीं लगाई व 28 सितंबर सुबह 11 बजे केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक बुलाकर शोक प्रस्ताव पारित करने की खबरें आ रही है, तो कांग्रेस ने भी अपने सभी कार्यक्रम 7 दिनों के लिए रद्द कर दिए हैं। इधर तेलंगाना सरकार सहित कुछ ने सरकारी कार्यालय व शैक्षणिक संस्थाएं शुक्रवार 27 दिसंबर 2024 को बंद रखने व 7 दोनों का राष्ट्रीय शोक मनाने का आदेश पारित किया है। उनके पार्थिव शरीर को 3 जनपद उनके निवास स्थान पर लाया गया है। उधर स्वास्थ्य मंत्री व एम्स के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा भी सबसे पहले एम्स पहुंचे हुए पूरी प्रक्रियाओं की देखरेख की व पारिवारिक सदस्यों से परामर्श के बाद पार्थिव शरीर को उनके 3 जनपद रोड रवाना किया गया क्योंकि पूर्व पीएम के निधन से देश को अपूर्णिय क्षति हुई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, दिवंगत पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को सैल्यूट,देश को अपूर्णिय छति- दिवंगत आत्मा की शांति के लिए अंतिम अरदास।



साथियों बात अगर हम पूर्व पीएम के निधन की करें तो, आर्थिक सुधारों के प्रणेता पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का बृहस्पतिवार रात यहां निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे। एम्स दिल्ली ने सिंह के निधन की घोषणा की, उन्हें गंभीर हालत में रात करीब साढ़े आठ बजे आपातकालीन वार्ड में भर्ती कराया गया था।पूर्व पीएम के निधन की जानकारी देते हुए एम्स अस्पताल ने बयान जारी किया है। अस्पताल ने कहा कि उन्हें 26 दिसंबर की शाम को ही उस वक्त लाया गया, जब वह घर में बेहोश होकर गिर गए थे। उन्हें घर पर ही प्राथमिक इलाज दिया गया और फिर एम्स कीइमरजेंसी में लाया गया। उन्हें सभी प्रयासों के बाद भी बचाया नहीं जा सका और रात को 9:51 पर उनका निधन हो गया। वह लंबे समय से आयु जनित बीमारियों से जूझ रहे थे। एक अर्थशास्त्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री के पद पर आसीन होकर उन्होंने देश की सेवा की थी. रिजर्व बैंक के गवर्नर जैसे पद पर रहे डॉ मनमोहन सिंह केंद्रीय वित्त मंत्री के रूप में आर्थिक संकट से जूझते देश को नई आर्थिक नीति का उपहार दिया और प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए उदारवादी आर्थिक नीति को बढ़ावा दिया और देश की अर्थव्यवस्था को नई उड़ान दी।

साथियों बात अगर हम पूर्व पीएम के साधारण पारिवारिक बैकग्राउंड व शिक्षण करियर की करें तो, वे साल 2004 से 2014 तक भारत के पीएम रहे। वह पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और पीएम नरेंद्र मोदी के बाद चौथे सबसे लंबे समय तक इस पद पर रहें, डॉ मनमोहन सिंह भारत के पहले सिख प्रधानमंत्री थे। वो जवाहरलाल नेहरू के बाद पूरे पांच साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद फिर से चुने जाने वाले पहले प्रधान मंत्री भी थे.डॉ मनमोहन सिंह का जन्म 26 सितंबर 1932 को गाह, पंजाब, ब्रिटिश भारत (अब पंजाब, पाकिस्तान) में एक सिख परिवार में गुरमुख सिंह और अमृत कौर के घर हुआ था. जब वह बहुत छोटे थे, तब उनकी मां की मृत्यु हो गई थी,उनकी नानी ने उनका पालन-पोषण किया और वह उनसे बहुत करीब थी। साल 1947 में विभाजन के समय उनका परिवार भारत आ गया था, भारत के विभाजन के बाद, उनका परिवार हल्द्वानी, भारत में चला गया,1948 में वे अमृतसर चले गए, जहां उन्होंने हिंदू कॉलेज, अमृतसर में अध्ययन किया, उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय, फिर होशियारपुर में अर्थशास्त्र का अध्ययन किया और 1952 और 1954 में क्रमशः स्नातक और मास्टर डिग्री प्राप्त की, अपने शैक्षणिक जीवन में प्रथम स्थान पर रहे।उन्होंने 1957 में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में अपना अर्थशास्त्र ट्रिपोस पूरा किया. वे सेंट जॉन्स कॉलेज के सदस्य थे.डी फिल. पूरा करने के बाद सिंह भारत लौट आए। वे 1957 से 1959 तक पंजाब विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के वरिष्ठ व्याख्याता रहे। साल 1959 और 1963 के दौरान,उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र में रीडर के रूप में काम किया और 1963 से 1965 तक वे वहाँ अर्थशास्त्र के प्रोफेसर रहे।1966 से 1969 तक यूएनसीटीएडी में किया था कामवे 1966 से 1969 तक व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के लिए काम करने चले गए, बाद में, अर्थशास्त्री के रूप में सिंह की प्रतिभा को मान्यता देते हुए ललित नारायण मिश्रा ने उन्हें विदेश व्यापार मंत्रालय का सलाहकार नियुक्त किया।1969 से 1971 तक, सिंह दिल्ली विश्वविद्यालय के दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रोफेसर रहे ऑक्सफोर्ड से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने के बाद डॉ मनमोहन सिंह ने 1966-1969 के दौरान संयुक्त राष्ट्र के लिए काम किया, इसके बाद उन्होंने अपना नौकरशाही करियर तब शुरू किया जब ललित नारायण मिश्रा ने उन्हें वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में सलाहकार के रूप में नियुक्त किया।देश के कई महत्वपूर्ण पदों पर किया था काम1970 और 1980 के दशक के दौरान मनमोहन सिंह ने भारत सरकार में कई प्रमुख पदों पर कार्य किया, जैसे कि मुख्य आर्थिक सलाहकार (1972-1976), रिजर्व बैंक के गवर्नर (1982-1985) और योजना आयोग के प्रमुख (1985- 1987)1972 में, सिंह वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार बने और 1976 में वे वित्त मंत्रालय में सचिव 1980-1982 में वे योजना आयोग में थे।

# लखनऊ समेत प्रदेशभर में गरज-चमक के साथ होगी बारिश, ओले भी गिरेंगे

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने और पंजाब में बने चक्रवाती परिसंचरण के असर से प्रदेश में मौसम ने करवट लिया है। इसके नतीजे में शुक्रवार को पश्चिमी यूपी के विभिन्न हिस्सों में बौछारें पड़ीं। शनिवार को राजधानी लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में हल्के से मध्यम बारिश की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को प्रदेश के एनसीआर, नोएडा, गाजियाबाद, सहारनपुर, मेरठ आदि में तेज हवाओं संग अच्छी बारिश देखने को मिली।

बारिश की वजह से पश्चिमी यूपी में अधिकतर जगहों पर दिन का अधिकतम तापमान गिरकर 15 डिग्री सेल्सियस के आसपास आ गया। हालांकि रात के पारे में हल्की कमी देखने को मिली।



## तेज हवा संग ओले गिरने के आसार

- आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पहले अरब सागर और फिर बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाओं के मिलने से पश्चिमी उप्र से शुरू होकर शनिवार को राजधानी समेत प्रदेश के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश के संकेत हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में बारिश और तेज हवा संग ओले गिरने के भी आसार हैं।

## नोएडा में बारिश से लोगों को हुई दिक्कतें

नोएडा में सुबह छह बजे से हल्की वर्षा होने के बाद सड़कों पर वाहनों की गति धीमी हो गई, जबकि कई सेक्टरों में पानी भर गया। वर्षा होने के दौरान लोगों को ऑफिस और छात्र-छात्राओं को कॉलेज जाने में दिक्कत हुई। लगातार वर्षा होने से वायुमंडल पूरी तरह साफ नजर आया। कई वाहन चालकों को सड़क पर दिक्कत भी महसूस हुई। मौसम विभाग का मानना है कि शनिवार को भी नोएडा और अन्य इलाकों में वर्षा होने से बादल छाए रहेंगे।

साइबर सिटी में लगातार हो रही बारिश से मौसम का मिजाज बदला गया। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड हो रही बर्फबारी के बाद बृहस्पतिवार की रात 3बजे शुरू हुई वर्षा से साइबर सिटी में ठिठुरन बढ़ गई वहीं सड़को पर पानी जमा होने से लोगों की परेशानी भी बढ़ गई हैं।

# एसटीएफ ने साइबर ठग को दबोचा : चाइना से ऑपरेट हो रहा गैंग

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बृहस्पतिवार को यूपी एसटीएफ ने जालसाज गिरोह के एक आरोपी को गिरफ्तार किया। टीम ने इसे दुबग्गा स्थित अवध अस्पताल के पास से पकड़ा है। आरोपी ने विकास नगर निवासी डॉक्टर अशोक सोलंकी को डिजिटल अरेस्ट रखकर 48 लाख रुपये हड़पे थे। पूछताछ में पता चला कि गिरोह में शामिल ठगों ने कंबोडिया जाकर ठगी का प्रशिक्षण लिया था। भारत लौटने के बाद फर्जीवाड़ा कर रहे थे। मामले में एसटीएफ पहले ही पांच लोगों को हरियाणा के गुरुग्राम और तीन को लखनऊ से पकड़ चुकी है।

एसटीएफ के एडिशनल एसपी विशाल विक्रम सिंह के मुताबिक 22 अगस्त को डॉ. अशोक सोलंकी ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़ित के मुताबिक 20 अगस्त को जब वह क्लीनिक से लौट रहे थे तो अनजान नंबर से फोन आया था।

# घरेलू पर्यटन के मामले में हम देश भर में पहले स्थान पर : जयवीर सिंह

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश पर्यटन विभाग राज्य के प्रसिद्ध स्थलों के पास पर्यटक सुविधाओं का विकास कर रहा है। फिरोजाबाद जनपद में स्थित ग्राम उखरैण्ड और ग्राम सींगमेई के दो मंदिरों के आस-पास पर्यटन विकास किया जायेगा। इसके लिए लगभग 3.81 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। जिसमें से लगभग 2.45 करोड़ रूपये जारी किए जा चुके है। इस धनराशि से दोनों मंदिरों का सौंदर्यीकरण तथा मंदिर के आस-पास बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जायेगा।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। घरेलू पर्यटन के मामले में हम देश भर में पहले स्थान पर हैं। विदेशी पर्यटकों के आगमन में भी यह उपलब्धि



हासिल करने के प्रयास जारी हैं। इसी कड़ी में पर्यटन स्थलों पर सुविधाओं को विस्तार दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग प्रदेश के हर जनपद में स्थित ज्ञात एवं अल्पज्ञात धार्मिक स्थलों को चिन्हित कर सहभागिता के आधार पर पर्यटन विकास का कार्य कराया जा रहा है।

जयवीर सिंह ने बताया कि मदनपुर विकासखंड के ग्राम सींगमेई में प्राचीन माता मंदिर है। यहां स्थानीय और दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। नवरात्रि में भव्य मेले का आयोजन होता है। यहां लगभग 2.02 करोड़

- इन मंदिरो पर विभिन्न पर्वो पर मेले के दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते है

रुपए से मंदिर का सौंदर्यीकरण और पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इसके लिए 1.30 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। योजना अंतर्गत मल्टीपरपज हॉल, शौचालय, गेट, हेल्प डेस्क, बेंचेज, साइनेज सहित कई और कार्य कराए जाएंगे।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि मदनपुर विकासखंड के ग्राम उखरैण्ड में वन खंडेश्वर मंदिर भी काफी पुराना है। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को मेले का आयोजन होता हैं। महाशिवरात्रि पर भव्य मेले का आयोजन होता है। यहां सौंदर्यीकरण और पर्यटन सुविधाएं विकसित करने के लिए लगभग 1.79 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। अब तक 1.15 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं।

# त्रैलोक्य का स्वामी स्वयं उनके मध्य में आ गया



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** श्री शिव श्याम मंदिर समिति की ओर से सदर मे चल रही श्रीमद्भागवत कथा मे शुक्रवार को नैमिषारण्य के आचार्य सुधीर कृष्ण शास्त्री ने उधना वध की कथा सुना कर भक्तों को भाव व्यवहार कर दिया उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण भगवान का गोकुल में नंदोत्सव मनाया जाने लगा सभी झूम रहे हैं त्रैलोक्य का स्वामी स्वयं उनके मध्य में आ गया सब प्रमुदित है मगन है लेकिन कंश परेशान है की कहीं ये वही बालक तो नहीं जो मुझे मारने वाला है इसलिए पूतना को भेजा पूतना अपने स्तनों में कालकूट विष लगाकर श्री प्रभु को मारने आई भगवान ने दुष्टा का वध किया भगवान बाल लीलाओ से सभी को मोहित करने लगे समस्त ब्रजमंडल धन्य है ठाकुर को पकर भगवान ने माखन चोरी की लीला की। एक बार तो दही मथने वाली मटकी को ही फोड़ दिया माँ ने ऊखल से बाँध दिया भगवान ने यमलार्जुन का उद्धार किया। कालिदह में नाग को नाथा अघसुर बकासुर आदि राक्षसों का संघार किया गोवर्धन पूजा बहुत ही धूम धाम से मनाया गया। कथा के मुख्य यजमान संत कुमार दुबे, सुनैनो, रेणु देवी रमेश, सनी माली, दिनेश, अनिल, मुकेश, विजय मौजूद रहे।

# 370 यूनिटों में रोजगार का सुनहरा मौका

## खाद्य प्रसंस्करण : 25 हजार से ज्यादा लोगों को मिलेगी नौकरी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** खाद्य प्रसंस्करण की छोटी इकाइयों को संजीवनी देने की कवायद पूरी हो गई है। अब नए साल में लखनऊ समेत प्रदेश की ऐसी 370 यूनिटों को राहत देकर उन्हें बड़ा फायदा दिया जाएगा। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की ओर से निश्शुल्क प्रशिक्षण के साथ ही अब उन्हें आर्थिक मदद दिलाने का खाका तैयार हो चुका है। आम, अमरूद, लीची व आंवला के बागवानों द्वारा संचालित इकाइयों को प्राथमिकता दी जाएगी। इनके संचालन को 25,750 युवाओं को सीधे और 33,210 श्रमिकों को साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार मिलेगा।

उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण निदेशक डा. वीबी द्विवेदी ने बताया कि यूनिट लगाने या आगे बढ़ाने के लिए आवेदन करने वाले बागवानों को आनलाइन प्रशिक्षण देने का कार्य पूरा हो गया है।



- 12 महीने, 47 मेले और 6,273 को मिली नौकरी

बेरोजगार जो यूनिट लगाना चाहते हैं वे अपने जिले के जिला उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण अधिकारी से मिलकर प्रस्ताव भेज सकते हैं।

आम या अन्य फलों के जूस के साथ ही जैम, जैली, अंचार व मुरब्बा के साथ ही टाफी व चाकलेट बनाने का 15,710 युवाओं को प्रशिक्षण देने का कार्य पूरा हो गया है। प्रदेश के 13 जिलों में 2.66 लाख हेक्टेयर आम के बाग हैं और 43.52 मीट्रिक टन उत्पादन हर साल होता है।

युवाओं को नौकरी दिलाने और रोजगार की सहायता करने वाले सेवायोजन विभाग ने भी नए साल में पूरी तैयारी कर ली है। जिला सेवायोजन सहायता अधिकारी प्रज्ञा त्रिपाठी ने बताया कि सहायक निदेशक सूर्यकांत के संयोजन में पिछले 12 महीने में 47 रोजगार मेले लगाए गए जिसमे 6,273 युवाओं को नौकरी का अवसर दिया गया। सेवायोजन विभाग की वेबसाइट rojgaarsangam.up.nic.in पर बेरोजगार पंजीयन और नौकरी के लिए सीधे आवेदन कर सकते हैं। आने वाले नए साल में इस साल के मुकाबले दो गुना युवाओं को नौकरी देने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने आवास पर रोजगार सृजन को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर ठोस कार्ययोजना के अनुरूप रोजगार सृजन के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि युवाओं को उनकी योग्यता के अनुरूप समयबद्ध तरीके से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। एक ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था बनाने के कार्यों को और गति देने के लिए विषय विशेषज्ञों का सहयोग भी लिया जाए। इससे नए भारत का नया उत्तर प्रदेश इकोनामिक ग्रोथ के साथ नये रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएगा।

# बेसिक शिक्षा परिषद में शिक्षकों का होगा तबादला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बेसिक शिक्षा परिषद में शिक्षकों के तबादले का आदेश आ गया है। शासन ने आदेश जारी करके तबादले की अनुमति दे दी है। शिक्षक जिले के अंदर परस्पर तबादले की काफी लंबे समय से मांग कर रहे थे। इसी आधार पर परिषद जल्द विस्तृत कार्यक्रम जारी करेगा।

तबादले के लिए शैक्षिक सत्र के दौरान निर्धारित तिथियों के बीच ऑनलाइन आवेदन किया जाएगा। सत्र के दौरान किसी भी दशा में तबादला नहीं किया जाएगा। प्राथमिक विद्यालयों में तैनात शिक्षकों के लिए विषयवार वर्गीकरण नहीं किया जाता है। इसलिए अन्तः जनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण के लिए प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के मध्य भाषा/विज्ञान/गणित की बाध्यता नहीं होगी।

वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विषयवार वर्गीकरण होता है। इस कारण

- लंबे समय से कर रहे थे मांग, उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिए यह नियम



विषयवार शिक्षकों की तैनाती की जाती है। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विषयवार शिक्षक होने एवं शिक्षक की कुशलता के कारण समान विषय हेतु समान विषय वाले शिक्षकों की उपलब्धता आवश्यक है। उच्च प्राथमिक विद्यालयों में तैनात शिक्षकों के अन्तः जनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण के लिए समान पद एवं समान विषय होने के स्थिति में ही ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

# 80 फीसदी स्मार्ट प्रीपेड मीटर में कम्युनिकेशन मॉड्यूल चीनी निर्मित हो रहे सप्लाई

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में जहां दक्षिणांचल व पूर्वांचल की निजीकरण की शोर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाली कंपनियां लगातार भारत सरकार की गाइडलाइन का उल्लंघन कर रही है पूरे उत्तर प्रदेश में सभी बिजली कंपनियों मे 5 लाख से ज्यादा स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग गए लेकिन अभी तक केवल मात्र 6000 से 7000 चेक मीटर ही लगे हैं जबकि भारत सरकार की गाइडलाइन के तहत 5 प्रतिसत उपभोक्ताओं के घर में पुराने मीटर को ही चेक मीटर के रूप में परिवर्तित कर 3 महीने तक मीटर रीडिंग का मिलान करना है और आज तक उसकी मिलान किसी ने भी नहीं कराई इसको लेकर आज उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने पावर

- उपभोक्ता परिषद ने कहा एक बहुत ही चौंकाने वाला मामला पूरे देश में सामने आया

कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार व निदेशक वाणिज्य निधि कुमार नारंग से शक्ति भवन में मुलाकात कर भारत सरकार की गाइडलाइन का उल्लंघन कर उपभोक्ताओं के परिसर पर लगे मीटर को चेक मीटर में ना परिवर्तित करने सहित चेक मीटर और स्मार्ट प्रीपेड मीटर की रीडिंग का मिलान न किए जाने का मुद्दा उठाया जिस पर पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन ने भरोसा दिलाया कि इस पर सख्त कार्यवाही की जाएगी और भारत सरकार की गाइडलाइन का पूरा पालन कराया जाएगा।

उपभोक्ता परिषद ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन व उत्तर प्रदेश सरकार से उठाई मांग कहां सबसे पहले सभी स्मार्ट प्रीपेड मीटर कंपनियों की एमटी सीटी टेस्ट व साइबर सिक्योरिटी टेस्ट का किया जाए खुलासा क्योंकि इससे पता चलेगा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अंदर चीनी कंपोनेंट है अथवा नहीं यह मामला गंभीर।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा एक बहुत ही चौंकाने वाला मामला पूरे देश में सामने आया है जिसको लेकर भारत सरकार टेलीकम्युनिकेशन मिनिस्ट्री सतर्क हो गई है एक गोपनीय रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है कि पूरे भारत में कुछ कंपनियां जो कम्युनिकेशन माड्यूल सप्लाई कर रही है जिसमें स्मार्ट प्रीपेड मीटर भी शामिल है 80 प्रतिसत से ज्यादा कम्युनिकेशन मॉड्यूल चाइनीज सप्लाई हो रहे हैं जिसको लेकर भारत सरकार चौंकानी हो गई है क्योंकि यह मामला सीधे नेशनल सिक्योरिटी से जुडा हुआ है।

# नर्सों की भर्ती से खुला था 2 डाक्टरों की हत्या का राज

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** साल 2000 में छह माह यानी कि जुलाई और दिसंबर के अंदर लखनऊ में हुई दो हत्याओं ने पूरे प्रदेश को हिला दिया था। पहली हत्या डीजी हेल्थ (स्वास्थ्य महानिदेशक) डा. बच्ची लाल और दूसरी हत्या स्वास्थ्य विभाग में निदेशक नर्सिंग के पद पर तैनात डा. राधे श्याम शर्मा की हुई थी। कई महीनों की जांच के बाद भी दोनों हत्याओं का खुलासा नहीं हुआ था।

सेवानिवृत्त आईपीएस राजेश पांडेय ने बताया कि काफी मेहनत के बाद कुछ नहीं हो सका तो स्वास्थ्य भवन से जुड़े हर एक बिंदु को खंगाला गया। तब सामने आया कि 600 नर्सों की भर्ती के दौरान बहुत बड़ा खेल हुआ था। उसी से दोनों हत्याओं के तार जुड़े हैं। आइए जानते हैं कि कैसे खुला था नर्सों की भर्ती से दोनों हत्याओं का राज। 23 जुलाई 2000 को रविवार का दिन था। हजरतगंज के गोखले मार्ग

- दोनों शूटर पुलिस मुठभेड़ में हो गए थे ढेर

पर मार्निंग वॉक कर डीजी हेल्थ (स्वास्थ्य महानिदेशक) डा. बच्ची लाल बटलर पैलेस स्थित घर लौट रहे थे। तभी पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने पिस्टल निकालकर पूरी मैगजीन खाली कर दी और अशोक मार्ग की तरफ भाग निकले। सूचना मिलते ही डीआइजी समेत अन्य अधिकारी पहुंच गए। पुलिस ने जांच शुरू की। आसपास के लोगों से पूछताछ की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। किसी रंजिश की जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस का ध्यान स्वास्थ्य भवन पर केंद्रित हुआ। स्वास्थ्य भवन में ही विभाग के सबसे बड़े अफसर यानी डीजी हेल्थ का आफिस है। पुलिस ने कई दिनों तक टेंडर, पेमेंट और तबादलों से जुड़े अनुभागों में छानबीन की, लेकिन कोई खास जानकारी हाथ नहीं लगी।

# 'वर्ल्ड रिकार्ड ऑफ एक्सीलेन्स' से सम्मानित हुई आर्यमा शुक्ला

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस की 9 वर्षीय छात्रा आर्यमा शुक्ला को उसकी अद्भुद स्मरणशक्ति व धर्मग्रंथो के गहरे ज्ञान हेतु एक भव्य सम्मान समारोह में 'वर्ल्ड रिकार्ड ऑफएक्सीलेन्स' से नवाजा गया। आज विद्यालय परिसर में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में वर्ल्ड रिकार्ड ऑफ एक्सीलेन्स, इंग्लैण्ड के प्रतिनिधि एवं भारत में वर्ल्ड रिकार्ड ऑफ एक्सीलेन्स के वाइस प्रेसीडेन्ट श्री संजय पंजवानी एवं भारत सरकार में एजूकेटर व मेंटर श्री शिवशंकर शुक्ला आर्यमा को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विभिन्न धर्मावलम्बियों जैसे हिन्दू धर्म से सर्वश्री अरविन्द शाष्त्री जी, कथा व्यास एवं डा. अनुराग पाठक, जैन धर्म से डा. शैलेन्द्र जैन, मुस्लिम धर्म



- विभिन्न धर्मावलम्बियों की उपस्थिति से 'सर्वधर्म समभाव' की भावना से ओतप्रोत हुआ वातावरण

से मौलाना डा. कल्बे सिब्तेन नूरी, श्री कब्वे हुसैन एवं श्री नजमूल हसन रिजवी आदि की उपस्थिति से सम्पूर्ण वातावरण 'सर्वधर्म समभाव' की भावना से ओतप्रोत नजर आया। इन प्रख्यात धर्मावलम्बियों ने आर्यमा को आशीर्वाद देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

विदित हो कि बहुमुखी प्रतिभा की धनी 9 वर्षीय सी.एम.एस. छात्रा आर्यमा शुक्ला ने संस्कृत भाषा के ज्ञान, अद्भुद स्मरणशक्ति व धर्मग्रंथो के वाचन में प्रवीणता अर्जित कर लखनऊ का गौरव सारे विश्व में बढ़ाया है। आर्यमा ने गीता जयन्ती के अवसर पर मात्र 2 घंटे 10 मिनट में सम्पूर्ण श्रीमद्भागवत् गीता का सस्वर गायन कर एक अनूठा कीर्तिमान अपने नाम किया है। इसी अभूतपूर्व उपलब्धि हेतु आर्यमा को आज 'वर्ल्ड रिकार्ड ऑफ एक्सीलेन्स' से नवाजा गया।

# हब फॉर इम्पॉवरमेंट ऑफ वूमेन के संचालन के लिए 6,25,28,801 मंजूर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित मिशन शक्ति की उपयोजना सामर्थ्य के तहत हब फॉर इम्पॉवरमेंट ऑफ वूमेन के संचालन हेतु 6,25,28,801 रूपये (छः करोड़ पच्चीस लाख अट्ठाइस हजार आठ सौ एक मात्र) मंजूर किए हैं। मंजूर की गई धनराशि निदेशक, महिला कल्याण के निवर्तन पर रखी गई है। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति निदेशक, महिला कल्याण को प्रेषित कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि हब फॉर इम्पॉवरमेंट ऑफ वूमेन योजना का उद्देश्य महिलाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दो जैसे-घरेलू हिंसा, दहेज, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वास्थ्य अधिकार, जेंडर तथा यौन हिंसा आदि के संबंध में जागरूकता तथा ग्रामीण महिलाओं और किशोरियों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना है। भारत सरकार की नवीन गाइडलाइन्स में मिशन शक्ति की उपयोजना सार्म्थ्य के अधीन यह योजना संचालित है।

# राज्य सड़क निधि योजना के अन्तर्गत 2.83 करोड़ की अवशेष धनराशि अवमुक्त

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उ0प्र0 सरकार द्वारा राज्य सड़क निधि योजना के अन्तर्गत प्रयागराज मण्डल के विभिन्न जनपदों के कुल 02 मार्गो के स्वीकृत एवं चालू कार्यो हेतु 02 करोड़ 82 लाख 43 हजार रूपए की अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।

इन 02 चालू कार्यो में जनपद प्रतापगढ़ में साहबगंज भट्टी चौराहा छतरपुर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु रू0 42 लाख 43 हजार तथा फतेहपुर में किशनपुर मार्ग से गढ़ाकोट मार्ग (अजिमा) (चौनेज 0.000 से 9.600) में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु रू0 02 करोड़ 40 लाख (कुल रू0 02 करोड़ 82 लाख 43 हजार) की धनराशि अवमुक्त कर दी गयी है।

## देवीपाटन मण्डल के 26 मार्गो के चालू कार्यो के लिए 20.89 करोड़ अवमुक्त

**लखनऊ।** उ0प्र0 सरकार द्वारा राज्य सड़क निधि योजना के अन्तर्गत देवीपाटन मण्डल के विभिन्न जनपदों के कुल 26 मार्गो के स्वीकृत एवं चालू कार्यो हेतु 20 करोड़ 89 लाख 47 हजार रूपए की अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी है। इन 26 चालू कार्यो में जनपद बलरामपुर के 20, गोण्डा के 04 तथा बहराइच व श्रावस्ती के 01-01 कार्य सम्मिलित हैं। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।

जारी शासनादेश में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च 2025 तक कर लिया जाय एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को 30 अप्रैल 2025 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

जारी शासनादेश में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च 2025 तक कर लिया जाय एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को 30 अप्रैल 2025 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय। शासनादेश में यह भी निर्देश दिये गये हैं कि कार्यो की वित्तीय/भौतिक प्रगति का सक्षम स्तर पर सम्यक निरीक्षण/सत्यापन कर प्रगति रिपोर्ट हर माह शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

# यूपी में सब्जियों पर चलाया बुलडोजर, दुकानदारों का हंगामा

अवधनामा संवाददाता

**झांसी।** कई बार चेतावनी और दबिश देने के बाद भी चित्रा चौराहा से सीपरी बाजार को जाने वाली सड़क के किनारे जमीन पर सब्जी बेचने से बाज नहीं आए दुकानदारों के खिलाफ आज नगर निगम के अतिक्रमण दल ने सख्ती कर दी। टीम ने सड़क पर लगी सब्जी की दुकानों पर बुलडोजर चला दिया। इससे गुस्साए दुकानदारों ने हंगामा कर जैम लगा दिया।

अतिक्रमण विरोधी टीम के साथ धक्का-मुक्की भी की गई। लगभग 45 मिनट बाद पुलिस ने हस्तक्षेप किया, तब मामला शान्त हो सका। चित्रा चौराहा से सीपरी बाजार की ओर जाने वाले मार्ग पर सड़क किनारे सब्जी व फल बेचने वाले डेरा जमाए रहते हैं। फल वाले ठेले लगाते हैं, जबकि सब्जी बेचने वाले सड़क पर ही फट्टी बिछाकर दुकान लगा लेते हैं, जिससे आवागमन अवरुद्ध होता है।

इन दुकानदारों को कई बार चेतावनी दी, लेकिन वह बाज नहीं आ रहे हैं।



गुरुवार की शाम को नगर निगम के अतिक्रमण दल प्रभारी ब्रजेश वर्मा के नेतृत्व में टीम ने इन दुकानदारों पर कार्यवाही की। बताया गया कि टीम ने दुकानदारों को हटाने की कोशिश की, लेकिन जब वह नहीं माने तो सब्जी की फड़ पर बुलडोजर चला दिया और कई दुकानदारों की सब्जी कुचल डाली। इससे दुकानदार भी आवेश में आ गए और हंगामा करने लगे।

उन्होंने जैम लगाते हुए टीम के सदस्यों संग धक्का-मुक्की की। जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी पहुँच गए और दुकानदारों को समझाते हुए जाम खुलवा दिया। पुलिस की निगरानी में ही टीम को निकाला गया। बार-बार चेतावनी के बाद भी बाज नहीं आ रहे पटरी दुकानदार पटरी दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही को लेकर आज हंगामा हो गया, लेकिन इसमें पटरी दुकानदारों की गलती भी कम नहीं है।

नगर निगम की टीम दो सप्ताह से इन दुकानदारों को समझा रही है और इन्हें पीछे की ओर दुकान लगाने की हिदायत भी दी जा रही, लेकिन वह बाज नहीं आ रहे हैं। इसी तरह पहूज नदी के पास सड़क पर दुकान लगाने वालों को भी मण्डी में शिफ्ट करने का प्रयास किया गया है, लेकिन वह भी सड़क पर ही दुकान लगा रहे हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और लोगों की समस्या बढ़ रही है।

- अफसर अनजान, दौड़ी-दौड़ी आई पुलिस, सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस

सीपरी बाजार में सब्जी की दुकानों पर बुलडोजर चलाने का वीडियो वायरल होने के बाद नगर निगम के अधिकारी हरकत में आ गए हैं। नगर आयुक्त ने इसकी रिपोर्ट तलब की तो जानकारी मिली कि किसी को भी बिना सूचना दिए ही अतिक्रमण दल प्रभारी ब्रजेश वर्मा बुलडोजर लेकर पहुँच गए और यह कृत्य किया। नगर आयुक्त ने इसे गम्भीरता से लेते हुए अतिक्रमण दल प्रभारी को नोटिस थमाते हुए स्पष्टीकरण तलब किया है। उन्होंने घटना की निन्दा भी की है। महानगर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए नगर निगम द्वारा पटरी दुकानदारों को शिफ्ट करने का प्रयास किया जा रहा है।

# फेरनलाल अहिरवार की मुश्किलें बढ़ीं

- गम्भीर धाराओं में मामला दर्ज कर शीघ्र गिरफ्तारी की उठी मांग
- राष्ट्रीय बजरंग दल ने डीएम को भेजा शिकायती पत्र

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** महरौनी विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे फेरनलाल अहिरवार की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रहीं हैं।

गम्भीर धाराओं में मामला दर्ज कर शीघ्र गिरफ्तारी किये जाने की मांग उठाते हुये अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने लामबंद होकर जिलाधिकारी के नाम संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। एसडीएम को सौंपे गये ज्ञापन में उन्होंने हिन्दू देवी-देवताओं के खिलाफ पूर्व विधायक फेरनलाल अहिरवार द्वारा की गयी अमर्यादित टिप्पणी को लेकर अपना आक्रोश जाहिर किया। ज्ञापन में बताया कि बहुजन समाज पार्टी से महरौनी विधानसभा से पूर्व विधायक फेरनलाल अहिरवार ने विगत 24 दिसम्बर 2024 को हिन्दू देवी-देवताओं के प्रति बहुत ही अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया। आरोप लगाया कि पूर्व विधायक फेरनलाल द्वारा योजनात्मक तरीके से सोच समझ कर दंगा भड़काने के उद्देश्य से ललितपुर जैसे शान्त शहर का माहौल खराब करने और अपने राजनीतिक छवि बनाने के लिये भगवान के प्रति बहुत ही अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया है, जो कि शोभनीय नही है। इस घटना के बाद से हिन्दू धर्म के लोगो को काफी रोष व्याप्त है। संगठन पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन से पूर्व विधायक के खिलाफ गम्भीर धाराओं में मामला दर्ज कर शीघ्र गिरफ्तारी किये जाने की मांग उठायी। ज्ञापन देते समय विभाग मंत्री झांसी सचिन दुबे, दिनेश साहू, गौरव शर्मा, राजा कुशवाहा, बलराम पचौरी, छोटे चौबे, कमलेश सोनी, विक्की बाबा, अंशुल पाठक, नन्दकिशोर विश्वकर्मा, प्रशान्त सोनी, शिवम सोनी, सुमित कुशवाहा, बालकिशन के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# श्रमिकों को मिलेगा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ : जिलाधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**

- जिलाधिकारी के निर्देशन में ग्राम धौजरी में लगाया गया श्रमिक पंजीयन कैम्प

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा जनपद के अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्रामों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से शत-प्रतिशत आच्छादित करने की पहल के चलते ग्राम धौजरी में लगाई गई चौपाल में उनके द्वारा निर्देश दिये गए थे। ग्राम में श्रमिक पंजीयन कैम्प लगाकर ग्रामीणों को श्रमिक हितैषी योजनाओं से जोड़ा जाए। इसी क्रम में विकास खण्ड बिरधा के ग्राम धौजरी की अनुसूचित जनजाति बाहुल्य बस्ती में पंजीकरण कैम्प लगाया गया। इस सम्बंध में जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में अधिकांश ग्रामों में सहरिया आबादी निवास करती है, जिन्हें विकास की मुख्य धारा से जोडने् के लिए इन ग्रामों का जीरो पॉवरटी सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे के आधार पर इन ग्रामों में जन चौपाल एवं विभागीय कैम्प लगाकर लाभार्थियों का चयन किया जा रहा है। श्रमिक पंजीयन कैम्प के माध्यम से इन ग्रामीणों को श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ मिलेगा। श्रम प्रवर्तन अधिकारी डीपी अग्रहरि ने बताया कि इसके लिए पूर्व में लाभार्थियों का सर्वे कराया गया था, जिसमें कई पात्र श्रमिकों का पंजीयन न होने के कारण वह लाभ पाने से वंचित थे, जिन्हें पंजीकृत कर विभाग की योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। कैम्प में मौके पर ही पंजीयन की कार्यवाही की गयी और ग्रामीणों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। जिलाधिकारी के निर्देशन में श्रम विभाग द्वारा 27 दिसम्बर को ब्लाक महरौनी के ग्राम छपरट, 28 दिसम्बर को ब्लाक जखौरा के ग्राम सेरवांस, 30 दिसम्बर को ब्लाक तालबेहट के ग्राम क्वाटरन में श्रमिक पंजीयन कैम्प का आयोजन गांव में ही किया जायेगा। कैम्प पूर्ण होने के उपरान्त विभाग द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत की जायेगी।

## जीआईसी के छात्रों ने उत्तराखंड का किया शैक्षिक भ्रमण

**मथुरा।** समग्र शिक्षा माध्यमिक की राष्ट्रीय आविष्कार अभियान योजना के अंतर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्यनरत कक्षा 9 से कक्षा 12 के 53 विद्यार्थियों को उत्तराखंड राज्य के प्रमुख शैक्षिक व अन्य महत्वपूर्ण स्थान का एक्सपोजर विजिट कराया गया। इस चार दिवसीय एक्सपोजर विजिट छात्रों द्वारा पतंजलि संस्थान के कार्यकलाप, रिसर्च आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट देहरादून का भ्रमण किया गया । जिसमें फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट में छात्रों को भारत के विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले वनों, वर्षवनों,पेड़ व पौधों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। इसके अलावा तकनीकी संस्थान आई.आई. टी. रुड़की का भ्रमण कर वहां के मुख्य भवन, लाइब्रेरी, लेक्चर रूम, प्रयोगशाला आदि को देखा गया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की में विशेषज्ञों द्वारा छात्रों को आई आई टी में प्रवेश हेतु होने वाली परीक्षा व संस्थान में चलने वाले सभी कोर्सेज के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। छात्रों को वैज्ञानिकों व विश्व के महत्वपूर्ण रिसर्च पेपर्स को दिखाया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## कांग्रेस नेताओ ने किया पूर्व प्रधान मंत्री डा 0 मनमोहन सिंह को दुखी मन से याद किया

**संभल।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ0 मनमोहन सिंह के निधन को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तौकीर अहमद तुर्की ने कहा कि भारत के दो बार प्रधानमंत्री बने डॉ0 मनमोहन सिंह का निधन एक बहुत बड़ी क्षति है। समाजसेवी एवं वरिष्ठ नेता मुशीर खां तरीन ने कहा कि देश को बहुत बड़ी क्षति पहुंची है। हम शोक व्यक्त करते हैं परिवार को ईश्वर सात्वना दे। हिन्दुस्तान को ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के विद्वानो मे उनकी गिनती थी। देश आज़ाद होने के बाद से अब तक अपने वक्त मे अच्छ वित्त मंत्री साबित हुए। पीएम रहने हुए भी सराहनिय कार्य किए। डॉ0 मनमोहन सिंह ने अपने कार्यकाल मे जिस प्रकार देश को आगे बढ़ाया और अर्थ व्यवस्था को संभाला हमारे देश के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धी है। वरिष्ठ नेता हाजी आरिफ तुर्की ने कहा कि डॉ0 मनमोहन सिंह हमेशा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सीने मे रहेंगे उनको कभी नहीं भुलाया जा सकता। असमोली 32 विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी हाजी मरगूब ने कहा कि डॉ0 मनमोहन सिंह बहुत काबिल शख्सियत थे, बड़े सच्चे ईमानदार थे हिन्दुस्तान जिस घाटे की तरफ चला गया था मनमोहन जी ने बचाया हैं वह सादा मिजाज़ रहने वाले थे। ऐसा प्रधानमंत्री न मिला है और न मिलेगा।

## संभल की शाही जामा मस्जिद मे जुम्मे की नमाज शांति पूर्वक संपन्न



**संभल।** संभल की ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बाद आज पॉचवे जुम्मे की नमाज शाही जामा मस्जिद समेत नगर की अन्य मस्जिदो मे शान्ति पूर्वक संपन्न हुई शाही जामा मस्जिद के आसपास भारी संख्या में पुलिस मौजूद रही जिलाधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र पेसिया पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार उपजिलाधिकारी वंदना मिश्रा समेत पुलिस प्रशासन के अधिकारी नमाज के दौरान मौजूद रहे जिलाधिकारी ने बताया कि जुम्मे की नमाज शांति पूर्वक संपन्न करने के लिए 32 मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये थे जामा मस्जिद समेत शहर की अन्य मस्जिदो में भी बीते जुम्मो की तरह जुम्मे की नमाज शांति पूर्वक संपन्न हुई है। नमाज शांति पूर्वक संपन्न करने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे लोगों से अपने अपने क्षेत्रों की मस्जिदो मे नमाज अदा करने की अपील भी की गई थी।

## इमाम हसन का दस्तरख़्वान सजा़या गया

**संभल।** दस्तरख़्वान इमाम हसन अलैहस्लिम का सिलसिला बदस्तूर जारी रहा शिया समाज के लोगो ने अपने अपने घरों में दस्तरख़्वान इमाम हसन अलैहस्लिम का आयोजन किया जिसमें लोग एक दूसरे के घरो में जा कर दस्तरख़्वान में शामिल हुए इमाम हसन की नजर मे शिरकत की दुआ मागी शहर के मुहल्ला नूरियो सराय हुसैन खॉ सरा़य मिया सराय सिरसी आदि में इमाम हसन के दस्तरख़्वान सजाये गए जिनमे विभिन्न तरह के पकवान रखे हुए थे लोगों ने एक दूसरे के घरो मे जा कर शिरकत की दुआ मांगी आज शुक्रवार को भी दस्तरख़्वान की नजर का सिलसिला बदस्तूर जारी रहा।

## 50 विद्युत बकायादारों की लाइन काटी गई विद्युत विभाग की चेकिंग से हड़कंप



**आजमगढ़।** विद्युत वितरण खंड प्रथम के पुराना पावर हाउस के अवर अभियंता लाल बहादुर राम द्वारा लगभग 80 लोगों की चेकिंग की गई की गई और 50 लोगों का मोहल्ला रैदोपुर (मडया) में बकाया विद्युत भुगतान न करने पर लाइन कटा गया तथा 24 लोगों का ओटीएस एक मुस्त भुगतान योजना के लाभ के लिए रजिस्ट्रेशन किया गया स विद्युत विभाग के चेकिंग से लोगों में हड़कंप मचा हुआ था। इस अवसर पर अवर अभियंता लाल बहादुर राम ने विद्युत बकाया उपभोक्ताओं से अपील किया कि जल्दी से जल्दी एक मुस्त भुगतान योजना ओटीएस का लाभ उठाएं। प्रथम चरण में यह योजना 31 दिसंबर तक है स इस अवसर पर मनीष सुधीर विवेक सरवन आदि अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

## पूर्व सांसद उदित राज से एआइपीएमएम के प्रतिनिधमंडल ने की मुलाकात



**नई दिल्ली/ अवधनामा संवाददाता।** पिंडारा रोड न्यू देहली सी1/ 38 पूर्व सांसद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उदित राज जी से उनके आवास पर ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के राष्ट्रीय प्रभारी के नेतृत्व में आल इंडिया पसमांदा महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शकील घोसी, नसीम घोसी महासचिव दिल्ली प्रदेश, यूसुफ भाई और वालीउल्लाह ने पसमांदा आंदोलन, पसमांदा समाज की समस्याओं और राजनीतिक, आर्थिक स्थिति, पर विस्तृत चर्चा कर भविष्य में दलित मुस्लिम के उद्धार हेतु कार्य किये जाने की योजना बनाई गई।

# पण्डित मदन मोहन मालवीय की मनायी गयी जयन्ती

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** ब्राह्मण समाज कल्याण के तत्वावधान में महामना पण्डित मदन मोहन मालवीय जी की जयन्ती बुधवार को सिधारी स्थित अनुपम वाटिका में मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारम्भ मची पूर्व जिला पूर्ति अधिकारी अतिथि राज नारायण तिवारी, विशिष्ट अतिथि जी एस टी कमिश्नर राज नाथ तिवारी, दुर्वासा धाम के मुन्ना बाबा ने मालवीय जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्राह्मण समाज कल्याण परिषद के जिलाध्यक्ष ब्रजेश नन्दन पाण्डेय ने कहा कि मालवीय जी सच्चे अर्थो में भारत के निर्माता एवं संस्कारों के पक्षधर महा मानव थे।मालवीय काशी हिन्दू विश्व विद्यालय की स्थापना के माध्यम से छात्र के रूप में आधुनिक ऋषि उत्पन्न करना चाहते थे। मालवीय एक युगद्रष्टा, महान शिक्षाविद एवं इस युग के आदर्श पुरुष थे। पाण्डेय ने कहा कि मालवीय बहु आयामी प्रतिभा के धनी थे। वह एक प्रखर वक्ता, विद्वान अधिवक्ता, कुशल पत्रकार, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सफल राजनेता एवं आधुनिक भारत के सबसे बड़ा समाज सुधारक तथा सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में इस देश की अभूत पूर्व सेवा में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज नारायण तिवारी ने कहा कि मालवीय को प्रथम एवं अन्तिम बार महामना की उपाधि प्राप्त हुई।उन्होंने काशी नरेश से भूमि प्राप्त कर दुनिया का सबसे बड़ा आवासीय विश्व विद्यालय बनवाया जिसमे प्राचीन वेद शास्त्र एवं कर्म काण्ड की शिक्षा के साथ साथ अर्वाचीन ज्ञान विज्ञान की शिक्षा की व्यवस्था किया। कार्यक्रम का संचालन ब्राह्मण समाज कल्याण परिषद के महामंत्री मनोज कुमार त्रिपाठी ने किया एवं अपने संबोधन के दौरान कहा कि मालवीय विश्वात्मा पुरुष एवं मानवता के उपासक थे। वह सच्चे अर्थो में भारत निर्माता तथा देश की प्रगति एवं उत्थान के लिए सर्वस्व त्याग एवं समर्पण की भावना के पोषक थे। उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए त्रिपाठी ने कहा कि मालवीय का जन्म सन 1861 में पिता ब्रजनाथ एवं माता भुना देवी के साधारण परिवार में प्रयागराज में हुआ। मालवीय जी शिक्षा को मानव विकास का मूल मानते थे। काशी हिन्दू विश्व विद्यालय की स्थापना मालवीय की शिक्षा एवं साहित्य सेवा का अमिट शिलालेख है एवं उनके शैक्षिक विचार सर्वकालिक एवं चिर नवीन हैं। कार्यक्रम के दौरान बी एच यू से पी एच डी की उपाधि प्राप्त करने वाली डॉ प्रिया तिवारी, क्लैट में चयनित ईशानी पाण्डेय, ब्यूरो चीफ स्वतंत चेतना मनोज ओझा, को अपने अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर डा दुर्गा प्रसाद दिवेदी, तारकेश्वर मिश्रा, डॉ मालती मिश्रा, गिरीश चतुर्वेदी, माधुरी दुबे, निरुपमा पाठक, आस्था चतुर्वेदी, अनीता द्विवेदी, दिवाकर तिवारी, उमाकांत तिवारी, देवेंद्र पाण्डेय, कैलाश नाथ तिवारी आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर विश्व देव उपाध्याय, अशोक कुमार पाण्डेय, सतीश मिश्रा, राधे श्याम मिश्र, रामाश्रय, सभाजीत पाण्डेय, ई बेचन मिश्रा, विष्णु दत्त मिश्र, राजीव तिवारी, दिनेश तिवारी, मनोज त्रिपाठी, बलदेव शुक्ला, ओम विजय तिवारी, आशुतोष शुक्ला,राहुल तिवारी, दिनेश तिवारी, पियूष त्रिपाठी, उपेंद्र दत्त शुक्ला, तेज प्रताप पाण्डेय, राजन पाण्डेय, निशीथ रंजन तिवारी, सिद्धेश्वर पाण्डेय, माहेश्वरी कांत पाण्डेय, अजय तिवारी, सतीश कुमार पाण्डेय, युगांत उपाध्याय आदि सैकड़ों की संख्या में ब्राह्मण बन्धु उपस्थित थे।

# राईन कब्रिस्तान में अव्यवस्थाओं को ठीक कराने की मांग

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** झांसी रोड स्थित राईन कब्रिस्तान में विगत कई वर्षो से लम्बित पड़े कार्यो को जल्द कराये जाने की मांग को लेकर पूर्व पार्षद इदरीस राईन ने नगर पालिका ईओ दिनेश विश्वकर्मा को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के जरिए उन्होंने ईओ को अवगत कराया कि राईन कब्रिस्तान में अधूरे पड़े कार्यो के पूर्ण न होने से आक्रोश व्याप्त है। समस्याओं को लेकर बताया कि राईन कब्रिस्तान के अंदर से निकाली गन्दे पानी की पाली की मरम्मत की जाये, जिससे कब्र के अंदर गन्दे पानी का रिसाव न हो और अधूरी नाली को भी पूरा किया जाये। इसके अलावा कब्रिस्तान के अंदर मैय्यत में आने वाले लोगों को बजू बनाने के लिए पानी की समुचित व्यवस्था और टीनशैड का निर्माण कराया जाये और मैय्यत वाले स्थान की छत की मरम्मत करायी जाने और अंदर जाने वाले रास्ते को सीसी सड़क निर्माण की मांग उठायी गयी। उन्होंने समस्याओं का जल्द निस्तारण कराये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय पसमांदा मुस्लिम समाज के जिलाध्यक्ष मो.करीम पप्पू राईन, मु.इस्लाम सकी राईन, इरफान राईन, गुलाम रसूल, तोसीब राईन, मु.इस्लाम, मकबूल अहमद, मुहम्मद जमा राईन, मु.असलम राईन, मु.अशफाक राईन, मु.इरफान, असलम अली राईन, हारून राईन, उवेश राईन, नईम राईन के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

## देश मनमोहन सिंह का ऋणी रहेगा: प्रमोद तिवारी

**प्रयागराज।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा में कांग्रेस की डिप्टी लीडर प्रमोद तिवारी ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है। शुक्रवार को राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने अपने सिविल लाइन्स स्थित एलगिन रोड आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जिला शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। ?राज्यसभा में डिप्टी लीडर प्रमोद तिवारी ने कहा है कि यह देश हमेशा डा0 मनमोहन सिंह का ऋणी रहेगा। वह देश के पहले अल्पसंख्यक और जीनियस प्रधानमंत्री थे। डॉ मनमोहन सिंह एक अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री थे। उन्होंने 1991 में जब पूरा एशिया आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रहा था। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर हम सफल नहीं हो पा रहे थे। उस दौर में उदारीकरण के जरिए समग्र क्रांति की ओर देश को बढ़ाने वाले सेनापति भारत के वित्त मंत्री के रूप में डा0 मनमोहन सिंह बने। देश के प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना दी। जिससे नरेगा, मनरेगा के जरिए सिर्फ उस दौर में नहीं बल्कि कोरोना काल में भी करोड़ों लोगों को रोजगार मिला।

# विप्रा उपाध्यक्ष ने भूमि पूजनकर किया निर्माण कार्य शुरू

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के चार मंजिला नवीन कार्यालय भवन की शुक्रवार को आधारशिला रखी गई। इसका भूमि पूजन करते हुए उपाध्यक्ष एसबी सिंह ने कहा कि विकास प्राधिकरण का यह नवीन कार्यालय भवन आधुनिक सुविधायुक्त होगा, जो दो वर्ष में करीब 21.48 करोड़ की लागत से तैयार किया जाएगा।

सिविल लाइन स्थित मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के नवीन कार्यालय भवन का निर्माण कार्य अब शुरु हो गया। इस दौरान निर्माण स्थल पर भूमि पूजन उपाध्यक्ष एसबी सिंह, सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी, ओएसडी प्रसून द्विवेदी, अधिशासी अभियंता प्रशांत गौतम ने विधिवत रूप से किया। इस दौरान उपाध्यक्ष एसबी सिंह ने बताया कि कार्यालय भवन के निर्माण पर 21.48 करोड़ की लागत आएगी। यह चार मंजिल का होगा। दो मंजिल वेसमेंट भी रहेगा, जिसका उपयोग पार्किंग और कैंटीन के लिए किया जाएगा। सभी चार मंजिल यहाँ आने वाले लोगों की सुविधाओं को ध्यान रखते हुए तैयार किए जाएंगे। भूतल पर मीटिंग रूम, राजस्व रूम, विधिक रूम, मेप रूम, रिकार्ड रूम और जनसुनवाई कार्यालय का निर्माण किया जाना है। इसके ऊपर प्रथम तल पर टीपी - एटीपी रूम, एकाउन्ट पटल, अवर अभियंता पटल सम्पत्ति और अवैध निर्माण के साथ पेंट्री व स्टोर रूम भी बनाया जाएगा। उन्होंने ने बताया कि द्वितीय तल पर उपाध्यक्ष, सचिव, ओएसडी, मुख्य अभियंता, अधिशासी अभियंता कक्ष के साथ कांफ्रेंस रूम और मीटिंग हॉल बनाया जाएगा। तृतीय तल पर सहायक और अवर अभियंता कक्ष रहेंगे। एसबी सिंह ने बताया कि चतुर्थ तल पर लाइब्रेरी और सर्वर रूप रहेगा। सभी तल पर पहुंचने के लिए चार लिफ्ट और मेकेनेज्म कार पार्किंग बनाई जाएगी। प्रत्येक तल पर टायलेट ब्लाक रहेगा। यह कार्यालय भवन करीब दो साल में बनकर तैयार होगा। इस मौके पर सहायक अभियंता सुनील अग्रवाल, अवर अभियंता विमल कोहली आदि मौजूद रहे।

# समाजसेवियों' पर डा. रामकिशोर अग्रवाल के बेबाक बोल

**अवधनामा संवाददाता**

- संस्थाओं से जुड़ना समाजसेवा नहीं: डा. राम किशोर अग्रवाल
- अग्रवाल शिक्षा मंडल का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**मथुरा।** पीड़ित मानवता के लिए समाज सेवा करना बहुत जरूरी है लेकिन किसी संस्था को जन्म देना और फिर उस संस्था के पदाधिकारी बनना समाज सेवा नहीं। यह बात जनपद में तकनीकी ,प्रबंधन और चिकित्सा की शिक्षा के शिखर पुरुष डा. राम किशोर अग्रवाल ने कही। डा. अग्रवाल अग्रवाल शिक्षा मंडल के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्गार व्यक्त कर रहे थे। डा. अग्रवाल ने कहा कि यह संस्था एक ऐतिहासिक व् प्रतिष्ठित संस्था ही नहीं बल्कि इसकी उपलब्धियां सम्पूर्ण प्रदेश में प्रसिद्ध हैं। लेकिन समय समय पर संस्था के सदस्यों ने अपने कर्तव्य और उद्देश्य से भटक कर ऐसे कार्य किये हैं जिससे संस्था की प्रगति को विराम लगा है और पदाधिकारियों के ये कार्य समाज सेवा के माप डंडों के सर्वथा विपरीत है। ऐसे में हम कैसे कह सकते हैं कि हम समाज सेवी हैं? डॉ. राम किशोर अग्रवाल ने तीन दशक पूर्व के अनेक उन संस्मरणों पर प्रकाश डाला जब वे स्वयं बीएसए कॉलेज के सचिव और बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज के चेयरमैन थे। उन्होंने कहा कि तीन दशक पूर्व उन्होंने इस इंजीनियरिंग कालेज की स्थापना के विचार को मूर्त रूप देने के लिए रात दिन एक किया तब उनके मस्तिष्क में सिर्फ एक ही विचार था कि महाराष्ट्र और कर्नाटका जाने वाले छात्रों को इंजीनियरिंग की शिक्षा मथुरा में ही सुलभ कराई जाए। तब उनके प्रयासों में सबसे बड़ा रोड़ा डालने वाले और उनकी आलोचना करने वाले बाहरी लोग नहीं बल्कि अपनी संस्था के तथाकथित समाजसेवी ही थे। डा. अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने हार नहीं मानी और इस कालेज को जन्म देकर ही राहत की सांस ली। डा. अग्रवाल ने कहा कि वे नए पदाधिकारियों का तहे दिल से स्वागत करते हैं और उम्मीद करते हैं कि ये पदाधिकारी संस्था के गौरवशाली इतिहास को ध्यान में रखकर और पुरानी भूलों को याद कर संस्था को गति प्रदान करेंगे और तन मन धन से इस संस्था की, पीड़ित मानवता की और योगिराज कृष्ण के इस ब्रज की सेवा करेंगे, तभी वे समाजसेवी कहलाने का दर्जा प्राप्त कर पाएंगे। संस्था के चौयरमैन उमा शंकर अग्रवाल एड. ने स्मृति चिन्ह देकर डा. राम किशोर अग्रवाल का सम्मान किया। मंच पर अग्रवाल शिक्षा मंडल के अध्यक्ष माधव शरण अग्रवाल और किशोर अग्रवाल ने अनेक ऐसी महिलाओं को सम्मानित किया। जिनकी सेवाओं और प्रतिभा से समाज लाभान्वित हुआ है। कॉलेज के खचाखच भरे हॉल में शहर के गणमान्य नागरिक, शिक्षाविद, उद्योगपति व पत्रकार उपस्थित थे।

# वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी सह एक्सपो का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** वेदांत इंटरनेशनल स्कूल के तत्वावधान में विज्ञान प्रदर्शनी सह एक्सपो का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एसडीएम सगड़ी नरेन्द्र गंगवार, विद्यालय के संरक्षक अरविंद कुमार सिंह, प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह और प्रधानाचार्या डॉली शर्मा के द्वारा दीप प्रज्वलन और माता सरस्वती क पूजन अर्चन से हुई। इस एक्सपो में नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के छात्रों ने भाग लिया और 250 से अधिक प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। इनमें वाटर प्यूरीफायर, हाइड्रॉलिक प्रेस, जलियांवाला बाग घटना, मैथ सिटी, कॉमर्स सिटी, श्वसन तंत्र, जी-20, सौर मंडल, स्वस्थ और अस्वस्थ भोजन, वेस्ट मटीरियल्स से बनाए गए उपयोगी मॉडल , ज्यामिति पार्क, सुप्रीम कोर्ट, संसद भवन, और वैज्ञानिक प्रयोग जैसे प्रोजेक्ट्स शामिल थे। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा प्रस्तुत मैजिक शो रहा, जिसमें हाथ पर आग जलाना, पानी में आग लगाना, बिना कट के नसों से रक्त निकालना, और बिना आग के धुआं जैसे अद्भुत प्रयोग दिखाए गए। कार्यक्रम का समापन छात्रों द्वारा निर्मित रॉकेट से की गई आतिशबाजी के साथ हुआ। प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह ने कहा, हम अपने छात्रों को सर्वश्रेष्ठ प्रथाएं और अवसर प्रदान कर रहे हैं, ताकि वे एक बेहतर भारत का निर्माण कर सकें। इस प्रकार की गतिविधियां छात्रों की कल्पनाशीलता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करती हैं, जिससे वे भविष्य के कुशल नागरिक और वैज्ञानिक बन सकें। मुख्य अतिथि एसडीएम सगड़ी नरेंद्र गंगवार ने अपने संबोधन में कहा इस प्रकार की प्रदर्शनी छात्रों को उनके भविष्य के जीवन के लिए दिशा देती है और उनके रचनात्मक कौशल और वैज्ञानिक सोच को विकसित करती है। यह स्कूल द्वारा किया गया एक सराहनीय प्रयास है। इस अवसर पर एजाज अहमद, ए के शुक्ला, सुनील तिवारी, रजनीश यादव, बड़ेश्वर गिरी, प्रभाकर सिंह, सुबिया सईद, नीलम चौहान, अनीता सिंह, आरती सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# डॉ. रीना को मिला अल्फा ग्रेड और सर्विस आफ एक्सीलेंस

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की माइक्रो बायोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष और एनसीसी की इंचार्ज, डॉ. रीना सचान ने तीन महीने की कठिन और चुनौतीपूर्ण ट्रेनिंग के बाद एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने एनसीसी ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, ग्वालियर में 90 दिनों की ट्रेनिंग पूरी की। इस कठिन ट्रेनिंग के बाद डॉ. सचान को लेफ्टिनेंट रैंक और अल्फा ग्रेड (सबसे उच्चतम ग्रेड) से सम्मानित किया गया है।डॉ. रीना सचान को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस प्रदान किया गया। उनकी इस उपलब्धि को मान्यता देते हुए, आर्मी ग्रुप मुख्यालय, प्रयागराज द्वारा 28 दिसंबर को उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। यह उपलब्धि उनकी मेहनत, समर्पण और अनुशासन का प्रमाण है, जो छात्रों और सहकर्मियों के लिए प्रेरणादायक है। डॉ. रीना सचान की इस सफलता पर कॉलेज की प्रधानाचार्य, डॉ. वत्सला मिश्रा, ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि यह उपलब्धि न केवल हमारे कॉलेज के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह छात्रों में राष्ट्र के प्रति सेवा भावना को प्रोत्साहित करेगी। कॉलेज के प्रमुख अधीक्षक, डॉ. अजय सक्सेना, और अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों ने भी उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि डॉ. रीना सचान ने अपनी प्रतिबद्धता और दृढ़ता से यह सफलता अर्जित की है, जो चिकित्सा और एनसीसी जैसे क्षेत्रों में सामंजस्य स्थापित करने का उत्कृष्ट उदाहरण है। कॉलेज प्रशासन और समस्त स्टाफ की ओर से डॉ. रीना सचान को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई हैं। उनकी यह उपलब्धि प्रयागराज और मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज दोनों के लिए गौरव का विषय है।

# डॉ. मनमोहन सिंह को आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज ने दी श्रद्धांजलि

**अवधनामा ब्यूरो**

- 2004 से 2014 मनमोहन सिंह ने स्थिरता और प्रगति का नेतृत्व किया: परवेज़
- डॉ. मनमोहन सिंह ने विवादों में उलझने के बजाय अपने कार्यों से उत्तर दिया: मोहम्मद यूयनुस


**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और महान अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करता है। उनके निधन से न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया ने एक ऐसा विचारक, नेता और समाज सेवक खो दिया है, जिन्होंने अपनी दूरदर्शिता, विद्वता और सेवाभाव से मानवता को समृद्ध किया।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ ने कहा कि 1991 में भारतीय अर्थव्यवस्था के सबसे कठिन दौर में देश को आर्थिक संकट से उबारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, उनके द्वारा शुरू किए गए उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण जैसे आर्थिक सुधारों ने भारत को वैश्विक मंच पर एक उभरती हुई आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित किया। उन्होंने कहा 2004 से 2014 तक देश के प्रधानमंत्री के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह ने स्थिरता और प्रगति का नेतृत्व किया। उनके कार्यकाल में अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू हुई डॉ. सिंह के नेतृत्व ने न केवल आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक सुधारों की दिशा में भी ठोस कदम उठाए।

संगठन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुहम्मद यूनुस ने कहा डॉ. मनमोहन सिंह अपने शांत, सौम्य और संयमित स्वभाव के लिए जाने जाते थे। उन्होंने कभी विवादों में उलझने के बजाय अपने कार्यो से उत्तर दिया। उनका मानना था कि राजनीति का उद्देश्य सत्ता पाना नहीं, बल्कि जनता की सेवा करना है। उन्होने कहा डॉ. सिंह की नीतियां और योजनाएं वंचित और उपेक्षित वर्गो को सशक्त करने के लिए समर्पित थीं। उनके कार्यो ने पसमांदा मुस्लिम समाज सहित अन्य पिछड़े वर्गो को नई दिशा दी। श्री यूनुस ने कहा कि ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज डॉ. मनमोहन सिंह के निधन को देश और समाज के लिए अपूरणीय क्षति मानता है। संगठन उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करता है।

# वेलवेट आउटफिट को स्टाइल करते समय ना करें ये गलतियां

ठंड के मौसम में हम सभी की स्टाइलिंग का तरीका काफी बदल जाता है। वेलवेट सर्दियों में सबसे ज़्यादा पसंद किया जाने वाला कपड़ा है। यह ना केवल बेहद ही सॉफ्ट और कंफर्टेबल है, बल्कि इससे आपको एक रॉयल लुक भी मिलता है। हालांकि, कई बार यह देखने में आता है कि हम सभी वेलवेट को स्टाइल करते समय कुछ छोटी-छोटी गलतियां कर बैठते हैं, जिससे आपका ओवर ऑल लुक बिगड़ जाता है। मसलन, अगर आप अपर वियर और बॉटम वियर, दोनों में ही वेलवेट को चुनते हैं तो इससे शायद आपका लुक अजीब लगे। वेलवेट को वास्तव में बैलेंस करके पहनना बेहद जरूरी है। आप इसे कैजुअल से लेकर पार्टी तक का हिस्सा बना सकती हैं, बस वेलवेट से जुड़ी स्टाइलिंग मिसटेक्स से बचना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी ही गलतियों के बारे में बता रहे हैं जिसे अक्सर लोग वेलवेट स्टाइल करते हुए कर बैठते हैं-



### बहुत ज्यादा वेलवेट पहनना

वेलवेट काफी क्लासी लुक देता है, लेकिन सिर से लेकर पैर तक वेलवेट से खुद को ओवरलोड कर देना आपके लुक को बिगाड़ सकता है। वेलवेट ब्लेज़र, ड्रेस या पैंट बहुत खूबसूरत लगते हैं, लेकिन इन सबको एक साथ पहनना सही नहीं माना जाता। कोशिश करें कि आप अपने स्टेटमेंट आइटम के रूप में एक वेलवेट पीस चुनें। उदाहरण के लिए, अगर आप वेलवेट पैंट पहन रहे हैं, तो टेक्सचर को बैलेंस करने के लिए इसे सिल्क ब्लाउज़ या सिंपल कश्मीरी स्वेटर के साथ पहनें।

### कलर में गड़बड़ करना

वेलवेट को स्टाइल करते समय आपको उसके कलर्स पर भी ध्यान देना चाहिए। वेलवेट फैब्रिक में रिच व डीप शेड्स काफी अच्छे लगते हैं, लेकिन अगर आप नियॉन या बहुत ज़्यादा चमकीले शेड्स चुनते हैं तो इससे आपका लुक खराब हो सकता है। इसी तरह, अगर आप डल टोन चुनती हैं तो इससे भी आपका लुक अच्छा नहीं आता है। वेलवट में आप एमरल्ड ग्रीन, बरगंडी, नेवी या क्लासिक ब्लैक जैसे गहरे, ज्वेल टोन पहनने की कोशिश करें।

### ओकेजन को नजरअंदाज करना

वेलवेट को आप कैजुअल्स से लेकर पार्टी वियर किसी भी ओकेजन पर स्टाइल कर सकती हैं, बस आपका तरीका सही होना चाहिए। उदाहरण के लिए, कैजुअल कॉफ़ी मीटअप के लिए वेलवेट इवनिंग गाउन आपके लुक को ओवर दिखाएगा। कैजुअल आउटिंग के लिए आप हाई-वेस्ट जींस के साथ वेलवेट कैमिसोल पहनें। इसी तरह, फॉर्मल इवेंट के लिए वेलवेट ड्रेस और हील्स को स्टाइल किया जा सकता है।

# पंजाबी वेडिंग के लिए चाहिए पटोला लुक तो कैरी करें ऑक्सीडाइज झुमके, यहां देखें कलेक्शन

महिलाएं अपने आउटफिट के साथ-साथ मेकअप, हेयरस्टाइल और ज्वेलरी का भी खास ख्याल रखती हैं। तब कहीं जाकर उनका लुक कंप्लीट होता है। कई बार आउटफिट बहुत अच्छा होता है, लेकिन सिंपल एक्सेसरीज के साथ लुक में मजा नहीं आता है। ऐसे में हमेशा सही चीजों का चयन करना बेहद जरूरी होता है। बात की जाए अगर पंजाबी वेडिंग की, तो आपको पटोला लुक पाने के लिए अट्रैक्टिव चीजें वियर करनी पड़ती हैं। ऐसे में आज हम इस आर्टिकल के जरिए आपको ऑक्सीडाइज झुमकों का कलेक्शन दिखाने जा रहे हैं। इन ऑक्सीडाइज झुमकों को आप पंजाबी वेडिंग में सलवार सूट संग कैरी कर अपने लुक में चार चांद लगा सकती हैं।

आप वेडिंग सीजन में एक्ट्रेस संजना सांघी के जैसे बिग डबल लेयर पर्ल बीड्स झुमके पहनकर खुद को



एलीगेंट लुक दे सकती हैं। यह झुमके पटियाला सूट के साथ खूब अच्छे लगते हैं। यह झुमके आपको एथनिक टच देने के साथ आपका लुक चांद की तरह निखर आएगा।

### स्माल सर्कल शेप झुमके

एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने स्मॉल सर्कल शेप झुमकी एलिगेंट लुक देती हैं। अगर आप फेस ब्रॉड है, तो एक्ट्रेस की तरह स्मॉल झुमकी को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की झुमकी इयररिंग्स पेंट सूट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। आप इसको कैरी करके बेहद खूबसूरत नजर आएंगी। इसके साथ आप मिनिमल मेकअप और हेयर स्टाइल बना सकती हैं।

### गजरा बीड्स झुमकी

इसके साथ ही आप ऐसी गजरा बीड्स झुमकी एकदम ट्रेडिशनल टच देने का काम करेंगी। आप पंजाबी वेडिंग के लिए इस तरह के झुमके पहन सकती हैं। लोकल मार्केट और ऑनलाइन में आपको इस तरह की झुमकियां आसानी से मिल जाएंगी। यह आपको कम दाम 100 रुपए से 500 रुपए तक में आसानी से मिल जाएंगे।

### चांद बाली झुमके

पंजाबी वेडिंग में सलवार-सूट के संग इस तरह के चांद बाली झुमके आपकी खूबसूरती को बढ़ाने का काम करेंगे। आप भीड़ में एकदम अलग नजर आएंगी। आप चांद बाली झुमके न सिर्फ सूट बल्कि साड़ी पर भी पहन सकती हैं। ऑनलाइन ऐसे झुमके आसानी से मिल जाएंगे। वहीं अगर पैसे की बात की जाए, तो आपको 1000 रुपए के अंदर ऐसे झुमके मिल जाएंगे।

# वेडिंग सीजन में हाथों की सुंदरता बढ़ाने के लिए कराएं ये नेल आर्ट, यहां देखें डिजाइंस

घर में शादी हो तो हम सभी को अच्छे से तैयार होने का मौका मिल जाता है। खासकर जब शादी बड़ी बहन की हो, तो वह अपने साथ आपके लुक का भी खास ख्याल रखती हैं। लेकिन जब बात नेल आर्ट की आती है, तो कई बार समय न होने के कारण हम इसे टाल जाते हैं। या फिर कोई अच्छी डिजाइन नहीं मिल पाती है। ऐसे में आप अपनी बहन की शादी के फंक्शन से कुछ दिन पहले ही सबसे अलग और अट्रैक्टिव नेल आर्ट करवा सकती हैं। इससे आपको बाद में अचानक से भागने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी और आपके हाथ भी सुंदर नजर आएंगे। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी ही नेल आर्ट डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको कराने के बाद आपके हाथ बहुत खूबसूरत नजर आएंगे।



नेल आर्ट

### बहन और जीजू के पिक्चर वाली

अगर आप अपनी बहन से प्यार करती हैं, तो आप बहन और जीजू के पिक्चर वाली नेल आर्ट करवा सकती हैं। इस तरह के नेल आर्ट कराने से आपको हाथ सुंदर दिखेंगे। इस नेल आर्ट डिजाइन में सबसे पहले नेल्स पर बेस कलर लगाया जाता है। फिर बारीक ब्रश की मदद से लड़के और लड़की की डिजाइन क्रिएट किया जाता है। अब इसमें अलग-अलग कलर और ग्लिटर लगाया जाता है। फिर जेल नेल पेंट से नेल आर्ट को कंप्लीट किया जाता है। ऐसे में आप भी यह नेल आर्ट डिजाइन ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपके हाथ सुंदर दिखेंगे।ऑनलाइन आर्ट कोर्स

### मार्बल और ग्लिटर डिजाइन वाली नेल आर्ट

अगर आप ऐसा नेल आर्ट करवाना चाहती हैं, जो हम ड्रेस पर अच्छी लगे। तो इसके लिए आप मार्बल के साथ ग्लिटर नेल आर्ट करा सकती हैं। इस तरह की नेल आर्ट करवाने से आपके हाथ बहुत खूबसूरत नजर आएंगे। इसमें आपके कुछ नेल्स पर सिंपल कलर लगाया जाता है, तो वहीं दूसरी उंगली पर मार्बल टेक्सचर दिया जाता है। वहीं अन्य नेल्स पर ग्लिटर लगाया जाता है। फिर जेल नेल पेंट लगाकर इसको कंप्लीट किया जाता है। इस तरह की नेल आर्ट करना में आपके 3,000 से 4,000 रुपए खर्च करने होंगे।

### स्टोन डिजाइन वाली नेल आर्ट

आप चाहें तो हाथों में स्टोन डिजाइन वाली नेल आर्ट भी करवा सकती हैं। इस तरह की नेल आर्ट में आपके हाथ सिंपल लेकिन बहुत ज्यादा सुंदर नजर आएंगे। आप अपनी आउटफिट के मैचिंग कलर से नेल आर्ट करवा सकती हैं। इसमें स्टोन को साइड वाले डिजाइन में पेस्ट करवाएं और ग्लिटर से शाइन एड करवाएं। फिर जेल पेंट लगाकर इसको कंप्लीट करें। इस तरह से नेल आर्ट कंप्लीट हो जाएगा।

# सुबह-सुबह खाली पेट इन दो चीजों के खाने से बाल झड़ने बंद हो जाएंगे, जानें कैसे सेवन करें


खराब जीवनशैली और गलत खानपान की वजह से बाल झड़ने की समस्या देखने को मिल रही है। महंगे-महंगे प्रोडक्ट्स भी यूज कर लिए तब भी बाल झड़ने की समस्या दूर नहीं होती है। बाजार में हेयरफॉल रोकने के लिए कई गमी मिल रही है, जो काफी महंगी होती है। लेकिन फिर भी बाल झड़ने की समस्या नहीं रुक रही है, तो आप भी रोजाना इन दो चीजो का सेवन कर सकते है। क्या आप जानते हैं मेथी और आंवला पाउडर का इस्तेमाल किया जाता है। यह आपके बालों को भी मजबूत बना सकता है।

### सुबह-सुबह रोजाना खाली पेट सेवन करें ये दो चीजें

आयुर्वेदिक एक्सपर्ट ने बताया है कि पाउडर और मेथी के सेवन का एक देसी नुस्खा बताया है, जो बालों के लिए काफी लाभकारी है। चलिए आपको बताते हैं इसे कैसे खाएं।

### कैसे बनाएं मेंथी और आंवला का ड्रिंक

- सबसे पहले आप दो चम्मच मेथी के दाने को रात भर पानी में डालकर रख दें।
- फिर आप अगले दिन मेथी के दाने को आंवला पाउडर के साथ 15 मिनट के लिए उबालें।



- मिश्रण को ठंडा होने दें, इसे अच्छे से छानकर पानी पी लें और मेथी के दानों को खा लें।

### जानें इसके फायदे

### बालों की ग्रोथ बढ़ती है

मेथी में प्रोटीन होते हैं जबकि आंवला में विटामिन ष्ट और एंटीऑक्सीडेंट्स की उच्च मात्रा होती है, जो आपके बालों के रोम को मजबूत बनाकर उनकी वृद्धि में मदद करता है।

### बालों का झड़ना कम करना

मेथी और आंवले में ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो बालों को मजबूती प्रदान करता है और बाल झड़ने बंद हो जाते है।

### स्कैल्प के लिए लाभकारी

इन दोनों चीजों का सेवन करने से मेथी और आंवले में एंटीफंगल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, जो सिर के डैंड्रफ और खुजली की समस्या भी कम हो जाती है।

### बाल शाइनी होते हैं

मेथी और आंवले की ड्रिंक के सेवन करने से बालों को प्राकृतिक रुप से मुलायम और चमकदार बनाते हैं।

# क्या फेस वॉश करने के बाद चेहरा हो जाता है ड्राई, चेहरे पर लगाएं ये फेस पैक, स्किन होगी ग्लोइंग



विंटर के दौरान फेस क्लीन करने से स्किन ड्राई हो जाती है। जिसके बाद लड़के-लड़कियां स्किन केयर के कई प्रोडक्ट्स को फेस पर अप्लाई करते रहते हैं। सुबह-सुबह फेस वॉश करने से स्किन ड्राई हो जाती है। स्किन के नेचुरल ऑयल नहीं खोना चाहती है और स्किन को मुलायम बनाना चाहती हैं तो फेस वॉश के लिए किसी भी केमिकल वाले प्रोडक्ट का यूज कर सकते हैं। आप इस होममेड फेस पैक का यूज करें।

### सामग्री

-चावल का आटा
- हल्दी पाउडर
- दही

### कैसे बनाएं फेस पैक

- सबसे पहले आप चावल को मिक्सी में पीसकर पाउडर बना लें। फिर इसे छन्नी की मदद से छान लें। फिर आप इस पाउडर में एक चौथाई हल्दी मिलाकर अपने बाथरुम एक डिब्बे में बंद करके रख लें।

### कैसे लगाएं फेस पैक

- आपको यह रोज लगाना है। इसे लगाने के लिए आप एक चम्मच दही लें और उसमें तैयार चावल के आटे को मिक्स करें।

-फिर चेहरे पर लगा लें और 5 मिनट के लिए मसाज करते हुए छोड़ दें। जब ड्राई हो जाए पानी से मुंह धो लें।

-आप फेसवॉश की बजाय इस फेस पैक से चेहरे को धो लें। इससे स्किन शाइनी और मुलायम होगी।

# साड़ी में पाना चाहती हैं रॉयल लुक तो स्टाइल करें ये लेटेस्ट डिजाइंस वाली इयररिंग्स, लुक में लगेंगे चार चांद

कई खास मौकों पर महिलाएं खूबसूरत लुक पाने के लिए साड़ी पहनती हैं। लेकिन साड़ी में भी आपका लुक तभी अच्छा लगता है, जब आप इसके साथ परफेक्ट इयररिंग्स वियर करती हैं। आपको मार्केट में कई ऐसी इयररिंग्स मिल जाएंगी, जो आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करेंगी। लेकिन अगर आप फैशन के साथ स्टाइलिश लुक पाना चाहती हैं, तो आपको साड़ी के साथ लेटेस्ट डिजाइन वाली इयररिंग्स वियर करनी चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइन वाली इयररिंग्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें साड़ी पर वियर करने से आपको स्टाइलिश लुक मिलेगा।



### क्रिस्टल ड्रॉप इयररिंग्स

अगर आप भी साड़ी में रॉयल लुक पाना चाहती हैं, तो आपको क्रिस्टल ड्रॉप इयररिंग्स पहनना चाहिए। यह इयररिंग्स क्रिस्टल में हैं और इनमें स्टोन वर्क किया हुआ है, जो आपको रॉयल लुक देने का काम करेगा। आप साड़ी के साथ इस तरह की इयररिंग्स वियर कर सकती हैं। वहीं मार्केट में आपको 200-400 रुपए के बीच इस तरह की इयररिंग्स आसानी से मिल जाएंगी।

### कुंदन वर्क इयररिंग्स

अगर आप सिंपल साड़ी पहनने का सोच रही हैं और उसके साथ आपको हैवी ज्वेलरी पहननी है। तो आप कुंदन वर्क इयररिंग्स स्टाइल कर सकती हैं। यह इयररिंग्स लाइट वेट में होती हैं और इसमें आपका लुक निखरकर आएगा। आपको मार्केट में या फिर ऑनलाइन 300 रुपए तक इस तरह की इयररिंग्स मिल जाएंगी।फ़ैशन का सामान बेचने वाली सबसे अच्छी दुकानें

### रोज स्टाइल इयररिंग्स

अगर आप फ्लोरल या फिर लाइट कलर की साड़ी पहन रही हैं, तो आप रोज स्टाइल इयररिंग्स वियर कर सकती हैं। यह आपको न्यू लुक देने का काम करेंगे। इन इयररिंग्स में आपका लुक कमाल का लगेगा।

### मोर डिजाइन इयररिंग्स

अगर आप कुछ नया ट्राई करने की सोच रही हैं, तो आपको एक बार मोड डिजाइन वाले इयररिंग्स वियर करना चाहिए। यह न्यू लुक पाने के लिए बढ़िया विकल्प हो सकता है। बता दें कि मार्केट में आपको 300 रुपए तक में इस तरह की इयररिंग्स मिल जाएंगी।

# शादी में रीक्रिएट करें अदिति राव हैदरी का ब्राइडल लुक, लगेंगी बला की खूबसूरत



आजकल बॉलीवुड अभिनेत्री अदिति राव हैदरी अपनी शादी को लेकर सोशल मीडिया पर काफी ट्रेंड में हैं। एक्ट्रेस का साउथ इंडियन ब्राइडल लुक ट्रेंड किया था। साउथ इंडियन ब्राइडल लुक में एक्ट्रेस ने साड़ी स्टाइल की थी। जिसमें वह बेहद खूबसूरत नजर आ रही थीं। यह उनका दूसरा शादी लुक था। आप चाहें तो अपनी शादी के लिए यह लुक रीक्रिएट कर सकती हैं। इस तरह के लुक में आप बेहद रॉयल नजर आएंगी। वहीं एक्ट्रेस ने बेहद खूबसूरत रेड कलर का लहंगा स्टाइल किया है। साथ ही उन्होंने काफी सुंदर ज्वेलरी वियर किया था। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी के लुक्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिसे आप भी अपनी वेडिंग लुक के लिए रीक्रिएट कर सकती हैं।

### एक्ट्रेस का रेड लहंगा लुक

हाल ही में एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रही हैं। एक्ट्रेस ने रेड कलर का लहंगा वियर किया है। लहंगे में एक्ट्रेस का लुक काफी अच्छा लग रहा है। इसको डिजाइनर सब्यसाची ने डिजाइन किया है। एक्ट्रेस के लहंगे में गोटा वर्क का इस्तेमाल किया गया है। वहीं इस लहंगे के साथ प्लेन डिजाइन बनवाया है और दुपट्टा भी वियर किया है। दुपट्टे के बॉर्डर में भी बॉर्डर वर्क पर गोटे का इस्तेमाल किया गया है। एक्ट्रेस इस लुक में बला की खूबसूरत लग रही हैं। ऐसे में अगर आप की भी हाल ही में शादी होने वाली है, तो आप भी इस तरह का लहंगा वियर कर सकती हैं। इस तरह के लहंगे काफी ट्रेंड में हैं, जिसको वियर करने पर आप भी बेहद खूबसूरत लगेंगी।

### स्टाइल करें रॉयल ज्वेलरी

अभिनेत्री अदिति राव हैदरी ने अपने लहंगा लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए कुंदन वर्क ज्वेलरी वियर की है। इस लुक के लिए एक्ट्रेस ने चोकर सेट, झुमके वाले इयररिंग्स और माथा पट्टी के साथ मांग टीका पहना है। इसके साथ एक्ट्रेस ने अपने मोती वाले डिजाइन की नथ को वियर किया है। वहीं हाथों में पहनने के लिए अलग-अलग डिजाइन की रिंग पहनी थीं। इसमें एक्ट्रेस का लुक काफी अच्छा लग रहा था।

### ऐसे क्रिएट करें हेयर स्टाइल

आप भी अपने लुक को खूबसूरत बनाने के लिए ब्रेड हेयर स्टाइल क्रिएट कर सकती हैं। मेकअप लुक के साथ इस तरह की हेयर स्टाइल अच्छी लगेगी। एक्ट्रेस अदिति राव ने आंखों को रेड कलर के साथ क्रिएट किया है। वह इस लुक में किसी महारानी से कम नहीं लग रही हैं। ऐसे में आप भी अपनी शादी के लिए ऐसा लुक चुन सकती हैं। वहीं फैब्रिक लेकर आप लहंगा डिजाइन करवा सकती हैं। एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी के वेडिंग लुक के लिए आप इनके लहंगे से भी आइडिया ले सकती हैं। आप इस लुक में बेहद खूबसूरत और गॉर्जियस नजर आएंही। आप इस तरह के लहंगे के साथ ही एक्ट्रेस की तरह ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं। इससे आपको भी रॉयल लुक मिलेगा।

# सर्दियों में फटे होंठों को मुलायम बनाने के लिए घी और नारियल तेल से बनाएं लिप बाम



सर्दी में स्किन के साथ ही होठों की केयर करना भी काफी जरुरी है। क्योंकि सर्दी में स्किन के साथ ही होठ भी सबसे ज्यादा ड्राई होते है। कई बार ड्राइनेस के चक्कर में होठों से खून भी निकालने लगता है। वैसे तो बाजार लिप केयर के कई प्रोडक्ट्स मिलते है जैसे कि - लिप बाम, लिप स्क्रब और लिप ऑयल। हालांकि, यह कुछ ही घंटे के लिए ठीके होते हैं। इसके बाद होठ फिर से सूख जाते है। अगर आप अपने होठों का ध्यान रखना चाहती है, तो बता दें कि इस आर्टिकल में हम आपके लिए लेकर आए है सर्दियों में होठ को मुलायम बनाने के लिए घी और नारियल के तेल का बना हुआ लिप बाम।

### घी से बनाएं लिप बाम

इसके लिए चुकंदर को कद्दूकस करें और फिर इसे सूती कपड़े डालें और अच्छे से निचोड़ ले। फिर इस रस में घी डालें और अच्छी तरह से मिक्स कर लें। फिर इसे आप एक कंटेनर में डालें और फ्रीजर में कुछ देर के लिए रख दें। आप चाहे तो इसमें विटामिन ई कैप्सूल भी डाल सकते हैं। क्योंकि इसमें चुकंदर का यूज किया जाता है, तो यह बाम आपके गुलाबी होठ कर देगा।

### नारियल तेल से बनाएं लिप बाम

नारियल तेल से भी आप लिप बाम बनाकर तैयार कर सकते हैं। सबसे पहले एक चम्मच बीवैक्स को पिघलाएं और इस पिघली वैक्स में एक चम्मच नारियल तेल भी डालें। फिर आप इसमें शहद और विटामिन ई कैप्सूल डालकर अच्छे से मिलाएं। इसे कंटेनर में डालें और फिर इसका प्रयोग कर सकते हैं। बेहतरीन रिजल्ट पाने के लिए स्क्रब इस्तेमाल के बाद इस बाम को लगाएं।

# लहंगे में लासी और ग्लैमरस लुक पाने के लिए बेस्ट हैं ये न्यू डिजाइंस चोकर सेट, आप भी करें ट्राई

महिलाओं और लड़कियों को लहंगा कैरी करना बहुत पसंद है। वहीं महिलाएं लहंगे में अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए ज्वेलरी कैरी करती हैं। लेकिन स्टाइलिश लुक पाने के लिए जरूरी है कि आप सही ज्वेलरी का चुनाव करें। हालांकि ज्वेलरी में आपको कई सारे पैटर्न मिल जाएंगे। लेकिन अगर आप कुछ नया ट्राई करना चाहती हैं, तो आप चोकर स्टाइल सेट वियर कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ न्यू डिजाइंस वाले चोकर सेट दिखाने जा रहे हैं। आप लहंगे के साथ खूबसूरत, ग्लैमरस और स्टाइलिश लुक पाने के लिए न्यू डिजाइंस वाले चोकर सेट वियर कर सकती हैं।



### स्टोन वर्क चोकर सेट

आप लहंगे के साथ स्टोन वर्क चोकर वियर कर सकती हैं। यह न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। इस तरह के चोकर सेट में स्टोन वर्क किया हुआ है। साथ ही इस सेट में मोती लगे हुए हैं। आप मार्केट में 400 रुपए तक इस तरह का चोकर सेट खरीद सकती हैं।

### पर्ल वर्क चोकर

अगर आप हैवी वर्क और लाइट कलर का लहंगा वियर कर रही हैं, तो आपको पर्ल वर्क चोकर सेट पहनना चाहिए। यह आपको स्टाइलिश और खूबसूरत लुक देने का काम करेगा। इस चोकर सेट में स्टोन और मोती है। यह आपके लुक को रॉयल बनाएगा। आप ऑनलाइन और ऑफलाइल दोनों जगह से 500 रुपए में इस तरह का चोकर सेट ले सकती हैं।

### कुंदन वर्क चोकर

अगर आप डार्क कलर का लहंगा पहन रही हैं, तो आप कुंदन वर्क वाला चोकर सेट वियर कर सकती हैं। यह न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है। इस सेट में मोती वर्क है और यह आपके लुक को स्टाइलिश बनाएगा। आप मार्केट में 600 रुपए तक की कीमत में इस तरह का चोकर सेट ले सकती हैं।

### सिंपल चोकर सेट

अगर आप सिंपल लुक पाना चाहती हैं, तो आप सिंपल चोकर सेट पहन सकती हैं। यह आपको न्यू लुक देने के लिए बेस्ट ऑप्शन साबित हो सकता है।

## टीएमसी नेता बनकर पांच लाख ठगने की कोशिश, तीन आरोपी गिरफ्तार



**कोलकाता** पुलिस अधिकारी ने बताया, आरोपियों ने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल करके विभिन्न सुविधाएं दिलाने का झूठा वादा करके 5 लाख रुपये की मांग की। आरोपियों ने व्यक्ति को धोखा देने के लिए अभिषेक बनर्जी के साथ वाली अपनी तस्वीर व्हाट्सएप नंबर की प्रोफाइल पिक्चर के रूप में लगाई हुई है। कोलकाता पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इन लोगों ने तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी के कार्यालय के पदाधिकारी बनकर एक व्यक्ति से पांच लाख रुपये ठगने की कोशिश की। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पूर्व बर्धमान जिले के कलना निवासी एक 64 वर्षीय व्यक्ति ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया कि कुछ आरोपियों ने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल करके विभिन्न सुविधाएं प्रदान करने का झूठा वादा करके पैसों की मांग की थी।

शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गुरुवार को एमएलए हॉस्टल से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि, आरोपियों ने तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी के कार्यालय के पदाधिकारी बनकर शिकायतकर्ता को जाली दस्तावेजों के साथ गुमराह किया। अधिकारी ने बताया, उन्होंने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल करके विभिन्न सुविधाएं दिलाने का झूठा वादा करके 5 लाख रुपये की मांग की। आरोपियों ने व्यक्ति को धोखा देने के लिए अभिषेक बनर्जी के साथ वाली अपनी तस्वीर व्हाट्सएप नंबर की प्रोफाइल पिक्चर के रूप में लगाई हुई है। पुलिस ने बताया कि 25 दिसंबर को बीएनएस अधिनियम, 2023 की विभिन्न धाराओं के तहत कलना पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था, जिसकी जांच चल रही है।

## युवक ने पत्नी और बेटे की चाकू मारकर की हत्या, घरेलू विवाद में माता-पिता और खुद पर भी किया हमला

**सरपंच**

**महाराष्ट्र में अब एक और सरपंच पर हमला हुआ है। धाराशिव जिले में चार लोगों ने एक सरपंच की कार का शीशा तोड़ दिया।**




**सूरत।** सूरत में घरेलू विवाद के बाद एक युवक ने अपनी पत्नी और बेटे की चाकू मारकर हत्या कर दी। युवक ने अने माता-पिता पर भी हमला किया। साथ ही खुद भी जान देने की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि युवक चाचा के परिवार की ओर से संबंध तोड़े जाने से नाराज था। गुजरात के सूरत में घरेलू विवाद के बाद एक युवक ने अपनी पत्नी और बेटे की चाकू मारकर हत्या कर दी। युवक ने अने माता-पिता पर भी हमला किया। साथ ही खुद भी जान देने की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि युवक चाचा के परिवार की ओर से संबंध तोड़े जाने से नाराज था। एसपी विपुल पटेल ने बताया कि सूरत शहर के सरथाना निवासी स्मित जिवाणी ने घर पर अपनी पत्नी हीरल (30), बेटे चाहत (4), मां विलासबेन और पिता लाभुभाई को चाकू मार दिया। परिवार के सदस्यों पर चाकू से हमला करने के बाद जिवानी ने अपनी गर्दन काटकर खुद भी जान देने की कोशिश की। हमले में हीरल और चाहत की मौत हो गई। जबकि जिवानी और उसके माता-पिता घायल हो गए और तीनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस ने बताया कि जिवानी मानसिक रूप से परेशान था, क्योंकि उसके मृतक चाचा के परिवार ने उससे संबंध तोड़ लिए थे और उसे तथा उसके परिवार को उनके घर आने से मना किया था। कारणों की गहन जांच की जा रही है। महाराष्ट्र में अब एक और सरपंच पर हमला हुआ है। धाराशिव जिले में चार लोगों ने एक सरपंच की कार का शीशा तोड़ दिया।

साथ ही कार के अंदर पेट्रोल से भरा कंडोम फेंका। हमले में सरपंच समेत एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक गुरुवार रात को मेसाई जवालगा के सरपंच नामदेव निकम अपनी एसयूवी कार में बारुल से गांव की ओर जा रहे थे। इस दौरान तुलजापुर के पास दो बाइक पर सवार चार लोग आए। बाइक सवारों ने कार के शीशे पर अंडे फेंकने शुरू कर दिए। इसके बाद पत्थर से हमला कर कार का शीशा तोड़ दिया।

पुलिस ने कहा कि हमलावरों ने कार के अंदर पेट्रोल से भरा कंडोम भी फेंका। तुलजापुर पुलिस ने सरपंच की शिकायत के आधार पर चार अज्ञात हमलावरों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है।

## महाराष्ट्र में एक और सरपंच पर हमला, चार लोगों ने कार पर फेंके अंडे और शीशा तोड़ा

**मुंबई।** धाराशिव जिले में चार लोगों ने एक सरपंच की कार का शीशा तोड़ दिया। साथ ही कार के अंदर पेट्रोल से भरा कंडोम फेंका। हमले में सरपंच समेत एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। महाराष्ट्र में अब एक और सरपंच पर हमला हुआ है। धाराशिव जिले में चार लोगों ने एक सरपंच की कार का शीशा तोड़ दिया। साथ ही कार के अंदर पेट्रोल से भरा कंडोम फेंका। हमले में सरपंच समेत एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक गुरुवार रात को मेसाई जवालगा के सरपंच नामदेव निकम अपनी एसयूवी कार में बारुल से गांव की ओर जा रहे थे। इस दौरान तुलजापुर के पास दो बाइक पर सवार चार लोग आए। बाइक सवारों ने कार के शीशे पर अंडे फेंकने शुरू कर दिए। इसके बाद पत्थर से हमला कर कार का शीशा तोड़ दिया। पुलिस ने कहा कि हमलावरों ने कार के अंदर पेट्रोल से भरा कंडोम भी फेंका।

तुलजापुर पुलिस ने सरपंच की शिकायत के आधार पर चार अज्ञात हमलावरों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। सरपंच निकम ने बताया कि वह पुणे में रहता है और सप्ताह में दो से तीन बार गांव आता है। मेसाई जवालगा में उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच चल रही है। बता दें कि नौ दिसंबर को मासाजोंग गांव के सरपंच संतोष देशमुख को अपहरण कर उनकी हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस अबतक चार लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों में से एक विष्णु चाटे ने जिले में पवनचक्की स्थापित करने वाली एक ऊर्जा कंपनी से दो करोड़ रुपये की मांग की थी और मांग पूरी नहीं होने पर उसने कंपनी का परिचालन बंद करने की धमकी दी थी। सरपंच संतोष देशमुख ने इस मामले में हस्तक्षेप कर जबरन वसूली को रोकने की कोशिश की। आरोपियों ने सरपंच का पहले अपहरण किया और बाद उन्हें प्रताड़ित कर हत्या कर दी। इस मामले में विपक्ष ने आरोप लगाया कि इस पूरे हत्याकांड के पीछे वाल्मीक कराड का हाथ है। उन्होंने दावा किया कि कराड धनंजय मुंडे का करीबी है। कराड को इस हत्या के मामले में आरोपी नामित नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सरपंच की हत्या मामले में न्यायिक जांच की घोषणा की।

## एक और आतंकी हमला हुआ तो पाकिस्तान के खिलाफ करेंगे कार्रवाई: जब दिखा मनमोहन सिंह का सख्त रुख

**मुंबई।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह नहीं रहे। 92 साल की उम्र में उनका दिल्ली एम्स में निधन हो गया। मनमोहन सिंह प्रखर अर्थशास्त्री थे। 1991 में देश में शुरू किए गए आर्थिक उदारीकरण के वे शिल्पकार रहे। 2004 से 2014 तक वे प्रधानमंत्री रहे। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरन ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का एक संस्मरण साझा किया है।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह काफी विनम्र थे, लेकिन देश में हुए आतंकी हमलों के खिलाफ उनका सख्त रवैया भी दिखा। जुलाई 2011 में मुंबई में हुए बम धमाकों के बाद तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह ने कहा था कि अगर दोबारा ऐसा कोई हमला होता है भारत पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करेगा। इस वाकये का जिक्र ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरन ने किया है। पूर्व ब्रिटिश पीएम कैमरन ने 2019 में आई अपनी किताब %फॉर द रिकॉर्ड में लिखा कि प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ मेरे अच्छे संबंध थे। वह एक संत पुरुष थे, लेकिन भारत के सामने आने वाले खतरों के बारे में वह सख्त थे। एक यात्रा पर उन्होंने मुझसे कहा था कि जुलाई 2011 में मुंबई जैसे एक और आतंकी हमले की स्थिति में भारत को पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करनी होगी। 2013 में अमृतसर की यात्रा के दौरान तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री डेविड कैमरन ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के साथ चर्चा के दौरान 1919 में हुए जलियांवाला बाग हत्याकांड को ब्रिटिश इतिहास की बेहद शर्मनाक घटना बताया था। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह नहीं रहे। 92 साल की उम्र में उनका दिल्ली एम्स में निधन हो गया। उन्हें उम्र संबंधी दिक्कतों की वजह से गुरुवार रात 8:06 बजे एम्स में भर्ती कराया गया था।

## ठाणे में लड़की का अपहरण कराने के आरोप में 12 लोगों पर केस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे में एक लड़की का अपहरण करने और उसे शादी के लिए मजबूर करने के आरोप में 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उनमें से सात की पहचान कर ली गई है। 18 वर्षीय शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसे सबसे पहले मंदिर दर्शन के बहाने गुजरात में नवसारी ले जाया गया था। उसके बाद उसे एक रिश्तेदार के घर पर ले जाया गया। लड़की ने नाबालिग को बताया कि रिश्तेदार उसपर एक आरोपी से शादी के लिए दबाव बनाने लगे। 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। ठाणे में उत्पाद शुल्क विभाग में नौकरी हासिल करने के लिए सरकारी अधिकारी के नाम वाले फर्जी पत्र का इस्तेमाल करने के आरोप में ठाणे पुलिस ने एक मामला दर्ज किया है।

## ट्रंप ने कई मुद्दों पर की बयानबाजी

**नई दिल्ली।** ट्रंप ने हाल ही में कनाडा पर भारी-भरकम टैरिफ लगाने, पनामा नहर पर कब्जा करने और ग्रीनलैंड को लेकर बयानबाजी की है। साफ है कि ट्रंप की कई योजनाएं हैं। ट्रंप ने ट्रांसजेंडर्स और अवैध अप्रवासन को लेकर भी बयानबाजी की है। साल 2024 में अब कुछ ही दिन बाकी हैं। ये साल कई मायनों में चौंकाने वाला साल रहा और भारत के पड़ोस में भी कई नाटकीय घटनाक्रम हुए। बहरहाल अब लोग 2025 के स्वागत के लिए तैयार है। साथ ही इस बात की भी चर्चा है कि अगले साल राजनीतिक और वैश्विक स्तर पर कौन सी ऐसी बातें हैं, जिन पर सभी का ध्यान रहेगा। तो आइए जानते हैं कि किन-किन चीजों पर 2025 में दुनिया की नजरें रहेंगी। डोनाल्ड ट्रंप दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं। ट्रंप ने डेमोक्रेट उम्मीदवार कमला हैरिस को हराकर चुनाव जीता था और 20 जनवरी को वे राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले हैं। ट्रंप के पुराने रिकॉर्ड और उनके हालिया बयानों को देखते हुए ट्रंप के कार्यकाल पर सभी की नजरें रहेंगी। ट्रंप की कैबिनेट में कई ऐसे नाम हैं, जिन पर भी लोगों की नजरें रहेंगी, उनमें दिग्गज उद्योगपति एलन मस्क का नाम भी शामिल हैं, जिन्हें ट्रंप ने सरकार के खर्चे कम करने की जिम्मेदारी दी है। ट्रंप ने हाल ही में कनाडा पर भारी-भरकम टैरिफ लगाने, पनामा नहर पर कब्जा करने और ग्रीनलैंड को लेकर बयानबाजी की है। साफ है कि ट्रंप की कई योजनाएं हैं। ट्रंप ने ट्रांसजेंडर्स और अवैध अप्रवासन को लेकर भी बयानबाजी की है। ऐसे में ट्रंप के कार्यकाल के शुरुआती दिनों में सभी की निगाहें रहेंगी। इस साल बांग्लादेश और सीरिया में तख्तापलट ने पूरी दुनिया को चौंकाया। साथ ही श्रीलंका में अनुरा कुमारा दिसानायके को प्रचंड जीत मिली। पाकिस्तान में भी पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी द्वारा लगातार बगावत का बिगुल फूंका जा रहा है। ऐसे में पाकिस्तान में भी राजनीतिक

**योजनाएं**

**साफ है कि ट्रंप की कई योजनाएं हैं। ट्रंप ने ट्रांसजेंडर्स और अवैध अप्रवासन को लेकर भी बयानबाजी की है।**

संकट लगातार गहरा रहा है। यूरोप, फ्रांस और जर्मनी में सरकारें अल्पमत में चल रही हैं और वहां भी राजनीतिक संकट बढ़ रहा है। वहीं पश्चिम एशिया का संकट अभी भी बना हुआ है और रूस-यूक्रेन युद्ध लगातार जारी है और इसके बढ़ने की आशंका बनी हुई है। ऐसे में नए साल में वैश्विक भू-राजनीति पर भी नजरें बनी हुई हैं और नए साल में भी कुछ चौंकाने वाले घटनाक्रम देखने को मिल सकते हैं। 13 जनवरी से कुंभ मेले की शुरुआत हो रही है, जो फरवरी तक चलेगा। कुंभ मेला दुनिया का सबसे



बड़ा मेला है, जहां करोड़ों लोग आते हैं। अगले कुंभ मेले में भी करीब 40 करोड़ लोगों को आने की उम्मीद है। हर तीन साल में लगने वाला कुंभ मेला गंगा, यमुना और सरस्वती नदी के तट पर लगता है। यूनेस्को ने कुंभ मेले को सांस्कृतिक विरासत के रूप में वर्गीकृत किया है। पिछली बार कुंभ मेला साल 2013 में आयोजित हुआ था, तब इसमें 12 करोड़ लोग शामिल हुए थे। हिंदुओं का मानना है कि कुंभ मेले के दौरान संगम में डुबकी लगाने से उनके पाप धुल जाते हैं। अगले साल की राजधानी दिल्ली और बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं। विधानसभा चुनाव के साथ ही ये चुनाव भारतीय राजनीति के तीन ब्रांड्स के बीच का भी चुनाव माना जा रहा है, जिनमें पीएम मोदी, नीतीश कुमार और अरविंद केजरीवाल का नाम शामिल है। बीते करीब दो दशकों से बिहार के सीएम पद पर काबिज नीतीश कुमार के लिए आगामी विधानसभा चुनाव एक बड़ी परीक्षा है। नीतीश के साथ ही तेजस्वी यादव के लिए भी अपनी ताकत साबित करने के लिए आगामी चुनाव अहम होंगे।

आबकारी नीति मामले में जेल जाने के बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी का काफी कुछ दांव पर है। ये चुनाव पीएम मोदी की ब्रांड वैल्यू के लिहाज से भी अहम होंगे। सरकार ने बीते शीतकालीन सत्र में एक देश एक चुनाव विधेयक पेश कर दिया है। फिलहाल संसद की संयुक्त समिति इस पर चर्चा करेगी। अगले साल इस विधेयक के पारित होने की उम्मीद है।

## फिनलैंड ने कब्जे में लिया रूसी जहाज, समुद्र के नीचे बिजली की आपूर्ति करने वाली केबल को काटने का आरोप



**हेलसिंकी।** फिनलैंड ने एक रूसी तेल टैंकर को हिरासत में लिया है, जिस पर समुद्र के नीचे बिजली की आपूर्ति करने वाली केबल काटने का शक है। हाल ही में फिनलैंड और एस्तोनिया के बीच बिजली आपूर्ति करने वाली केबल का संपर्क टूट गया था। फिनलैंड के अधिकारियों ने गुरुवार को एक तेल टैंकर को कब्जे में लिया। आरोप है कि इस तेल टैंकर ने समुद्र के नीचे की महत्वपूर्ण केबलों को नुकसान पहुंचाया है। यह रूस का हो सकता है। यह तेल टैंकर उस शैडो बेड़े का हिस्सा हो सकता है, जिसे पश्चिम देशों के प्रतिबंधों से बचने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। फिनलैंड की पुलिस ने एक बयान में पुष्टि की कि उन्होंने ईगल एस नामक टैंकर को अपने जलक्षेत्र में पकड़ लिया। यह जहाज रूस के सेंट पीटर्सबर्ग से मिस्र के पोर्ट सईद जा रहा था। बयान में बताया गया है कि कि पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या यह जहाज बुधवार को हुई उस घटना में शामिल था, जिसमें फिनलैंड और एस्तोनिया के बीच समुद्री के नीचे बिजली की आपूर्ति करने वाली एस्टलिंक-2 केबल को काट दिया गया था।

इस घटना के बाद फिनलैंड की प्रधानमंत्री ने बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया था कि एस्टलिंक 2 विद्युत संचार संपर्क आज दोपहर टूट गया है। अधिकारी क्रिसमस के दौरान सतर्क हैं और मामले की जांच कर रहे हैं। हालांकि, यह संपर्क बंद होने से फिनलैंड में बिजली की आपूर्ति पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

एस्टलिंक-2 के जरिए फिनलैंड और एस्तोनिया के बीच होने वाला विद्युत संचार संपर्क बुधवार को टूट गया था। इसकी मरम्मत और जांच फिनलैंड और एस्तोनिया के ट्रांसमिशन सिस्टम ऑपरेटर एलरिंग और अन्य अधिकारियों ने मिलकर की। गुरुवार को फिनलैंड की ट्रांसमिशन ग्रिड कंपनी फिनग्रिड ने एक बयान में पुष्टि की कि समस्या समुद्र के नीचे केबल में थी।

फिनलैंड एस्तोनियां, स्वीडन और नॉर्वे जैसे देशों के साथ बिजली के कनेक्शन हैं, जिससे वह इन देशों से बिजली का आदान-प्रदान करता है। इनमें एक कनेक्शन एस्टलिंक-2 फिनलैंड और एस्तोनिया के बीच स्थित है। इस कनेक्शन की कुल क्षमता 650 मेगावाट है। इनकी कुल लंबाई 170 किलोमीटर है, जिसमें से 145 किलोमीटर समुद्री के नीचे की केबल है, जिसमें 14 किलोमीटर फिनलैंड की ओर ओवरहेड लाइन है और 12 किलोमीटर एस्तोनिया में अंडरग्राउंड (भूमिगत) केबल है।

## तिब्बत की संस्कृति और धर्म पर चीन का दमन

अमेरिकी कांग्रेस की रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि, चीन की तरफ से तिब्बत के धर्म और संस्कृति को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। चीन ने तिब्बती धर्म को खत्म करने और इसे अपने सिनीसाइजेशन (चीनीकरण) नीति के तहत बदलने की कोशिश की है। इसके तहत पारंपरिक तिब्बती संस्कृति और धर्म को सरकारी नियंत्रण वाले रूप में ढालने की कोशिश की जा रही है।

अमेरिकी कांग्रेस की रिपोर्ट (सीईसीसी) में तिब्बत में चीन की सरकार की तरफ से किए जा रहे मानवाधिकारों के उल्लंघन का खुलासा हुआ है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि तिब्बत की धार्मिक, सांस्कृतिक और जातीय स्वतंत्रता पर सख्त प्रतिबंध लगाए गए हैं। इसमें विशेष रूप से तिब्बती बौद्ध धर्म, राजनीतिक दमन और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों की भूमिका का जिक्र किया गया है, जो चीन की इस दमनकारी नीति को बढ़ावा दे रही हैं। अमेरिकी

**उल्लंघन**

**अमेरिकी कांग्रेस की रिपोर्ट (सीईसीसी) में तिब्बत में चीन की सरकार की तरफ से किए जा रहे मानवाधिकारों के उल्लंघन का खुलासा हुआ है।**

कांग्रेस रिपोर्ट में बताया गया कि तिब्बत और अन्य तिब्बती इलाकों में धार्मिक गतिविधियों पर सख्त प्रतिबंध लगाए गए हैं। तिब्बती बौद्ध धर्म के अनुयायियों को धार्मिक आयोजन करने और मठों में जाने से रोका जा रहा है। बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान इन प्रतिबंधों को और बढ़ा दिया जाता है।

चीन ने तिब्बती धर्म को खत्म करने और इसे अपने सिनीसाइजेशन (चीनीकरण) नीति के तहत बदलने की कोशिश की है। इसके तहत पारंपरिक तिब्बती संस्कृति और धर्म



को सरकारी नियंत्रण वाले रूप में ढालने की कोशिश की जा रही है। इसमें मठों के भिक्षुओं को जबरन हटाया जा रहा है, जैसे ड्रगकर (शिन्हाई) काउंटी के अत्शोग मठ के भिक्षुओं को हटा दिया गया क्योंकि वहां पनबिजली प्रोजेक्ट बनाने की योजना है। इसके अलावा, चीन ने तिब्बती बच्चों के लिए बोर्डिंग स्कूल बनाए हैं, जहां उनकी संस्कृति और भाषा को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के राजनीतिक दमन में तिब्बती लोग अनुपातहीन (अनुपात से अधिक) रूप से निशाना बनाए जा रहे हैं। सीईसीसी के आंकड़ों के अनुसार, 2,764 राजनीतिक कैदियों में से 1,686 ऐसे लोग हैं, जो अपनी धार्मिक या सांस्कृतिक पहचान के कारण जेल में हैं। इनमें से 678 कैदी तिब्बती बौद्ध धर्म से जुड़े हुए हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि 1,693 राजनीतिक कैदियों में से 790 तिब्बती हैं, जो यह दर्शाता है कि चीन तिब्बती लोगों की जातीय और सांस्कृतिक पहचान को दबाने का प्रयास कर रहा है।

रिपोर्ट में अमेरिकी और विदेशी कंपनियों की भी आलोचना की गई है, जिनकी तकनीकें चीन द्वारा मानवाधिकारों के उल्लंघन में उपयोग की जा रही हैं।

## अमेरिका के वीजा के मामले में भारतीयों ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

**पायलट**

**विदेश विभाग ने इस साल अमेरिका में एच-1बी वीजा नवीनीकरण के लिए एक सफल पायलट कार्यक्रम पूरा किया।**




**वॉशिंगटन।** अमेरिका के वीजा के मामले में भारतीयों ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए है। लगातार दूसरे साल 10 लाख से अधिक का आंकड़ा छुआ है। अमेरिकी दूतावास ने बताया कि भारत में अमेरिकी मिशन ने 2024 में लगातार दूसरे साल 10 लाख से अधिक गैर-आप्रवासी वीजा जारी किए। इसमें रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक वीजा शामिल हैं। यह संख्या भारत से अमेरिका यात्रा की बढ़ती मांग को दर्शाता है, जो खासतौर पर पर्यटन, व्यापार और शिक्षा के उद्देश्यों के लिए है। विदेश विभाग ने इस साल अमेरिका में एच-1बी वीजा नवीनीकरण के लिए एक सफल पायलट कार्यक्रम पूरा किया। इसके तहत भारत के कई विशेषज्ञ श्रेणी के कार्यकर्ता अमेरिका में ही अपने वीजा का नवीनीकरण करवा सके। इस पायलट कार्यक्रम ने हजारों आवेदकों के लिए नवीनीकरण प्रक्रिया को सरल बना दिया। बता दें, विदेश विभाग औपचारिक रूप से 2025 में यूएस-आधारित नवीनीकरण कार्यक्रम स्थापित करने के लिए काम कर रहा है। भारत में अमेरिकी मिशन ने हजारों आप्रवासी वीजा भी जारी किए। इससे कानूनी तरीके से परिवारों का पुनर्मिलन और कुशल पेशेवरों का अमेरिका में प्रवासन संभव हुआ। ये आप्रवासी वीजा धारक अपने आगमन पर स्थायी निवासी बन गए, जो अमेरिका में पहले से मौजूद भारतीय प्रवासी समुदाय को और मजबूत करेंगे। अमेरिकी मिशन ने 24,000 से अधिक पासपोर्ट और अन्य कांसुलर सेवाएं भी प्रदान कीं, जो भारत में रहने और यात्रा करने वाले अमेरिकी नागरिकों के लिए थीं। 2024 में स्मार्ट ट्रैवलर एरॉलमेंट प्रोग्राम का नया संस्करण शुरू किया गया, जिससे अमेरिकी दूतावास और कांसुलेट्स के लिए आपात स्थितियों के दौरान अमेरिकी नागरिकों से संपर्क करना और सुरक्षा संबंधित अलर्ट भेजना आसान हो गया। भारत ने 2024 में पहली बार 2008/2009 शैक्षिक वर्ष के बाद अमेरिका में सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय छात्रों को भेजने वाला देश बनकर एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया। इस वर्ष, अमेरिका में अध्ययन करने वाले भारतीय छात्रों की संख्या 331,000 से अधिक रही। भारत ने लगातार दूसरे वर्ष अंतरराष्ट्रीय स्नातक छात्रों का सबसे बड़ा स्रोत बना और भारतीय स्नातक छात्रों की संख्या में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो लगभग 200,000 छात्रों तक पहुंच गई। अब कई एक्सचेंज विजिटर्स को अपने कार्यक्रमों को पूरा करने के बाद दो साल तक अमेरिका में रहने की अनुमति मिलेगी, जिससे उन्हें अपने करियर और शिक्षा को आगे बढ़ाने के अधिक अवसर मिलेंगे।

## 170 रुपये की टिप देना गर्भवती को पड़ा महंगा, पिज्जा डिलीवरी ब्वॉय ने महिला पर 14 बार चाकू से किया हमला

**वॉशिंगटन।** यह घटना कुछ दिन पहले फ्लोरिडा के एक मोटल में हुई थी, जब 22 वर्षीय ब्रियाना अल्वेलो को जन्मदिन मना रहे एक परिवार को पिज्जा देने पहुंचा था। फ्लोरिडा से एक दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। यहां एक पिज्जा डिलीवरी ब्वॉय ने 170 रुपये की टिप से संतुष्टि नहीं होने पर कथित तौर पर एक गर्भवती महिला को 14 से अधिक बार चाकू मारा। यह घटना कुछ दिन पहले मोटल में हुई थी, जब 22 वर्षीय ब्रियाना अल्वेलो को जन्मदिन मना रहे एक परिवार को पिज्जा पहुंचाना था। ओस्सोला काउंटी शेरिफ कार्यालय ने बताया कि अल्वेलो एक साथी के साथ मोटल लौटा और हमले को अंजाम दिया। अधिकारी ने बताया कि अल्वेलो ने परिवार को पिज्जा दिया, जिसकी कीमत करीब 2800 रुपये थी। मगर परिवार के पास खुले रुपये नहीं थे। उनके पास करीब 43 हजार रुपये थे। बाद में परिवार ने बहुत ढूंढने पर पैसे लौटाए और केवल 170 रुपये टिप में दिए। इससे डिलीवरी ब्वॉय भड़क गया। वह 90 मिनट बाद लाल टोयोटा में एक नकाबपोश साथी के साथ मौके पर पहुंचा। बंदूक से लैस युवक पीड़िता के कमरे में जबरन घुस गए और परिवार पर हमला करना शुरू कर दिया। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जिस समय डिलीवरी ब्वॉय ने हमला किया उस समय कमरे में महिला, उसका बॉयफ्रेंड और उसकी पांच साल की बेटी मौजूद थी। जब महिला ने अपनी बच्ची को बचाने की कोशिश की। तभी आरोपी ने महिला पर हमला कर दिया। उसे कई बार चाकू मारा और कमरे के अंदर से सामान लूट लिया। इतना ही नहीं, महिला ने मदद के लिए फोन करने की कोशिश की तो बदमाशों ने फोन भी तोड़ दिया। अधिकारी ने बताया कि महिला पर 14 बार चाकू से वार किया, जबकि उसका साथी बंदूक तानकर उन पर शोर करने के लिए चिल्ला रहा था। पुलिस के आते ही हमलावर भाग गए और पीड़िता को पास के अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान सामने आया कि महिला गर्भवती है। फिलहाल उसकी हालत स्थिर है।

## मार्शल लॉ का समर्थन पड़ा भारी, अब कार्यवाहक राष्ट्रपति हान के खिलाफ भी महाभियोग प्रस्ताव पारित

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सूक योल के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव पारित हो चुका है। इसके बाद उनको पद से हटा दिया गया था। अब संसद में कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पारित हुआ है। गुरुवार को मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी यह प्रस्ताव लेकर आई थी। दक्षिण कोरिया की संसद में कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव पारित हुआ है। पूर्व राष्ट्रपति यून सूक योल की ओर से लगाए गए मार्शल लॉ समर्थन करने और योल के खिलाफ जांच को मंजूरी न देने पर विपक्षी दल ने संसद में यह प्रस्ताव पारित किया। दक्षिण कोरिया की नेशनल असेंबली के स्पीकर वू वोन-शिक ने कहा कि प्रधानमंत्री हान डक-सू के महाभियोग प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। 192 सांसदों में से 192 ने महाभियोग के पक्ष में मतदान किया। गुरुवार को दक्षिण



कोरिया की मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी अब कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लेकर आई थी। विपक्षी दल का कहना था कि अगर कार्यवाहक राष्ट्रपति न्यायाधीशों की नियुक्ति नहीं करेंगे तो हम उनके खिलाफ महाभियोग चलाएंगे। विपक्षी पार्टी के प्रवक्ता यूं जोंग-कुन ने कहा कि इस महाभियोग कारण यह है कि हान देश में महाभियोग का सामना कर रहे राष्ट्रपति यून सुक येओल व उनकी पत्नी के खिलाफ विपक्ष द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर स्वतंत्र जांच की मंजूरी नहीं दे पाए। शुक्रवार को महाभियोग प्रस्ताव पर मतदान कराया गया। दक्षिण कोरिया की संसद के नियम के मुताबिक महाभियोग प्रस्तुत किए जाने के 24 से 72 घंटे के भीतर मतदान कराया जाना जरूरी है।

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सूक योल के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव पारित हो चुका है। इसके बाद उनको पद से हटा दिया गया था। उनके खिलाफ 204 वोट पड़े, जबकि उनके समर्थन में सिर्फ 85 वोट डाले गए। संसद में राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पारित होने के बाद उनकी शक्तियां तत्काल रूप से निलंबित हो गईं। अब प्रधानमंत्री हान डक-सू कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में काम कर रहे हैं। अब, सांविधानिक न्यायालय के पास यह तय करने के लिए 180 दिनों का समय है कि यून को राष्ट्रपति पद से हटाया जाए या उनकी शक्तियां बहाल की जाएं। यदि उन्हें पद से हटा दिया जाता है, तो उनके उत्तराधिकारी को चुनने के लिए 60 दिनों के भीतर राष्ट्रीय चुनाव कराना होगा।

# जन्म प्रमाणपत्र बनवाने की प्रक्रिया को किया जाएगा सरल: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी से मिला प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह के नेतृत्व में गुरुवार की देर शाम शिक्षकों का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र सिंह से मुलाकात कर उन्हें शिक्षको के समस्याओं से अवगत कराया साथ ही जनपद के परिषदीय विद्यालय के बच्चों का जन्म प्रमाणपत्र बनवाने में उनके अभिभावकों को जो अत्यंत ही कठिनाई का सामना कर करना पड़ रहा है उसके बारे में भी जिलाधिकारी को अवगत कराया। बताया कि आफिसों का चक्कर लगाने के साथ ही उनका आर्थिक शोषण भी किया जा रहा है और जन्म प्रमाण पत्र समय से उपलब्ध न होने के कारण आधार नहीं बन पा रहा है और आधार न बनने के कारण परिषदीय विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों का डीबीटी समय से नहीं हो पा रहा है।अमित सिंह ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि परिषदीय विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के डीबीटी के लिए विभाग द्वारा आधार आवश्यक कर दिया गया है और आधार बनवाने के लिए बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र आवश्यक होता है। आधार बनवाने के लिए पहले विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा सत्यापित जन्मतिथि पर ही आधार बन जाता था जिससे अभिभावकों को इसके लिए दौड़ भाग नहीं करना पड़ता था लेकिन अब ब्लाक/स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी जन्म प्रमाणपत्र को आवश्यक कर दिया गया है इसके लिए अभिभावकों को ब्लाक का चक्कर काटना पड़ता है और समय से जन्मप्रमाण पत्र नहीं मिल पाता जिसके आभाव में डीबीटी से बच्चे वंचित रह जाते हैं। जिलाधिकारी ने उक्त विषय की गंभीरता को देखते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व संगठन से परिषदीय विद्यालयों के जिन बच्चों का जन्म प्रमाणपत्र नही बना है उनका 30 दिसम्बर तक उन बच्चों की सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा तथा इस संदर्भ में उन्होंने आगामी दो जनवरी को समस्त खंड विकास अधिकारियों के साथ बैठक आहूत किया है जिससे परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र सुगमता से उनके अभिभावकों को उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में जिला संयुक्त मंत्री शैलेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह टोनी, संतोष सिंह बघेल व देवेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

# लेजर व सेवा पुस्तिका अपडेट न देख डीडीओ नाराज



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (खुटहन)** जिला विकास अधिकारी मीनाक्षी देवी ने शुक्रवार को ब्लाक मुख्यालय काआकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने सेवा पुस्तिका, लेजर, जीपीएफ पासबुक पर अद्यतन इंट्री न पाये जाने पर नाराज़गी ज़ाहिर किया। जिसे तत्काल अपडेट करने का निर्देश दिया। शुक्रवार को अचानक ब्लाक पर पहुंची डीडीओ को देख विकास अधिकारी दीपक पाल स्वदेश व अन्य कर्मचारियों में अफरातफरी मच गई। वह सीधे बीडीओ कार्यालय में पहुंच क्षेत्र पंचायत के कामों का बारीकी से निरीक्षण किया। मनरेगा के मस्टररोल, इशू रजिस्टर और ईपीएफ से संबंधित फाइलें देख उनकी विधिवत समीक्षा कीं।बृद्ध, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन के अभिलेखों का निरीक्षण किया। जिसे देख संतुष्टि जाहिर किया। पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान की पेंडेंसी को तत्काल निश्तारण किए जाने को कहा। जाते जाते सेवा पुस्तिका पर कर्मियों के हस्ताक्षर अवश्य कराये जाने का निर्देश दिया।

इस दौरान बीडीओ गौरवेंद्र सहित तमाम कर्मचारी मौजूद रहे। लगभग तीन घंटे तक ब्लाक मुख्यालय पर डीडीओ जमी रहीं। उसके बाद वे जिला मुख्यालय वापस लौट गयी। तब जाकर कर्मचारियों ने राहत की सांस लिया।

# पुलिस मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से अन्तरराज्यीय एक शातिर अपराधी घायल

अवधनामा संवाददाता

दूसरा मौके से गिरफ्तार, दो अन्य मौके से फरार

**जौनपुर।** पुलिस टीम व स्वाट टीम की संयुक्त मुठभेड़ में बीती रात अंतर्राज्यीय शातिर एक अभियुक्त के पैर में गोली लगने से पशु तस्कर पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया और दूसरा मौके से गिरफ्तार किया गया। उनके पास से एक पिकअप, एक तमंचा, एक खोखा, दो जिंदा कारतूस, 7 देशी सुतली बम, एक कुल्हाड़ी, एक लोहे की जंजीर बरामद किया। इसपर 25 हजार का इनाम भी है। विनोद कुमार मिश्र आपरेशन वज्र के तहत वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना क्षेत्र में भ्रमणशील होकर चौकी क्षेत्र सतहरिया से हाइवे पर होते हुए सुजानगंज ओवरब्रिज के नीचे पहुँचे वहां पर उपनिरीक्षक अरविन्द यादव, विनोद सिंह मय हमराह गस्त पर थे।स्वाट टीम द्वितीय के प्रभारी निरीक्षक रामजनम यादव द्वारा सूचना दी गयी कि कुछ पेशेवर बदमाश एक पिकअप गाड़ी लेकर क्षेत्र मे पशु चोरी की घटना को अंजाम देने हेतु धूमते देखे गए है।थाना प्रभारी ने सभी को सचेत किया। स्वाट टीम के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि एक पिकअप गाड़ी मे तीन चार बदमाश सुजानगंज की तरफ से मुंगराबादशाहपुर आ रहे है। स्वाट टीम के द्वारा पीछा किया जा रहा है। पुलिस टीम सुजानगंज रोड की तरफ बड़ी तो कुछ दूर पर गाड़ी दिखी जिसके पीछे स्वाट टीम लगी थी।पुलिस टीम द्वारा गाड़ी की घेराबन्दी किया गया। गाड़ी चालक द्वारा जान से मारने की नियत से बम फेक गया और जान से मारने हेतु पुलिस वालों पर फायर भी किया गया। पुलिस टीम बाल बाल बच गयी। रामपुर तिराहे से गाड़ी मोड़कर भागे और कुछ दूर पर गाड़ी बन्द कर दाहिने से उतरकर एक व्यक्ति निशाना करके जान से मारने की नियत से पुनः पुलिस पर फायर कर दिया। आत्मरक्षा में प्रभारी निरीक्षक व स्वाट टीम प्रभारी निरीक्षक द्वारा अपने सरकारी पिस्टल से फायर किया गया । जिससे रवीन्द्र वर्मा निवासी मखदूमपुर थाना खुटहन, जौनपुर के दोनों पैर मे गोली लग गयी। जिसे इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंगराबादशाहपुर भेजा गया। और दूसरे बदमाश प्रेम चन्द्र वर्मा निवासी ग्राम वरामदपुर, जरियारी, थाना महरूआ, अम्बेडकर नगर को मौके से पकड़ा गया। दो अन्य बदमाश भागने मे सफल रहे। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र के मुताबिक संबंधित धारा में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही हैं। मौके से भागे हुए बदमाशों की तलाश जारी है।पशु तस्कर के पास से पिकअप, एक तमंचा .315 बोर मय एक खोखा .315 बोर , दो जिन्दा कारतूस .315 बोर, 7 देशी सुतली बम, एक कुल्हाड़ी, एक लोहे की जंजीर बरामद किया गया है। श्री मिश्र ने आगे बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों पर दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र, रामजनम यादव प्रभारी निरीक्षक स्वाट टीम,अरविन्द कुमार यादव, संदीप यादव, पकंज मिश्रा, संदीप सिंह , विक्रम सिंह रघुवंशी स्वाट टीम, जाकिर हुसैन, आसनी सिंह, प्रितिमा मौर्या शामिल रहीं।

## यूपी बोर्ड : 54 लाख परीक्षार्थियों की एआई से होगी प्रश्न पत्रों की सुरक्षा

**प्रयागराज।** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज बोर्ड परीक्षा के दौरान हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के 54 लाख परीक्षार्थियों के प्रश्न पत्रों की सुरक्षा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से करने जा रही है। इसके लिए जो तीन कंपनियों के टेण्डर आये थे उसमें से दो कंपनियों ने टेण्डर का शुल्क जमा नहीं किया था, इस पर उनका टेण्डर निरस्त हो गया है। एआई का कंट्रोल रूम यूपी बोर्ड मुख्यालय प्रयागराज और लखनऊ में बनाया जा रहा है। यूपी बोर्ड एआई से प्रश्न पत्रों की सुरक्षा पर 25 करोड़ रुपए खर्च करने जा रहा है। इसकी सभी तैयारियां पूरी हो गई है। एआई के टेण्डर चयन की कमेटी में माध्यमिक शिक्षा निदेशक डा महेंद्र देव, यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह, उप्र माध्यमिक शिक्षा निदेशालय प्रयागराज के वरिष्ठ वित्त अधिकारी सहित शिक्षा वभाग के अन्य अधिकारी थे। यूपी बोर्ड एआई पर 25 करोड़ रुपए खर्च करने जा रहा है। शासन ने बजट पहले ही मंजूर कर दिया था।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जनपद के राष्ट्रीय राजमार्गों पर की गई सुरक्षात्मक कार्यवाही यथा जौनपुर-वाराणसी राजमार्ग, जौनपुर- सुल्तानपुर राजमार्ग, जौनपुर- रामपुर-भदोही मार्ग, जौनपुर-आजमगढ़ मार्ग पर क्षतिग्रस्त डिवाइडर की मरम्मत, डिवाइडर पेंटिंग, यातायात व्यवस्था, साइनेज बोर्ड, पोस्टर लगाए जाने आदि की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि महाकुंभ-2025 के दृष्टिगत जितने भी एनएच हैं उन पर साइनेज बोर्ड लगाए जाएं, रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए जाए, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कर ली जाए, शौचालय तथा सड़कों के किनारे साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। जनपद आजमगढ़ एवं केराकत मार्ग पर 07 जनवरी 2025 से पूर्व सांकेतिक बोर्ड तथा ब्रेकर लगा दिया जाय। क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत सहित सड़कों के किनारे पौधरोपण किया जाए। कोहरे के दृष्टिगत भी सड़कों पर सुरक्षात्मक कार्यवाही की जाए साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि विद्युत विभाग से समन्वय कर जहां भी लाइट की आवश्यकता है उसको पूर्ण किया जाए। अधिशासी अभियन्ता एनएच लोक निर्माण विभाग वाराणसी के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने यातायात निरीक्षक को निर्देशित किया कि वाहनों की फिटनेस जॉच समय समय पर की जाय तथा वाहन चालकों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया जाए और सड़क सुरक्षा तथा यातायात जागरुकता के सम्बन्ध में आमजनमानस को जागरुक किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0, मुख्य राजस्व अधिकारी, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य सहित अन्य उपस्थित रहे।

# लायंस के तत्वाधान में निकली स्वच्छता जागरूकता रैली

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** लायंस क्लब इलाहाबाद अशोक लायंस क्लब इलाहाबाद सिटी एवं लायंस क्लब इलाहाबाद मेंस द्वारा संयुक्त रूप से स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता रैली सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से निकाली गई। रैली कॉलेज प्रांगण से प्रारंभ होकर मटिहरा रोड से जाकर बाघम्बरी गद्दी से होते हुए लेबर चौराहा पानी की टंकी के पास स्कूल प्रांगण में समाप्त हुई। इस रैली में शिशु सरस्वती शिशु मंदिर किदवई नगर ने भी अपने सभी विद्यार्थियों के साथ जिसमें ड्रम वाद्य भी था सम्मिलित हुए। रैली में विद्यार्थियों एवं लायन सदस्यों को मिलाकर 500 थी। रैली को दोनों स्कूलों के प्रधानाध्यापक, प्रबंधक, उप मंडल अध्यक्ष प्रथम डॉक्टर अर्पण घर दुबे, उप मंडल अध्यक्ष द्वितीय उदय चंदानी ने हरी झंडी दिखाकर रैली रवाना किया। इस अवसर पर प्रयागराज के डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजय गुप्ता , सतीश टंडन सचिव योजना, एडवाइजर गवर्नर उमेश कक्कड़ एवं अनेक वरिष्ठ लायन सदस्य उपस्थित थे। जोन चेयरपर्सन एवं रीजन चेयरपर्सन भी उपस्थित थे। अध्यक्ष अनूप सिंह, अध्यक्ष मुकुल श्रीवास्तव एवं अध्यक्ष सरला मध्यान के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# संक्षिप्त समाचार

## वज्र अभियान के तहत 11 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**जौनपुर (महराजगंज)** पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे वज्र अभियान के तहत स्थानीय पुलिस ने 11 वांछित अभियुक्त को उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।थानाध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के राजकुमार निवासी भटपुरा, मुधुलाल ,कलावती देवी निवासी पूरा गम्भीर शाह, संतोष, फूलचंद निवासी लमहन लाल बहादुर बैहारी, अरुण कोल्हुआ, कमलेश, चनई भटपुरा, बघई कोबा सहित 11 को उनके घर से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया।

## पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर जताया शोक

**प्रयागराज।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर समाजवादी पार्टी ने शोक जताया है। पार्टी कार्यालय में बैठक कर सपा पदाधिकारियों नेताओं, कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को बेहद ईमानदार और सादगी पसंद व्यक्तित्व का धनी बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में देश की अर्थ व्यवस्था को ऊंचाई पर पहुँचाने का काम किया। शोक व्यक्त करने वालों में अनिल यादव, सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, पप्पूलाल निषाद, डॉ मानसिंह यादव, श्रीमती विजमा यादव, अंसार अहमद, हाकिम लाल बिन्द, पंधारी यादव, जोखूलाल यादव,सत्य वीर मुन्ना, दान बहादुर मधुर, आर एन यादव, सचिन श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

## मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षाएं प्रारम्भ

**प्रयागराज।** उ प्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की सत्र दिसम्बर 2024 की परीक्षाएं शुक्रवार को पूरे प्रदेश में शांतिपूर्ण ढंग से प्रारंभ हुई। प्रदेश के विभिन्न कारागारों में भी आज बन्दियों ने परीक्षा दी। परीक्षा नियंत्रक कर्नल विनय कुमार ने आज विश्वविद्यालय परिसर में स्थित त्रिवेणी सामुदायिक केंद्र परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया तथा परीक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाएं देखीं। प्रथम चरण में प्रमाण पत्र, डिप्लोमा तथा शोध पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं संचालित की जा रही हैं। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि प्रदेश के सभी जनपदों में पारदर्शिता के साथ परीक्षा प्रारंभ हुई।

## मासूम आँखों में आशा की किरण भरता अष्टदल



**प्रयागराज।** अष्टदल बिहार में स्थित बसहा ग्राम की एक ऐसी संस्था है जो कि मासूम आँखों में आशा की किरण भरने की भरपूर कोशिश कर रहा है। इस संस्था का एकमात्र यह उदेश्य है कि जिन बच्चों में लगन और जिद्द देखी गई है और वो किसी कारणवश उसको पाने में असमर्थ हैं तो उन बच्चों को पंख देकर उनका आसमान देता है जिससे कि वो अपने आसमान में बेफिक्री से पूर्ण विश्वास के साथ विचरण कर सके। अष्टदल के विद्यालय में मिथिला चित्रकला प्रतियोगिता किया गया। जिसमें कुछ बेहतरीन चित्रकारी के कलाकार को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत भी किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन अष्टदल के संस्थापक अंजनी कुमार चौधरी ने किया, जिसके अध्यक्ष तनुजा चौधरी एवं संयोजक साकेत चौधरी थे। कार्यक्रम में बच्चो ने मैथिली पारंपरिक गीत एवं नृत्य का बहुत ही भव्य प्रदर्शन दिया। अष्टदल अपने बच्चों के लिए नैतिक शिक्षा, चित्रकला के साथ कई तरह की सांस्कृतिक क्रिया- कलाप भी सिखाता है। अष्टदल की शिक्षिका रजनी एवं स्थानीय संयोजक साकेत चौधरी को उनके अथक परिश्रम के लिए अष्टदल के संस्थापक के द्वार सम्मानित शब्दों के साथ मोमेंटो देकर आभार प्रकट किया गया। इस समारोह की जानकारी लोकेंद्र शर्मा से मिली जो कि उत्तर प्रदेश में वरिष्ठ अधिवक्ता हैं।

## डॉ. मनमोहन सिंह खुली अर्थव्यवस्था के सूत्रधार थे : अंशुमन



**प्रयागराज।** महान अर्थशास्त्री, पूर्व वित्त मंत्री भारत सरकार, पूर्व प्रधानमंत्री भारत सरकार, बहुत ही सहज, सरल,शांत स्वभाव के व्यक्तित्व डॉ मनमोहन सिंह का निधन कल 26 दिसंबर रात्रि में हो गया। जिनकी आत्मा की शांति के लिए आज महानगर कांग्रेस कार्यालय चौक घंटाघर प्रयागराज में महानगर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि एवं शोक सभा सभा आयोजित की गई तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा के बाद महानगर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन ने बोलते हुए कहा कि डॉ मनमोहन सिंह जैसा व्यक्तित्व देश को पुनः मिल पाना बहुत ही दुर्लभ है द्य डॉ मनमोहन सिंह खुली अर्थव्यवस्था के सूत्रधार थे। उन्होंने भारतीय बाजार को दुनिया के लिए खोला और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया। उन्होंने क्रांतिकारी बदलाव वाले कानून लाए, 2005 में आरटीआई जैसा कानून लाए जिससे लोगों को सरकार तथा अन्य संस्थाओं से सूचना पाने का अधिकार मिला।


उत्तर रेलवे

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | ADVT-LKO-LKO-OSN-541-24-3 Advertising on Station Premise (Non-Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.12.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.12.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3951A/24



उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | क्लीनिंग ऑफ वेरियस कंपोनेंट्स यूसिंग केमिकल एण्ड सपोर्ट फॉर नॉन–डेस्ट्रक्टिव, केमिकल एण्ड मैकेनिकल टेस्टिंग वर्क एट डिफरेंट लोकेशन्स ऑफ शॉप फ्लोर फॉर सी० एण्ड एम० लेबोरेटरी ऑफ कैरिज वर्कशॉप, आलमबाग, लखनऊ। | | |
| कार्यस्थल | सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,10,36,736/- मात्र | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| बिड सिक्योरिटी | ₹2,05,200/- मात्र | | |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 वर्ष | | |
| निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 06.01.2025 से 20.01.2025 समय 15:00 बजे तक | | |
| प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A, (यदि Company/Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure A(a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। | | |
| खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। | | |
| कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है | | |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है | | | |

निविदा सूचना सं.: 2024–ए.एम.वी.–सी एंड डब्ल्यू ईनिविदा–38
दिनांक: 27.12.2024 3966/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

आगामी कुम्भ मेला–2025 के मद्देनजर, रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार चलाई जाएंगी:-

रेलगाड़ी सं. 08562/08561 विशाखपट्नम–गोरखपुर–विशाखपट्नम कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 08562 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 08561 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 22:20 | विशाखपट्नम | 12:15 | ---- |
| 20:25 | ---- | गोरखपुर | ---- | 14:20 |

चलने के दिन : 08562 विशाखपट्नम से दिनांक 05.01.2025, 19.01.2025, 16.02.2025 को और 08561 गोरखपुर से दिनांक 08.01.2025, 22.01.2025 एवं 19.02.2025 को।
ठहराव: विजयनगरम जं., श्रीकाकुलम रोड, पलासा, ब्रह्मपुर, छतरपुर, बालुगांव, खोरधा रोड, भुवनेश्वर, नराज मार्थापुर, ढेंकानाल, अनुगुल, बोइण्डा, रेढ़ारवोल, सम्बलपुर शहर, झारसुगुड़ा रोड, रायगढ़, चांपा जं., बिलासपुर, पेन्ड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार, वाराणसी, जौनपुर जं., मऊ जं. और देवरिया सदर स्टेशन
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य

रेलगाड़ी सं. 04202/04201 प्रयागराज संगम–आलमनगर–प्रयागराज संगम कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 33 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04202 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04201 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 12:20 | प्रयागराज संगम | 23:25 | ---- |
| 17:00 | ---- | आलमनगर | ---- | 19:15 |

चलने के दिन : 04202 प्रयागराज संगम और 04201 आलमनगर से दिनांक 01.01.2025 से 10.01.2025, 17.01.2025 से 26.01.2025, 06.02.2025 से 09.02.2025, 15.02.2025 से 23.02.2025 तक।
ठहराव: प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां और उतरेटिया स्टेशन।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य

रेलगाड़ी सं. 04206/04205 प्रयागराज संगम–अयोध्या कैंट–प्रयागराज संगम कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 24 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04206 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04205 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 13:30 | प्रयागराज संगम | 12:15 | ---- |
| 17:00 | ---- | अयोध्या कैंट | ---- | 08:45 |

चलने के दिन : 04206 प्रयागराज संगम और 04205 अयोध्या कैंट से दिनांक 10.01.2025, 17.01.2025 से 26.01.2025, 06.02.2025 से 09.02.2025, 15.02.2025 से 23.02.2025 तक।
ठहराव: प्रयाग जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर जं. स्टेशन।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य

रेलगाड़ी सं. 07701/07702 गुंटूर जं.–आजमगढ़–गुंटूर जं. कुम्भ मेला रेलगाड़ी — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 07701 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 07702 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:00 | गुंटूर जं. | 09:00 | ---- |
| 12:00 | 12:10 | वाराणसी जं. | 23:20 | 23:30 |
| 17:15 | ---- | आजमगढ़ | ---- | 19:45 |

चलने के दिन : 07701 गुंटूर जं. से दिनांक 24.01.2025 (शुक्रवार) को और 07702 आजमगढ़ से दिनांक 26.01.2025 (रविवार) को।
ठहराव: विजयवाड़ा, खम्मम, वरंगल, रामगुंडम, मंचिर्याल, सिरपूर कागज नगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर, बैतूल, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, वाराणसी और शाहगंज जं. स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

रेलगाड़ी सं. 07707/07708 मौला अलि–आजमगढ़–मौला अलि कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 07707 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 07708 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:55 | मौला अलि | 07:30 | ---- |
| 12:00 | 12:10 | वाराणसी जं. | 23:20 | 23:30 |
| 17:15 | ---- | आजमगढ़ | ---- | 19:45 |

चलने के दिन : 07707 मौला अलि से दिनांक 18.01.2025 (शनिवार), 21.02.2025 (शुक्रवार) को और 07708 आजमगढ़ से दिनांक 20.01.2025 (सोमवार), 23.02.2025 (रविवार) को।
ठहराव: चर्लपल्ली, जनगांव, काजीपेट जं., पेद्दपल्ली, मंचिर्याल, बेल्लमपल्ली, सिरपूर कागज नगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी और शाहगंज स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

रेलगाड़ी सं. 08253/08254 बिलासपुर जं.–वाराणसी जं.–बिलासपुर जं. कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 08253 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 08254 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 08:15 | बिलासपुर जं. | 10:40 | ---- |
| 10:00 | ---- | वाराणसी जं. | ---- | 10:50 |

चलने के दिन : 08253 बिलासपुर जं. से दिनांक 22.02.2025 (शनिवार) को और 08254 वाराणसी जं. से दिनांक 24.02.2025 (सोमवार) को।
ठहराव: रायपुर जं., दुर्ग जं., राजनांदगांव, गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर जं., जबलपुर, कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं., मिर्ज़ापुर और चुनार जं. स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

रेलगाड़ी सं. 06001/06002 चेन्नै सेन्ट्रल–गोमती नगर–चेन्नै सेन्ट्रल कुम्भ वशेष रेलगाड़ी — 12 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 06001 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 06002 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 14:20 | चेन्नै सेन्ट्रल | 23:55 | ---- |
| 11:20 | 11:25 | अयोध्या धाम जं. | 06:20 | 06:25 |
| 14:15 | ---- | गोमती नगर | ---- | 03:45 |

चलने के दिन : 06001 चेन्नै सेन्ट्रल से दिनांक 08.01.2025, 15.01.2025, 22.01.2025, 05.02.2025, 19.02.2025, 26.02.2025 को और 06002 गोमती नगर से दिनांक 11.01.2025, 18.01.2025, 25.01.2025, 08.02.2025, 22.02.2025, 01.03.2025 को।
ठहराव: गूडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं., न्यू गुंटूर, विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, सिरपूर कागजनगर, बल्हारशाह, गोंदिया जं., बालाघाट जं., मैजापुर, जबलपुर, कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं., मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं. और अयोध्या धाम जं. स्टेशन।
स्थान: शयनयान

रेलगाड़ी सं. 06003/06004 कन्याकुमारी–बनारस–कन्याकुमारी कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 06003 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 06004 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 20:30 | कन्याकुमारी | 21:00 | ---- |
| 19:58 | 20:00 | चुनार जं. | 19:28 | 19:30 |
| 21:50 | ---- | बनारस | ---- | 18:05 |

चलने के दिन : 06003 कन्याकुमारी से दिनांक 17.02.2025 (सोमवार) को और 06004 बनारस से दिनांक 20.02.2025 (वीरवार) को।
ठहराव: नागरकोविल जं., तिरुनेलवेली जं., कोविलपट्टि, विरुदुनगर जं., मदुरै जं., दिंडुक्कल जं., तिरुच्चिराप्पल्लि जं., वृद्धाचलम जं., विल्लुप्पुरम जं., मेलमरुवतूर, चेंगलपट्टु जं., ताम्बरम, चेन्नई एग्मोर, गूडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं. विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, सिरपूर कागजनगर, बल्हारशाह, गोंदिया जं., बालाघाट जं., मैजापुर, जबलपुर, कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं., मिर्जापुर और चुनार जं. स्टेशन।
स्थान: 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकोनॉमी) एवं शयनयान

रेलगाड़ी सं. 06007/06008 कोच्चुवेली–बनारस–कोच्चुवेली कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 06007 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 06008 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 14:00 | कोच्चुवेली | 23:55 | .... |
| 19:58 | 20:00 | चुनार जं. | 19:28 | 19:30 |
| 21:50 | ---- | बनारस | ---- | 18:05 |

चलने के दिन : 06007 कोच्चुवेली से दिनांक 18.02.2025, 25.02.2025 (मंगलवार) को और 06008 बनारस से दिनांक 21.02.2025, 28.02.2025 (शुक्रवार) को।
ठहराव: कोल्लम जं., कायमकुलम जं., मवेलिक्करा, चेंगन्नूर, तिरुवल्ला, कोट्टयम, एरणाकुलम टाउन, अलुवा, तृश्शूर, पालक्काड़ जं., कोयंबटूर जं., तिरुप्पूर, ईरोड जं., सेलम जं., जोलारपेट्टे जं., काटपाडी जं., अरक्कोणम जं., पेरम्बूर, तिरूवोट्टियूर, गूडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, तेनाली जं., विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, रामगुंडम, सिरपूर कागजनगर, बल्हारशाह, गोंदिया जं., बालाघाट जं., मैजापुर, जबलपुर, कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं., मिर्जापुर और चुनार जं. स्टेशन।
स्थान: 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकोनॉमी), शयनयान एवं सामान्य

रेलगाड़ी सं. 08251/08252 रायगढ़–वाराणसी जं.–रायगढ़ कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 08251 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 08252 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 14:00 | रायगढ़ | 05:25 | ---- |
| 10:00 | ---- | वाराणसी जं. | ---- | 10:50 |

चलने के दिन : 08251 रायगढ़ से दिनांक 25.01.2025 (शनिवार) को और 08252 वाराणसी जं. से दिनांक 27.01.2025 (सोमवार) को।
ठहराव: चाँपा जं., बिलासपुर जं., पेन्ड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल, उमरिया, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर और चुनार जं. स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

रेलगाड़ी सं. 08791/08792 दुर्ग जं.–वाराणसी जं.–दुर्ग जं. कुम्भ विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 08791 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 08792 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 13:50 | दुर्ग जं. | 05:30 | ---- |
| 10:00 | ---- | वाराणसी जं. | ---- | 10:50 |

चलने के दिन : 08791 दुर्ग जं. से दिनांक 08.02.2025 (शनिवार) को और 08792 वाराणसी जं. से दिनांक 10.02.2025 (सोमवार) को।
ठहराव: रायपुर जं., भाटापारा, उस्लापुर, पेन्ड्रा रोड, अनूपपुर जं., शहडोल, उमरिया, कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं., मिर्ज़ापुर और चुनार जं. स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 226.59 अंक चढ़ा, निफ्टी 23,800 के पार

**नई दिल्ली।** तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शनिवार को 226.59 अंक या 0.29 प्रतिशत चढ़कर 78,699.07 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 570.67 अंक या 0.72 प्रतिशत चढ़कर 79,043.15 अंक पर पहुंच गया। आइए जानें बाजार का विस्तृत हाल।

बैंकिंग और ऑटो शेयरों में खरीदारी के बीच शुक्रवार को बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुए। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 226.59 अंक या 0.29 प्रतिशत चढ़कर 78,699.07 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 570.67 अंक या 0.72 प्रतिशत चढ़कर 79,043.15 अंक पर पहुंच गया।

एनएसई निफ्टी 63.20 अंक अथवा 0.27 प्रतिशत बढ़कर 23,813.40 अंक पर पहुंच गया। 30 ब्लू-चिप कंपनियों में से

**शामिल**

**भारतीय स्टेट बैंक, टाटा स्टील, अडानी पोर्ट्स, जोमैटो, अल्ट्राटेक सीमेंट और एचसीएल टेक पिछड़ने वालों में शामिल थे।**

महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, नेस्ले और आईसीआईसीआई बैंक सबसे ज्यादा लाभ में रहे।

भारतीय स्टेट बैंक, टाटा स्टील, अडानी पोर्ट्स, जोमैटो, अल्ट्राटेक सीमेंट और एचसीएल टेक पिछड़ने वालों में शामिल थे। शियाई बाजारों में, टोक्यो और शंघाई में तेजी रही, जबकि सियोल और हांगकांग में




गिरावट रही।


यूरोपीय बाजार सकारात्मक क्षेत्र में कारोबार कर रहे थे। गुरुवार को अमेरिकी बाजार सपाट स्तर पर बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.18 प्रतिशत बढ़कर 73.39 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

**रुपया बड़ी गिरावट के संभलकर हुआ बंद**

गुरुवार को रुपया लगभग दो साल में सबसे बड़ी गिरावट के साथ 85.80 के अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। उसके बाद केंद्रीय बैंक के संदिग्ध हस्तक्षेप से कुछ नुकसान की भरपाई हुई और शुक्रवार को बैंकों और आयातकों की ओर से माह के अंत में मांग बढ़ने के बीच डॉलर के मजबूत होने से रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 23 पैसे गिरकर 85.50 (अनंतिम) के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ।

एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 2,376.67 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची। गुरुवार को कारोबार के दौरान बीएसई का बेंचमार्क सूचकांक 0.39 अंक गिरकर 78,472.48 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी 22.55 अंक या 0.1 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,750.20 अंक पर बंद हुआ था।

## क्रिएट विद करेज थीम पर जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ में टेडएक्सलखनऊ का आयोजन



**लखनऊ।** शुक्रवार दिनाँक 27 दिसंबर, 2024 को जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट लखनऊ, जयपुरिया इनक्यूबेशन फाउंडेशन और टेड एक्स लखनऊ ने इनोवेशन पर टॉक शो क्रिएट विद करेज की मेजबानी की। इस टॉक शो ने टेडएक्सलखनऊ की 5वीं वर्षगांठ को भी चिह्नित किया। इस वर्ष के कार्यक्रम में सृजन और नवाचार के साहस का उदाहरण प्रस्तुत करने वाले वक्ताओं में इंद्रजीत सिंह, नगर आयुक्त, लखनऊ; राहुल मित्रा, फिल्म निर्माता, अभिनेता और ब्रांडिंग विशेषज्ञ; पंखुड़ी गिडवानी, अभिनेत्री; आलोक श्रीवास्तवः प्रसिद्ध कवि, गीतकार और पत्रकार, तथा बिंदिया शर्मा, भारत की पहली डब्ल्यूबीएफएफ प्रो दिवा, पावरलिफ्टिंग चैंपियन, और फिटनेस आइकन शामिल थे।

डॉ. कविता पाठक, डायरेक्टर, जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ ने टेडएक्सलखनऊ टॉक शो में उपस्थित सभी लोगों को कार्यक्रम की थीम से अवगत कराया और कहा कि जयपुरिया लखनऊ में 'क्रिएट विद करेज' थीम के तहत टेडएक्सलखनऊ की 5वीं वर्षगांठ की मेजबानी करना वास्तव में समृद्ध अनुभव रहा है। जयपुरिया इनक्यूबेशन फाउंडेशन और टेडएक्सलखनऊ के साथ इस सहयोग ने वक्ताओं के एक असाधारण समूह को एक साथ लाया है जो अपने-अपने क्षेत्रों में साहस और नवाचार का उदाहरण देते हैं। जयपुरिया लखनऊ में, हम साहसिक सोच और परिवर्तनकारी पहलों की संस्कृति को बढ़ावा देने में विश्वास करते हैं। इस तरह के आयोजन न केवल युवाओं को प्रेरित करते हैं बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव की लहर भी पैदा करते हैं। आज साझा की गई प्रभावशाली कहानियाँ बेहतर भविष्य को आकार देने में रचनात्मकता तथा नवाचार की शक्ति को उजागर करती हैं।

ह्यकार्यक्रम के दौरान, इंद्रजीत सिंह (आई.ए.एस.) ने साहस और चुनौतियों पर विजय पाने में इसकी भूमिका पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे साहस ने उन्हें अपने कार्य के दौरान आने वाली विभिन्न बाधाओं से निपटने में मदद की। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि जीवन की चुनौतियों का सामना करने में कोई भी अकेला नहीं है, उन्होंने कहा, हम सभी चुनौतियों का सामना करते हैं, लेकिन इन चुनौतियों पर विजय प्राप्त करके ही हम जीवन में जीत सकते हैं।

## बॉलीवुड आइकन बोनी कपूर ने Eugenix Hair Sciences इवेंट में अपने प्रेरणादायक हेयर रिस्टोरेशन यात्रा का किया खुलासा

**मुंबई।** भारत के प्रमुख हेयर रिस्टोरेशन क्लिनिक, Eugenix Hair Sciences ने JW Marriott, जुहू में एक विशेष इवेंट का आयोजन किया, जिसमें बॉलीवुड के दिग्गज बोनी कपूर, डॉ. प्रदीप सेठी, और डॉ. अरिका बंसल ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस भव्य अवसर पर उन्नत हेयर रिस्टोरेशन तकनीकों की परिवर्तनकारी शक्ति का उत्सव मनाया गया, और बोनी कपूर ने अपनी अद्वितीय हेयर ट्रांसप्लांट यात्रा साझा की। एक व्यक्तिगत और दिलचस्प सत्र में, बोनी कपूर ने Eugenix के साथ अपने अनुभव के बारे में खुलकर कहा, स्वयं की देखभाल और आत्मविश्वास अनमोल हैं। इस हेयर ट्रांसप्लांट ने मेरी उपस्थिति को नया जीवन दिया और मेरे आत्मविश्वास को पुनः जागृत किया। अब मैं खुद को ज्यादा जवान और आत्मविश्वासी महसूस करता हूं, और यह हर किसी के लिए एक उपहार है। उनके



प्रेरणादायक शब्दों ने श्रोताओं पर गहरा असर छोड़ा और हेयर रिस्टोरेशन के मानसिक और शारीरिक प्रभाव को उजागर किया।

Eugeni& Hair Sciences की सह-संस्थापक डॉ. अरिका बंसल ने क्लिनिक की क्रांतिकारी Direct Hair Transplant (DHT) तकनीक के बारे में बताया। उन्होंने कहा, Eugenix में हम cutting edge नवाचार को एक व्यक्तिगत दृष्टिकोण के साथ जोड़ते हैं, ताकि प्राकृतिक और दीर्घकालिक परिणाम मिल सकें। हमारा मुख्य उद्देश्य हमेशा हमारे मरीजों के जीवन को बेहतर बनाना है।

इस चर्चा में डॉ. प्रदीप सेठी, Eugenix के सह संस्थापक, ने क्लिनिक की उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को व्यक्त किया। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य हेयर रिस्टोरेशन में वैश्विक मानकों को नया रूप देना है। लगातार हमारी तकनीकों को विकसित कर, हम हजारों लोगों को उनका आत्मविश्वास वापस दिलाने में मदद कर चुके हैं और अद्वितीय परिवर्तन हासिल करने में सफल रहे हैं। इस इवेंट में एक सरप्राइज उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी रोमांचक बना दिया, जब फिल्म निर्माता अनीस बज्मी ने यह खुलासा किया कि उन्होंने हाल ही में Eugenix में हेयर ट्रांसप्लांट कराया है। अनीस ने कहा, बोनी की परिवर्तनशीलता ने मुझे भी इस कदम को उठाने के लिए प्रेरित किया। मैं परिणामों को देखकर खुश हूं और Eugenix की विशेषज्ञता और देखभाल से प्रभावित हूं।÷2010 में अपनी स्थापना के बाद से, Eugenix Hair Sciences ने 30 से अधिक देशों के 16,000 से अधिक मरीजों का इलाज किया है और अपने क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम बना लिया है।

क्रिकेटर्स मोहम्मद शमी, मोहम्मद अजहरुद्दीन और माइकल बेवन जैसे प्रसिद्ध खेल हस्तियों को उपचार देने के बाद, Eugenix आज उन लोगों का पसंदीदा स्थान बन चुका है जो उच्चतम गुणवत्ता वाले हेयर रिस्टोरेशन की तलाश में हैं।

## आईसीआईसीआई प्रू विश- आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने महिलाओं के लिए लॉन्च किया जीवन बीमा उद्योग का पहला हेल्थ प्रोडक्ट

**कानपुर।** आईसीआईसीआई प्रू लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रू विश नामक नया हेल्थ प्रोडक्ट लॉन्च किया है, जो विशेष रूप से महिलाओं के लिए बनाया गया है। यह जीवन बीमा उद्योग का पहला ऐसा प्रोडक्ट है। आईसीआईसीआई प्रू विश गंभीर बीमारियों, जैसे- स्तन, गर्भाशय, गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर और हृदय रोगों के निदान पर तुरंत 100 प्रतिशत तक का कवरेज प्रदान करता है। आईसीआईसीआई प्रू लाइफ इंश्योरेंस के चीफ प्रोडक्ट एंड डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, अमित पाल्टा ने कहा आईसीआईसीआई प्रू विश जीवन बीमा उद्योग का पहला हेल्थ प्रोडक्ट है, जिसे खासतौर पर महिलाओं की स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। गंभीर बीमारी के निदान पर एकमुश्त भुगतान उन्हें ऐसी कठिन परिस्थितियों का सामना करने के लिए वित्तीय शक्ति प्रदान करता है। उन्होंने आगे कहा यह प्रोडक्ट 30 साल की प्रीमियम गारंटी देता है। इसके अलावा, इस प्रोडक्ट को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि कुछ चिकित्सा स्थितियों के लिए ग्राहक कई बार क्लेम कर सकते हैं। अतिरिक्त भुगतान ग्राहकों को पुनर्वास की लागत को वहन करने में मददगार साबित हो सकता है।इस पॉलिसी की एक खासियत यह है कि इसका प्रीमियम 30 साल तक एक समान रहता है, जिससे ग्राहकों को अपने खर्चों की बेहतर योजना बनाने में मदद मिलती है। इसके अलावा, ग्राहक को प्रीमियम हॉलिडे का विकल्प भी मिलता है, यानी वे किसी भी समय 12 महीने के लिए प्रीमियम भुगतान से छूट ले सकते हैं।इस प्रोडक्ट में ग्राहकों को मातृत्व से जुड़ी जटिलताओं और नवजात शिशुओं की जन्मजात बीमारियों से संबंधित कवर लेने का विकल्प भी मिलता है।

## मैककॉय मार्ट ने लखनऊ में किया अपना विस्तार

**नई दिल्ली।** निर्माण सामग्री में विशेषज्ञ कन्स्ट्रक्शन प्रोफेशनल्स के लिए जाने-माने डिजिटल प्रोक्योरमेन्ट प्लेटफॉर्म मैककॉय मार्ट, ने लखनऊ में अपनी सेवाओं का विस्तार करने की घोषणा की है। दिल्ली-एनसीआर और चण्डीगढ़ जैसे क्षेत्रों में सफलता हासिल करने के बाद अब मैककॉय मार्ट लखनऊ तथा आस-पास के क्षेत्रों जैसे कानपुर, अयोध्या, वाराणसी, रायबरेली, सीतापुर और हरदोई के कन्स्ट्रक्शन प्रोफेशनल्स की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है।उत्तरी क्षेत्र में तेज़ी से विकसित होते हुए, लखनऊ विकास के मुख्य हब के रूप में उभरा है। अयोध्या (जहां रिहायशी, कमर्शियल एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में रु 10,000 करोड़ के निवेश का अनुमान है) जैसे शहरों के नज़दीक होने के कारण, लखनऊ आस-पास के शहरों को अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए अच्छी लोकेशन है।मैककॉय मार्ट के संस्थापक एवं सीईओ अमित मल्होत्रा ने इस विस्तार पर बात करते हुए कहा, ''इन्फ्रास्ट्रक्चर, रियल एस्टेट और ओद्योगिक सेक्टर के तीव्र विकास के चलते लखनऊ में हमारे लिए ढेरों अवसर हैं। हमारा प्लेटफॉर्म समय पर भरोसेमंद सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसके ज़रिए हम कंस्ट्रक्शन प्रोफेशनल्स को समय और गुणवत्ता की चिंता किए बिना भरोसेमंद सेवाएं उपलब्ध कराते हैं। हम क्षेत्र को सर्वोच्च सेवाएं प्रदान करते हुए, लखनऊ के विकास की यात्रा में भरोसेमंद पार्टनर बनना चाहते हैं।'

## इंडियन बैंक ने बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर के साथ साझेदारी की

**लखनऊ।** इंडियन बैंक ने डेयरी फार्मिंग के लिए बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड(बीएमपीसीएल) के सदस्यों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण प्रदान करने लिए के उनके साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इस पहल से बुंदेलखंड क्षेत्र में इंडियन बैंक की उपस्थिति मजबूत होगी और इससे डिजिटल डेयरी केसीसी पोर्टफोलियो और कासा बैलेंस में वृद्धि होगी। 75,000 महिला किसानों के नेटवर्क और 3.25 लाख लीटर प्रतिदिन दूध संग्रह के साथ बीएमपीसीएल पात्र सदस्यों की पहचान करने और उनके इंडियन बैंक खातों में सीधे भुगतान की सुविधा प्रदान करने में सहायता करेगा। इस साझेदारी से बांदा, झांसी और चित्रकूट जिलों में 5,000 नए डेयरी किसानों को जोड़ने की उम्मीद है, जिससे वित्तीय समावेशन और ग्रामीण विकास को बढ़ावा मिलेगा।

## पीपीआई के जरिए यूपीआई भुगतान को आरबीआई ने दी हरी झंडी, पूर्ण केवाईसी होना अनिवार्य

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को प्रीपेड भुगतान उपकरण धारकों को थर्ड पार्टी मोबाइल एप्लीकेशन जरिए यूपीआई भुगतान करने और प्राप्त करने की अनुमति दे दी। आइए इस बारे में और जानें।

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को प्रीपेड भुगतान उपकरण धारकों को थर्ड पार्टी मोबाइल एप्लीकेशन जरिए यूपीआई भुगतान करने और प्राप्त करने की अनुमति दे दी। केंद्रीय बैंक ने परिपत्र में कहा कि तीसरे पक्ष के यूपीआई एप्लिकेशन पर पूर्ण-केवाईसी रहने पर प्रीपेड भुगतान उपकरणों (पीपीआई) से/तक यूपीआई से भुगतान को सक्षम करने का निर्णय लिया गया है।

परिपत्र में कहा गया है, ÷पीपीआई जारीकर्ता अपने ग्राहक पीपीआई को अपने यूपीआई हैंडल से जोड़कर केवल अपने पूर्ण-केवाईसी पीपीआई धारकों को यूपीआई भुगतान करने में सक्षम बनाएगा। जारीकर्ता के आवेदन पर पीपीआई से यूपीआई लेनदेन ग्राहक के मौजूदा पीपीआई क्रेडेंशियल का उपयोग करके प्रमाणित किया जाएगा।÷ इस प्रकार, ऐसा लेनदेन यूपीआई प्रणाली तक पहुंचने से पहले ही पूर्व-अनुमोदित हो जाएगा।

आरबीआई ने कहा कि भुगतान प्रणाली प्रदाता के रूप में पीपीआई जारीकर्ता को किसी भी बैंक या किसी अन्य पीपीआई जारीकर्ता के ग्राहकों को अपने साथ नहीं जोड़ा जाना जोड़ना चाहिए। आरबीआई के इस निर्णय का उद्देश्य गिफ्ट कार्ड, मेट्रो रेल कार्ड और डिजिटल वॉलेट जैसे पीपीआई धारकों को अधिक लचीलापन प्रदान करना है।

## हाउ इंडिया स्विगीड 2024: स्विगी इंस्टामार्ट एडिशन

**लखनऊ।** समृद्ध परंपरा औरजीवंत बाजार को साथ लाते हुए अवध के दिल में लोगों की हर क्रेविंग के लिए स्विगी इंस्टामार्ट पसंदीदा साथी बनकर सामने आया है। वार्षिक रिपोर्ट 'हाउ इंडिया स्विगीड 2024 - स्विगी इंस्टामार्ट एडिशन' में सामने आया है कि कैसे लखनऊ के लोगों ने आधुनिक क्विक कॉमर्स के साथ समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को जोड़ते हुए शहर को अनूठे एवं व्यावहारिक शॉपिंग ट्रेंड्स के लिए हॉटस्पॉट बना दिया है।

रिपोर्ट को लेकर स्विगी इंस्टामार्ट के सीईओ अमितेश झा ने कहा, 'अक्टूबर, 2021में लॉन्चिंग के बाद से हमने देखा है कि लखनऊ ने तेजी से क्विक कॉमर्स की सुविधा को अपनाया है। लोगों ने रोजाना की जरूरत की वस्तुओं से लेकर खिलौने, ब्यूटी प्रोडक्ट्स, मेकअप एवं यहां तक कि त्योहारी जरूरत की वस्तुओं के लिए भी क्विक कॉमर्स को अपनाया और मात्र 10 मिनट में इनकी डिलीवरी पाई। शहर में स्विगी इंस्टामार्ट से खरीद के मामले में दूध, दही, टमाटरएवं प्याज सबसे ऊपर रहे। शहर के एक यूजर ने जरूरत पड़ने पर मात्र 10 मिनट में ग्रॉसरी, इलेक्ट्रॉनिक्सएवं अन्य वस्तुओं को खरीदने के लिए 7,53,640 रुपये खर्च कर दिए। इस सफर का हिस्सा बनने, लोगों के जीवन को आसान बनाने और जरूरत के समय ग्राहकों तक उनके पसंदीदा उत्पादों को पहुंचाने में मदद करने का हमें गर्व है।'

2024 में लखनऊ के आइकॉनिक क्विक कॉमर्स ट्रेंड्स÷

सबसे भरोसेमंद यूजर- एक समर्पित लखनऊवासी ने 2024 में 900 से ज्यादा ऑर्डर किए और शहर के सबसे बड़े स्विगी इंस्टामार्ट फैन के रूप में जगह बनाई।

लखनऊ के फेवरेट- शहर में सबसे ज्यादा दूध, दही, टमाटर एवं प्याज का ऑर्डर किया गया।

सोने ने भी दिखाई चमक- करीब 30,000 के सोने की सिक्के की खरीद को साल की सबसे बड़ी खरीदारी का खिताब मिला।

मैगी के लिए दिखी दीवानगी- लखनऊ के एक यूजर ने मैगी के करीब 2,748 पैकेट ऑर्डर कर दिए। ऐसा लगता है, मानो मैगी उनके खाने का अहम हिस्सा है!

टेक्नोलॉजी को अपनाने की चाहत- शहर के एक यूजर ने खुद को अपडेट करते हुए 1,86,384 रुपये लेटेस्ट गैजेट्स पर खर्च किए और सुनिश्चित किया कि टेक्नोलॉजी में किसी से पीछे न रह जाएं।

**फ्रेश एवं लोकल फेवरेट**

ताजा सब्जियों की मांग- बात ताजे और स्वादिष्ट खाने की हो, तो लखनऊ के लोगों की पसंद में टमाटर और प्याज ने सबसे ऊपर जगह बनाई।

कुछ मीठा भी जरूरी है- आइसक्रीम और भारतीय मिठाइयों के करीब 3 लाख ऑर्डर हुए, जिससे मीठे को लेकर लोगों की पसंद पूरी हुई और घर में हमेशा कुछ मीठा रखने की चाहत भी पूरी हुई।

**नवाबी अंदाज**

इनकॉग्निटो मोड में खरीदारी से लेकर त्योहारों पर सोने के सिक्के की खरीद तक 2024 में खरीदारी को लेकर लखनऊ के ट्रेंड में आधुनिकता के साथ यहां की नवाबी झलक दिखी।

## एक्सपीरियो ने असाधारण विकास और उत्सव के अनुभवों के साथ लखनऊ के वाणिज्यिक रियल एस्टेट को पुनर्परिभाषित किया

**लखनऊ।** एक्सपीरियन होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड (सिंगापुर) के पूर्ण स्वामित्व वाली 100त्न एफडीआई-फंडेड रियल एस्टेट डेवलपर एक्सपीरियो डेवलपर्स, लखनऊ में अपने पहले प्रोजेक्ट एक्सपीरियन के साथ महत्वपूर्ण सफलता देख रही है। विभूति खंड, गोमती नगर में रणनीतिक रूप से स्थित एक्सपीरियो तेजी से व्यवसायों के लिए एक पसंदीदा डेस्टिनेशन बन गया है, जिसमें एक संपन्न कार्यालय और रिटेल एनवायरनमेंट है। प्रमुख स्थान पर विकसित किए गए इस प्रोजेक्ट ने एचडीएफसी बैंक, जेनपैक्ट, मोतीलाल ओसवाल और मुथूट फिनकॉर्प सहित प्रमुख कॉर्पोरेट किरायेदारों को आकर्षित किया है, जिन्होंने इमारत के भीतर पर्याप्त स्थान किराए पर लिए हैं।

2021 में अपने लॉन्च के बाद से एक्सपीरियो ने असाधारण वृद्धि हासिल की है, जिसने खुद को लखनऊ के वाणिज्यिक रियल एस्टेट बाजार में एक गेम-चेंजर के रूप में मजबूती से स्थापित किया है। ये आंकड़े परियोजना की उल्लेखनीय सफलता और लखनऊ के कमर्शियल रियल एस्टेट परिदृश्य को फिर से परिभाषित करने में इसकी भूमिका को उजागर करते हैं।

जैसे-जैसे नया साल करीब आ रहा है, एक्सपीरियो परिवारों को जीवंत माहौल में जश्न मनाने के लिए आमंत्रित करता है। भोजन और खरीदारी के अनुभवों के एक रमणीय मिश्रण का आनंद लें, उत्सव की सजावट और प्रियजनों के साथ अविस्मरणीय यादें बनाने के लिए डिज़ाइन किए गए विशेष ऑफ़र से घिरे रहें।

एक्सपीरियो में थियोब्रोमा, एलियंस टैटू, बटर स्टोरी, जस्ट डॉग्स, डंकिन डोनट्स, नथिंग बिफोर कॉफ़ी, जिवा ज्वेलरी, एकता मोबाइल और गाइनो वेदा सहित प्रसिद्ध ब्रांडों का एक क्यूरेटेड कलेक्शन है, जो बेस्ट-इन-क्लास अनुभव प्रदान करता है।

इस सीज़न को और भी खास बनाने के लिए ये प्रसिद्ध ब्रांड बहुत सीमित समय के लिए विशेष न्यू ईयर डिस्काउंट दे रहे हैं। अविश्वसनीय बचत का आनंद लेते हुए विश्व स्तरीय पेशकशों का आनंद लेने का मौका न चूकें। इस फेस्टिव सीज़न में एक्सपीरियो में रोमांचक अवसरों का पता लगाने के लिए आएँ, जहाँ हर यात्रा यादगार होने का वादा करती है।

एक्सपीरियन डेवलपर्स के बारे में

एक्सपीरियन डेवलपर्स एक पूरी तरह से एफडीआई-फंडेड रियल एस्टेट डेवलपर है जो प्रीमियम आवासीय, वाणिज्यिक और मिश्रित-उपयोग विकास बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। एक्सपीरियन होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड सिंगापुर की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अपनी अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञता और आंतरिक क्षमताओं का उपयोग कर विश्व स्तरीय परियोजनाएं प्रदान करती है, जो ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करती हैं।

## गशमीर और सुरभि ने डिज़्नी+ हॉटस्टार के गुनाह सीजन 2 में की वापसी, स्ट्रीमिंग 3 जनवरी से

**मुंबई।** डिज़्नी+ हॉटस्टार बेहद पसंद किये गये शो गुनाह का बहुप्रतीक्षित दूसरा सीजन लेकर आ रहा है। दूसरे सीजन का प्रीमियम 3 जनवरी, 2025 को होगा। इस सीजन में दर्शकों को बदला, धोखे तथा प्यार की दिलचस्प कहानी देखने को मिलेगी। पहले से ज्यादा ट्विस्ट्स, इमोशनल ड्रामा और चौंकाने वाले खुलासों के साथ यह सीजन दर्शकों को रोमांचित करने के लिए तैयार है। अभिमन्यु (गशमीर महाजनी), तारा (सुरभि ज्योति), जेके (दर्शन पंड्या) और माइकल (शशांक केतकर) आदि की मुख्य भूमिकाओं वाला यह शो 3 जनवरी, 2025 को रिलीज होगा।

निर्देशक अनिल सीनियर ने कहा, ''अपने दर्शकों के लिये गुनाह सीजन 2 लाकर हम बेहद उत्साहित हैं। डिज़्नी+ हॉटस्टार पर सीजन 1 को मिली अपार सफलता के बाद हम जानते थे कि इस बार हमें कुछ बड़ा करना है। इस सीजन में सिर्फ बदला और धोखा नहीं है, बल्कि हर किरदार की बिलकुल असली भावनाओं को खोजा गया है। किरदारों के सफर ज्यादा पेचीदा हैं

**बेहतर**

**अनिल सीनियर द्वारा निर्देशित गुनाह सीजन 2 में गशमीर महाजनी, सुरभि ज्योति आदि की मुख्य भूमिकाएं हैं और इसकी स्ट्रीमिंग 3 जनवरी 2025 से सिर्फ डिज़्नी+ हॉटस्टार पर होगी**

और मुझे यकीन है कि दर्शक उनके संघर्षों की गहराई से सचमुच जुड़ेंगे। कहानी कहने की कला की सीमाओं को चुनौती देना रोमांचक रहा। हमने इसे ज्यादा इंटेन्स और दिलचस्प बनाया है। मैं दर्शकों को हमारी मेहनत दिखाने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूँ।''

बोधिट्री मल्टीमीडिया के प्रोड्यूसर और मैनेजिंग डायरेक्टर मौतिक तोलिया ने कहा, ''गुनाह का अपने




दूसरे सीजन के साथ लौटना उसे दर्शकों से मिली शानदार प्रतिक्रिया एवं प्यार को साबित करता है। बोधिट्री मल्टीमीडिया में हम ऐसी कहानियाँ गढ़ने की कोशिश करते हैं, जो दिल की गहराइयों में उतर जाएं और गुनाह भी ऐसी ही कहानी है। यह सीजन मानवीय सम्बंधों की पेचीदगी दिखाता है और जबर्दस्त ड्रामा और असली इमोशंस का संयोजन प्रस्तुत करता है। इस कहानी को तैयार करने की यात्रा बड़ी उम्दा रही है और दर्शकों को एक और यादगार सफर पर लेने जाने के लिये हम उत्साहित हैं।''

तारा की भूमिका निभा रहीं सुरभि ज्योति ने कहा, ''सीजन 1 में हर किसी ने तारा की दुनिया, उसके संघर्ष, सम्बंध और उसके द्वारा लिये गये फैसलों का वजन देखा। लेकिन सीजन 2 का स्तर बिलकुल अलग है। तारा को ऐसी स्थिति में पहुँचा दिया जाता है, जो उसकी हर पसंद को चुनौती देती है और उसकी ताकत तथा भावनाओं को आजमाती है। अभिमन्यु के साथ उसके रिश्ते में आने वाले मोड़ तगड़ा झटका देते हैं। और मुझे लगता है कि प्यार, अपराधबोध या उससे मुक्ति का सफर तय करने वाला हर इंसान तारा की कहानी से जुड़ेगा। मैं बहुत रोमांचित हूँ कि दर्शक तारा का यह पहलू देखेंगे। यह ढेर सारी भावनाओं और आश्चर्य से भरपूर है!''

अभिमन्यु की भूमिका निभाने वाले गशमीर महाजनी ने बताया, ''गुनाह सीजन 2 में अभिमन्यु का सफर बेमिसाल है। इस बार उसके फैसले ज्यादा मुश्किल, संघर्ष ज्यादा बड़े और कमजोरियाँ बेपर्दा होंगी। ऐसे बदलाव को दिखाना चुनौतिपूर्ण था, लेकिन अच्छा भी लगा। खासकर जब अभिमन्यु रिश्तों की उथल-पुथल और बड़े ही महत्वपूर्ण फैसलों से गुजरता है और यही बातें तो इस सीजन की खासियत हैं। मुझे विश्वास है कि दर्शक उसके किरदार की पेचीदगी और उसकी कहानी की भावनात्मक गहराई को पसंद करेंगे।'' गुनाह सीजन 2 की बहुप्रतीक्षित वापसी के लिये तैयार हो जाइये, स्ट्रीमिंग 3 जनवरी 2025 से

## 'सोनिक द हेजहॉग 3' में अपनी भूमिका के बारे में जिम कैरी ने मजाक में कहा, ''मुझे बहुत देर से अहसास हुआ कि मैं एक ही भुगतान के लिए दोगुना काम कर रहा था''

सोनिक द हेजहॉग 3 के ट्रेलर ने प्रशंसकों को दीवाना बना दिया है! सोनिक, नकल्स और टेल्स एक बार फिर हमारे ग्रह को बचाने के लिये साथ आ गये हैं। इधर जिम कैरी खलनायक डॉ. इवो रोबोटनिक की भूमिका में शानदार वापसी कर रहे हैं और कीयानु रीव्स ने शैडो को अपनी आवाज दी है। कुल मिलाकर इस फिल्म में दर्शकों को पहले से तीन गुना ज्यादा एडवेंचर और हंसी की जबर्दस्त खुराक मिलेगी।

लेकिन दीवानागी तो जिम कैरी की वापसी से पैदा हुए रोमांच की है! वह डॉ. इवो रोबोटनिक की भूमिका के साथ वापसी कर रहे हैं और उतने ही कपटी उसके दादाजी गेराल्ड रोबोटनिक की भूमिका भी निभांएगे। गेराल्ड की उम्र 110 साल है और शैडो की कुटिल चालों के जनक वही हैं।

दोनों रोबोटनिक्स की भूमिका निभाने में मिली चुनौती पर कैरी ने मजाक में कहा, मुझे बहुत बाद में अहसास हुआ कि मैं एक ही भुगतान में दोगुना काम कर रहा




था। अगली बार मुझे एक या दो केओस एमराल्ड चाहिये। मैंने ब्रह्मांड से एक ऐसी फ्रेंचाइजी की दुआ की थी, जो बच्चों के बीच पसंदीदा हो और हम सभी के अंदर के बच्चे को खुश करे। और अब, सोनिक के माध्यम से यही अनुभव कर रहा हूं। ब्लैमो, मैं यहीं हूं, सीधे सेगा वर्महोल के माध्यम से।

प्रशंसक यकीनन बहुत ज्यादा एनर्जी, शातिर योजनाओं और यादगार वन-लाइनर्स की उम्मीद कर सकते हैं और यह सिर्फ कैरी ही दिखा सकते हैं।

सोनिक, नकल्स और टेल्स एक ताकतवर नये दुश्मन शैडो के खिलाफ एकजुट होंगे। शैडो एक रहस्यमयी खलनायक हैं, और उनके जैसी शक्तियों का इन तीनों ने कभी सामना नहीं किया होगा। टीम सोनिक के सदस्यों की क्षमताएं हर तरीके से बेजोड़ हैं, लेकिन उन्हें एक अविश्वसनीय साथी चाहिये होगा, ताकि शैडो को रोका जा सके और हमारे ग्रह की रक्षा की जा सके। तो 3 जनवरी की तारीख अच्छे से याद कर लीजिए और 2D तथा 4DX में एक बार फिर सोनिक की दुनिया का अनुभव करने के लिये तैयार हो जाइये!

# जनता दर्शन में विधायक पीएन पाठक ने सुनी फरियाद


पीड़ितों की फरियाद सुनते विधायक पाठक

अवधनामा संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** शुक्रवार को विधायक पी.एन पाठक ने प्रतिदिन की भांति राम जानकी मंदिर स्थित शिविर कार्यालय पर जनसुनवाई की। इस दौरान पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं को बताया विधायक पी.एन पाठक ने लोगो की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर और उनका मौके पर समाधान करने के साथ ही संबंधित को निर्देश दिए हैं। विधायक पी.एन पाठक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता है। विधायक श्री पाठक कहा कि सड़क, बिजली, सिंचाई, पेयजल व ग्रामीण विकास के क्षेत्र में जनसहयोग से बड़ी परियोजनाओं को धरातल पर उतारने में सफलता मिली है, विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य अनवरत जारी रहेगा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अनिल प्रताप राव, सभासद सुर्यनाथ यादव, मुन्ना शर्मा, राजेश मद्धेशिया, गिरिजेश सिंह, अभय राव, शैलेन्द्र सिंह, कवींद्र पांडेय, राजेश राव, कुश मद्धेशिया, बेसिंद्र सिंह, दिनेश तिवारी, गोलू सिंह, विनोद गिरी, प्रेमप्रकाश, शिव मोहन प्रसाद समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# स्पोर्ट्स मंत्रा हरियाणा को हराकर लखनऊ की टीम सेमी फाइनल में

अवधनामा ब्यूरो




- सत्यम पांडे को मिला मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार

**कुशीनगर।** स्थानीय पावानगर महावीर इण्टर कालेज के राज मालती स्टेडियम में आयोजित 19वीं अखिल भारतीय शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता के पूल बी के पहले मैच में क्रिकेट एसोशिएशन लखनऊ की टीम ने रोमांचक मुकाबले में स्पोर्ट्स मंत्रा हरियाणा के टीम को तीन विकेट से हराकर कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। लखनऊ के खिलाड़ी सत्यम पाण्डेय को नाबाद तीन विकेट लेने व 82 रनों की पारी खेलने पर मैन आफ द मैच चुना गया। शुक्रवार को दस बजे से शुरू हुए इस प्रतियोगिता में हरियाणा टीम के कप्तान अर्जुन ने टांस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। पहले खेलने उतरी हरियाणा की टीम निर्धारित 30 ओवरों में अन्तिम गेद पर सभी विकेट गंवाकर 237 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसमें भरत सिंघवानी 44 गेंदों में एक छक्का छः चौके के मदद से 52 रन, अली मलिक 27 गेंदों पर चार छक्के, दिन चौकों के मदद से 45 रन, अर्जुन ने 10 गेंदों पर दो छक्के, तीन चौकों के मदद से 25 रन तथा सुबोध, साहिल ने 18-18 रनों का योगदान दिया। लखनऊ के तरफ से गेंदबाजी करते हुए आतिफ सईद, सत्यम पाण्डेय, ने तीन- तीन सफलता, रोहित द्विवेदी ने दो, तथा हसन अख्तर करण सिंह ने एक एक विकट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ का शुरुआत काफी खराब रहा और उसके छः खिलाड़ी 115 रन पर पवेलियन लौट चुके थे। लेकिन छठवें विकेट की साझेदारी ने टीम को तीन विकेट से जीता दिला दिया। लखनऊ के तरफ से बल्लेबाजी करते हुए सत्यम पाण्डेय ने 66 गेंद पर सात छक्के और तीन चौकों के मदद से नाबाद 82 रन, प्रियांशु पाण्डेय ने 27 गेंदों पर तीन छक्के, तीन चौके के मदद 42 रन, अभय दुबे ने 30 गेंदों पर एक छक्का, चार चौकों के मदद से 40 रन, अरविंद कन्नौजिया ने 20 रन, कप्तान करण सिंह ने 15 रनों की पारी खेलकर टीम को जीत दिला दिया। हरियाणा के तरफ से गेंदबाजी करते हुए मंजुल द्विवेदी छः ओवर डालते हुए 49 रन देकर तीन विकेट, जतिन ने दो विकेट तथा अर्जुन ने एक विकेट लिया। लखनऊ के ऑलराउंडर खिलाड़ी सत्यम पाण्डेय को तीन महत्वपूर्ण विकेट लेने व नाबाद 82 रनों की पारी खेलने पर मैन आफ मैच का पांच हजार का नगद पुरस्कार रिटायर्ड विशेष सचिव परिवहन विभाग अरविंद पाण्डेय ने दिया। मैच का अम्पायरिंग यूपीसीए पैनल के अंपायर सतीश पाण्डेय व पवन यादव रहे जबकि थर्ड अंपायर संतोष कुमार सिंह रहे। स्कोरिंग बीसीसीआई पैनल के स्कोरर एसपी सिंह ने किया। मैच का कमेंट्री मुहम्मद आलम तथा गुड्डू पाण्डेय के साथ अंतरराष्ट्रीय भोजपुरी कमेंटेटर सुमित मिश्रा गुलाब हुसैन रिजवी जीओ सिनेमा ने किया।

## कार्यकर्ताओं ने किया केंद्रीय मंत्री का स्वागत



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान के शुक्रवार को जिले में आगमन पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में जिला पंचायत परिसर में कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री जनपद के कार्यकर्ताओं से मिले और उनका हाल चाल जाना। इस दौरान कमलेश पासवान ने कार्यकर्ताओं से जिले की समस्याओं पर चर्चा किया और नए वर्ष के आगमन पर सबको बधाइयां भी दीं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद तिवारी, उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, संजय सिंह एडवोकेट, अंगद तिवारी, संजय सिंह सैंथवार, जयनाथ कुशवाहा, प्रभाकर तिवारी, आशु सिंह आदि ने केंद्रीय मंत्री का माला पहनाकर स्वागत किया।

## पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर शोकसभा का आयोजन




**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** सी. एम. एजुकेशनल एण्ड वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में डी. एल. एस. पब्लिक स्कूल, हाटा रोड, परसिया मल्ल, देवरिया के प्रांगण में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ - साथ उनकी आत्मा की शांति के लिए विद्यालय के कर्मचारी एवं बच्चों के द्वारा 2 मिनट का मौन भी रखा गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. शिवप्रकाश मिश्र ने उनकी कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके निधन से पूरा देश दुखी है देश को बहुत बड़ी क्षति पहुंची है, जिसकी भरपाई शायद हम सदियों तक नहीं कर पाएंगे। शोक सभा में विद्यालय के प्रधानाचार्य ईजी. दिव्यांशु श्रीवास्तव, विद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं, समस्त कर्मचारी एवं सैकड़ों की संख्या में बच्चे उपस्थित रहें।

## पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर कलेक्ट्रेट में शोकसभा

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन होने पर दिवंगत आत्मा के सम्मान में शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रेम कुमार राय की उपस्थिति में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा के दौरान 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु समस्त उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा प्रार्थना किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की माता जी के निधन पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस दौरान उप जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट अनिल कुमार यादव, प्रिंस सिंह सहित कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न कार्यालय के विभागाध्यक्ष एवं पटल सहायक आदि उपस्थित रहे।

# साप्ताहिक परेड का किया गया निरीक्षण

### जवानों को आपात स्थिति से निपटने व अपराधो की रोकथाम हेतु दंगा निरोधक उपकरणों का अभ्यास कराया गया

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक देवरिया विक्रान्त वीर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की ली गयी सलामी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया गया।

परेड में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, प्रभारी निरीक्षक रामपुर कारखाना, प्रभारी निरीक्षक भलुअनी, थानाध्यक्ष खुखुन्दू, थानाध्यक्ष गौरीबाजार तथा थानाध्यक्ष भटनी मय हमराह सहित पुलिस लाईन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। तत्पश्चात महोदय द्वारा क्वार्टर गार्द, एमटी शाखा, यूपी 112 पीआरवी आदि का निरीक्षण किया गया। यूपी 112 पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन हेतु निर्देश दिए गए।

गार्द कमांडरों व विभिन्न शाखाओं के रजिस्टरों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। समस्त रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही महोदय के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी लाइन/ रुद्रपुर, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी व क्षेत्राधिकारी बरहज द्वारा आपात स्थिति से निपटने हेतु दंगा निरोधक उपकरणों जैसे-एंटी राइड स्मोक गन, रबर बुलेट गन,12 बोर पंपऐक्शन गन, अश्रु गैस गन आदि का अभ्यास किया गया साथ ही परेड में उपस्थित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों व जवानों को अपराधो की रोकथाम हेतु दंगा निरोधक उपकरणों का अभ्यास कराया गया तथा दंगा निरोधक उपकरणों के रख-रखाव व क्रियाशीलता को बनायें रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## खुदरा व्यापार पर हुआ व्याख्यान

**अमेठी।** नगर स्थित पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में शुक्रवार को खुदरा व्यापार का व्याख्यान कराया गया। समग्र शिक्षा द्वारा संचालित केंद्रपुरोनिधानित रिवाइज्ड व्यवसायिक शिक्षा योजना के अंतर्गत इस योजना की कार्यदायी संस्था इण्डस द्वारा विद्यालय में खुदरा व्यापार ट्रेड में नामांकित कक्षा नव और दस की छात्राओं को विषय विशेषज्ञ रेनू बाला के माध्यम से अतिथि व्याख्यान कराया गया। इस अतिथि व्याख्यान के समय प्रशिक्षक श्रीनाथ शुक्ल रामनाथ मिश्र रिटेल की प्रशिक्षिका प्रीती अध्यापिका ऋचा व प्रधानाचार्या डा फूलकली गुप्ता उपस्थित रही।कॉलेज की प्रधानाचार्या ने व्याख्यान की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्राओं के मनोबल में उत्साह वृद्धि होती है इससे छात्राओं का भविष्य सुरक्षित और उज्जवल होता है। व्याख्यान कर रही रेनू ने शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार प्रशिक्षण के बारे में छात्राओं को पढाये गये कोर्स से प्रश्न करके उत्तर लेने को प्रेरित किया।

# सपा ने सभी वर्ग का किया सम्मान : विजय रावत



अवधनामा संवाददाता

- पीडीए चौपाल में दूसरे दिन कार्यकर्ता व जनता को जागरूक कर बताया भाजपा की ग़लत नीतियों को

**देवरिया।** आज दूसरे दिन पी डी ए जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन बरहज नगर के बालू छापर मे किया गया इस दौरान बडे पैमाने पर लोगों ने भाग लिया। चौपाल को सम्बोधित करते हुए सपा नेता विजय रावत ने कहा की भाजपा सरकार विकास व रोज़गार विरोधी है वह ग़रीबों का हक़ छिनना चाहती है।

आज जिस तरह से महँगाई बड़ रही है उससे यह साबित हो गया है की भाजपा सरकार को विकास रोज़गार व आम जनता से कुछ लेना देना नही है भाजपा सरकार जनता को गुमराह कर सभी विभाग को प्राईवेट करती जा रही है यह सरकार विकास तो कर नही कर रही लेकिन रोज़गार छिनने का काम कर रही है। इस दौरान चौपाल मे मुख्य रूप से अजित प्रसाद अनिश शर्मा विकेन्द्र यादव राहुल कुमार विकास यादव सतोष कुमार रूदल प्रसाद तारकेश्वर कुमार विवेक प्रसाद सुरेश राजभर इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# साहिबजादों की शहादत को किया गया नमन



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** नगर स्थित चाणक्यपुरी मोहल्ले में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी लंगर आयोजन समिति की ओर से शहीदी सप्ताह के तहत शुक्रवार को चारों साहिबजादों की शहादत को शत-शत नमन एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने साहिबजादों को विनम्र श्रद्धांजलि दी और उनके वीरता संघर्ष त्याग को याद किया। बाबा मनोहर सिंह ने शहीदी सप्ताह के इतिहास के बारे में बताया की 20 दिसंबर को मुगलों ने अचानक आनंदपुर साहिब के किले पर हमला कर दिया।श्री गुरु गोबिंद सिंह जी मुगलों से लड़ना चाहते थे लेकिन अन्य सिखों ने उन्हें वहां से चलने के लिए कहा। इसके बाद श्रीगुरु गोबिंद सिंहजी के परिवार सहित अन्य सिखों ने आनंदपुर साहिब के किले को छोड़ दिया और वहां से निकल पड़े। 21 दिसंबर जब सभी लोग सरसा नदी को पार कर रहे थे तो पानी का बहाव इतना तेज हो गया कि पूरा परिवार बिछड़ गया। बिछड़ने के बाद श्री गुरु गोबिंद सिंह जी व दो बड़े साहिबजादे बाबा अजीत सिंह व बाबा जुझार सिंह चमकौर पहुंच गए। वहीं, माता गुजरी दोनों छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह और गुरु साहिब के सेवक रहे गंगू गुरु साहिब व अन्य सिखों से अलग हो गए। इसके बाद गंगू इन सभी को अपने घर ले गया लेकिन उसने सरहंद के नवाज वजीर खान को जानकारी दे दी जिसके बाद वजीर खान माता गुजरी और दोनों छोटे साहिबजादों को कैद कर लिया। 22 दिसंबर को चमकौर की लड़ाई हुई जिसमें सिख और मुगलों की सेना आमने-सामने थी। मुगल बड़ी संख्या में थे लेकिन सिख कुछ ही थे। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखों में हौंसला भरा और युद्ध में डटकर सामना करने को कहा। इसके बाद सिखों ने मुगलों से लोहा लिया और उन्हें नाको चने चबवाए। 23 दिसंबर को यह युद्ध अगले दिन भी चलता रहा। युद्ध में सिखों को शहीद होता देखा दोनों बड़े साहिबजादों बाबा अजित सिंह व बाबा जुझार सिंह ने एक-एक कर युद्ध में जाने की अनुमति गुरु साहिब से मांगी। गुरु साहिब ने उन्हें अनुमति दी और उन्होंने एक के बाद एक मुगल को मौत के घाट उतारना शुरू किया। इसके बाद वह दोनों भी शहीद हो गए।

# अवैध बालू लदी ट्रैक्टर ट्राली से गिरकर एक व्यक्ति की मौत, दूसरा गंभीर

अवधनामा ब्यूरो

- प्रशासन की गाड़ी देख तेजी से भाग रहा था ट्रैक्टर ट्राली के चालक

**कुशीनगर।** हनुमानगंज थाना क्षेत्र में प्रशासन की गाड़ी देख तेज गति से भाग रहे अवैध बालू लदी ट्रैक्टर ट्राली पर बैठे दो अन्य व्यक्ति असंतुलित होकर गिर पड़े। जिससे एक व्यक्ति की ट्राली के नीचे दबने से मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में ले लिया जबकि घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि हनुमानगंज थाना क्षेत्र में एक ट्रैक्टर ट्राली से गुरुवार की रात अवैध बालू लादकर ले जाया जा रहा था कि पीछे से प्रशासन की गाड़ी आने की भनक लगते ही ट्रैक्टर चालक तेजी से भगाने लगा। इसी दौरान ट्रैक्टर पर बैठे दो व्यक्तिय असंतुलित होकर गिर पड़े। एक व्यक्ति पर ट्रैक्टर चढ़ने से मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान भीम उर्फ नीरज निषाद पुत्र स्व. बंगाली निषाद निवासी पथलेश्वर नाथनगर वार्ड नंबर 15 थाना हनुमानगंज के रूप में हुई। जबकि घायल व्यक्ति महेंद्र पुत्र छेदी उसी गांव का रहने वाला है जिसका इलाज चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक भीम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया। इस संबंध में सीओ खड्डा ने बताया कि उक्त प्रकरण में आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# नान्हूं मुंडेरा में बनेगा अमृत सरोवर, अजीज नगर दुबौली मार्ग का होगा चौड़ीकरण

अवधनामा संवाददाता

- क्षेत्रीय भ्रमण पर निकले सांसद ने लोगों की सुनी समस्या, दिया आश्वासन

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** विकास खंड मोतीचक के ग्राम पंचायत नान्हूं मुंडेरा पोखरे को अमृत सरोवर में चयनित कर सुंदरीकरण किया जाएगा। ग्रामीणों की मांग पर सांसद विजय कुमार दुबे ने मुख्य विकास अधिकारी को पत्र व टेलीफोन के माध्यम से अवगत कराया। सांसद ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया जल्द ही अमृत सरोवर का कार्य शुरू हो जायेगा। बता दें कि उक्त गांव के लोग छठ पूजा को लेकर तीन किमी दूर जाते है। गुरुवार की शाम हाटा विधायक मोहन विराम के साथ क्षेत्रीय भ्रमण पर निकले सांसद विजय कुमार दुबे से ग्रामीणों ने ये समस्या सुनाया जिसके बाद सांसद ने मुख्य विकास अधिकारी कुशीनगर के नाम से पत्र लिखकर व फोन से वार्ता कर तत्काल स्वीकृति कराने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि उक्त ग्राम सभा में पोखरा लंबे समय से उपेक्षित था। इसके अलावा गांव में स्थित काली मंदिर परिसर में एक हाई मास्ट लाइट लगाने का भी सांसद ने आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने अजीजनगरद्धदुबौली मार्ग लगभग 10 किमी है चौड़ीकरण कराने की मांग भी किया है। इस दौरान प्रधान राजेश कुमार, बड़े लाल उपाध्याय, लालबचन चौहान, अखिलेश दास गुप्ता, डॉ रविश सिंह, उग्रसेन चौहान, रामकृपाल ओझा, सत्यकाम पांडेय, अनिरुद्ध मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## फुटबाल प्रतियोगिता का जिला स्तरीय चयन आज

**अमेठी।** उपक्रीड़ाधिकारी मो मोसर्रफ खॉ ने बताया कि वर्ष 2024-25 में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर महिला फुटबाल प्रतियोगिता का जिला एवं मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल्स निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता का जिला स्तर ट्रायल्स अमेठी में 28 दिसम्बर 2024 एवं मण्डल स्तर ट्रायल्स 30 दिसम्बर 2024 तथा प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता 05 जनवरी 2025 से 12 जनवरी 2025 तक ग्रीन पार्क स्टेडियम कानपुर में आयोजित किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उपरोक्त खेल का जिला स्तर चयन ट्रायल्स 28 दिसम्बर 2024 को प्रातः 10 बजे जनपद के डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा।

# युवक के फंदे पर लटकने की सूचना पुलिस पहुंची तो मरी मिली भैंस

अवधनामा ब्यूरो

- मोबाइल नंबर के आधार पर पुलिस सूचना देने वाले की तलाश में जुटी
- सूचना देने वाले की शरारत के चलते एक घंटे बनी रही अफरा-तफरी

**कुशीनगर।** नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में एक शरारती तत्व ने अजीबोगरीब हरकत की। गुरुवार की शाम भैंस के मरने पर पुलिस को युवक द्वारा फंदे पर लटक कर जान देने की सूचना दे दी। लोग एक दूसरे के घरों पर फोन कर इसकी पुष्टि में लगे रहे। इसी बीच पुलिस टीम भी पहुंची और उस स्थान पर गई तो देखा कि वहां भैंस मरी पड़ी है। अब पुलिस शरारत करने वाले की तलाश में जुटी गई। हुआ यूं कि, किसी ने पुलिस को फोन किया और कहा कि जंगल जगदीशपुर में एक युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी है। इसके बाद उसने अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया। पुलिस उसके मोबाइल पर लगातार संपर्क का प्रयास करती रही, लेकिन बात नहीं हुई। इस बीच वह गांव पहुंची तो लोगों से भी पूछताछ की, किसी ने घटना की पुष्टि नहीं की, लेकिन सूचना की बात जरूर बताई। इसके बाद पुलिस ने गांव के चारों ओर तलाश किया तो एक भैंस मरी मिली, कॉल करते समय शरारती तत्व का लोकेशन भी यहीं का मिला। इसके बाद यह बात साबित हुई कि उसने शरारत की है, मरी भैंस को हटवाने के लिए ऐसा किया है। थाना प्रभारी हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि किसी ने शरारत की है। मोबाइल नंबर से शीघ्र ही उसका पता लगा लिया जाएगा और कार्रवाई भी की जाएगी।

## महान अर्थशास्त्री थे मनमोहन सिंह: पवन मिश्र

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** पूर्व प्रधानमंत्री, प्रख्यात अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह जी के निधन पर भाजपा किसान मोर्चा देवरिया नगर मण्डल द्वारा चकीयवा चौराहे स्थित भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने मनमोहन सिंह जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर उनको नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह प्रमुख अर्थशास्त्री के साथ देश के वित्त मंत्री और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर भी रहे, उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था के सुधार के लिये कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

# सेवाओं के दृष्टिकोण से मेडिकल कॉलेज की तरफ अग्रसर हुआ संजय गांधी अस्पताल

अवधनामा संवाददाता




**अमेठी।** संजय गांधी अस्पताल मुंशीगंज में मरीजों को मेडिकल कॉलेज जैसी सुविधाएं मिल रही हैं। कैंसर के इलाज के साथ यूरो सर्जरी जैसी सेवाएं भी लोगों को मिल रही हैं। सांसद किशोरी लाल शर्मा ने पिछले छः महीने में अस्पताल में कई तरह की नयी सेवाओं का विस्तार किया है।

दूरबीन पद्धति से किडनी की पथरी का संजय गांधी अस्पताल में आपरेशन हो रहा है। लोगों को कम खर्च में बेहतर इलाज मिलना शुरू हो गया है। क्षेत्रीय लोगों ने अस्पताल प्रशासन को सुविधा बढ़ाने के लिए धन्यवाद दिया है। संजय गांधी अस्पताल में मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ज्ञानेंद्र सिंह किडनी की पथरी का सफल ऑपरेशन कर रहे हे यह एक अत्यंत जटिल सर्जरी है।

अभी हाल में कई मरीजों का आयुष्मान भारत प्रधान मंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत कई मरीजों का निःशुल्क ओपरेशन किया गया। एक मरीज ने आपरेशन कराने के बाद कहा कि हम बहुत दिन से परेशान थे। कई जगह से अधिक पैसे लगने के कारण सर्जरी नही करा पा रहे थे,बाद में मैं संजय गांधी अस्पताल आया और हमारा यहां पर दूरबीन पद्धति द्वारा सफल ऑपरेशन हुआ। गौरतलब है कि संजय गांधी अस्पताल में चिकित्सा विशेषज्ञों की दिन प्रतिदिन बढ़ोतरी होती जा रही है। जिससे अब आसपास की जनपदों की मरीज को लखनऊ बनारस इलाहाबाद नहीं जाना पड़ रहा है। संजय गांधी अस्पताल में मूत्र रोग विशेषज्ञ न्यूरो सर्जन, हृदय रोग विशेषज्ञ कैंसर रोग, विशेषज्ञ गुर्दा रोग विशेषज्ञों की तैनाती की गई है। फिजीशियन और डायबिटीज विशेषज्ञ डॉ नीरज वर्मा के चैम्बर में सबसे अधिक मरीज आ रहे हैं। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ चेतन के मरीजों की संख्या सबसे अधिक है। संजय गांधी अस्पताल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अवधेश शर्मा ने बताया कि हमारा प्रयास है कि मरीजों को अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इसी तारतम्य में ओर भी कई नए सुपरस्पेशलिटी विभागों का शुरू करने के लिए प्रयासरत है।

## तीस फीसदी रोगियों की हुई स्क्रीनिंग



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जायस के निरीक्षण के दौरान टी बी अभियान की प्रगति का अनुश्रवण किया। निरीक्षण के दौरान 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान की प्रगति का जिलाधिकारी द्वारा अनुश्रवण किया गया तथा निन्क्षय शिविर का अवलोकन किया गया। निन्क्षय शिविर के माध्यम से प्रतिदिन लगभग प्रति केंद्र 60-70 लोगों की स्क्रीनिंग की जा रही है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सीएचओ से निन्क्षय पोर्टल खुलवाकर फॉर्म-1 तथा फॉर्म-2 की फीडिंग की जानकारी ली, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी लक्षणयुक्त व्यक्तियों की नॉट से स्पुटम जांच कराई जाए। जनपद में तीन एक्स-रे टेक्नीशियन की तैनाती हो चुकी है एक्स-रे टेक्नीशियन की रोस्टर वार ड्यूटी लगाते हुए एक एक्स-रे टेक्नीशियन से 2 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्थापित एक्स-रे मशीन का संचालन सुनिश्चित कराया जाए जिससे अधिकतम व्यक्तियों की जांच कराई जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में वर्तमान समय 17 माइक्रोस्कोप स्थापित हैं, जिसमें से 13 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं 4 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्थापित एवं संचालित हैं। जनपद में वर्तमान में 3 एक्स-रे (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुर अमेठी व गौरीगंज) में मशीन संचालित हैं।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन देवरिया स्थित कार्यालयों तथा थाना सलेमपुर का किया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक देवरिया विक्रान्त वीर द्वारा पुलिस लाइन में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म शताब्दी वर्ष मनाया गया। जिसके क्रम में पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्ड में फोटो पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया । इसी क्रम में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 की अभिलेखों की सवींक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु स्थलीय निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित/ मुख्य नोडल अधिकारी व डीवी / पीएसटी दल के अधिकारियों/ कर्मचारियों के साथ मीटिंग करते हुए उचित दिशा निर्देश दिये गए। तत्पश्चात पुलिस लाइन में अनुरक्षण के तहत चल रहे कार्यालयों (यूपी 112, कैंटीन, परिवहन शाखा व अन्य सभी कार्यालय) बैरिक, मेस, आवासीय परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इसके दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) श्री दीपेंद्रनाथ चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) श्री सुनील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन श्री अंशुमान श्रीवास्तव, प्रतिसार निरीक्षक विजय राज सिंह व समस्त अधिकारीगण/कर्मचारीगण मौजूद रहे । जिन्हें पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आवश्यक उचित दिशा निर्देश दिया गया।

सलेमपुर के कार्यालय के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया, अधूरे रजिस्टरों को तकमिला करने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए गए तथा रजिस्टरों के रख-रखाव व कार्यालय को साफ-सूथरा रखने के सम्बन्ध में तथा प्रभारी निरीक्षक कक्ष का निरीक्षण किया गया आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# शासकीय भवनों हेतु भूमि प्रस्तावों की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** शासकीय उपयोग के लिए पर्यटन विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, बेसिक शिक्षा, समाज कल्याण विभाग के प्रस्तावों के सापेक्ष भूमि चिन्हांकन एवं आवंटन कार्य की समीक्षा हेतु बृहस्पतिवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। समाज कल्याण विभाग जनजातीय कल्याण अनुभाग अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति के बालक एवं बालिकाओं हेतु छात्रावास के निर्माण हेतु भूमि आवंटन पर चर्चा के दौरान बताया गया कि बालक छात्रावास हेतु मीरपुर कस्बा में भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है। जबकि बालिका छात्रावास हेतु मिहींपुरवा में उपयुक्त भूमि देखी जा रही है। डीएम ने निर्देश दिया कि बालक छात्रावास के लिए चिन्हित भूमि को शीघ्र ही सम्बन्धित विभाग को सौपने की कार्यवाही करते हुए बालिका छात्रावास हेतु भूमि को चिन्हित कर अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। पर्यटन विभाग के कार्यालय हेतु भूमि उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में बताया गया कि गाटा सं.2472/1.4410 हे. भूमि में से 0.0465हे. भूमि पर पर्यटन विभाग द्वारा कार्यालय बनाये जाने हेतु सहमति व्यक्त की गयी है। उक्त भूमि पर पर्यटन विभाग कार्यालय के निर्माण हेतु तहसीलदार द्वारा संस्तुति सहित आख्या उपलब्ध करा दी गई है। डीएम ने निर्देश दिया कि शीघ्र ही सम्बन्धित विभाग को भूमि आवंटन की कार्यवाही पूरी करायी जाय। बाल विकास परियोजना अधिकारी नगर के कार्यालय हेतु मेडिकल कालेज के निकट चिन्हित की गई भूमि के आवंटन् की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। जबकि आभा जनजतीय योजना बिशुनापुर एवं बिछिया में आंगनबाड़ी केन्द्र के निर्माण हेतु भूमि की उपलब्धता पर चर्चा के दौरान बताया गया कि बिशुनापुर में भूमि को चिन्हित कर लिया गया तथा बिछिया में अस्थायी केन्द्र निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि को देखा जा रहा है। बेसिक शिक्षा विभाग अन्तर्गत नवाबगंज में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के एकेडमिक ब्लाक एवं बालिका छात्रावास के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया गया कि सम्बन्धित उप जिलाधिकारी से समन्वय कर उपयुक्त का प्रस्ताव तैयार करायें। डीएम ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि गांव में निष्प्रयोज्य एवं जर्जर हो चुके सरकारी भवनों को खोज कर नियमानुसार उनके ध्वस्तिकरण की कार्यवाही कर उपलब्ध होने वाली भूमि उपयोग में लाया जाय। डीएम मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि अतिक्रमण व अवैध कब्ज़ों से मुक्त करायी गयी ज़मीनों के सम्बन्ध में डीएम ने निर्देश दिया कि उन्हें कब्ज़े में लेते ही वहां पर पिलर इत्यादि लगवाकर घेर दिया जाय तथा दोबारा कब्ज़ा करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाय। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नानपारा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी (वि.), जिला पर्यटन सूचना अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## जिला कारागार में फिर हुई विचाराधीन कैदी की मौत

**सुल्तानपुर।** जिला कारागार में संदिग्ध परिस्थितियों में पाक्सो एक्ट के एक बंदी की मौत हो गई।उक्त बंदी बीते शाम अचेत स्थिति में सुल्तानपुर जिला जेल से सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेज इलाज के लिए लाया गया था।मेडिकल कालेज के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कादीपुर कोतवाली की राईबीगो निवासी राम मूरत उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र श्यामलाल के रूप में मृतक बंदी की पहचान बताई जा रही है। मृतक बीते 1 वर्ष से जेल में बंद था। मृतक की पत्नी ने किसी के द्वारा जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। जेल अधीक्षक अरविंद प्रांजल बोले, सीने में दर्द की शिकायत पर बंदी मेडिकल कॉलेज इलाज के लिए भेजा गया था। ज्ञात हो कि जिला कारागार में अब तक कई विचाराधीन, सजायाफ्ता बंदियों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है। उक्त संबंध में युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष वरुण मिश्रा का कहना है कि केंद्र व प्रदेश सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार का नतीजा है कि जेल में एक विचाराधीन कैदी की संदिग्ध मौत हो जाती है। पूरा जेल प्रशासन भ्रष्टाचार में लिप्त है। वे इस मामले की निष्पक्ष जांच करवाकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग करते हैं।

# सरस्वती विद्या मन्दिर में किया गया वीर बाल दिवस का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** सरस्वती विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्ञान कुंज विवेकानंद नगर सुलतानपुर में उत्साहपूर्ण ढंग से वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी ने अतिथियों का परिचय कराते हुए वर्तमान परिप्रेक्ष्य में वीर बाल दिवस कार्यक्रम की प्रासंगिकता एवं उपादेयता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु पुत्रों का अप्रतिम बलिदान हमारे लिए प्रेरणा एवं मार्मिक संवेदना का विषय है।धर्म और राष्ट्र की सुरक्षा तथा संरक्षण हमारा नैतिक दायित्व है। इनकी रक्षा हेतु हमें चाहे जो कीमत चुकानी पड़े । उसके लिए सदैव तैयार रहना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुलतानपुर के ए एस पी अखण्ड प्रताप सिंह ने कहा कि आज ही के दिन गुरु गोबिंद सिंह ने धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया. गुरु गोबिंद सिंह जी के चार वीर पुत्रों के अद्वितीय बलिदान और साहस के प्रति सम्मान जताने के लिए मनाया जाता है वीर बाल दिवस। 26 दिसंबर 1705 ई0 में धर्म नहीं



बदलने पर मुगल सेनापति वजीर खान ने दोनों गुरुपुत्रों साहिबजादा जोरावर सिंह और फतेह सिंह को जिंदा दीवार में चुनवा दिया।उनसे हमें प्रेरणा मिलती है कि दुराचारी आतंकी के सामने हमें अपना सिर कभी नहीं झुकाना है, बल्कि डटकर मुकाबला करके उन्हें सबक सिखाना है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के भैया बहनों ने सामूहिक आसन, व्यायाम, पताका योग और दण्ड योग का अनोखा प्रदर्शन किया। बहनों ने गुरु पुत्रों के बलिदान पर आधारित नाट्य का सफल मंचन किया, जिससे उपस्थित दर्शकों की आंखें नम हो गई। योग के भैया बहनों का प्रदर्शन अद्वितीय रहा। वीर बाल दिवस के शुभ अवसर पर अतिथियों द्वारा कक्षा दशम एवं द्वादश के मेधावी भैया बहनों को सम्मानित एवं पुरस्कृत करते हुए उन्हें मेडल तथा प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता सरदार बलदेव सिंह ने की। इस अवसर पर संघ के माननीय नगर संघ चालक सुदीप पाल सिंह, माननीय जिला संघ चालक अवधेश त्रिपाठी, विभाग प्रचारक श्रीप्रकाश जी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं शिक्षा सेवा आयोग के सदस्य डा0 विनोद कुमार सिंह, प्रबन्धक डाक्टर पवन सिंह एवं पूर्व छात्र परिषद् के डाक्टर अमृत पाल सिंह ,गुरु नानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रबन्धक महेन्द्र पाल सिंह,शैलेन्द्र चतुर्वेदी, आलोक आर्य आदिउपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन शारीरिक विभाग प्रमुख विवेकानन्द यादव ,सरिता त्रिपाठी एवं संचालन कामर्स विभाग की आचार्या श्रीमती श्वेता पाण्डेय ने किया।

# ई रिक्शा चालकों से गहराया विवाद

- समस्याओ को लेकर मुखर हुआ संगठन

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** नगर में चल रहे सैकड़ो ई रिक्शा चालकों की समस्याओं को लेकर आक्रोशित यूनियन के पदाधिकारियो ने जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना से गुहार लगाई है। नाराज पदाधिकारियो ने नगर पालिका के स्टैंड संचालकों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जय श्री एकता एसोसियेसन् ई रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष भारत भूषण ने बताया बीते कई दिनों से नगर पालिका के स्टैंड के संचालकों द्वारा ई रिक्शा चालकों को जबरन परेशान किया जा रहा है उन्हें तरह-तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है।

जब रिक्शा चालक अपनी सवारी को लेकर गोलाघाट बस अड्डा व रेलवे स्टेशन से काशीराम कॉलोनी मेडिकल कॉलेज व ट्रामा सेंटर परिवहन कार्यालय पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय की तरफ जाते हैं तब उन्हें जबरन सेनानी बिहार के पास ही रोक दिया जाता है जबरन सवारियां उतार दी जाती है आधे रास्ते पर सवारियां उतारने पर रिक्शा चालकों को पैसा भी नहीं दिया जाता और तरह-तरह से विवाद किया जाता है 5 हजार रिक्शा संचालकों के परिवारों पर उत्पन्न हो रहे रोटी रोजी का संकट खड़ा हो गया है यदि मामला निस्तारित नहीं हुआ तो जल्द ही बड़े आंदोलन के रूप में उनका यूनियन नजर आएगा डीएम कृतिका ने सभी को समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया।

## बाल-बाल बचे पुलिस कर्मी, रोडवेज बस ड्राइवर को हेड इंजरी

**सुल्तानपुर।** नगर कोतवाली क्षेत्र के अमहट चौकी अंतर्गत अमहट चौराहे पर रोडवेज बस का सवारी उतारते समय हादसा हो गया। जिससे बस चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

चौकी इंचार्ज संतोष पाल के मुताबिक चौराहे पर चौकी पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था,जिस दौरान यह हादसा हुआ। रोडवेज बस में सवारी उतरते समय पीछे से तेज रफ्तार आ रहे कंटेनर ने टक्कर मार दिया। जिससे बस के आगे खड़ी पुलिस की ईगल मोबाइल (अपाचे) गाड़ी में जा टकराई और रगड़ खाते अपाचे गाड़ी बस के नीचे आ गई। इतने पर मौके पर मौजूद पुलिस कर्मी बचाव हेतु दौड़े,हालांकि हादसे से किसी प्रकार की कोई हताहत होने की सूचना नहीं है।

# नगर पुलिस व विनियमित महकमा मेहरबान, हो रहा जबरन निर्माण

अवधनामा संवाददाता



- पुलिस अधीक्षक से बैनामा धारक ने की थी जबरन कब्जे की शिकायत, लोकल पुलिस ने दे दी रोक की फर्जी सूचना
- सत्ता के रसूख के चलते अन्य बैनामा धारकों की जमीन पर भी कर रहे कब्जाउल्टे शिकायतकर्ता के खिलाफ कर दिया शांति भंग में चालान

**सुल्तानपुर।** मामला कोतवाली नगर के पयागीपुर मोहल्ले भूखंड संख्या 394 व 395 का हैं।आशियाना बनाने का सपना संजोए अरविंद मिश्रा प्रतापगढ़ व रूपेश चौरसिया निवासी चांदा ने अपनी अपनी पत्नी के नाम बैनामा 2017 में लिया था। बाउंड्रीवाल बनाकर गेट लगा सुरक्षित कर लिया था।

वही डेंटल चिकित्सक डॉ सीडी सिंह ने भी इसी भूखण्ड में पत्नी के नाम बैनामा लिया।दोनों खतौनी धारकों की भी जबरन कब्जा होने की शुरू से शिकायत कर रहा है,बैनामा धारकों ने जबरन कब्जे की शिकायत एसपी से मिल कर किया था।ऐसे में रोकना तो दूर उल्टे लोकल पुलिस ने फर्जी सूचना देते हुएऑनलाइन शिकायत का निपटारा कर दिया,जबकि उस समय दीवाल भी नही बनी थी। यदि आख्या के अनुरूप निर्माण रोक दिया गया था तो मकान की शटरिंग व लिंटर पड़ने तक का निर्माण कैसे हो गया?मकान बनाने के लिये शटरिंग चल रही है। विनियमित मकहमे के जेई की आख्या पर नियत प्राधिकारी/ एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी ने दो दिसम्बर को निर्माण पर रोक लगाने हेतु स्थगनादेश दिया है। इसके बावजूद नगर पुलिस की सह पर धड़ल्ले से निर्माण चल रहा हैं। कहीं कब्जा धारक सजातीय होने व सत्ता के इशारे पर ही एसडीएम, सीओ व नगर कोतवाल समेत सब मौन है।जबकि एसडीएम सदर,कमिश्नरी व रेवेन्यू बोर्ड में वाद लंबित है।फिरभी अवैध निर्माण धड़ल्ले से चल रहा है।जबकि स्टे का पालन हो कोतवाल नगर नारदमुनि व सीओ प्रशांत सिंह को लिखित आदेश है।खैर अदालत मे लम्बित वाद व स्टे दोनों बौना हो साबित हो रहा हैं।इतना जरूर है कि शांति भंग में उल्टे चालान कर इतिश्री कर ली गई है।सूत्रों की माने तो जब शासन, सत्ता का आंतरिक फरमान है तो जबरन निर्माण जायज है। फिलहाल पीड़ित अब सीएम दरबार मे दस्तक देने के फिराक में हैं।

## सोशल मीडिया पर धार्मिक टिप्पणी करने पर एक पकड़ा

**फिरोजाबाद।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर धार्मिक टिप्पणी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर धार्मिक टिप्पणी कर धार्मिक समुदाय को ठेस पहुँचाने वाले अभियुक्त मुशैफअख्तर उर्फमुशैफपुत्र मौहम्मद अख्तर निवासी कोठी नवीगंज तीस फुटा की तरफथाना रसूलपुर फिरोजाबाद उम्र करीब 22 वर्ष को मुखबिर खास की सूचना पर बोध आश्रम के पास नई आबादी खंजापुर रेलवे ट्रेक के किनारे थाना रसूलपुर से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया है। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त को विरूद्ध मु0अ0स0 469/2024 धारा 3,25 आर्म्स एक्ट पजीकृत किया गया। अभियुक्त को आवश्यक कार्यवाही हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

# प्लास्टिक उन्मूलन महाअभियान में दुकानदारों से वसूला 15 हजार

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** शासन के आदेशों के क्रम में सिंगल यूज प्लास्टिक पर अधिरोपित प्रतिबन्ध का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु 23 दिसम्बर 2024 से 31 जनवरी 2025 के मध्य आरंभ 5.0 एवं 25 दिसम्बर 2025 से 01 जनवरी के मध्य प्लास्टिक उन्मूलन महाअभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है उक्त के क्रम में नगर आयुक्त ऋषिराज के आदेशों के अनुपालन में जोनल सैनेटरी ऑफीसर सन्दीप भार्गव एवं एण्टी एसयूपी टीम लीडर मनोज कुमार के निर्देशन में अभियान चलाकर प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग करने पर चार लोगों से 10,000 रू0 एवं टीटीजेड जोन में कोयला भट्टी जलाने पर 5000/- रू0 का जुर्माना वसूल किया गया। इस संबंध में एण्टी एसयूपी टीम लीडर मनोज कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि 27 दिसम्बर 24 को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग/भण्डारण /विक्रय करने पर विवेक चन्द्र अग्रवाल पुत्र रमेश चन्द्र अग्रवाल से 1000/- रू0, महेश गुप्ता पुत्र राधेश्याम गुप्ता सुहाग नगर से 2000/- रू0, केशवदेव पुत्र नरायन सिंह सुहाग नगर से 5000/- रू0 एवं राकेश पुत्र सियाराम ट्रॉमा सेंटर के पास से 2000/- रू0 का जुर्माना वसूल कर प्रतिबंधित पॉलीथीन सामग्री को जब्त किया गया। साथ ही टड्ढीटठीजेड जोन में कोयला भट्टी जलाने पर केशवदेव पुत्र स्व0 नरायन सिंह सुहाग नगर से 5000/- रू0 का जुर्माना वसूल किया गया। इस तरह नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा आज कुल 15,000 रू0 का जुर्माना वसूल किया गया। साथ ही एण्टी एसयूपी टीम लीडर द्वारा आस.पास के अन्य दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोगए भण्डारण एवं विकय न करने की सख्त हिदायत दी। अभियान में प्रभारी स्वच्छ भारत मिशन अरविन्द भारती, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक विपन कुमार, शैलेन्द्र कुमार एवं पवन कुमार सहित प्रवर्तन दल की टीम उपस्थित रही।

# निरंतर अनाधिकृत कब्जा करने वालों पर हो रही कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जब से जनपद में कार्यभार ग्रहण किया है तब से निरंतर अनाधिकृत कब्जा करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हो रही है, वह सार्वजनिक भूमि यथा चकरोड, तालाब, विद्यालय, चारागाह की भूमि, मरघट, खलियान पर किए गए अनधिकृत कब्जों को लेकर बेहद संवेदनशील हैं, सार्वजनिक भूमि पर अनाधिकृत कब्जों की शिकायतों पर स्वयं मौके पर जाकर शिकायत की हकीकत परख अपने सामने ही अवैध अतिक्रमण हटवाकर भूमि को खाली करा रहे हैं, जिन चकमार्गो से अनाधिकृत कब्जे हटाए गए हैं, उन पर संबंधित खंड विकास अधिकारियों को मिट्टी का कार्य करने की सख्त हिदायत दी गई है, एक बार कब्जा हटवाने के बाद यदि किसी के द्वारा पुनः कब्जा किया गया है तो ऐसे लोगों को भू-माफिया में चिन्हित कर प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है, सार्वजनिक भूमि के अलावा निजी भूमि पर भी अनाधिकृत रूप से किए गए कब्जों को लेकर भी बेहद सजग है, निजी भूमि पर अनाधिकृत कब्जों से संबंधित शिकायतों पर राजस्व, पुलिस की टीम मौके पर भेज कर प्रभावी कार्यवाही हो रही है, जिससे आम लोग भी राहत महसूस कर रहे हैं, सार्वजनिक भूमि से अनाधिकृत कब्जे हटवाने में लापरवाही बरतने वाले राजस्व कर्मियों के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई है, वैधानिक कार्यवाहियों के चलते भू-माफिया के बीच भय व्याप्त है। जन-सुनवाई के दौरान जब ग्राम अस्यौली नि. गुरूमीत सिंह, अमित, बीनू यादव, जनार्दन सिंह ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि भू-माफियाओं ने गाटा संख्या-308, 452 रकवा लगभग 500 बीघा पर वर्ष 1986-87 में भूलेखों पर अपने-अपने नाम दर्ज करा लिये थे तथा तालाब की आराजी पर खेती करने लगे, जब जिला प्रशासन को तालाब की फर्जी जानकारी हुयी तो राजस्व की धाराओं में कार्यवाही कर 2005 में नाम निरस्त कर तालाब की आराजी को पुनः भू अभिलेखों में तालाब दर्ज करा दिया गया, जो आज भी दर्ज है परंतु भू-माफियाओं ने विभिन्न न्यायालय में जिला प्रशासन द्वारा किये गये आदेश के विरूद्ध निगरानी की, सुनवाई के बाद निरस्त कर दी गयी एवं जिला प्रशासन का आदेश यथावत् रखा, भू-माफियाओं ने उच्च न्यायालय में अवर न्यायालय के विरूद्ध तथ्यों को छिपाते हुये रिट याचिका दायर कर स्थगन आदेश प्राप्त कर लिया लेकिन जिला प्रशासन द्वारा उक्त प्रकरण में काउटंर नहीं लगवाया, जिससे विचाराधीन रिटों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है और भू-माफियाओं द्वारा लगभग 500 बीघा जमीन पर गेहूं की बुवाई कर दी है, जिसे गंभीरता से लेते हुये वह स्वयं मौके पर पहुंचे और क्षेत्रीय लेखपाल, तहसीलदार से प्रकरण की जानकारी करने पर पाया कि उक्त भूमि पर स्टे लिया गया है लेकिन लेखपाल को जानकारी नहीं थीं, तालाब की भूमि होने के बावजूद धारा-67 में भी कोई कार्यवाही नहीं की गयी, जिस पर उन्होने उप जिलाधिकारी सदर को लेखपाल को निलम्बित करते हुये विभागीय कार्यवाही के आदेश दिये। उन्होने नाराजगी व्यक्त करते हुये उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों से कहा कि बार-बार निर्देशों के बाद भी सार्वजनिक भूमि से अवैध अतिक्रमण नहीं हटाये जा रहे हैं, उप जिलाधिकारी अभियान चलाकर अपने-अपने क्षेत्र के सार्वजनिक स्थलों से तत्काल अनाधिकृत कब्जे हटवायें, जनपद में भूमि पर जबरन कब्जे की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रहीं हैं यद्यपि अनाधिकृत कब्जे की शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही हो रही है लेकिन अभी और सख्ती की आवश्यकता है, राजस्व विभाग के कार्मिक अपने-अपने क्षेत्र की सार्वजनिक भूमि की पूरी जानकारी रखें, कहीं भी सरकारी जमीन पर कब्जा न हो, सुनिश्चित किया जाये।

## वीर बालकों की याद में निकाली गई रैली



**टूंडला।** वीर बालक शहीदी सप्ताह के अंतर्गत टूंडला में सिख समाज द्वारा रैली निकाली गई, जो गुरुद्वारा से प्रारंभ हुई और नगर भ्रमण के बाद वहीं पर आकर संपन्न हुई रैली में बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग उपस्थित रहे रैली का शुभारंभ गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष मनप्रीत सिंह कीर ने किया रैली गुरुद्वारा से शुरू हुई और एमपी रोड होते हुए नगर भ्रमण करते हुए भारत माता चौक से तेल मिल रोड पर पहुंची जहां से गुरुद्वारा पहुंचकर इसका समापन किया गया इस मौके पर लोगों ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह नेतमाम उत्पीड़न के बाद भी इस्लाम धर्म को स्वीकार नहीं किया जहां तक कि उन्होंने अपने दोनों बेटों का बलिदान कर दिया उसके बावजूद भी औरंगजेब के सामने झुके नहीं रैली में हरपाल सिंह बंसल करतार सिंह मनमोहन सिंह सर्वेश अंजना शर्मा लक्ष्मी शर्मा गीता सिंह विजेंद्र कौर बीना सलूजा गीता सिंह मीना विमलेश कमलेश आदि उपस्थित रहे।

## नारायण महाविद्यालय की खुशी यादव ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**शिकोहाबाद।** 25 दिसंबर को भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेई जी की जन्म शताब्दी समारोह का समापन जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में विजयी रहे छात्र-छात्राओं को विकास भवन दबरई पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा पुरस्कृत कर किया गया। 23 दिसंबर को नारायण महाविद्यालय में जनपद स्तरीय भाषण, एकल काव्य पाठ, एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया था। जिसमें महाविद्यालय स्तर पर होने वाली भाषण एवं एकल काव्य पाठ में जनपद के सभी महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया था। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी यादव बीए पंचम सेमेस्टर, नारायण महाविद्यालय शिकोहाबाद, द्वितीय स्थान वैशाली भट्ट, लोक राष्ट्रीय महाविद्यालय जसराना एवं तृतीय स्थान रंजीत एम ए हिंदी, नारायण महाविद्यालय शिकोहाबाद ने प्राप्त किया। वही एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कृष्ण कुमार यादव शोध छात्र हिंदी विभाग, महात्मा गांधी बालिका महाविद्यालय फिरोजाबाद, द्वितीय स्थान लक्ष्मी, राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिरसागंज एवं तृतीय स्थान अनुज कुमार वर्मा, शोध छात्र हिंदी विभाग, नारायण महाविद्यालय, शिकोहाबाद ने प्राप्त किया।

प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार स्वरूप छात्र छात्राओं को दस हजार, पांच हजार एवं ढाई हजार रुपए की धनराशि का चेक प्रदान किया गया। अपने छात्र-छात्राओं की सफलता पर नारायण महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो विजय कुमार सिंह, उप प्राचार्य प्रो मनोज कुमार, प्रो अरविंद कुमार, डॉ संतोष कुमार सिंह, प्रो अनुपमा चतुर्वेदी, प्रो हेमलता सुमन, प्रो विनीता कटिहार, सांस्कृतिक समिति की प्रभारी प्रो कविता यादव, मिशन शक्ति प्रभारी डॉ स्वीटी सिंह, एन एस एस अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार वर्मा, डॉ प्रियंका राजपूत, डा शुभी पटेल, रोवर्स रेंजर्स अधिकारी डॉ मृदुला यादव, डॉ इंद्रदेव चौधरी, डॉ अलख नारायण, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ मनमोहन राजपूत आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त किया एवं विजयी छात्र छात्राओं को शुभ आशीष दिया।


## कार्यालय- पथ प्रकाश विभाग, नगर निगम, अलीगढ़

ई-निविदा सूचना सं0 203/प0प्र0वि0/न0नि0अली0/2024-25 दिनांकः 27/12/2024

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

डबलबिड (टैक्निकल/फाइनैन्शियल) सिस्टम में

पथ प्रकाश विभाग, नगर निगम अलीगढ़ अन्तर्गत विभिन्न कार्यो हेतु उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेंट वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नवत शेड्यूल से आमंत्रित की जाती है-

| | |
|---|---|
| फर्म द्वारा ई-निविदा वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि | दिनांक : 28.12.2024 से 03.01.2025 अपरान्ह 03:00 बजे तक |
| ई-निविदाएँ खोलने की दिनांक/समय | दिनांक : 03.01.2025 अपरान्हः 04:00 बजे |

| क्र.सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1. | पथ प्रकाश विभाग के अन्तर्गत जी0आई0 पोल, एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाईट, एल0ई0डी0 फ्लड लाईट, आर्मर्ड केबिल आदि की आपूर्ति/स्थापना हेतु दरों के निर्धारण का कार्य। | ₹ 1,00,000.00 | ₹ 1000 + 180 (GST) = ₹ 1180/- |
| 2. | पथ प्रकाश विभाग अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के विद्युत सामग्रियों की आपूर्ति एवं मरम्मत हेतु दरों के निर्धारण का कार्य। | ₹ 1,00,000.00 | ₹ 1000 + 180 (GST) = ₹ 1180/- |
| 3. | पथ प्रकाश विभाग अन्तर्गत नगर निगम मुख्यालय, जोनल कार्यालयों, विभिन्न त्यौहारो पर फ्लड लाईट, हैलोजन, सजावट एवं बांस वल्ली आदि को किराये पर लगाने हेतु दरों के निर्धारण का कार्य। | ₹ 50,000.00 | ₹ 500 + 90 (GST) = ₹ 590/- |
| 4. | मा0 मुख्य मंत्री नगर सृजन योजन अन्तर्गत आगरा रोड से बरौली फतेहखां मुख्य मार्ग पर पथ प्रकाश व्यवस्था का कार्य। | ₹ 60,000.00 | ₹ 2900 + 522 (GST) = ₹ 3422/- |
| 5. | मा0 मुख्य मंत्री नगर सृजन योजन अन्तर्गत एन0एच0सराय हरनारायण मुख्य गार्ग पर पथ प्रकाश व्यवस्था का कार्य। | ₹ 45,000.00 | ₹ 2200 + 396 (GST) = ₹ 2596/- |
| 6. | मा0 मुख्य मंत्री नगर सृजन योजन अन्तर्गत रामघाट रोड से देव सैनी ग्राम मुख्य मार्ग पर पथ प्रकाश व्यवस्था का कार्य। | ₹ 40,000.00 | ₹ 1900 + 342 (GST) = ₹ 2242/- |
| 7. | मा0 मुख्य मंत्री नगर सृजन योजन अन्तर्गत रामघाट रोड से तालसपुर मुख्य मार्ग पर पथ प्रकाश व्यवस्था का कार्य। | ₹ 40,000.00 | ₹ 1900 + 342 (GST) = ₹ 2242/- |

सभी फर्मो को निविदा शुल्क नगर निगम के खाता सं0 0010000103050288 IFSC Code- PUNB-0001000 पंजाब नेशनल बैंक, शाखा अलीगढ़ में ऑनलाइन जमा कराने का प्रमाण, निविदा के साथ सलंग्न करना होगा एवं धरोहर राशि ऑनलाइन नगर निगम अलीगढ़ के भारतीय स्टेट बैंक खाता सं0 38972576044 IFSC Code- SBIN0000604 में जमा करनी होगी जो लेखाधिकारी, अलीगढ़ के नाम बन्धक होगी। जिसका प्रमाण निविदा के साथ अपलोड करना होगा अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदा के सम्बन्ध में शेष विस्तृत सूचना, नियम व शर्ते उक्त बेवसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

प्रभारी पथ प्रकाश
नगर निगम अलीगढ़

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लोक निर्माण विभाग, बहराइच

पत्रांक : 3504/8 काम/ ई-टेण्डरिंग/बहराइच-श्रावस्ती वृत्त/2024-25 दिनांक : 20/12/2024

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना प्रकाशन (स्वीकृति की प्रत्याशा में)

1. अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच श्रावस्ती वृत्त, लो0नि0वि0, बहराइच द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में 'ए' एवं 'बी' श्रेणी (सेतु कार्य) के पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद बहराइच के निम्न वर्णन के अनुसार मार्ग निर्माण हेतु कार्य की निविदा प्रतिशत दरो के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | निविदा की लागत (रू. लाख में) | बिड सिक्योरिटी (रू. लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| विधानसभा बलहा (स्वीकृति की प्रत्याशा में) (राज्य योजनान्तर्गत) | | | | | | |
| 1 | बहराइच | जनपद बहराइच में कैलाशपुर झुम्मनगांव सं0मार्ग के किमी0-1 मे पूर्व निर्मित रपटे के स्थान पर 5 4.00 4.00 मी0 स्पान के बाक्स कल्वर्ट का निर्माण कार्य। | 95.60 | 6.78 | 2715.00 | 06 माह |
| 2 | बहराइच | जनपद बहराइच में दोआबा सं0मार्ग के किमी0-1 में कटान के स्थान पर 5 4.00 4.00 मी0 स्पान के बाक्स कल्वर्ट का निर्माण कार्य। | 97.40 | 6.87 | 2715.00 | 06 माह |

2. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड सबमिट करने का माध्यम-
(क) बिड डाक्यूमेन्ट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 30-12-2024 से 17-01-2025 तक उपलब्ध रहेगी, जो आनलाइन इसी साइट पर सबमिट की जायेगी।
(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेबसाइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आनलाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।
(ग) ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 17-01-2025 दोपहर 12.00 बजे तक एवं टेक्निकल बिड दिनांक 17-01-2025 अपराह्न 12.30 बजे से कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच श्रावस्ती वृत्त, लो0नि0वि0, बहराइच में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है।
(घ) निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्त तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की वेबसाइट www.uppwd.gov.in के प्रहरी साफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि 17-01-2025 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धि पत्र यदिव कोई हो, तो उसे ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

(इं. प्रदीप कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., बहराइच

UPID-224900 Dated-26-12-2024
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

(इं. भगवान दास)
अधीक्षण अभियन्ता
बहराइच श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि., बहराइच

# मौदहा में बिक रहे अमानक पानी पाउच

**शादी समारोह, बस स्टैंड और बाजार वाले इलाके में ज्यादा बिक्री, गांवों में भी खप रहा अमानक पानी ज्यादा मुनाफा के लिए दुकानदार भी अमानक पाउच की बिक्री पर देते हैं जोर**

हिफजुर्रहमान

**मौदहा हमीरपुर।** शादी समारोह हो या कोई और समारोह जिस में अधिक संख्या में लोग जमा होते हैं उन सभी महफिलों में पीनें के लिए पानी के पाऊच ही परोसे जाते है इसलिए पीने के पानी का कारोबार भी बढ़ता जा रहा है। बढ़ते कारोबार को देखते हुए मुनाफा कमाने के लिए अमानक पानी पाउच बेचने वाले सक्रिय हो गए हैं। ऐसे में लोगों की सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। नगर के किराना दुकान और छोटी ठंडा की दुकानों पर स्थानीय स्तर पर तैयार किए जा रहे पानी के पाउचों की बिक्री तेज हो गई है। एक रुपए में बिकने वाले पाउच अब पांच रुपए में दो बेचे जा रहे हैं। पन्नी में बंद पानी कहने को तो आइएसआइ मार्का वाला फिल्टर पानी है, लेकिन हकीकत में यह पानी स्थानीय स्तर पर पैक किया जा रहा है।

**न एक्सपायरी न निर्माण की तारीख-** बाजार में मिलने वाले अधिकांश पानी पाउच में न तो पैकिंग तारीख अंकित होती है न एक्सपायरी डेट लिखी रहती है। यह पानी भले ही तात्कालिक रुप से लोगों के कंठ को तर कर राहत देने में मददगार साबित हो रहे हैं, लेकिन बाद में न जाने कितनी बीमारियों का कारण बन रही हैं। यह पानी पाउच खाद्य एवं औषधि विभाग से बिना अनुमति एवं नगरीय प्रशासन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन कराएं बिना ही बेचे जा रहे हैं। इन अधिकांश पाउचों में न तो वाटर प्लांट का पता लिखा है न ही इमेल पता होता है। फिर भी यह नकली पाउच बाजार में धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं। ऐसे पानी के उपयोग से पीलिया, टाइफाइड, अल्माइजर आदि जैसी गंभीर बीमारियां होने की संभावना बनी रहती है।

**रुपए खर्च कर उपभोक्ता खरीद रहे**



**अधिक मुनाफा के लिए बिक्री-** ब्रांडेड पानी पाउचों की तुलना में मौदहा में अमानक स्तर के बने पाउच काफी सस्ते दामों में दुकानदारों को बेचे जाते हैं। इसलिए दुकानदार अपने फायदे के चक्कर में लोगों को दूषित पानी पिलाकर स्वास्थ के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक ब्रांडेड कंपनी के पानी पाउच की पैकिंग में 100 पाउच रहते हैं। वह दुकानदार को 50 से 60 रुपए में मिलती है जबकि नकली पानी पाउच की बोरी, जिसमें 100 पाउच होते हैं, अधिकतम 40 से 45 रुपए में मिल जाते है।

**बिक रहे देशी पाउच भी-** पानी के पाउच प्लॉट पर मशीन के माध्यम से पैक करके बेचे जाते हैं, लेकिन वर्तमान में जनपद में अनेक स्थानों पर घरों में पानी बनाकर बेचा जा रहा है। जिनमें बाजार में मिलने वाली सफेद पॉलीथिन को खरीदकर उसमें पानी भरकर धागा से बांध दिया जाता है और फ्रिज में रखकर उसी पानी को बेच दिया जाता है। खासतौर पर बस स्टैंड पर ऐसे देशी पाउच की बिक्री ज्यादा हो रही है।

**आइएसआइ मार्का का दुरुपयोग-** आइएसआइ मार्का का गलत तरीके से प्रयोग हो रहा है, तभी बीआइएस विभाग इस संबंध में कार्रवाई करता है। जबकि बाजार में अमानक पानी पॉउच के संबंध में कार्रवाई का अधिकार प्रशासन व खाद्य और औषधि विभाग के जिम्मे होता है। इसके बावजूद विभाग द्वारा अपनी जिम्मेदारी को पूरी तरह से नहीं निभाने के चलते जनपद वासियों को सदैव बीमारियों का डर बना रहता है।

**यह हैं पाउच बेचने के नियम-** किसी भी कंपनी को पानी के पाउच निर्माण के लिए प्रशासन द्वारा जारी लाइसेंस की जरूरत होती है। वहीं खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की अनुमति भी होना आवश्यक है। इसके अलावा पानी के पाउचों को पैकिंग तारीख दी जाती है। जिसमें उस तारीख से निर्धारित समयावधि की भी जानकारी देना अनिवार्य होता है। पैकेट पर नैचुरल, पारंपरिक और शुद्ध निर्माण जैसे शब्द कंपनियों द्वारा मनमाने तरीके से लिखे जा रहे हैं। निर्माता कंपनियां प्रोडक्ट की परिभाषा खुद तैयार कर ऐसे लुभावने शब्द लिखकर ग्राहकों से मनमाने दाम वसूल रही हैं। एफएसएसआइ नई दिल्ली ने कंपनियों पर नकेल कसने के लिए नेचुरल, शुद्ध सहित पारंपरिक परिभाषा तय की है। कोई कंपनी गलत दावा करती है, तो उसे 10 लाख रुपए तक जुर्माना देना पड़ सकता है। एफएसएसएआइ ने नए नियमों के पालन के आदेश संबंधित विभागों को दिए हैं। इस सम्बन्ध में जब सहायक आयुक्त खाद् सुरक्षा अधिकारी डा0 गौरीशंकर से पूछा तो उन्होंनें कहा कि समय-समय पर सैंपल लिए जाते हैं, अमानक पाए जाने पर कार्रवाई की जाती है। यदि कहीं किसी निर्माता कंपनी द्वारा नियम का पालन नहीं किया जा रहा है, तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## मिशन शक्ति अभियान फेज के तहत बालिकाओं को जागरूक किया

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान फेज-V के क्रम में थाना मौदहा मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा, थाना क्षेत्र अन्तर्गत गांधी इण्टर कॉलेज में जाकर बालिकाओं/ महिलाओं को आत्मरक्षा, गुड टच एवं बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराध से बचाव हेतु उपायों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

इसी क्रम में डायल 112 का उपयोग करने के बारे में बताया गया, बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 112/1090/ 102/108/ 1098 आदि से अवगत कराया गया। साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के सबन्ध में भी जानकारी दी गई। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं/बालिकाओं हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों व महिलाओं/ बालिकाओं से सम्बंधित योजनाओं के पम्पलेट वितरित किये गए।

## दिशिता महिला मंडल रेनुसागर द्वारा 105 बच्चों को स्वेटर वितरण किया



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/अनपरा।** दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की अध्यक्षा श्रीमती इन्दू सिंह के दिशा निर्देशन में सामाजिक उत्तरदायित्वों को बखूबी निभाने के साथ बच्चों के शिक्षा के प्रति सदैव प्रयत्नशील रहती है। इसी श्रृंखला को निभाते हुए दिशिता महिला मंडल रेनूसागर की अध्यक्षा के कर कमलों द्वारा प्राइमरी स्कूल रेनूसागर के कक्षा-एलकेजी.एवं यूकेजी के 105 बालक और बालिकाओं को स्वेटर वितरित किया गया।इस अवसर पर दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की सदस्याएँ प्राइमरी स्कूल रेनूसागर पहुँच कर स्वेटर वितरित किये। जिससे उनकी शिक्षा सुचारू रूप से निरन्तर चलती रहे बालक और बालिकाओ को ठण्ड से बचने के लिए स्वेटर काफी उपयोगी साबित होगी,वही नया स्वेटर पा कर बालक और बालिकाओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।

कार्यक्रम में उपस्थित प्राइमरी स्कूल के प्रधानाध्यापिका ने दिशिता महिला मंडल का आभार प्रकट करते हुए इस पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर दिशिता महिला मंडल की वरिष्ट सदस्याएँ विभा शैलेश सिंह, रीना जैन, कविता श्रीमाली, सविता चौबे, रेनू खुराना, तुलिका श्रीवास्तव, विनिता सिंह, सीमा श्रीवास्तव, रीना श्रीवास्तव, सीमा बियाला वन्दना सिंह, गायत्री भारद्वाज, निर्मला अग्रवाल एवं अन्य सदस्याएँ प्रमुख रूप से उपस्थित थी।

## मौदहा में खुलेआम बेचा जा रहा तम्बाकू मिश्रित गुटखा

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा, हमीरपुर।** कस्बे सहित क्षेत्र में गुटखा माफिया योगी सरकार में भी इतने बेखौफ हो गए है कि सुप्रीम कोर्ट व मुख्य मंत्री के आदेश का उल्लंघन करते हुए खुलेआम सुगंधित सुपारी के नाम पर तंबाकू मिश्रित गुटखा, पान मसाला बेच कर संगीन अपराध को अंजाम दे रहे हैं। इस गैर कानूनी काम करने में सरकारी और सफेद पोश लोगों का खुलेआम सहयोग मिल रहा है। जिससे सरकार के नियमों की धज्जियां तो उड़ ही रही हैं और जनमानस को रोगी बनाया जा रहा है। जिससे अब हर मौहल्ले में कोई न कोई कैंसर रोगी मिल जाते हैं फिर भी जिम्मेदार अधिकारी अपने कर्तव्य को निजी स्वार्थ के लिए कोई कार्रवाई नही कर रहे हैं। जनपद सहित मौदहा में किस्मत, नशा, उधार आदि जैसे अनगिनत ब्राण्डों के नाम पर अवैध गुटखे का अवैध कारोबार चरम पर हैं। जिसके पैकेट पर सुगंधित सुपारी लिखी होती है लेकिन अंदर




तम्बाकू मिश्रित गुटखा होता है। जिसमें घटिया किस्म की सड़ी सुपारी और तम्बाकू के साथ केमिकल मिला होता हैं। जिससे कैंसर जैसी घातक बिमारी जनमानस में बड़ी आसानी से फैल रही है। इन गुटखे के पैकेट भी पालिथीन के बने होते हैं जबकि पान मसाला के पैकेट सरकारी नियम अनुसार कागज के होने चाहिए। इन गुटखा के पैकेटों को खा कर नासमझ जानवरो की भी मौत हो जाती हैं। इस अवैध कारोबार से प्रति माह करोड़ो रुपए का राजस्व की हानि होती हैं और काले धन की भी बढ़ोतरी होती है फिर भी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा इस अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

## एमजीएम कॉलेज में डॉ. मनमोहन सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

**सुमेरपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री और प्रख्यात अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर मां गीता माहेश्वरी इण्टर कालेज सुमेरपुर में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित लोगों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अद्वितीय योगदान को याद किया। सभा में बोलते हुए कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पुनीत पालीवाल ने कहा, डॉ. मनमोहन सिंह भारतीय राजनीति और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले एक महान व्यक्तित्व थे। उनका जीवन सादगी, सज्जनता और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी और आर्थिक सुधारों के माध्यम से देश को वैश्विक मंच पर मजबूत स्थिति में खड़ा किया। उनका निधन न केवल हमारे देश के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने आगे कहा कि डॉ. सिंह की नीतियों ने करोड़ों भारतीयों के जीवन में बदलाव लाया और उनकी ईमानदारी और समर्पण हमेशा प्रेरणा स्रोत रहेंगे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित



अवधनामा ब्यूरो

**जसवंतनगर/इटावा।** मानव तस्करी एवं यौन शोषण व नारी सशक्तिकरण विषय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार नेहा सचान ने राम जानकी विद्या मंदिर कैस्त में आयोजित उक्त कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे डरें नहीं झिझकें नहीं विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों पर शिकायतें दर्ज कराएं शीघ्र मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा के बिना महिलाओं का पूर्ण सशक्त हो पाना संभव नहीं है इसलिए खूब मन लगाकर पढ़ाई करें इंटरनेट का सदुपयोग करें और लक्ष्य हासिल करें। विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्त्ता प्रेम कुमार शाक्य ने कहा कि अपने आसपास बाल विवाह न होने दें जानकारी होने पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना दें। उन्होंने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की विस्तृत जानकारी दी। शिविर संयोजक पीएलवी ऋषभ पाठक व कु.नीरज ने तस्करी व यौन शोषण विषय पर जानकारी दी। उन्होंने निःशुल्क कानूनी सलाह के लिए नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 की सेवाएं भी बताई। महिला आरक्षी राधा भारद्वाज ने मिशन शक्ति पर प्रकाश डाला व पत्रक बांटे। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक शिवसागर शुक्ला, प्रधानाचार्य अभिषेक शुक्ला व शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। थाने से आरक्षी शुभम पवार भी मौजूद रहे।

## नपा अध्यक्ष ने सीएम से मुलाकात कर बजट बढ़ाने की की अपील



**सोनभद्र/लखनऊ।** रावटसगंज नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद द्वारा शुक्रवार को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते हुए रावटसगंज नगर पालिका के विकास कार्यो को लेकर चर्चा करते हुए विशेष बजट की मांग की वही विकास कार्यो के शिलान्यास उद्घाटन के लिए किया आमंत्रित। नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना में बजट बढ़ोतरी को लेकर मांग किया गया है वहीं नगर में बने शिवाजी की प्रतिमा व पेट्रोल पंप के अनावरण एवं बने सड़क निर्माण का उद्घाटन शिलान्यास करने को आमंत्रण पत्र दिया गया।

वहीं रूबी प्रसाद ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में नाली निर्माण हेतु ड्रेनेज सिस्टम में बजट की मांग किया गया है जिससे कि नगर के विकास कार्यो में किसी प्रकार से रुकावट ना आ सके केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए पूरा प्रयास किया जाए इस दौरान एससी एसटी आयोग के अध्यक्ष जीत सिंह खरवार, भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विशाल पांडेय मौजूद रहे।

## बाबा साहब का अपमान नही सहेगा हिंदुस्तानः विपिन

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा चलाये जा रहे। प्रत्येक विधानसभा छेत्र में सेक्टर वार पीडीए चर्चा का कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। जिसमे लोकसभा में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का जो अपमान किया गया है। वो देश की जनता कभी बर्दास्त नही करेगी वही विपिन श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा शुरू से ही बाबा साहब की विरोधी रही है। कभी ये चुनाव जीतने के बाद आरछ्ण खत्म करने की बात करते है तो कभी बाबा साहब का अपमान करते है। ऐसी दशा में इनकी मंशा



साफ है कि ये दलित विरोधी सरकार है। तथा अब जब भाजपा की सच्चाई सामने आ गयी है तो वो तरह तरह की सफाई दे रही है। देश की जनता ऐसे विरोधी मानशिकता वाले लोगो को कभी माफ नही करेगी। वो दिन दूर नही जब एक नया लोकतंत्र का शाशन होगा और ये तानाशाही सरकार का अंत बाबा साहब ने देश मे आज़ादी के लिए शुरू से आवाज ही नही उठाई बल्कि जब देश आजाद हुआ तो सविंधान बना कर पिछड़ा,दलित,अल्पसंख्यक समाज को अधिकार भी दिया। सविधान ने सामंती सोच की परम्परागत सत्ता को चुनौती भी दी और 90 परसेन्ट वंचित आबादी को आरक्षण के माध्यम सेहक और अधिकार दिलवाया। बाबा साहब द्वारा दिलाया गया आरछ्ण सदियों की पीड़ा दोनो ने मिलकर पिछड़े दलित अल्पसंख्यक को एकसूत्र में बांधने का प्रयास किया।

***ऐसे बाबा साहब का अपना देश की जनता नही सहेगी या तो अमित शाह इस्तीफा दे या देश की जनता से माफी मांगे।***

## डीएम ने वेतन पर रोक लगाने के साथ ही स्पष्टीकरण जारी करने के दिये निर्देश

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में मुख्यमंत्री जी कार्यालय द्वारा संदर्भ में प्राप्त फीडबैक में अधिकारियों द्वारा शिकायतों का निस्तारण समय से न किये जाने पर माह दिसम्बर,2024 के वेतन भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि बेतन आहरण इस शर्त के साथ किया जायेगा कि जब अधिकारियों द्वारा इस आशय का प्रमाण पत्र दिया जायेगा कि पोर्टल पर प्राप्त समस्त संदर्भा के निस्तारण में शिकायतकर्ता से सम्पर्क एवं स्थलीय सत्यापन करते हुए आख्या अपलोड की गयी है, आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण न करने में क्षेत्राधिकारी, सदर नगर, घोरावल ओबरा पिपरी दुद्धी सोनभद्र, थानाध्यक्ष-शाहगंज, रामपुर बरकोनिया, कोन रायपुर विण्ढमगंज, बीजपुर, पिपरी, राबर्टसगंज, जुगैल, दुद्धी. शक्तिनगर, घोरावल, अनपरा ओबरा, बभनी म्योरपुर करमा, पन्नुगंज चोपन सोनभद्र, मुख्य



चिकित्साधिकारी सोनभद्र, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, सोनभद्र प्रभारी चिकित्साधिकारी चोपन राबर्ट्सगंज, घोरावल, म्योरपुर नगवा, चतरा सोनभद्र, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद राबर्टसगंज सोनभद्र, अधिशासी अधिकारी-नगर पंचायत अनपरा, ओबरा सोनभद्र, सहायक विकास अधिकारी (पं0), चोपन, राबर्ट्सगंज, नगवां, बभनी, चातरा, दुद्धी, म्योरपुर, घोरावल सोनभद्र, बाल विकास परियोजना अधिकारी, नगवा, चतरा चोपन, दुद्धी सोनभद्र, जिला विद्यालय निरीक्षक, सोनभद्र, खण्ड शिक्षा अधिकारी-नगवा, म्योरपुर, चोपन, चतरा सोनभद्र, खण्ड विकास अधिकारी-दुद्धी, राबर्टसगंज, करमा सोनभद्र, जिला पूर्ति अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक-राबर्ट्सगज, घोरावल सोनभद्र, उप जिलाधिकारी-घोरावल राबर्ट्सगज, दुद्धी. ओबरा, सोनभद्र, तहसीलदार-ओबरा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सोनभद्र, पशु चिकित्साधिकारी घोरावल सोनभद्र, जिला कृषि अधिकारी सोनभद्र, प्रभागीय वनाधिकारी राबर्टसगंज सोनभद्र, जिला उपायुक्त मनरेगा सोनभद्र, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, सोनभद्र, अधिशासी अभियन्ता, प्रा0ख0, लो0नि0वि0 सोनभद्र, सहायक परिवहन अधिकारी (प्रर्वतन) सोनभद्र, जिला युवा कल्याण अधिकारी, सोनभद्र, जिला प्रोबेशन अधिकारी, सोनभद्र, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, पिपरी सोनभद्र, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, सब रजिस्ट्रार, घोरावल सोनभद्र, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी, सोनभद्र, जिला आबकारी अधिकारी सोनभद्र, सहायक अभियन्ता, लघु सिचाई सोनभद्र, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता सोनभद्र, परियोजना अधिकारी, डूडा सोनभद्र द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय से नहीं किया गया है और ना ही सम्बन्धित शिकायतकर्ताओं से वार्ता कर फीडबैक लिया गया हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जी के निर्देशन में मा0मुख्य सचिव द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अत्यधिक जन शिकायतें (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1076 आन लाइन/जिलाधिकारी संदर्भ) में राजस्व अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा शिकायतकर्ता से न तो सम्पर्क किया गया है और न ही स्थलीय सत्यापन हेतु भ्रमण किया गया है जबकि आईजीआरएस पोर्टल में पूर्व से यह व्यवस्था है। पोर्टल का अवलोकन किया गया, पोर्टल पर 01 दिसम्बर 2024 से 26 दिसम्बर, 2024 तक में कुल 866 संदभों का शासन स्तर से फीडबैक लिया गया है, जिसमें सम्बन्धित विभागों द्वारा अधिकांश संदर्भो में न तो शिकायतकर्ता से सम्पर्क किया गया और न तो स्थलीय सत्यापन ही किया गया है, उक्त निर्देशों का अनुपालन बेहतर ढंग से न होने पर माह दिसम्बर, 2024 के वेतन आहरण पर अग्रिम आदेश तक रोक लगाने के निर्देश दिये गये हैं।

## अनपरा नगर पंचायत के बोर्ड बैठक में बाइलॉज पारितः ईओ



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/अनपरा।** अनपरा नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में सर्वसम्मति से लगभग आधा दर्जन बाइलॉज पारित किये गए एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में करोड़ो के विकास कार्यो स्वीकृति प्रदान की गई।बोर्ड बैठक में 17 सभासद उपस्थित थे।बोर्ड बैठक की शुभारम्भ के पहले पूर्व प्रधानमंत्री मन मोहन सिंह के गोलोकधाम वासी होने पर दो मिनट का मौन धारण के पश्चात चौथी बोर्ड बैठक चेयरमैन विश्राम प्रसाद बैसवार की अध्यक्षता व अधिशासी अधिकारी अपर्णा मिश्रा के संचालन में आहूत की गई जिसमें आम सहमति से लगभग आधा दर्जन बाइलॉज पारित किये गए एवं करोडों के विकास कार्यो के के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई ।बोर्ड बैठक में नगर पंचायत द्वारा स्वकर प्रणाली ,संपत्ति हस्तान्तरण ,लाइसेंस कर ,एवं अवशिष्ट पदार्थो से सम्बन्धीत कई उपविधि पारित किया गया।वोर्ड बैठक में नगर पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता एवं नाली की साफ सफाई ,पर्यावरण को स्वच्छ रखना,विकाश कार्यों की एक्शन प्लान पर चर्चा की गई। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अपर्णा मिश्रा ने बताया कि नगर पंचायत अनपरा द्वारा बोर्ड बैठक में लगभग आधादर्जन बाइलॉज पारित किए गए जिसमे मुख्य रूप से स्वकर प्रणाली,लाइसेंस कर सॉलिड-वेस्ट मैनेजमेंट 2016 के तहत बाईलॉज बनाये गए।वही शासन द्वारा प्राप्त धनराशि की करोड़ो रुपये की विकाश कार्य योजना पर बैठक में विचार किया गया और सर्वसम्मति से पारित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### तहसील परिसर में लगी पानी टंकी लीकेज से प्रतिदिन बर्बाद हो रहा हज़ारो लीटर पानी,



**मौदहा हमीरपुर।** पानी बचाओ, जल ही जीवन है, जल है तो कल है ऐसे अभियानों को झण्डी दिखा कर शुरू करने वाले जिम्मेदारों के प्रांगण में ही हर दिन हजारों लीटर पानी की बरबादी हो रही है लेकिन ऐसे जिम्मेदार अधिकारियों को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। कस्बे के तहसील प्रांगण में बनी टंकी में बीच से पाईप टूटे होने के कारण हर दिन हजारों लीटर पानी की बरबादी हो रही है।लेकिन यह मामला तब और गंभीर हो जाता है जब पानी बचाओ, जल है तो कल है और जल ही जीवन है जैसे जागरूकता अभियानों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने वाले सभी जिम्मेदारों के कार्यालय इसी प्रांगण में हों। बताते चलें कि उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार के कार्यालय इसी प्रांगण में स्थित हैं और अधिकतर पानी बचाओ अभियान में यही अधिकारी झंडी दिखाने का काम करते हैं लेकिन स्थिति वही ढाक के तीन पात वाली है क्योंकि सारे दिन कार्यालय में रहने वाले जिम्मेदार अधिकारियों को टंकी से हर दिन बहता हजारों लीटर पानी दिखाई नहीं दे रहा है। उक्त टंकी रजिस्टर कार्यालय के पास बनी हुई जिससे यहां बैनामा कराने के लिए प्रतिदिन सैकड़ों लोग आते जाते रहते हैं और इस बहते पानी के कारण वहां बैठने में खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जबकि ठंड के मौसम में उक्त टंकी से बह रहे पानी के कारण लोगो के सिर पर पड़ रहा है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के कानो में जूं तक नहीं रेंग रही।

### ज़रूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किये गए



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** स्वयं सेवी संस्था स्वदेश कल्चरल फाउंडेशन की ओर से बसरेहर क्षेत्र के ग्राम चकवा खुर्द में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया गया। संस्था के अध्यक्ष राम जनम सिंह, कोषाध्यक्ष सर्वेश सिंह चौहान तथा सदस्य गण आनंदिता तथा अंकित सिंह ने ग्राम चकवा खुर्द पहुंच कर शुक्रवार को कंबलों का वितरण किये। राम जनम सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की मदद से जरूरतमंद लोगों का चयन पूर्व में कर लिया गया था जिन्हें सहयोग दिया गया। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में समाजसेवी लोगों को समाज की मदद करने के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय चकवा खुर्द का स्टाफ, विद्यार्थी तथा ग्रामीण मौजूद रहे।

### यश इंटरनेशनल स्कूल में हुआ रोमांचक खो-खो मैच



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** यश इंटरनेशनल स्कूल में एक आकर्षक खो-खो मैच आयोजित किया गया, जहां जूनियर लड़कियों ने खेल के प्रति अपने जुनून और उत्साह का प्रदर्शन किया। इंटर हाउस खो-खो प्रतियोगिता शुक्रवार को सम्पन्न हुई, जिसमें छात्रों ने असाधारण टीम वर्क और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। विद्यालय के निदेशक अरुण तोमर ने लड़कियों की प्रशंसा की और कहा, खो-खो एक लोकप्रिय पारंपरिक भारतीय खेल है जो टीम वर्क, रणनीति और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देता है। प्रधानाचार्य विनायक सिन्हा ने विद्यार्थियों को खेल का महत्व बताते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा, खो-खो एक पारंपरिक दक्षिण एशियाई खेल है जो प्राचीन भारत का है। यह भारतीय उपमहाद्वीप में कबड्डी के बाद दूसरा सबसे लोकप्रिय पारंपरिक टैग गेम है। टीम सीवी रमन (ऑरेंज) हाउस ने मैच जीता और टीम एस रामानुजन उपविजेता रही। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक खेल का आनंद लिया।

### नेशनल कराटे प्रतियोगिता में इटावा के बच्चो ने झटके 5 स्वर्ण पदक



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** 24 से 26 दिसम्बर 2024 को कानपुर में हुई दो दिवसीय नेशनल कराटे प्रतियोगिता में इटावा से पांच खिलाडियों ने प्रतिभाग कर सभी ने अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। जिला कराटे संघ के अध्यक्ष मो कफील कुरैशी सहित संघ के पदाधिकारी फैज़ान कुरैशी, संध्या सक्सेना, मनीष कुशवाहा एवं खुशी सागर के नेतृत्व किया। ज़ैनब फातिमा ने 10 वर्ष -35 कि.ग्राम भार वर्ग मे, अनन्या ने 10 वर्ष -40 कि.ग्राम भार वर्ग में, खुशनूर ने 9 वर्ष 30 कि.ग्राम भारवर्ग मे, प्रियांशु ने 7 वर्ष -25 कि.ग्राम भार वर्ग मे तथा निधि ने 10 वर्ष -40 कि.ग्राम भार वर्ग मे सभी खिलाडियों ने स्वर्ण पदक जीते। सभी बच्चो ने शानदार प्रदर्शन कर जनपद इटावा का नाम रोशन किया। वही कराटे संघ के अध्यक्ष मो.कफील कुरैशी ने बताया कि बच्चों के शानदार प्रदर्शन से उनके अभिभावक बेहद खुश है और आगामी प्रतियोगिताओं में इटावा से और भी बच्चें खेल से जुड़ेंगे। उनकी टीम द्वारा सभी बच्चो को भविष्य मे आगे जाने और उनके प्रशिक्षण पर और ज्यादा ध्यान देने का आश्वासन दिया तथा विजेता खिलाडियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की।

### सनशाइन स्कूल में क्रिसमस उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** सनशाइन स्कूल में क्रिसमस पर्व के उपलक्ष्य में नन्हे-मुन्ने छात्रों ने सेंटा क्लाज बनकर सभी का मन मोह लिया। कक्षा नर्सरी से कक्षा 1 तक के छात्र-छात्राओं ने जिंगल बेल गाने पर अपनी प्रस्तुति प्रस्तुत की। प्राइमरी तथा जूनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं के मध्य विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मनीषा चतुर्वेदी उपस्थिति रही। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकगण को क्रिसमिस पर्व की बधाई दी। विद्यालय के निदेशक प्रबंधक शिखर चतुर्वेदी ने बच्चों की प्रस्तुति देख उनकी जमकर प्रशंसा की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समस्त स्टाफ भी इस अवसर पर मौजूद रहा।

# ट्रॉमा सेंटर में भिड़े निजी और केजीएमयू के एंबुलेंस चालक

- जमकर चले लात-घूंसे; दलाली के पैसों को लेकर विवाद
- तमाशबीनों की भीड़ जमा हो गई




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ स्थित केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में शुक्रवार को ट्रॉमा सेंटर व निजी एम्बुलेंस चालक के बीच जमकर लात-घूंसे चले। मामला बढ़ा तो संस्थान के कर्मचारियों ने दोनों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आशंका है कि दोनों के बीच मरीजों की दलाली के रुपये बांटने को लेकर विवाद हुआ है। हालांकि केजीएमयू प्रशासन ने इससे इंकार किया है।

केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में मरीजों की दलाली की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। नर्सिंग होम संचालक निजी एम्बुलेंस चालकों और संस्थान के कुछ कर्मियों की मदद से मरीजों को शिफ्ट करा रहे हैं। बीते दिनों इस तरह शिफ्ट किए गए दो मरीजों की मौत भी हो गई। ट्रॉमा सेंटर में शुक्रवार देर शाम ट्रॉमा सेंटर के संविदा एम्बुलेंस चालक और निजी एम्बुलेंस चालक के बीच 20 हजार रुपये के बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। कहासुनी बढ़कर मारपीट तक पहुंच गई। यह विवाद करीब 20 मिनट तक चलता रहा। वहां तमाशबीनों की भीड़ जमा हो गई। इसको देखकर सुरक्षाकर्मियों को दोनों ने पकड़ लिया। इसके बाद दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर के सीएमएस डॉ प्रेमराज ने बताया कि निजी एंबुलेंस चालक और ट्रॉमा के संविदा एंबुलेंस चालक के बीच विवाद की बात सामने आई है। यह विवाद पुराने लेन देन का बताया जा रहा है। ट्रॉमा सेंटर से इसका कोई लेना देना नहीं है।

## शिया कॉलेज में मुक़ाबला ए हुस्ने क़िरात आज

**लखनऊ।** 28 दिसम्बर बरोज़ हफ़्ता 7:00 बजे शब शिया कालेज विक्टोरिया स्ट्रीट लखनऊ में ज़ेरे निगरानी मजलिसे उलमा शिया कॉलेज व शिया अरबी कॉलेज की जानिब से हुस्ने क़िरात कुर्आन मजीद के एक मुक़ाबले का इनेक़ाद किया गया है हुस्ने क़िरात के इस मुक़ाबले में शहर के मशहूरो मारुफ़ क़ारी ए क़ुरान हिस्सा लेंगे। जिसमें हज़राते उलेमा ए कराम, ख़ोतबा, शोअरा, ज़ाकिरीन, वाएज़ीन व मदारिस के ज़िम्मेदाराना मौजूद रहेंगे।

## 26 मार्गों के चालू कार्यों हेतु 20 करोड़ अवमुक्त

**लखनऊ।** उ0प्र0 सरकार द्वारा राज्य सड़क निधि योजना के अन्तर्गत देवीपाटन मण्डल के विभिन्न जनपदों के कुल 26 मार्गों के स्वीकृत एवं चालू कार्यों हेतु 20 करोड़ 89 लाख 47 हजार रूपए की अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी है। इन 26 चालू कार्यों में जनपद बलरामपुर के 20, गोण्डा के 04 तथा बहराइच व श्रावस्ती के 01-01 कार्य सम्मिलित हैं। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।

# पंचायतीराज विभाग ने कार्यशाला का किया आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उ.प्र. राज्य महिला आयोग में ''पंचायती राज विभाग द्वारा प्रदेश की महिलाओं के लिये संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी'' विषय पर आज एक कार्यशाला का आयोजन उ.प्र. राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष, डॉ. बबीता सिंह चौहान की अध्यक्षता में किया गया। उक्त कार्यशाला का शुभारम्भ आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान, उपाध्यक्ष चारू चौधरी, राघवेन्द्र द्विवेदी, उप निदेशक, पंचायती राज विभाग उ.प्र., स्वाती गुप्ता कार्य अधिकारी (निदेशालय) पंचायती राज विभाग, सुनीता सिंह राज्य सलाहकार (पी.आर.डी.) पंचायती राज विभाग द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह जी को समस्त पदाधिकारियों द्वारा श्रंद्धाजलि अर्पित की गयी।जागरूकता कार्यक्रम में पंचायती राज के अधिकारीगण द्वारा प्रदेश में महिलाओं के लिये संचालित पंचायत सामान्य निर्वाचन एवं प्रशिक्षण के माध्यम से प्रधानों की क्षमता संवर्द्धन, स्वच्छ भारत मिशन ग्रा., उपहार स्वरूप इज्जतघर, लो कास्ट सैनिटरी नैपकीन उत्पादन कार्यक्रम, महिलाओं द्वारा मानवमल ढोने की प्रथा का अंत, महिला रोजगार/स्‍ वावलम्बन एवं सामुदायिक शौचालय संचालन, मासिक धर्म स्वच्छता अपशिष्ट प्रबन्धन इन्सनीरेटर निर्माण, केन्द्रीय एवं राज्य वित्त आयोग, मिशन शक्ति अन्तर्गत विभिन्न फेजों में महिला केन्द्रित गतिविधियों का संचालन, पंचायतों को पुरस्कार के माध्यम से प्रोत्साहन एवं सतत् विकास लक्ष्यों की स्थानीय स्तर पर प्राप्ति आदि योजनाओं के सम्बन्ध में सम्पूर्ण जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में उ.प्र. राज्य महिला आयोग के पदाधिकारियों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्ष द्वारा मासिक बैठक में विगत माह में आयोग पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में महिला जनसुनवाई, वन स्टाप सेन्टर, महिला चिकित्सालय, महिला बन्दीगृह, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय आदि के निरीक्षण की समीक्षा की गयी।

## हिंदू देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोपी गिरफ्तार



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में हिंदू देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी बसपा कार्यकर्ता ओमप्रकाश गौतम को शुक्रवार को निगोहां पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए वीडियो वायरल हुआ था। बृहस्पतिवार की देर शाम सोशल मीडिया पर मीरकनगर निवासी ओमप्रकाश गौतम ने हिंदू देवी-देवताओं पर अमर्यादित टिप्पणी की थी। भगवानपुर गांव के समाजसेवी भंवरेश्वर चौरसिया ने केस दर्ज कराया था। शुक्रवार रात पुलिस ने आरोपी को उसके गांव से गिरफ्तार किया। शुक्रवार को उक्त मामले को लेकर बीजेपी के निगोहां मंडल अध्यक्ष आशुतोष शुक्ला, कार्यकर्ता शिवनारायण बाजपेयी और करणी सेना के लोगों ने भी तहरीर दी।

# लोहा और पान मसाला फैक्टरियों के बाहर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

- एसजीएसटी और राज्यकर मुख्यालय से होगी मॉनिटरिंग
- जिला राज्यकर कार्यालयों से की जाएगी निगरानी



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी में लोहा और पान मसाला फैक्टरियों की सीसीटीवी से निगरानी को लेकर तेजी से काम चल रहा है। सीसीटीवी कैमरों का एक्सेस स्थानीय एसजीएसटी कार्यालयों में होगा लेकिन क्रॉस चेकिंग के लिए राज्य कर मुख्यालय से भी नजर रखी जाएगी। प्रदेश भर में इन दोनों सेक्टरों की फैक्टरियों के बाहर करीब 100 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

प्रमुख सचिव राज्यकर एम. देवराज के निर्देश पर पान मसाला और लोहा फैक्टरियों में टैक्स चोरी पर अंकुश लगाने के लिए एक महीने से चौबीस घंटे सचल दल निगरानी कर रहा है। पूरे प्रदेश में इन इकाइयों के बाहर सचल दल की टीमों को दिन-रात तैनात रहने के निर्देश यथावत हैं। व्यापारियों के विरोध को दरकिनार कर इन कैमरों की निगरानी जिला राज्य कर कार्यालयों से की जाएगी। एक टीम दिन रात इन कैमरों पर नजर रखेगी। वहीं, इन कैमरों का एक कंट्रोल रूम राज्य मुख्यालय लखनऊ में भी बनाया जा रहा है। यहां से एक तरफ इकाइयों की मॉनिटरिंग होगी तो दूसरी तरफ जिलों में तैनात अधिकारियों के कामकाज पर भी नजर रखी जा सकेगी, जो इन दोनों सेक्टरों की इकाइयों की जांच से जुड़े हैं। इस बीच पान मसाला और लोहा इकाइयों की एक महीने की सतत निगरानी के बाद राजस्व के लिहाज से किसी तरह का नुकसान अभी तक सामने नहीं आया है। व्यापारियों द्वारा उत्पादन ठप होने से होने वाले नुकसान की आशंकाओं के अध्ययन के बाद शासन ने पाया कि फिलहाल न तो उत्पादन में कमी आई है और न ही राजस्व में किसी तरह का असर पड़ा है।

## एलडीए ने चलाया अवैध निर्माण और प्लाटिंग के खिलाफ अभियान

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर अवैध निर्माण और प्लाटिंग के खिलाफ अभियान के तहत शुक्रवार को गोमती नगर में एक अवैध व्यवसायिक निर्माण पर बुलडोजर चला। कार्रवाई के दौरान अवैध ढांचे को पूरी तरह जमींदोज किया गया। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताा कि अनुराग, अरविंद व आनंद त्रिपाठी की ओर से गोमती नगर के विराम खण्ड में भूखण्ड संख्या 1/122 पर लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल में दुकानों का निर्माण करा यादव दूध डेयरी, कार वर्कशॉप व भोजनालय संचालित किया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये गये अवैध निर्माण को विहित न्यायालय ने ध्वस्त करने के आदेश दिये थे। शुक्रवार को सहायक अभियंता उदयवीर सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता सुरेन्द्र द्विवेदी व विपिन बिहारी राय ने अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराई। इस दौरान अवैध ढांचे को पूरी तरह ध्वस्त किया गया।

# बादशाहनगर रेलवे स्टेशन नई सुविधाओं से हो रहा अपग्रेड



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के बादशाहनगर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में इक्कत्तीस करोड़ तेरह लाख रुपये की लागत से नई सुविधाओं से अपग्रेड किया जा रहा है। इस योजना में बादशाहनगर स्टेशन के मुख्यप्रवेश द्वार के सरकुलेटिंग एरिया के विकास तथा स्थानीय कला एवं संस्कृति को शामिल करते हुए स्टेशन का सुंदरीकरण, प्लेटफॉर्म सरफेस का अपग्रेडेशन, स्टेशन फसाड तथा स्टेशन परिसर में उन्नत लाईटिंग, कोच गाइडेंस सिस्टम, ट्रेन डिस्पले बोर्ड, डिजिटल घड़ियां यात्री उदघोषणा प्रणाली, सोलर प्लांट, वाटर कूलर, एयर कंडीशनर तथा विभिन्न यात्री सुविधाओं से सम्बंधित ग्लोसाइन बोर्ड साइनएज, एलईडी स्टेशन नाम पट्टिकाओं, 12 मीटर चौड़ा पैदल उपरिगामी पुल एफओबी एवं स्टेशन पर स्थित यात्री प्रतीक्षालय व शौचालयों का आधुनिकीकरण तथा स्टेशन पर 3 लिफ्ट व 2 सेट एस्केलेटर लगाने आदि के कार्य सम्पन्न किए जा रहे है। वर्तमान में बादशाहनगर रेलवे स्टेशन पर सेकंड इंट्री के साइड सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग, एप्रोच रोड, स्टेशन भवन पाथवे, लैंड स्केपिंग, फसाड, पोर्च का कार्य, वेटिंग हाल व प्रसाधन ब्लाक एवं पीआरएस काउन्टर, एफओबी के कार्य को छोडक़र का निर्माण कार्य शत प्रतिशत पूर्ण हो गया है। प्लेटफॉर्म संख्या 4 पर पीपी शेल्टर लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत बादशाहनगर स्टेशन के निर्माण कार्य की लक्ष्य तिथि 31 मार्च 2025 तथा एफओबी के निर्माण कार्य की लक्ष्य तिथि 30 सितम्बर 2025 है।

## रेल प्रशासन मौला अली आजमगढ़ मौला अली कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन का करेगा संचलन

**लखनऊ।** प्रयागराज में लगने वाले महाकुम्भ मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेल प्रशासन ट्रेन नम्बर 07707 व 07708 मौला अली आजमगढ़ मौला अली कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन का संचलन करेगा। 18 एवं 21 जनवरी को मौला अली से तथा 20 एवं 23 जनवरी को आजमगढ़ से दो फेरों में ट्रेन चलेगी। 07707 मौला अली आजमगढ़ कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन 18 एवं 21 जनवरी को मौला अली से 11:55 बजे चलकर दूसरे दिन चेर्लापल्ली से 12:05 बजे, जनगांव से 1:07 बजे, काजीपेट से 2:10 बजे, पेद्दापल्ली से 3:12 बजे, मंचिर्याल से 3:50 बजे, बेल्लमपल्ली से 4:42 बजे, सिरपुर कागजनगर से 5:52 बजे, बल्हारशाह से 9 बजे, चन्द्रपुर से 9:17 बजे, नागपुर से 12:20 बजे, इटारसी से 5:50 बजे, पिपरिया से 6:45 बजे, नरसिंहपुर से 9:10 बजे, तीसरे दिन जबलपुर से 12:10 बजे, कटनी से 1:25 बजे, मैहर से 2:20 बजे, सतना से 2:55 बजे, मानिकपुर से 4:20 बजे, प्रयागराज छिवकी से 6:30 बजे, बनारस से 12:10 बजे तथा शाहगंज से 3:35 बजे छूटकर आजमगढ़ 5:15 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 07708 आजमगढ़ मौला अली कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेन 20 एवं 23 जनवरी को आजमगढ़ से 7:45 बजे चलकर शाहगंज से 9 बजे, बनारस से 11:30 बजे, दूसरे दिन प्रयागराज छिवकी से 4:10 बजे, मानिकपुर से 6:40 बजे, सतना से 8:50 बजे, मैहर से 9:20 बजे, कटनी से 10:20 बजे, जबलपुर से 12 बजे, नरसिंहपुर से 1:10 बजे, पिपरिया से 2:10 बजे, इटारसी से 3:50 बजे, नागपुर से 7:35 बजे, चन्द्रपुर से 10:47 बजे, बल्हारशाह से 11:45 बजे, तीसरे दिन सिरपुर कागजनगर से 12:05 बजे, बेल्लमपल्ली से 12:30 बजे, मंचिर्याल से 12:52 बजे, पेद्दापल्ली से 01:20 बजे, काजीपेट से 2:20 बजे, जनगांव से 3:15 बजे तथा चेर्लापल्ली से 04:22 बजे छूटकर मौला अली 7:30 बजे पहुंचेगी।




# पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर कांग्रेस सहित पूरे देश में शोक की लहर



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पूर्व प्रधानमंत्री महान अर्थशास्त्री, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर कांग्रेस के साथ ही देश में शोक की लहर है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में डॉ. सिंह के निधन के शोक में पार्टी के झण्डे को झुका दिया गया और पार्टी ने अपने सभी कार्यक्रमों को अगले सात दिनों तक स्थगित कर दिया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने स्वर्गीय सिंह के दिल्ली स्थित आवास पहुंच कर पुण्यात्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों से संवेदना व्यक्त की। स्वर्गीय सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शनिवार को शाम 5 बजे प्रदेश के सभी जनपदों में कांग्रेसी श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करेंगे। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में होने वाली शोकसभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय शामिल होंगे। पार्टी के मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने बताया कि इस मौके पर श्री राय ने कहा कि इतिहास में स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह को उनके गरिमामय आचरण, सार्वजनिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता, अथाह ज्ञान और विनम्रता के लिए हमेशा याद रखा जाएगा। स्व. सिंह अपने पीछे आर्थिक सुधारों, राजनीतिक स्थिरता और हर भारतीय के जीवन के उत्थान के लिए समर्पण की विरासत छोड़ गये हैं। पहले एक टेक्नोक्रेट के रूप में फिर भारत के प्रधानमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल सामाजिक कल्याण पर ध्यान देने के साथ आर्थिक समृद्धि और विश्व मानचित्र पर भारत की स्थिति मजबूत करने के लिए याद किया जाएगा। स्वर्गीय सिंह अपने शांत स्वभाव लेकिन असरदार नेतृत्व के लिए विख्यात थे। वह एक सिद्धांतवादी व्यक्ति थे, जिन्होंने देश के कल्याण के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ कठोर निर्णय लिये। श्री राय ने कहा कि एक नेता के रूप में डॉ. सिंह के फैसले भारतीय समाज के हर पहलू पर गहराई से छाप छोड़ गये हैं। राजनीतिक सहयोगियों, विरोधियों और विश्व नेताओं से उन्होंने जो विश्वास और सम्मान अर्जित किया वह उनके गहरे प्रभाव का प्रमाण है। स्वर्गीय सिंह एक राजनेता, एक विद्वान, एक दूरदर्शी, भारत के सबसे गौरवान्वित पुत्रों में से एक थे, जिनका जाना बेहद दुखद है।

## डॉ. मनमोहन सिंह के निधन से हमने एक बहुत ही प्रतिष्ठित नेता खो दिया : डॉ. पी.के. मिश्रा



**डॉ.** मनमोहन सिंह के निधन से हमने एक बहुत ही प्रतिष्ठित नेता, एक प्रख्यात अर्थशास्त्री और एक महान इंसान को खो दिया है। डॉ. मनमोहन सिंह से जुड़ी मेरी यादें उस समय की हैं जब वे दिल्ली स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स में पढ़ाते थे। मैं उन दिनों एम.ए. के प्रथम वर्ष में था। उस दौर के दिग्गज प्रोफेसरों के बीच उन्हें पाना पश्चिमी ओडिशा के संबलपुर जिले से आये मेरे जैसे एक छात्र के लिए बहुत ही सुकून देने वाला था। वे दिन थे जब अमर्त्य सेन, मृणाल दत्ता चौधरी, ए.एम. खुसरो, के.एन. राज, सुखमय चक्रवर्ती, धर्म कुमार और अन्य जैसे बहुत ही प्रतिष्ठित प्रोफेसर वहां पढ़ाते थे। डॉ. मनमोहन सिंह में अंतरराष्ट्रीय व्यापार के जटिल विषयों को हर छात्र की समझ में आने वाले तरीके से समझाने की अद्भुत क्षमता थी, जिससे छात्रों के लिए सीखना आसान हो जाता था। वे बेहद विनम्र और शांत स्वभाव के थे।

बाद में मुझे उनके साथ बातचीत करने का सौभाग्य मिला, जब प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान मैं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सचिव और भारत सरकार के कृषि मंत्रालय में सचिव के रूप में काम कर रहा था। जब भी मैं उनसे मिला, मैंने उनके व्यवहार में वही सादगी, ईमानदारी और विनम्रता पाई। इस कठिन समय में मेरी गहरी संवेदनाएं और भावनाएं उनके परिवार और दोस्तों के साथ हैं।

## डॉ. मनमोहन सिंह देश के पहले अल्पसंख्यक प्रधानमंत्री थेः प्रमोद तिवारी



**लखनऊ।** पूर्व प्रधानमंत्री पदम्म विभूषण स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी और नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा मोना ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। नेताद्वय ने कहा कि स्व. सिंह देश के पहले अल्पसंख्यक प्रधानमंत्री थे। जब वर्ष 1991 में एशिया सहित भारत वैश्विक पटल पर आर्थिक अंधेरे से जूझ रहा था उस वक्त डॉ. सिंह ने आर्थिक क्रांति के सेनापति के रूप में भारत को आर्थिक अंधकार से निकाल दुनिया की 5 महाशक्तियों में से एक बनाया। राइट टू फूड, मनरेगा उनके प्रधानमंत्री काल के रूप में देश की देन है जो आज करोड़ों घरों में भोजन मिल रहा है। सूचना का अधिकार, किसानों की कर्जमाफी, एटमिक पैक्ट, यूएसए आदि के लिए भर साहस भरे कदम उठाए। स्व. सिंह दुनिया के महान चुनिन्दा अर्थशास्त्रियों में एक थे, जिन्होंने देश के वित्त मंत्री और रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में देश की सेवा कर अपनी अमिट छाप छोड़ी। आर्थिक संकट से जूझ रहे देश की केन्द्रीय वित्त मंत्री के रूप में उन्होंने उस दौर में सेवा की जब देश का सोना तक गिरवी रखने की नौबत आ गयी थी। उन्होंने आर्थिक सुधारों से देश को नई दिशा दी और आर्थिक रूप से देश को आत्म निर्भर बनाया। स्व. सिंह ने बड़ी बुद्धिमता और निष्ठा व दूरदर्शिता के साथ देश की सेवा की। नेताद्वय ने कहा कि देश के लिए की गयी स्व. सिंह की सेवाएं हमेशा अनुकरणीय रहेंगी। सरल व्यक्तित्व, सौम्य स्वभाव और सहृदयता और ईमानदारी उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी थी। देश ने एक चमकते हुए दीदीप्यमान नक्षत्र को सदा सर्वदा के लिए खो दिया है, जिसकी भरपाई कभी संभव नहीं होगी। नेताद्वय ने ईश्वर से स्व. सिंह की आत्मा को शांति प्रदान करने और उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना करते हुए उनके परिजनों, सहयोगियों व प्रशंसकों को इस महान दुख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

## हब फॉर इम्पॉवरमेंट ऑफ वूमेन के संचालन हेतु छः करोड़ मंजूर

**लखनऊ** प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित मिशन शक्ति की उपयोजना सामर्थ्य के तहत हब फॉर इम्पॉवरमेंट ऑफ वूमेन के संचालन हेतु 6,25,28,801 रूपये (छः करोड़ पच्चीस लाख अट्ठाइस हजार आठ सौ एक मात्र) मंजूर किए हैं। मंजूर की गई धनराशि निदेशक, महिला कल्याण के निवर्तन पर रखी गई है। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति निदेशक, महिला कल्याण को प्रेषित कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि हब फॉर इम्पॉवरमेंट ऑफ वूमेन योजना का उद्देश्य महिलाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दो जैसे-घरेलू हिंसा, दहेज, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वास्थ्य अधिकार, जेंडर तथा यौन हिंसा आदि के संबंध में जागरूकता तथा ग्रामीण महिलाओं और किशोरियों को सरकारी योजनाओं से जोड़ना है।

# आरडीएसओं अस्पताल में टीबी स्क्रीनिंग शिविर आयोजित



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत के क्षय रोग उन्मूलन प्रयासों की दिशा में और टीबी उन्मूलन पर 100 दिवसीय सघन अभियान के अंतर्गत, आरडीएसओ अस्पताल में एक टीबी स्क्रीनिंग शिविर (निक्षय शिविर) का आयोजन किया गया। इस शिविर के दौरान कुल 14 रोगियों की टीबी के लिए जांच की गई। इस अभियान का लक्ष्य विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले समूहों में छूटे हुए टीबी मामलों को ढूंढना, उनका इलाज करना और टीबी से होने वाली मौतों को कम करना है। इस शिविर के दौरान डॉ. कमल किशोर/ पीसीएमओ, डॉ. ज्योत्सना, डॉ. अनुज कुमार सिंह और आरडीएसओ अस्पताल के कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# डॉ. मनमोहन सिंह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगेः डॉ. अम्मार रिज़वी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** पूर्व प्रधानमंत्री, प्रख्यात अर्थशास्त्री तथा देश में आर्थिक सुधारों को दिशा एवं गति प्रदान करने वाले डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए वरिष्ठ नेता एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री रहे डॉ अम्मार रिज़वी ने अपने वक्तव्य में कहा कि डॉ मनमोहन सिंह जी का निधन एक अपूरणीय क्षति है, डॉ मनमोहन सिंह एक कुशल अर्थशास्त्री होने के साथ-साथ एक साफ़ छवि के हर दिल अज़ीज़ राजनीतिज्ञ भी थे जिनका सभी लोग बहुत सम्मान करते थे। डॉ मनमोहन सिंह ने भारत में आर्थिक सुधारों को जो गति एवं दिशा प्रदान की उससे देश में रोजगार के अवसर तथा जीडीपी में अभूतपूर्व क्रान्ति हुई, जिसके लिए उनको सदैव याद रखा जाएगा और आने वाली नस्लों के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगे।

**हमारे बाद अंधेरा रहेगा महफ़िल में,**
**हज़ार चिराग़ जलाओगे रौशनी के लिए।**

डॉ0 अम्मार रिज़वी ने उर्दू के एक शेर की पंक्तियां पढ़ते हुए कहा कि यह डॉ0 मनमोहन सिंह के लिए चरितार्थ होती हैं। साथ ही डॉ रिज़वी ने डॉ मनमोहन सिंह के साथ स्मृतियों को ताजा करते हुए कहा कि उनकी डॉ मनमोहन सिंह से पहली मुलाक़ात पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 इंदिरा गांधी जी ने वर्ष 1982 में करायी थी जब वे भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर थे। उसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 श्री पीवी नरसिंह राव जी की कैबिनेट में वह वित्त मंत्री हुए तो अक्सर उनसे मुलाक़ाते होती रहती थी। डॉ रिज़वी ने कहा कि उनकी सादगी ऐसी थी एक बार वह और डॉ मनमोहन सिंह एक ही जहाज़ से लंदन के सफ़र पर थे तो डॉ मनमोहन सिंह ने केंद्र के काबीना मंत्री होते हुए भी बिजनेस श्रेणी को दरकिनार कर इकानामी क्लास में वित्त मंत्रालय के अधिकारीयों के साथ यात्रा करना पसंद किया। डॉ रिज़वी ने डॉ मनमोहन सिंह के व्यक्तित्व पर उर्दू का एक शेर पढ़कर अपनी बात खत्म करते हुए उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

**जिनसे मिलकर ज़िन्दगी से इश्क हो जाये, वो लोग,**
**आपने शायद ना देखे हों, मगर ऐसे भी हैं।**